CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शनिवार, 7 अक्टूबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –173 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



अपर भद्रा परियोजना के लिए एक भी रुपया जारी नहीं किया गया: कर्नाटक सीएम पृष्ठ 2

अभिमत
■ देश की सभी मीडिया कंपनियों का 'मनी रूट' बता दीजिए! पृष्ठ 6

■ 'बेल्ट एंड रोड' पहल में व्यापक विकास संभावनाएं हैं: पुतिन
■ सीरिया में कैडेट ग्रेजुएशन सेरेमनी पर ड्रोन हमले में 100 की मौत पृष्ठ 7

अभियान का समापन जापान को हरा कांसा जीत कर करना चाहते हैं : सविता पृष्ठ 8

## चुनाव से पहले लोकलुभावन योजनाओं पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# राजस्थान, मप्र व केंद्र को नोटिस

■ चुनाव आयोग से भी चार हफ्ते में मांगा जवाब
■ पांच राज्यों में इसी साल होने हैं विधानसभा चुनाव

**नई दिल्ली**,6 अक्टूबर (एजेंसियां)। पांच राज्यों में चुनाव से पहले सरकारों की लोकलुभावन योजनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। एक तरह से मतदाताओं को लालच देने वाली इस योजनाओं के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार, मध्य प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस भेजा है।

चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अदालत ने इनसे 4 हफ्ते में जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने नई जनहित याचिका को पहले से चल रही अन्य याचिकाओं के साथ जोड़ दिया है। सभी मामलों की सुनवाई अब एकसाथ होगी। बता दें, सभी राज्यों में मौजूदा सरकारों की कोशिश है कि आदर्श आचार संहिता लगने से पहले बड़ी घोषणाएं कर दी जाएं। खासतौर पर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में ऐसा तेजी से हो रहा है। लगभग हर रोज ही सरकारें बड़ी घोषणाएं कर रही हैं। इनके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई और रोक लगाने की मांग की गई। याचिकाकर्ता की दलील है कि इन लोकलुभावन योजनाओं के जरिए एक तरह से वोटर्स को लालच दिया जा रहा है। सरकारें पांच साल काम नहीं करती हैं और आखिरी में इस तरह जनता के टैक्स का पैसा लुटाकर वोट बटोरने की कोशिश होती है। साथ ही मांग की गई है कि राजनीतिक दलों के घोषणा-पत्रों पर भी नजर रखी जाना चाहिए। नेताओं से पूछा जाना चाहिए कि घोषणा-पत्र में किए गए बड़े-बड़े दावों को कैसे पूरा किया जाएगा। जनवरी 2022 में भाजपा नेता अश्विनी उपाध्याय फ्रीबीज के खिलाफ एक जनहित याचिका लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे। अपनी याचिका में उपाध्याय ने चुनावों के दौरान राजनीतिक पार्टियों के वोटर्स से फ्रीबीज या मुफ्त उपहार के वादों पर रोक ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



### महिला जजों की संख्या में वृद्धि उत्साह बढ़ाने वाली : चंद्रचूड़



हाल ही में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर पीठ के कार्यक्रम में कहा था कि न्यायपालिका में महिलाओं की भूमिका बेहद अहम है। अब भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई चंद्रचूड़ ने महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि महिला जजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि उत्साह बढ़ाने वाली है। उन्होंने कहा, यह देशव्यापी चलन है। शुक्रवार को सीजेआई ने कहा ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### बिहार में जातीय गणना के सर्वे पर नहीं लगेगी रोक

हाल ही में भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की जबलपुर पीठ के कार्यक्रम में कहा था कि न्यायपालिका में महिलाओं की भूमिका बेहद अहम है। अब भारत के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई चंद्रचूड़ ने महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने कहा कि महिला जजों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि उत्साह बढ़ाने वाली है। उन्होंने कहा, यह देशव्यापी चलन है। शुक्रवार को सीजेआई ने कहा कि हम कुछ खुशखबरी साझा करना चाहते हैं। यहां अदालत कक्ष में महाराष्ट्र के सिविल जज जूनियर डिवीजन के 75 न्यायाधीश हैं। 75 जजों के बैच में ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# लोकतंत्र की नींव पंचायत में, गांव में, नगर पालिकाओं में बसती है : प्रियंका

**कांकेर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। बस्तर के प्रवेशद्वार कहे जाने वाले शहर कांकेर में आयोजित नगरीय निकाय एवं पंचायती राज महासम्मेलन में पहुंची प्रियंका गांधी ने भूपेश सरकार की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि एक समय था जब जनप्रतिनिधियों की संख्या बहुत कम थी, उससे यह होता था कि जितने निर्णय लेने थे वह सभी एक जगह केंद्रित हो जाते थे। कई ऐसे कार्य होते थे जिन्हें होने में बहुत समय लगता था या कई ऐसे कार्य होते थे जिनकी जरूरत ही नहीं थी लेकिन इन सब में बहुत समय लगता था। दिल्ली जाना पड़ता था, रायपुर आना पड़ता था तो जब पंचायती राज की बात हुई तब मंशा ये थी कि लोकतंत्र को गांवों तक पहुंचाया जाए। इसका मतलब है कि जो गांव का विकास है, इसका निर्णय गांव करें, गांव के ही प्रतिनिधि करें। आप सब यहां बैठे हैं, आप जानते हैं कि ग्राम पंचायत में किस तरह के काम होने हैं और किस तरह के कामों को होना चाहिए। आप अपने लोगों के हित में निर्णय ले सके, यही मूल बात है।

प्रियंका गांधी ने कहा कि लोकतंत्र की नींव पंचायत में, गांव में, नगर पालिकाओं में बसती है। आप सब की जिम्मेदारियां बहुत बड़ी हैं। मैं जानती हूं अपनी जिम्मेदारियां को आप बहुत परिश्रम के साथ पूरा करते हैं। इंदिरा जी 1972 में बस्तर में आई थी, शायद आपने वो फ़ोटो देखी होगी जिसमें वह बस्तर की महिलाओं के साथ नाच रही थी।



बस्तर से मेरा बहुत पुराना नाता है। इंदिरा जी ने उस समय जो कहा था, भूपेश बघेल आज उसे पूरा कर रहे हैं। स्वामी आत्मानंद जी के नाम से आज प्रदेशभर में विद्यालय, महाविद्यालय खोले गए हैं। आज बस्तर एक अंतरराष्ट्रीय नाम बन गया है। मॉडल बन गया है। छत्तीसगढ़ में आज देश का सबसे बड़ा मिलेट प्रोसेसिंग प्लांट है।

### गौठान से दूर हुई आवारा पशुओं की समस्या

कांग्रेस महासचिव ने कहा कि उत्तर भारत में आवारा पशुओं की समस्या बनी हुई है, यहां छत्तीसगढ़ में मैं गर्व के साथ कहना चाहती हूं, गौठान बनने से आवारा पशुओं की समस्या हल हुई है और आपको लाभ भी हुआ है। खेती में देशभर में किसान परेशान है, यहां का किसान खुश है कर्ज माफ किया गया है, समर्थन मूल्य में धान खरीदी हुई है। आपकी उपज के लिए अतिरिक्त लाभ मिल रहा है, प्रदेश में जितना संसाधन है उसे आपको हाथों में वापस दिया जा रहा है। भूमिहीन मजदूरों को 7 हजार रुपये आर्थिक सहायता दी जा रही है, गोबर से भी पशुपालकों को बहुत लाभ हो रहा है। हमारी सरकार ने तेंदूपत्ता का दाम 4 हजार रुपये किया।

### रामवनगमन पथ का किया जा रहा निर्माण

प्रियंका ने भूपेश सरकार के कामकाज गिनाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में 5 लाख तक मुफ्त इलाज और सरकारी कॉलेजों में छात्राओं के लिए मुफ्त शिक्षा की व्यवस्था की गई है। स्व-सहायता समूह की महिलाओं का करोड़ों रुपए का कर्ज माफ किया गया। इस तरह की योजनाएं आपके लिए बनाई गई ताकि आपको सीधा लाभ मिले। आज छत्तीसगढ़ का पूरे देश मे पहचान है, सम्मान है। छत्तीसगढ़ आज सामाजिक और सांस्कृतिक तौर पर विकसित हो रहा, यहां भगवान राम जी 14 वर्ष बिताए, जहां समय बिताए उसका रामवनगमन पथ के रूप में विकास कर रहे है।

गांधी ने कहा कि आपका भरोसा हमारे साथ बना हुआ है। जब इंदिरा जी छत्तीसगढ़ आयी थी तब उन्होंने स्वामी आत्मनन्द से कहा कि शिक्षा का विकास करना है, आज भूपेश बघेल की सरकार यह कार्य कर रही है। आज आपकी सरकार आपको आगे ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### ईडी ने संजय सिंह के तीन करीबियों को भेजा समन

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली शराब नीति मामले में आम आदमी पार्टी नेता और सांसद संजय सिंह के तीन करीबियों को समन भेजा है। इनमें विवेक त्यागी, सर्वेश मिश्रा और कंवरबीर सिंह का नाम शामिल है। जानकारी के मुताबिक ईडी इन तीनों से संजय सिंह के सामने पूछताछ करेगी। आप सांसद फिलहाल 10 अक्टूबर तक ईडी की हिरासत में हैं। सिंह को बुधवार 4 अक्टूबर को उनके दिल्ली वाले घर से ईडी ने दिनभर की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था।

### पी-20 सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे मोदी

**नई दिल्ली।** भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के बाद अब 12 अक्टूबर से तीन दिवसीय पी-20 शिखर सम्मेलन हो रहा है जिसमें जी-20 के सदस्यों के साथ ही 30 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस वैश्विक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। पी-20 शिखर सम्मेलन 12, 13 और 14 अक्टूबर को यहां इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर-यशोभूमि में आयोजित किया जाएगा जिसमें 30 देशों के 350 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे।

### मुंबई में इमारत में आग लगने से आठ की मौत

**मुंबई।** मुंबई के गोरेगांव में स्थित एक इमारत में शुक्रवार तड़के भीषण आग लगने से करीब आठ लोगों की जलकर मौत हो गई और 39 घायल हो गए। अग्निशमन विभाग के सूत्रों के अनुसार आजाद मैदान के पास एमजी रोड पर जय भवानी बिल्डिंग में तड़के करीब तीन बजे आग लग गई जिससे आठ लोगों की जलकर मौत हो गई और 39 लोग घायल हो गए।

### ओडिशा में चक्रवात को लेकर 45 दिनों के लिए अलर्ट

**नई दिल्ली।** ओडिशा में चक्रवात को लेकर राज्य सरकार अलर्ट मोड पर है। इसको लेकर राज्य सरकार ने शुक्रवार को बड़े स्तर पर बैठक कर 45 दिनों के लिए अलर्ट जारी किया है। बता दें कि ओडिशा में अक्तूबर और नवम्बर महीने को चक्रवात काल कहा जाता है क्योंकि पिछले कई वर्षों से इन दिनों ही दस्तक देता है। इस बीच एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को मुख्य सचिव पीके जेना ने चक्रवात को लेकर बड़ें स्तर पर बैठक की।

# प्रदेश में महुआ बोर्ड का होगा गठन

## छग स्टेट पॉवर कंपनी के कर्मचारियो को पुरानी पेंशन देने सहित केबिनेट ने लिए कई फैसले

**रायपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में आज शाम उनके निवास कार्यालय में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। महुआ के संग्रहण, मूल्य संवर्धन, प्रसंस्करण एवं उपयोग को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ में राज्य महुआ बोर्ड के गठन का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।

राज्य में महुआ के वृक्ष बहुतायत में पाये जाते हैं। महुआ के फूल का पशु, पक्षी एवं मनुष्य सभी उपयोग करते है। महुए के बीज से तेल भी निकलता है। इसके खाद्य एवं औषधीय उपयोग के साथ-साथ प्रसंस्करण को भी बढ़ावा मिल सके तथा बायोडीजल या एथनॉल के उत्पादन हेतु उद्योगों की स्थापना भी संभव हो सके। इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिये राज्य महुआ बोर्ड की स्थापना की गई है।



■ स्वास्थ्य कर्मियों पर एस्मा कानून शून्य घोषित

### मुख्यमंत्री की घोषणा पर लिया तुरंत फैसला

मुख्यमंत्री द्वारा आज कांकेर के गोविंदपुर में आयोजित नगरीय निकाय एवं पंचायती राज महासम्मेलन में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज के अधिकारी-कर्मचारी जो एक जनवरी 2004 अथवा उसके बाद नियुक्त हुए है उनके लिए नवीन अंशदान पेंशन योजना के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना बहाल करने का निर्णय लिया गया। इस निर्णय से स्टेट पॉवर कंपनीज के करीब 10 हजार अधिकारी-कर्मचारी लाभान्वित होंगे। छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर (संशोधन) अध्यादेश, 2023 के प्रारूप में निहित संशोधन का अनुमोदन किया गया। ग्राम पंचायत भोरिंग, जिला-महासमुंद को नगर पंचायत बनाये जाने हेतु निर्धारित मापदण्ड में छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### 1 नवंबर से कोदो-कुटकी की खरीदी

प्रदेश में 1 नवंबर से धान के साथ ही समर्थन मूल्य पर कोदो-कुटकी की खरीदी शुरु होगी। राज्य सरकार ने कोदो का समर्थन मूल्य 3200 रुपए व कुटकी का समर्थन मूल्य 3350 रुपए प्रति क्विंटल किया है।

### सिक्किम में बाढ़ का तांडव जारी, सात हजार लोग फंसे

**गंगटोक**,6 अक्टूबर (एजेंसियां)। सिक्किम में गत तीन अक्टूबर को बादल फटने के बाद तीस्ता नदी में बाढ़ आ गई थी। जान गंवाने वालों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 25 हो गई। लापता हुए सेना के 23 जवानों में से 7 के शव बरामद कर लिए गए हैं। लापता जवानों में से एक को बचा लिया गया था। 15 जवान समेत कुल 143 लोग अभी भी लापता हैं।

# चुनाव पूरी तरह हो हिंसा मुक्त : चुनाव आयोग

■ धनबल की समस्या को पूरी तरह से निर्यंत्रित करेन के दिए निर्देश
■ पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की बैठक

**नई दिल्ली**,6 अक्टूबर (एजेंसियां)। पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा से पहले चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बैठक की। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पर्यवेक्षकों के साथ एक बैठक की और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि धनबल की समस्या को पूरी तरह से नियंत्रित किया जाए। चुनाव आयोग के पुलिस, सामान्य और व्यय पर्यवेक्षकों की दिनभर चली बैठक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करने के लिए रणनीति को सुव्यवस्थित करना था कि आदर्श आचार संहिता प्रभावी ढंग से लागू हो और धन व बाहुबल चुनावों के दौरान समान अवसर को बाधित न करे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के साथ पर्यवेक्षकों की बैठक में उन्होंने कहा कि यह तय करना है कि चुनावों में कोई भी मनी पावर और मसल्स पावर से वोटरों को प्रभावित न कर सके। मॉडल कोड प्रभावी ढंग से लागू हो। चुनाव पूरी तरह हिंसा मुक्त हों। मिजोरम की विधानसभा का कार्यकाल इस साल 17 दिसम्बर को समाप्त हो रहा है। भाजपा की सहयोगी मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) पूर्वोत्तर राज्य में सत्ता में है। तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले साल जनवरी में अलग-अलग तारीखों पर खत्म हो रहा है। तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारत राष्ट्र समिति का शासन है, जबकि मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार है। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## शराब घोटाला मामला

# हाईकोर्ट से ढेबर सहित चारों आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

**बिलासपुर**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। शराब घोटाला मामले में आरोपी बनाए गए अनवर ढेबर समेत चार लोगों की जमानत याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। हाईकोर्ट ने सभी आरोपियों अरुणपति त्रिपाठी, नितेश पुरोहित और पप्पू ढिल्लन समेत अनवर ढेबर की की अंतरिम बेल भी खारिज कर दी है।



बता दें कि ईडी ने अनवर ढेबर को 2 हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाला का दोषी बताया है। गिरफ्तारी के बाद ढेबर को हाईकोर्ट ने स्वास्थ्यगत कारणों को लेकर अन्तरिम जमानत पर छोड़ा है, लेकिन रेगुलर याचिका खारिज होने के बाद अनवर ढेबर की समस्या बढ़ गई है।

ईडी ने छापामार कार्रवाई के बाद आरोप लगाया कि प्रदेश में 2 हजार करोड़ रुपए का शराब घोटाला हुआ है। पूछताछ के बाद बाद ईडी ने रायपुर निवासी कारोबारी अनवर ढेबर को गिरफ्तार किया। स्वास्थ्यगत कारणों को लेकर अनवर के वकील ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल किया। कोर्ट ने स्वास्थ्य के मद्देनजर अनवर ढेबर को अन्तरिम जमानत पर मुहर लगाया था। मामले में पिछले दिनों ढेबर की तरफ से हाईकोर्ट में रेगुलर याचिका के लिए आवेदन दाखिल किया ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# खरगे व राहुल से मिले शरद पवार

**नई दिल्ली**,6 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने शुक्रवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि उन्होंने विपक्षी गठबंधन इंडिया के लिए आगे की योजना पर चर्चा की। सूत्रों ने कहा कि विपक्षी गुट की मुंबई के बाद से कोई बैठक नहीं हुई है और जल्द ही ऐसा होने की संभावना है। इंडिया गठबंधन की आखिरी बैठक 31 अगस्त और एक सितंबर को मुंबई में हुई थी। तीनों नेताओं ने मौजूदा राजनीतिक स्थिति और गठबंधन के लिए आगे की राह पर चर्चा की, जो आगामी विधानसभा और आम चुनावों में भाजपा का मुकाबला करना चाहता है। यह मुलाकात करीब 40 मिनट तक चली। सूत्रों ने बताया कि उन्होंने इंडिया गठबंधन की अगली बैठक की योजना भी तैयार की।

खरगे ने बाद में पवार के साथ अपनी बैठक की तस्वीरें एक्स पर पोस्ट कीं और कहा कि आज राहुल गांधी के साथ देश के लोगों की आवाज को आगे बढ़ाने के लिए राकांपा प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की। उन्होंने इंडिया गठबंधन की टैगलाइन जीतेगा इंडिया, जुड़ेगा भारत का इस्तेमाल करते हुए कहा कि हम हर चुनौती के लिए तैयार हैं। पवार ने भी बैठक की अपनी तस्वीरें एक्स पर पोस्ट कीं और कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष सांसद मल्लिकार्जुन खरगे से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट हुई।

बैठक में सांसद राहुल गांधी, राकांपा विधायक जितेंद्र आव्हाड और कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य गुरदीप सप्पल भी मौजूद थे।

### एनसीपी इलेक्शन सिंबल पर नौ को फिर सुनवाई

**नई दिल्ली**,6 अक्टूबर (एजेंसियां)। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को एनसीपी के इलेक्शन सिंबल के अधिकार पर सुनवाई की। कमीशन ने शरद और अजित दोनों गुटों को पर्सनल सुनवाई के लिए बुलाया। ये दोनों ही गुट पार्टी पर अपना दावा कर रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि इस मामले में अब 9 अक्टूबर को फिर सुनवाई होगी। शरद पवार इलेक्शन कमीशन की बैठक में खुद मौजूद थे। अजित पवार ने पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न पर दावा करते हुए इलेक्शन कमीशन का रुख किया था। अजित गुट ने महाराष्ट्र में 42 और नगालैंड में सात विधायकों के समर्थन का दावा किया। अजित ने दावा किया कि उन्हें महाराष्ट्र में 53 में से 42 विधायकों, नौ में से छह एमएलसी, नगालैंड में सभी सात विधायकों और राज्यसभा और लोकसभा के एक-एक सदस्य का समर्थन प्राप्त है।

## एससी, एसटी व ओबीसी वर्ग के लिए केंद्र का बड़ा फैसला

# संविदा नौकरियों में मिलेगा आरक्षण

■ 45 दिनों या इससे ज्यादा दिनों की सेवाओं पर लागू होगी आरक्षण व्यवस्था

**नई दिल्ली**,6 अक्टूबर (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछडे वर्ग के लिए बड़ा फैसला लिया है। अब इस समुदाय के लोगों के लिए संविदा सेवाओं में भी आरक्षण देने की व्यवस्था लागू हो गई है। हालांकि इसके लिए नियम तय किया गया है कि यह आरक्षण व्यवस्था 45 दिनों या इससे ज्यादा दिनों की सेवाओं पर ही लागू होगी।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में शपथ पत्र देकर कहा है कि सभी मंत्रालयों को इस बारे में पत्र लिखकर निर्देश दे दिया गया है कि आरक्षण की इस व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाए। आरक्षण की यह व्यवस्था केंद्र सरकार के मंत्रालयों व विभागों में खाली पड़े सभी अस्थायी पदों पर लागू होगी। बता दें कि अभी तक एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के लिए आरक्षण की व्यवस्था सिर्फ सरकार नौकरियों व शिक्षा तक ही सीमित थी। माना जा रहा है कि केंद्र सरकार के इस फैसले के बाद अब इस समुदाय के लिए सरकारी नौकरियां हासिल करना ज्यादा आसान हो जाएगा।

संविदा की इन नौकरियों की अवधि एक साल से लेकर पांच साल तक बढाई जा सकती है। उल्लेखनीय है कि अस्थाई सरकारी पदों में आरक्षण को लेकर संसदीय समिति की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि सरकार के निर्देशों का नियमानुसार अनुपालन नहीं हो रहा है। इसी मामले को लेकर सर्वोच्च न्यायालय सुनवाई कर रहा था।

## सम्मान — ईरान में महिलाओं के दमन के खिलाफ लड़ी लड़ाई

# जेल में कैद नरगिस मोहम्मदी को मिला नोबेल शांति पुरस्कार

**तेहरान**,6 अक्टूबर (एजेंसियां)। नार्वे की नोबल समिति ने ईरान की मानवाधिकार कार्यकर्ता नरगिस मोहम्मदी को साल 2023 के लिए नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया है। उन्होंने ईरान में महिलाओं के दमन के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने ईरान में मानवाधिकारों को बढ़ावा दिया और सभी के लिए स्वतंत्रता का समर्थन किया।

■ सरकार ने 31 साल जेल व 154 कोड़ों की सजा दी
■ नरगिस 19वीं महिला जिन्हें मिला सर्वोच्च सम्मान

*नोबेल समिति ने कहा कि नरगिस को इसके लिए निजी कीमत चुकानी पड़ी। उन्हें अब तक 13 बार गिरफ्तार किया जा चुका है। यही नहीं 5 बार दोषी ठहराया जा चुका है। नरगिस ने 31 साल जेल में बिताए हैं। यही नहीं उन्हें 154 कोड़े भी मारे गए हैं। समिति ने कहा कि इस साल का नोबेल शांति पुरस्कार उन सैकड़ों-हजारों लोगों को भी पहचान देता है, जिन्होंने महिलाओं को निशाना बनाने वाली भेदभाव और धार्मिक शासन की उत्पीड़क नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई है। ईरान में महिलाओं के हक के लिए लड़ने वाली नरगिस मोहम्मदी को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया है। वह 19वीं महिला* ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



### आठ साल से बच्चों से नहीं मिलीं नरगिस

जून में न्यूयॉर्क टाइम्स को दिए एक इंटरव्यू में नरगिस ने कहा था कि उन्होंने 8 साल से अपने बच्चों को नहीं देखा है। उन्होंने आखिरी बार अपनी जुड़वा बेटियों अली और कियाना की आवाज एक साल पहले सुनी थी। नरगिस की दोनों बेटियां उनके पति तागी रहमानी के साथ फ्रांस में रहती हैं। दरअसल, तागी भी एक पॉलिटिकल एक्टिविस्ट हैं। जिन्हें ईरान की सरकार ने 14 साल जेल की सजा दी थी।

### 36 साल बाद साथ नजर आएगी अरूण गोविल-दीपिका चिखलिया की जोड़ी

**मुंबई।** सुपर हिट टीवी सीरियल 'रामायण' में भगवान श्री राम और मां सीता के किरदार के जरिये दर्शकों के दिलों में अमिट पहचान बनाने वाले अरूण गोविल और दीपिका चिखलिया की सुपरहिट जोड़ी 36 साल बाद सिल्वर स्क्रीन पर नजर आएगी। रामानंद सागर का लोकप्रिय सीरियल रामायण वर्ष 1987 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुआ था। इस सीरियल में अरुण गोविल भगवान श्री राम और दीपिका चिखलिया ने सीता मैया का किरदार निभाया था। इस सीरियल के बाद से लेकर आज तक असल जिंदगी में लोग अरुण और दीपिका को ही राम-सीता मानकर पूजते हैं।वहीं अब 36 साल बाद यह जोड़ी एक साथ एक फिल्म में आ रही है, जिसकी शूटिंग चल रही है।

# कौवे के बिना अधूरा होता है श्राद्ध

## पितरों की आत्मा को तृप्त करने के लिए देव, गाय, कौआ और श्वान बलि को भोग

**प्रयागराज,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। भाद्रपद मास की पूर्णिमा से लेकर अश्विन मास की अमावस्या तक चलने वाले पितृ पक्ष के दौरान पितरों की आत्मा तृप्ति के लिए पंच बलि भोग में कौवे के भोग का बहुत महात्म माना गया है। श्राद्ध में पितरों की आत्मा को तृप्त करने के लिए देव, गाय, कौआ और श्वान बलि भोग दिया जाता है। इस भोग को ग्रहण कर पितृ तृप्त होते हैं। पितृ कुटुम्ब के सदस्यों को स्नेह पूर्वक आशीर्वाद देकर धराधाम से उर्ध्व धाम को चले जाते हैं। स्कंद पुराण के अनुसार देवता और पितर गंध और रस तत्व से भोजन ग्रहण करते हैं। इनको ग्रास न देने से श्राद्ध कर्म अधूरा ही माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार कौओं को देवपुत्र भी माना गया है। कौए को भविष्य में घटने वाली घटनाओं का पहले से ही आभास हो जाता है। श्राद्ध पक्ष में कौए को खाना खिलाने से पितरो को तृप्ति मिलती है। गरुण पुराण के अनुसार, पितृपक्ष में अगर कौआ श्राद्ध का भोजन



ग्रहण कर लें तो पितरों की आत्मा को शांति मिलती है और यम भी खुश होते हैं और उनका संदेश पितरों तक पहुंचाते है। पितृ पक्ष में श्वान और कौए पितर का रूप होते हैं इसलिए उन्हें भोजन खिलाने का विधान है। प्राचीन शास्त्रों के अनुसार यम ने कौवे को वरदान दिया था कि तुम्हें दिया गया भोजन पूर्वजों की आत्मा को शांति देगा। तब से यह प्रथा चली आ रही है। प्रयाग धर्म संघ के अध्यक्ष और तीर्थपुरोहित राजेन्द्र पालीवाल ने बताया कि पितर हमारे अदृश्य सहायक होते हैं। पुराण, रामायण, महाकाव्यों एवं अन्य धर्म शास्त्र और प्राचीन ग्रन्थों में पितृपक्ष में कौवों की महत्ता को विस्तृत रूप से बताया गया है। इससे जुड़ी कई रोचक कथाएं एवं मान्यताएं वर्णित हैं। भारत के अलावा दूसरे देशों की प्राचीन सभ्यताओं में भी कौए को महत्व दिया गया है। गरुड़ पुराण में बताया है कि कौवे यमराज के संदेश वाहक होते हैं।

पालीवाल ने बताया कि शास्त्रों में वर्णित है कि कौआ एक मात्र ऐसा पक्षी है जो पितृ-दूत कहलाता है। यदि पितरों के लिए बनाए गए भोजन को यह पक्षी चख ले, तो पितृ तृप्त हो जाते हैं। कौआ सूरज निकलते ही घर की मुंडेर पर बैठकर यदि वह कांव-कांव की आवाज निकाल दे, तो घर शुद्ध हो जाता है। अगर पितृ पक्ष के दिनों में कौआ निकाले गए भोजन (अग्रसान) के अंश को ग्रहण कर लेता है तो पितर तृप्त हो जाते हैं। इसलिए पितृ पक्ष के दौरान कौवों को भोजन कराना शुभ माना जाता है। उन्होंने बताया कि पुराणों में कौए को शुभ-अशुभ का संकेत देने वाला बताया गया है। धर्म शास्त्र श्राद्ध पारिजात में वर्णन है कि पितृपक्ष में गौ ग्रास के साथ काक बलि प्रदान करने की मान्यता है। इसके बिना तर्पण अधूरा माना गया है। मृत्यु लोक के प्राणी द्वारा काक बलि के तौर पर कौओं को दिया गया भोजन पितरों को प्राप्त होता है। रामायण में कागभुसुंडी का वर्णन मिलता है।

पालीवाल ने रामायण में आए प्रसंग का हवाला देते बताया कि त्रेतायुग युग में इन्द्र के पुत्र जयन्त ने ही सबसे पहले कौए का रूप धारण किया था। श्री राम एवं सीता पंचवटी में एक वृक्ष के नीचे बैठे थे। श्रीराम सीता माता के बालों में फूलों की वेणी लगा रहे थे। ईर्श्यावश इंद्रपुत्र जयंत ने कौवे का रूप धारण किया एवं सीता जी के पैर पर चोंच मारी। राम ने उसे सजा देने के लिए तिनके का बाण चलाकर एक आंख फोड़ दी। उसने अपने किए की माफी मांगी, तब राम ने उसे वरदान दिया कि पितृपक्ष में तुम्हें अर्पित किया भोजन पितरों को मिलेगा। तभी से श्राद्ध में कौओं को भोजन कराने की परम्परा चली आ रही है।

## माधुरी दीक्षित के साथ 'मजा मा' में काम करना एक सपना सच होने जैसा था : बरखा सिंह

**मुंबई,** 6 अक्टूबर (एजेंसियांस)। 2022 की ड्रामा फिल्म 'मजा मा' की सफलता को एक साल पूरे हो गए हैं। इसमें एक्ट्रेस बरखा सिंह और माधुरी दीक्षित लीड रोल में थीं। एक्सपीरियंस को याद करते हुए, बरखा ने कहा कि यह वेंचर उनके लिए 'एक सपने के सच होने' जैसा था क्योंकि उन्हें अनुभवी एक्ट्रेस के साथ सहयोग करने का मौका मिला। अपने एक्सपीरियंस के बारे में बताते हुए बरखा ने कहा कि मजा मा मेरी लाइफ के सबसे बेहतरीन शूटिंग एक्सपीरियंस में से एक है। माधुरी दीक्षित जैसी दिग्गज एक्ट्रेस के साथ काम करना और उनके साथ स्क्रीन शेयर करना, उनके साथ डांस करना एक सपने के सच होने जैसा है।



एक्ट्रेस ने कहा कि मैं शीबा चड्ढ़ा, गजराज राव और रजित कपूर जैसे शानदार अभिनेताओं के साथ काम करने के इस अवसर के लिए आभारी हूं। इससे भी अच्छी बात यह है कि पहली बार मुझे लिप सिंकिंग और डांसर्स से भरपूर अपना खुद का एक संपूर्ण बॉलीवुड गाना मिला। ईशा हंसराज का किरदार निभाने वाली 'भाग्यलक्ष्मी' एक्ट्रेस ने दर्शकों और आलोचकों से अपने परफॉर्मेंस के लिए काफी प्रशंसा अर्जित की थी। एक्ट्रेस ने कहा कि मुझे ईशा का किरदार निभाने में बहुत मजा आया। इसे निभाना चुनौतीपूर्ण था क्योंकि उच्चारण के साथ बारीकियों में महारत हासिल करनी थी। मैं ईशा के लिए एक साल बाद भी उमड़ते प्यार को महसूस कर रही हूं, जो पलक झपकते ही बीत गया। बरखा 'मजा मा' के अलावा 'साइलेंस कैन यू हियर इट?', 'हाउस अरेस्ट', 'प्लीज फाइंड अटैच्ड' जैसी फिल्मों में अपने काम से भी नाम कमाने में सफल रहीं।

## मैंने 40 साल की उम्र में बाइक चलाना सीखा : दीया मिर्जा

**मुंबई,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक्ट्रेस और ब्यूटी क्वीन दीया मिर्जा ने खुलासा किया कि कैसे उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट ने उन्हें 40 साल की उम्र में बाइक चलाने और इसे सीखने के अपने डर को भूलने के लिए प्रेरित किया। बचपन को याद करते हुए दीया ने साझा किया, 'बचपन में, जब मेरे पापा बाइक चलाते थे तो मैं उन्हें कसकर पकड़ लेती थी और अपने चेहरे पर हवा महसूस करती थी। किसी दिन बाइक चलाने का सपना देखती थी।' एक्ट्रेस ने कहा कि लेकिन मेरे अंदर के डर ने मुझे सीखने के लिए कदम बढ़ाने की अनुमति नहीं दी और जब मुझे अपनी अपकमिंग फिल्म का हिस्सा बनने की पेशकश की गई तो मेरा दिल खुशी से झूम उठा! मुझे पता था कि अब मेरे पास कोई बहाना नहीं है, मैं आखिरकार अपना सपना पूरा कर लूंगी।



इसके बाद दीया ने खुलासा किया कि बाइक चलाना सीखने के बाद उन्होंने दिल्ली से खारदुंगला तक का सफर किया।

मैंने 40 साल की उम्र में बाइक चलाना सीखा और दिल्ली से खारदुंगला तक की इस ऐतिहासिक यात्रा का हिस्सा बनी! मैं इस बात का इंतजार नहीं कर सकती कि लोग इस फिल्म को देखें और इसमें कितनी खुशी है। फेमिना मिस इंडिया एशिया पैसिफिक 2000 का ताज पहनने के बाद दीया ने 2000 में मिस एशिया पैसिफिक इंटरनेशनल का खिताब जीता। उन्होंने फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की। बाद में एक्ट्रेस को 'दस', 'लगे रहो मुन्ना भाई', 'हनीमून ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड' और 'संजू' जैसी फिल्मों में देखा गया। उन्होंने 2019 में वेब सीरीज 'काफिर' में भी अभिनय किया।

## लोकल कंटेंट की कमी के कारण अभी तक भारत में कारोबार नहीं बढ़ा पाया नेटफ्लिक्स

**सैन फ्रांसिस्को,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। देश में लगभग 65 लाख सब्सक्राइबर्स के साथ, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स कमोबेश इंडियन मार्केट में अपना कारोबार बढ़ाने में असफल हो रहा है। ग्लोबल एसेट मैनेजमेंट फर्म अलायंसबर्नस्टीन के एनालिस्ट का हवाला देते हुए टेकक्रंच ने शुक्रवार को रिपोर्ट दी कि भारत में नेटफ्लिक्स की धीमी ग्रोथ मुख्य रूप से लोकल कंटेंट की कमी के कारण है। एनालिस्ट ने कथित तौर पर कहा कि भारत में नेटफ्लिक्स द्वारा पेश किए गए केवल 12 प्रतिशत टाइटल्स लोकल कंटेंट थे। इसकी तुलना में, अमेजन प्राइम वीडियो की लगभग 60 प्रतिशत पेशकश देश में घरेलू भाषाओं में थी।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में प्राइम वीडियो के लगभग 2 करोड़ सब्सक्राइबर्स हैं और डिज्नी प्लस हॉटस्टार 40 मिलियन से ज्यादा सब्सक्राइबर्स के साथ बाजार पर हावी है।

उन्होंने एक नोट में कहा कि उदाहरण के लिए, भारत संभवत: यूट्यूब का सबसे बड़ा बाजार है और सोशल मीडिया नामों के लिए एक प्रमुख विकास क्षेत्र है। नेटफ्लिक्स ने अभी तक रिपोर्ट पर टिप्पणी नहीं की है।

## प्लास्टिक सर्जरी से अर्जेंटीना की अभिनेत्री-ब्यूटी क्वीन जैकलीन कैरियरी का निधन


**लॉस एंजेलिस,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। कॉस्मेटिक सर्जरी के कारण अर्जेंटीना की पूर्व ब्यूटी क्वीन और अभिनेत्री जैकलीन कैरीरी का 48 साल की उम्र में निधन हो गया। लैटिन अमेरिकी सिनेमा का एक बड़ा नाम, मॉडल-अभिनेत्री की कैलिफोर्निया में मृत्यु की खबर उनके प्रशंसकों के लिए सदमे की तरह आई। उनकी मृत्यु का कारण रक्त का थक्का बनना बताया जा रहा है

अर्जेंटीना मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार कई चिकित्सीय जटिलताएं पैदा हुईं, जिससे अंतत: खून का थक्का बन गया, जिससे उनकी दुखद मृत्यु हो गई। जब उन्होंने अंतिम सांस ली तो उनके बच्चे क्लोए और जूलियन उनके पास ही थे।

डेली मेल के अनुसार अभिनेत्री और ब्यूटी क्वीन की मौत की खबर सैन राफेल वेंडिमिया के सोशल नेटवर्क के माध्यम से घोषित की गई थी।

जैकलिन को अपने जिले की रानी का ताज पहनाया गया था और वह 1996 में अर्जेंटीना में सैन राफेल एन वेंडिमिया अंगूर फसल उत्सव में सौंदर्य प्रतियोगिता में उपविजेता भी रही थीं।

उनके इंस्टाग्राम पेज पर एक पोस्ट में लिखा है, 'आज हम अपने अनुयायियों को



दुखद समाचार के बारे में सूचित करना चाहते हैं, जैकलीन कैरिएरी का निधन हो गया है। रीनास डी सैन राफेल से हम चाहते हैं इस कठिन क्षण में परिवार और दोस्तों के प्रति हमारी संवेदनाएं भेजें।'

2 अक्टूबर को एक आधिकारिक बयान भी जारी किया गया जिसमें लिखा था, जैकलिन कैरियरी का निधन हो गया है। इसमें कहा गया है, वह हमारे विभाग के एक नाटक की अभिनेत्री थी, जो कुछ दिनों पहले तक रोमा थिएटर में चल रहा था। वह एक प्रतिभाशाली महिला थी। जैकेलिन के पास जैकेलिन कैरिएरी बुटीक नामक एक हाई-एंड फैशन स्टोर भी था, जिसे दुर्भाग्य से महामारी के दौरान अपने दरवाजे बंद करने पड़े। बयान में कहा गया कि वह कई वर्षों तक सैन राफेल पेजेंट रानियों के कपड़े पहनने के लिए जानी जाती थी, जिससे विया ब्लैंका और कैरुसेल वेंडीमियल परेड के दौरान उनके कपड़े चमक उठे। अपनी युवावस्था में, वह सैन राफेल एन वेंडीमिया उत्सव की उप रानी भी थीं। कॉस्मेटिक सर्जरी के कारण हुए स्ट्रोक के कारण लॉस एंजिल्स, कैलिफ़ोर्निया में उनका निधन हो गया। मशहूर हस्तियों में कॉस्मेटिक सर्जरी के कारण जटिलताएं आम हैं। आमतौर पर बढ़ती उम्र के बीच युवा उपस्थिति बनाए रखने या अपने रूप को निखारने के लिए की जाने वाली कॉस्मेटिक सर्जरी की अधिकता के कारण कई देशों में समय से पहले मौतें हो रही हैं। यह अधिकतर रसायनों के अधिक प्रयोग के कारण होता है, जिसके कारण या तो हृदय गति अचानक कम हो जाती है, या परिणामस्वरूप घुटन, सीने में दर्द, थक्के और यहां तक कि रक्तस्राव भी होता है।

## अभिनेता गुरमीत चौधरी ने मुंबई की सड़क पर व्यक्ति को दिया सीपीआर



**मुंबई,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड अभिनेता गुरमीत चौधरी को मुंबई के अंधेरी में सड़क पर गिरे एक व्यक्ति को सीपीआर देकर मदद करते देखा गया। एक वीडियो में दिखाया गया है कि गुरमीत पहले उस आदमी को सीपीआर देते हैं और फिर दूसरों की मदद से उसे स्ट्रेचर पर लेकर आते हैं।

गुरमीत को 'रामायण' में भगवान राम, 'गीत - हुई सबसे पराई' में मान सिंह खुराना और 'पुनर्विवाह - जिंदगी मिलेगी दोबारा' में यश सूरज प्रताप सिंधिना के किरदार के लिए जाना जाता है। एक्टर ने 'झलक दिखला जा' और 'नच बलिए 6' जैसे रियलिटी शो भी किए हैं। उन्होंने 2015 में 'खामोशियां' से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। बाद में उन्हें 'वजह तुम हो' और 'पलटन' जैसी फिल्मों में देखा गया।

## पुत्र की दीर्घायु जीवन की कामना के साथ माताओ ने रखा निराजल व्रत

**भदोही,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को जीवित्पुत्रिका का पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया। पुत्र के स्वस्थ्य, खुशहाली और दिर्घायु की कामना के साथ माताओ ने जीवित्पुत्रिका का व्रत रखकर विधि-विधान पूर्वक पूजन अर्चन किया। अश्विनी माह में अष्टमी के दिन प्रात:काल स्नान ध्यान कर माताएं व्रत रखकर पूजन की तैयारी मे लगी रही। सायंकाल फल फूल व पूजन सामग्री डलिया में सजा कर गाजे बाजे के साथ व्रती महिलाओं का मंदिर परिसर पहुंचने का क्रम शुरु हो गया। कुछ देर में ही देखते ही देखते पूरा परिसर श्रद्धालु महिलाओं से भर गया। मंदिर पर पहुंची महिलाओं ने सामूहिक रुप से विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन कर कथा का रसपान किया। पूजन अर्चन के लिए बाबा बड़े शिव धाम,हनुमान गढी मंदिर, कबूतरनाथ, गोपेश्वरनाथ, जोगीबीर महादेव सहित अन्य मंदिरो पर सायंकाल तक व्रती महिलाए ने पूजन अर्चन किया। व्रत का पारण शनिवार को होगा।

### 'इंडियन आइडल सीजन 14' के साथ श्रेया घोषाल, कुमार सानू व विशाल ददलानी दर्शकों के लिए लेकर आए

## 'म्यूजिक का सबसे बड़ा त्योहार'

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के बेहद सराहे गए सिंगिंग रियलिटी शो, इंडियन आइडल ने भारतीय मनोरंजन के क्षेत्र में एक अमिट छाप छोड़ी है, और देश के सबसे लोकप्रिय और प्रतिष्ठित गायन रियलिटी शो में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है। और अब, चैनल दर्शकों के लिए इंडियन आइडल सीज़न 14 लाने के लिए तैयार है, जो फ्रेमेंटल इंडिया द्वारा निर्मित 'म्यूज़िक का सबसे बड़ा त्योहार' होने का वादा करता है।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता श्रेया घोषाल, बॉलीवुड के मेलोडी किंग कुमार सानू और मशहूर



संगीतकार/गायक और कलाकार विशाल ददलानी जज पैनल बनाने के लिए एक साथ आए हैं, जो देश भर से चुने गए महत्वाकांक्षी गायकों की कच्ची प्रतिभा को संवारेंगे।

सीज़न 14 के लिए होस्ट के रूप में हुसैन कुवाजेरवाला की वापसी हो रही है। यह सिंगिंग रियलिटी शो 7 अक्टूबर 2023 से, हर शनिवार और रविवार रात 8 बजे सिर्फ सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा। अनूठी आवाजों के साथ, जो जज़्बातों का एक सिलसिला जगाने की ताकत रखती हैं, शो का मूलमंत्र 'एक आवाज, लाखों एहसास' निश्चित रूप से दर्शकों को पसंद आएगा, इस सीज़न में प्रतिभागियों को ऐसी कहानियां मिलेंगी जो मनोरंजन, दिलचस्प और प्रेरणादायक होंगी और वे अपनी गायन क्षमता से जजों को प्रभावित करने का प्रयास करेंगे। सर्वोत्कृष्ट गायिका श्रेया घोषाल सर्वश्रेष्ठ में से सर्वश्रेष्ठ को खोजने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं और जब भी प्रतियोगी लड़खड़ाएंगे तो वे न केवल उनका परीक्षण करेंगी बल्कि उन्हें सुधारेंगी और मिसाल पेश करेंगी।

## बिना सर्जरी के दिल का छेद बंद करने में पाई कामयाबी

- **एट्रियल सेप्टल ऑक्लुडर विधि का किया गया प्रयोग**
- **23 वर्षीय पुरुष सचिन यादव को सांस लेने में थी तकलीफ**

**नोएडा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा के डॉक्टरों ने बिना ओपन हार्ट सर्जरी के एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट (एएसडी) का इलाज करने में सफलता पाई है। मरीज के दिल में छेद होने के कारण उसे सांस लेने की समस्या बनी हुई थी। फेलिक्स अस्पताल के कर्डियोलॉजिस्ट डॉ. सिद्धार्थ सम्राट ने बताया कि हरियाणा के 23 वर्षीय पुरुष सचिन यादव को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के साथ फेलिक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें सांस फूलने की समस्या बनी हुई थी।



जांच में पता चला कि मरीज को 10 मिमी का एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट (एएसडी) था। जो एक जन्मजात हृदय की स्थिति है। जिसमें एट्रियल सेप्टम में छेद होता है। एएसडी के आकार और रोगी के लक्षणों को देखते हुए, ओपन-हार्ट सर्जरी की आवश्यकता के बिना छेद को बंद करने के लिए न्यूनतम इनवेसिव प्रक्रिया का उपयोग करके मरीज का इलाज करने का निर्णय लिया गया। इसके लिए एट्रियल सेप्टल ऑक्लुडर की विधि को चुना।

जिसमें एक पतली लंबी तार का उपयोग किया गया। तार के माध्यम से ऑक्लुडर डिवाइस को सावधानी पूर्वक एएसडी के ऊपर स्थापित किया गया और छेद को प्रभावी ढंग से बंद किया गया। इस प्रक्रिया में 30 मिनट का समय लगा। एट्रियल सेप्टल ऑक्लुडर का उपयोग करके एएसडी को सफलतापूर्वक बंद करने के बाद मरीज को राहत पहुंची। तबीयत स्थिर होने के बाद मरीजों को डिस्चार्ज कर दिया गया है। दरअसल, एएसडी दीवार में एक जन्मजात हृदय दोष है, जो हृदय के दो ऊपरी कक्षों (एट्रियल सेप्टम) को अलग करता है। इस दीवार को आलिंद पट कहते हैं। जन्म के समय दो अटरिया के बीच एक छोटा सा छिद्र मौजूद होता है, जो आमतौर पर बाद में बंद हो जाता है। छेद हृदय के बाईं ओर से दाईं ओर ऑक्सीजन युक्त रक्त के रिसाव का कारण बनता है, जिसका अर्थ है कि हृदय के दाईं ओर अतिरिक्त काम करने के कारण दाएं वेंट्रिकल से फेफड़ों में अतिरिक्त रक्त प्रवाह होता है। एक ओस्टियम सेकुंडम एएसडी आलिंद पट के केंद्र में एक छेद है। आमतौर पर बायां भाग शरीर में ऑक्सीजन युक्त रक्त पंप करता है, जबकि हृदय का दाहिना भाग ऑक्सीजन रहित रक्त को फेफड़ों में पंप करता है। एक ओस्टियम सेकुंडम एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट (एएसडी) दोनों तरफ से रक्त के मिश्रण की अनुमति देता है, जिससे हृदय की कार्य क्षमता कम हो जाती है। एक छोटे आकार का छेद कई समस्याओं का कारण नहीं बन सकता है। एक बड़ा छेद श्वसन संक्रमण, सांस की तकलीफ, अनियमित हृदय ताल, बेहोशी जैसी कई समस्याओं का कारण बन सकता है और फुफ्फुसीय धमनी उच्च रक्तचाप या दिल की विफलता का कारण बन सकता है। एट्रियल सेप्टल डिफेक्ट (एएसडी) एक गंभीर बीमारी है।

## 'द फ्रीलांसर' निर्देशक भाव धूलिया ने दो फिल्मों के लिए एबंडेंशिया एंटरटेनमेंट से मिलाया हाथ

**मुंबई,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'खाकी-द बिहार चैप्टर' और 'द फ्रीलांसर' से पहचान बनाने वाले निर्देशक भाव धूलिया ने दो फीचर फिल्म परियोजनाओं के लिए एबंडेंशिया एंटरटेनमेंट से हाथ मिलाया है। ये परियोजनाएं एक आकर्षक, बड़े पैमाने पर एक्शन-थ्रिलर हैं जो गहरे देशभक्ति के स्वाद से भरपूर हैं। यह एक समान रूप से रोमांचकारी दलित कहानी है, जो सच्ची घटनाओं से प्रेरित है और भारतीय प्रशंसकों को नई शैली से परिचित कराने के लिए तैयार है। एबंडेंशिया एंटरटेनमेंट 'जलसा', 'शेरनी', 'राम सेतु', 'शकुंतला देवी', 'छोरी', 'टॉयलेट - एक प्रेम कथा' 'सुखी', 'एयरलिफ्ट', 'ब्रीद-इनटू द शैडोज' सहित अन्य फिल्मों के निर्माता हैं। अपने निर्देशन वाली फीचर फिल्म की शुरुआत पर भाव धूलिया ने कहा कि मैं भाग्यशाली रहा हूं कि मुझे कुछ उच्च-गुणवत्ता वाली स्ट्रीमिंग सामग्री पर काम करने का अवसर मिला और



मैंने लंबे प्रारूप के निर्माण का पूरा आनंद लिया। उन्होंने बताया कि मुझे लगा कि अब फीचर फिल्मों की ओर बदलाव का सही समय है। जैसे ही मैं इस नई यात्रा पर निकलने के लिए तैयार हो रहा हूं, मुझे एबंडेंशिया एंटरटेनमेंट और विक्रम मल्होत्रा के साथ साझेदारी करने में खुशी हो रही है। क्योंकि उन्होंने हर किसी को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए सामग्री और रचनाकारों के साथ जो किया है वह मुझे बहुत पसंद आया है।

# अभिमत

*आपातकाल में मीडिया को दूसरे ढंग से दबोचा जाता था। अखबारों पर पहरा, विचारों पर गिद्ध दृष्टि गये ज़माने की बात नहीं है। मगर इसमें जो तड़का लगा है, वो है टैक्स हीवेन या दुनिया के दूसरे लोकेशन से आया पैसा। चीन यदि भूल से भी मनी रूट में है, उस मीडिया कंपनी की ख़ैर नहीं। मगर, बात यह है कि सरकार एक व्हाइट पेपर जारी क्यों नहीं करती, जिसमें देश के सभी मीडिया समूह के लिए आये पैसे का डिटेल हो?*

## देश की सभी मीडिया कंपनियों का 'मनी रूट' बता दीजिए!



पुष्परंजन

**पत्रकारों पर यूएपीए लगाना सचमुच भयावह है। सुप्रीम कोर्ट क्या स्टैंड लेता है, इस पर पूरी दुनिया की नज़र है। उस पर मुहर हम भी नहीं लगाते कि मीडिया में सब कुछ साफ-सुथरा चल रहा है, लेकिन संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और बीजेपी के कितने नेता चीन गये ? उनके खातों में कितने पैसे चीन-हांगकांग से आये, सरकार इतना भर बता दे!**

अगस्त 1947 में भारत के स्वतंत्र होने के बाद, तिब्बत ने ब्रिटिश अधिग्रहण का विरोध किया। दो माह बाद, अक्टूबर 1947 में तिब्बत ने मांग की, कि भारत लद्दाख, सिक्किम और दार्जिलिंग वापस कर दे। पटेल ने उसे अनसुना कर दिया। अक्टूबर 1950 में, चीनी सैनिकों ने चामडो में तिब्बती सेना को हरा दिया। जब भारत ने विरोध किया तो चीन ने उसके विरोध को दरकिनार कर दिया। इससे भारत और चीन में दरार की शुरूआत हो गई।

उप प्रधानमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल ने तिब्बत की समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए नेहरू को एक पत्र लिखा। पटेल के विचार मायने रखते थे। वह महात्मा गांधी के करीबी सहयोगी और मित्र थे। पटेल के नेतृत्व में, भारत ने 500 से अधिक रियासतों को आत्मसात कर लिया था, जिनमें स्वतंत्रता-पूर्व भारत का 40 प्रतिशत क्षेत्र और 22 फीसद आबादी शामिल थी। इसने पटेल जैसे परम शक्तिशाली उप प्रधानमंत्री को 'भारत के लौह पुरुष' की उपाधि दी थी। दुर्भाग्यवश पटेल की जो विश्वप्रसिद्ध मूर्ति गुजरात में लगी, वो मेड इन चाइना है। जो लोग नरेंद्र मोदी द्वारा सरदार पटेल की मेड इन चाइना मूर्ति लगाने के फैसले को नमन करते हैं, उसे विवेक शून्य मानसिकता से अधिक कुछ नहीं कहा जा सकता।

1962 से लेकर 70 के दशक तक चीन से जो हमारे संबंध बिगड़े, उसे 1978 में सुधारने का सबसे पहला प्रयास तत्कालीन विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने किया था। अटलजी बतौर विदेश मंत्री 22 फरवरी 1979 को पेइचिंग गए। चीन ने सिक्किम और भूटान दोनों पर अपना रुख नरम कर लिया। लेकिन चीन अपने स्वभाव से बाज़ नहीं आया। 1986 में तब तनाव भड़क गया,जब भारतीय सैनिकों को सुमदोरोंग चू घाटी पर चीनी कब्जे का सामना करना पड़ा। चीन से दोस्ती-दुश्मनी का सिलसिला चलता रहा।

1988 में जब तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने चीन का दौरा किया, दोनों पक्षों ने बेहतर संबंध स्थापित किए, जो 1991 में सोवियत संघ के पतन के बाद और बेहतर हुए। 1993 में, भारत और चीन ने सीमा समझौते पर हस्ताक्षर किए। अगले दो दशकों तक भारत और चीन किसी भी बड़े टकराव से बचते रहे। 1996 में, दोनों पक्ष वास्तविक नियंत्रण रेखा से दो किलोमीटर के भीतर बंदूकों या विस्फोटकों के इस्तेमाल नहीं करने पर भी सहमत हुए। नेताओं ने एक-दूसरे के देशों का दौरा किया, व्यापार बढ़ाया और आपसी सहयोग समझौतों पर हस्ताक्षर किए।

ठीक से देखा जाए तो चीनी राष्ट्रवाद हान आबादी की वजह से मज़बूत होता रहा है, चुनांचे हान और हिंदू राष्ट्रवाद के बीच दशकों पहले से एक संवाद शुरू हुआ। हिंदू नेताओं ने जिस उत्साह के साथ चीन के दौरे किये, उसके मूल में हान राष्ट्रवाद को समझने और उसके अनुरूप हिंदू राष्ट्रवाद को जीवट बनाने की उत्कंठा थी। शायद बढ़ता आर्थिक दबाव भी चीन के नए राष्ट्रवाद में योगदान देता रहा है। वहां की लीडरशिप ने चीनी उद्यमियों को निवेश में आगे बढ़ने की अनुमति दी। दूसरा, पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को बढ़ाया गया, जिससे दूरसंचार, ब्रॉडबैंड, सड़क, रेल, बंदरगाह, बिजली उत्पादन, पारेषण और वितरण के साथ-साथ अधोसंरचना में भारी निवेश किया। तीसरा, माइक्रो-इकोनॉमी को आगे बढ़ाने के वास्ते स्टार्टअप को शी सरकार ने खुलकर मदद दी।

पिछले दस वर्षों में पूरी दुनिया के साथ-साथ चीन ने जिस तरह भारत में पांव पसारे, उसे लेकर बड़ा सवाल बनता है। सवाल यह कि भारत ने क्या चीनी अर्थव्यवस्था को सुधारने की ज़िम्मेदारी ले ली थी? चीन के सामान्य सीमा शुल्क प्रशासन द्वारा 7 सितंबर, 2023 को जारी डाटा ही देख लीजिए। आंकड़ों के अनुसार, 2023 के पहले आठ महीनों के दौरान चीन और भारत के बीच व्यापार 619.69 बिलियन युआन (84.49 बिलियन डॉलर) तक पहुंच गया, जो साल-दर-साल 5.2 प्रतिशत अधिक है। चीन-भारत क्रास बॉर्डर व्यापार 2022 में चरम पर रहा है। 905 अरब यूआन का व्यापार तब जब चीनी माल के बहिष्कार का आह्वान किया गया था। यह व्यापार हर साल 5.2 प्रतिशत की दर से बढ़ता गया है। कौन बताएगा इसके पीछे का अर्थशास्त्र?

इस अर्थशास्त्र से अलहदा राजनीति के गलियारों में चीनी फंडिंग को लेकर आरोप-प्रत्यारोप चलते रहे हैं, जिसमें अब मीडिया भी शामिल हो चुका है। चीनी फंडिंग के आरोप पहले कांग्रेस पर लगे, जवाब में कांग्रेस ने बीजेपी पर सवाल चिपका दिया कि चीनी कंपनी हुआवेई ने पार्टी फंड में कितना पैसा दिया था, इसकी जानकारी सार्वजनिक करें। क्या 2019 चुनाव के वास्ते चीन से पैसा आया था? ऐसे तमाम सवाल कांग्रेस के प्रेस कांफ्रेंस से निकल मुख्यधारा की मीडिया में घूमते रहे। सीनाजोरी का सिलसिला सत्ता पक्ष से चलता रहा, मगर सवाल का उत्तर सत्ता के गलियारे में अब भी प्रतीक्षारत है। ऐसे प्रकरण पर सबसे दिलचस्प है दिल्ली स्थित चीनी दूतावास की चुप्पी।

जब मीडिया को कुचलने की बात होती है, आपातकाल का जिन्न बोतल से बाहर निकल आता है। मगर, जिन पुराने पत्रकारों ने देखा है, वो भी स्वीकारते हैं कि आपातकाल में मीडिया को दूसरे ढंग से दबोचा जाता था। अखबारों पर पहरा, विचारों पर गिद्ध दृष्टि गये ज़माने की बात नहीं है। मगर इसमें जो तड़का लगा है, वो है टैक्स हीवेन या दुनिया के दूसरे लोकेशन से आया पैसा। चीन यदि भूल से भी मनी रूट में है, उस मीडिया कंपनी की ख़ैर नहीं। सीरिया, तुर्की या अरब अमीरात से भी आये तो भी उनकी ख़ैर नहीं जो सरकार के आलोचक हैं। मगर, बात यह है कि सरकार एक व्हाइट पेपर जारी क्यों नहीं करती जिसमें देश के सभी मीडिया समूह के लिए आये पैसे का डिटेल हो?

प्रवर्तन निदेशालय ने मीडिया दिग्गज राघव बहल के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था। राघव बहल एक भारतीय व्यवसायी, टीवर समूहों में निवेशक रहे हैं। वह नेटवर्क18 ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक थे। राघव बहल बाद में द क्विंट डिज़िटल प्लेटफार्म के प्रोमोटर भी बने। अगस्त 2023 तक का अपडेट यह है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में विदेश जाने पर जो रोक लगाई थी अदालत ने उसे ख़ारिज़ कर बिज़नेस मीटिंग के लिए बाहर जाने की अनुमति दे दी। द क्विंट पर मुश्कें कसने का क़िस्सा राघव बहल से ही शुरू हो जाता है। जो शाहे वक़्त को सलाम करते हैं, उनका पैसा सफेद, बाकियों का पैसा देश की छवि ख़राब करने में लगा है, इस तरह की नैरेटिव गढ़ दी गई।

प्रवर्तन निदेशालय ने पत्रकार राणा अयूब के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया था। प्रवर्तन निदेशालय ने पत्रकार सिद्दीकी कप्पन को भी मनी लॉन्ड्रिंग के केस में दबोच लिया था, जो अब जमानत पर रिहा हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने स्वतंत्र पत्रकार राजीव शर्मा को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था।

इसलिए न्यूज क्लिक की फंडिंग को लेकर केस का अकेला मामला नहीं है। मीडिया कंपनियों के विरूद्ध मनी लॉन्ड्रिंग के केस, छापामारी, गिरफ्तारी के बहुत सारे उदाहरण मिल जाएंगे। जो आज सत्ता की आरती उतार रहे हैं, उनमें दो प्रमुख चेहरे ऐसे भी हैं, जो तिहाड़ रिटर्न हैं। सोशल मीडिया में उनमें से एक तिहाड़ी नाम से मशहूर है। लेकिन ये मनी लॉन्ड्रिंग नहीं ठगी और ब्लैकमेलिंग की वजह से बदनाम हुए हैं।

बताया जाता है कि न्यूज क्लिक का टोटल मामला फंडिंग को लेकर है। मगर सवाल यह है पोर्टल के प्रबंधकों ने कहां से पैसा लिया, उसकी जानकारी किसी पत्रकार या सब-एडिटर या टेक्निकल कर्मचारी को कैसे हो सकती है? बात कर्मचारियों तक नहीं रही। बल्कि वेबसाइट पर लिखने वाले फ्रीलांसरों तक को नहीं बख्शा गया। खुद दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया कि 46 संदिग्धों से पूछताछ की गई, और उनमें से कईयों को आगे भी इसके लिए तैयार रहने को कहा गया है।

क्या यह न्याय की उचित प्रक्रिया है? इस छापेमारी से यह बताने की कोशिश की गई है कि जो पत्रकार सत्ता के विरूद्ध आक्रामक हैं, उन्हें भी मनी लॉन्ड्रिंग जैसे मामले में लपेटा जाएगा। एक और सच यह है कि इस छापेमारी कांड से पत्रकार बिरादरी दो टुकड़ों में बंटी दीखती है, और एक तीसरा हिस्सा है, जो तटस्थ होने का अभिनय कर रहा है। समय लिखेगा उनका भी अपराध।

4 अक्टूबर को पत्रकारों के विभिन्न संगठनों की ओर से एक संयुक्त पत्र भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ को लिखा गया है। इस पत्र में कहा गया है कि मीडिया के खिलाफ सरकार की दमनकारी कार्रवाइयां हद से ज़्यादा बढ़ गई हैं। प्रधान न्यायाधीश से अपील की गई है कि वह मीडिया के विरूद्ध जांच एजेंसियों के बढ़ते दमनकारी उपयोग को समाप्त करने के लिए फ ौरन हस्तक्षेप करें।

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को जिन पत्रकार संगठनों ने यह साझा पत्र लिखा है, उसमें डिजीपब न्यूज इंडिया फाउंडेशन, इंडियन वूमेन प्रेस कॉर्प्स, प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली फाउंडेशन फॉर मीडिया प्रोफेशनल्स, नेटवर्क ऑफ वीमेन इन मीडिया, चंडीगढ़ प्रेस क्लब, नेशनल अलायंस ऑफ जर्नलिस्ट्स, दिल्ली यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, केरल यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स, बृहन्मुंबई यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, फ्री स्पीच कलेक्टिव, मुंबई, मुंबई प्रेस क्लब, अरुणाचल प्रदेश यूनियन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट, प्रेस एसोसिएशन ऑफ इंडिया, गुवाहाटी प्रेस क्लब शामिल हैं। संगठनों के साझा पत्र में लिखा गया कि तीन अक्टूबर, 2023 को, दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पत्रकारों, संपादकों, लेखकों समेत 46 पेशेवरों के घरों पर छापा मारा है। दो टॉप बॉस गिरफ्तार हैं। तो क्या संपूर्ण सोशल मीडिया को डराने की कवायद है यह?

पत्रकारों पर यूएपीए लगाना सचमुच भयावह है। सुप्रीम कोर्ट क्या स्टैंड लेता है, इस पर पूरी दुनिया की नज़र है। उस पर मुहर हम भी नहीं लगाते कि मीडिया में सब कुछ साफ-सुथरा चल रहा है, लेकिन संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और बीजेपी के कितने नेता चीन गये? उनके खातों में कितने पैसे चीन-हांगकांग से आये, सरकार इतना भर बता दे!

pushpr1@rediffmail.com

### बीता सप्ताह

**30 सितंबर**

- महिला आरक्षण बिल पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने हस्ताक्षर कर नया कानून बनाया।
- पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बम विस्फोट में 55 लोगों की मौत हो गई।
- छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेता अनुपम भार्गव की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई।
- पाक्सो मामले में विधि आयोग ने केंद्र को सलाह दी कि सहमति से संबंध बनाने की उम्र 18 वर्ष ही रखी जाए।

**1 अक्टूबर**

- एशियाई खेल हांगझाऊ में भारत ने पाकिस्तान को 10-2 से हराया।
- भारतीय रिजर्व बैंक ने दो हजार रुपए के नोट बदलने की तिथि 7 अक्टूबर तक बढ़ाई।
- 29 सितंबर को चीन ने दो करोड़ यात्रियों की यात्रा का कीर्तिमान स्थापित किया।
- न्यूयार्क में बाढ़ के कारण आपातकाल घोषित किया गया।

**2 अक्टूबर**

- मुख्य चुनाव आयुक्त संजीव कुमार ने राजस्थान में पहली बार घर से वोट देने की सुविधा देने की बात कही।
- एशियन गेम्स एथलेटिक्स में अविनाश साबले ने स्वर्ण पदक जीता।
- मालदीव में प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार मोहम्मद मोइज्जु ने राष्ट्रपति पद का चुनाव जीता।
- भारत की शीर्ष गोल्फर अदिति अशोक हांगझोऊ एशियन गेम्स में व्यक्तिगत गोल्फ स्पर्धा में रजत पदक जीता।

**3 अक्टूबर**

- बिहार जातीय गणना के आंकड़े जारी कर पहला राज्य बना। जनजाति व अनुसूचित जनजाति की आबादी 84 बताई गई।
- हंगेरियन अमेरिकी बायोकेमिस्ट बैटालिक कारिको और अमेरिकी चिकित्सक व वैज्ञानिक डरु पीसमैन को कोविड-19 टीमों में इस्तेमाल की जाने वाली संशोधित मैसेजर आरएनए तकनीक विकसित करने के लिए मेडीसीन में 2023 का नोबेल पुरस्कार दिया गया।
- तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने नया संविधान बनाने का संकल्प लिया।
- मैक्सिकन शहर स्मूदाद माडेरो में एक चर्च की छत गिर जाने से नौ लोगों की मौत हो गई।

**4 अक्टूबर**

- भौतिकी में तीन वैज्ञानिक पियरे एगोस्टिनी फेरेक क्रॉस्त्र अीर ऐनी एल. हुईलियर को 2023 का नोबेल पुरस्कार दिया गया।
- दिल्ली पुलिस ने दिल्ली में 'न्यूज़क्लिक' का दफ्तर सील कर पत्रकार उर्मिलेश औनियो चक्रवर्ती, अभिसार शर्मा, परंजय गुहा से पूछताछ की।
- एशियन गेम्स में अन्नू रानी ने भाला फेंक में स्वर्ण पदक जीता।
- भारत की पारूल चौधरी ने एशियन गेम्स में 5 हजार मीटर रेस में गोल्ड मेडल जीता।

**5 अक्टूबर**

- हांगझोऊ में चल रहे एशियन गेम्स में भाला फेंक में भारत के नीरज चोपड़ा ने स्वर्ण एवं किशोर जैना ने रजत पदक जीता।
- सिक्किम में बादल फटने से अचानक आई बाढ़ में 43 लोग लापता हो गए जिसमें 23 जवान भी शामिल थे।
- रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज़ ने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉडी (एमआईटी) से मौंगीजी बावेंडा, कोलम्बिया विश्वविद्यालय से लुईज़ ब्रुस और नैनो क्रिस्टल टेक्नालॉजी में काम करने वाले एलेक्सी आई एकिमोव को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में 2023 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया।
- फोर्ब्स 2023 द्वारा जारी अमेरिका के 400 लोगों की सूची में सबसे अमीर टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क पहले स्थान पर हैं।

**6 अक्टूबर**

- नार्वे के साहित्यकार जॉन फॉसे को 2023 के नोबेल साहित्य सम्मान से पुरस्कृत करने के लिए नोबेल साहित्य समिति के अध्यक्ष एंडर्स ओल्सन ने घोषणा की।
- हांगझोऊ के एशियाई खेल में भारत के ओजस देवताले, अभिषेक वर्मा, जावकर प्रथमेश समाधान की जोड़ी ने तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीत लिया।
- दीपिका पल्लीवाल और हरिंदर पाल सिंह सिंधु की जोड़ी ने एशियाई खेल में स्क्वैश मिश्रित युगल स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीता।
- मनी लॉन्ड्रिग दिल्ली शराब नीति घोटाला में गिरफ्तार आप पार्टी के नेता सांसद संजय सिंह को राउत एवेन्यू कोर्ट ने 10 अक्टूबर तक ईडी की रिमांड में भेजा।

## केन्द्र की नीतियां तेजी से बढ़ा रही हैं आम लोगों के लिए आर्थिक संकट

पिछले रविवार को लाखों की संख्या में केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना की बहाली की मांग को लेकर राजधानी नई दिल्ली में जुटे। इस विशाल रैली की खबर मीडिया में महज एक घटना के रूप में वर्णित करने तक ही सीमित थी, जो हमारे देश में व्याप्त गहरी आर्थिक अस्वस्थता को छिपाने का काम ही कर रही थी।

पुरानी पेंशन योजना के अनुसार, एक कर्मचारी अपने अंतिम वेतन का 50प्रतिशत पेंशन के रूप में प्राप्त करने का हकदार था। मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए इस राशि को भी वार्षिक रूप से समायोजित किया जाता था। दूसरी ओर, नई पेंशन योजना सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वह राशि लौटाती है जो पुरानी पेंशन योजना के तहत उन्हें मिलने वाली राशि के आधे से अधिक नहीं होती है। कानून कहता है कि 2004 के बाद सेवा में आये सभी लोग नई पेंशन योजना के तहत आयेंगे।

आज 20 साल बाद पेंशन का मुद्दा विभिन्न राज्यों में चुनावों को प्रभावित करने वाला एक ज्वलंत मुद्दा बन गया है, जो बढ़ती कीमतों और कम आय के साथ भारत में जीवनयापन के गहरे संकट को दर्शाता है। यहां तक कि मध्यम वर्ग के लिए भी आजीविका अधिक दयनीय होती जा रही है। जब नई पेंशन योजना को संसद में लाया गया था, तो सीपीआई (एम) ने इस सिद्धांत का पालन करते हुए कि पेंशन एक कर्मचारी का अधिकार है, न कि खैरात, नई योजना का विरोध किया था। आज हमारे विरोध के कारणों को सही ठहराया जा रहा है।



सीताराम येचुरी

**मोदी सरकार के तहत सांप्रदायिक-कॉर्पोरेट गठजोड़ मजबूत होने के साथ, देश में उत्पन्न होने वाली अधिकांश संपत्ति पर पूंजीपतियों का कब्ज़ा हो गया है। अडानी मामला इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। देश की संपत्ति को हमारे अधिकांश लोगों की कीमत पर कुछ पूंजीपतियों को समृद्ध करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। मोदी की आर्थिक नीतियां दो भारत बनाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है।**

हमारे लोगों की वास्तविक आय में कमी, जीवन को और अधिक दयनीय बनाने के अलावा, देश के आर्थिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। लोगों के हाथों में क्रय शक्ति कम होने से घरेलू मांग कम हो जाती है, निवेश कम हो जाता है, क्योंकि ऐसे निवेश से उत्पादित उत्पादों के लिए कोई बाजार नहीं होता है। निवेश तभी बढ़ता है जब उत्पादित वस्तुओं को मुनाफा कमाने और विकास उत्पन्न करने के लिए बेचा जाता है। मांग के बिना निवेश नहीं बढ़ता और इसलिए आर्थिक विकास नहीं हो सकता। यह आज भारतीय अर्थव्यवस्था को परेशान करने वाली मूलभूत समस्या है।

मोदी सरकार के तहत सांप्रदायिक-कॉर्पोरेट गठजोड़ मजबूत होने के साथ, देश में उत्पन्न होने वाली अधिकांश संपत्ति पर पूंजीपतियों का कब्ज़ा हो गया है। अडानी मामला इसका उत्कृष्ट उदाहरण है। देश की संपत्ति को हमारे अधिकांश लोगों की कीमत पर कुछ पूंजीपतियों को समृद्ध करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। मोदी की आर्थिक नीतियां दो भारत बनाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही हैं- अमीरों के लिए एक चमकदार भारत और गरीबों के लिए एक पीड़ित भारत।

लेकिन मोदी स्पिन मशीन का निरंतर प्रचार एक पुनर्जीवित भारत को दुनिया में सकल घरेलू उत्पाद के मामले में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर करता है। चाहे सरकार का नेतृत्व कोई भी करे, वर्तमान सांख्यिकीय रुझानों के आधार पर भारत 2027 में तीसरे स्थान पर होगा। लेकिन सच्चाई प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में भारत की स्थिति में निहित है। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में भारत आज दुनिया में 142वें स्थान पर है।

हाल के जी-20 शिखर सम्मेलन का उपयोग भारत को उभरती आर्थिक महाशक्ति के रूप में पेश करने के लिए किया गया था, लेकिन सच्चाई फिर से तथ्यों में निहित है। सभी जी-20 देशों में, भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी सबसे कम है और मानव विकास सूचकांकों के मामले में यह सबसे निचले स्थान पर है। हम अर्थव्यवस्था में सबसे कम श्रम भागीदारी दर भी दर्ज करते हैं, जो बेरोजगारी के उच्चतम स्तर को दर्शाता है।

लोगों की क्रय शक्ति में जारी इस गिरावट का असर व्यापक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। अर्थव्यवस्था में निवेश के नये प्रस्तावों में पिछले वर्ष के मुकाबले सरकारी निवेश में 72.5 प्रतिशत और निजी निवेश में 79.2 प्रतिशत की गिरावट आई है।

'मेक इन इंडिया' की दस साल की शानदार सफलता पर बड़ा शोर मचाया जा रहा है। सत्य क्या है? 2013-14 से विनिर्माण वृद्धि औसतन 5.9 प्रतिशत रही है, जो 12-14प्रतिशत के लक्ष्य से कम है। विनिर्माण क्षेत्र की जीडीपी हिस्सेदारी 25 प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले लगभग 16.4 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। 2011-12 और 2021-22 के बीच विनिर्माण क्षेत्र में नौकरियां 12.6प्रतिशत से घटकर 11.6प्रतिशत हो गईं। मोदी ने बड़ी धूमधाम से लाल किले से ओबीसी के लिए विश्वकर्मा परियोजनाओं की घोषणा की और कुशल कारीगरों के लिए 13,000-15,000 करोड़ रुपये खर्च करने का दावा किया। हालांकि, संसद में जो घोषणा की गई वह अगले पांच वर्षों में पांच प्रतिशत ब्याज दर पर वितरित किए जाने वाले 13,000 करोड़ रुपये के ऋण पैकेज की थी!

ग्रामीण संकट भी बढ़ रहा है। मनरेगा की मांग, जो जीवित रहने के लिए संकट के स्तर को दर्शाती है, पिछले साल 16.3प्रतिशत और 2019-20 से 29.4प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई। आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 वास्तविक मजदूरी में नकारात्मक वृद्धि की रिपोर्ट करता है।

इन सबका शुद्ध परिणाम आर्थिक गतिविधियों का सिकुड़ना है। यह परिधान, समुद्री उत्पाद, प्लास्टिक, रत्न और आभूषण जैसे श्रम-केंद्रित निर्यात में गिरावट में परिलक्षित होता है। वैश्विक बाजार में भारत की हिस्सेदारी तेजी से घट रही है, जिसका मतलब है कि इन क्षेत्रों में घरेलू रोजगार भी तेजी से घट रहा है।

नतीजा यह हुआ कि अगस्त 2023 में बेरोजगारी दर 8.1 फीसदी थी। 2022 में युवा बेरोजगारी (15-24 वर्ष) 23.22 प्रतिशत थी। स्नातकों में बेरोजगारी 42 प्रतिशत है। इस वर्ष अगस्त महीने तक लगभग 2 करोड़ परिवारों ने मनरेगा के तहत काम की मांग की। यह भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश का मोदी-प्रेरित विनाश है।

रोजगार घटने के साथ बढ़ती कीमतें भी आती हैं। पिछले कुछ वर्षों से मुद्रास्फीति लगातार आरबीआई की 6 प्रतिशत सहनशीलता सीमा को पार कर गई। इससे भी बुरी बात यह कि यह मुद्रास्फीति भोजन और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के कारण हुई है।

इस संकट का संचयी परिणाम सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में परिवारों की वित्तीय संपत्तियों में गिरावट है, जो 2020-21 में 15.4प्रतिशत से गिरकर 2022-23 में 10.9प्रतिशत हो गई है। लोग जीवित रहने के लिए अपने परिवार की चांदी बेच रहे हैं। परिवारों की शुद्ध वित्तीय संपत्ति 11.5प्रतिशत से गिरकर 5.1प्रतिशत हो गई।

लोगों की आय घट रही है, कीमतें बढ़ रही हैं, बेरोजगारी बढ़ रही है और विनिर्माण विकास में गिरावट गहराते आर्थिक संकट को दर्शाती है। जरूरत इस बात की है कि अपने मित्रों के लिए धन की वृद्धि को संरक्षण देना बंद किया जाये और इसके बजाय सार्वजनिक निवेश के लिए राज्य के संसाधनों का उपयोग किया जाये ताकि बहुत आवश्यक बुनियादी ढांचे का निर्माण किया जा सके जिससे नौकरियां पैदा होंगी और अर्थव्यवस्था में घरेलू मांग के स्तर में वृद्धि होगी।

भारत की राष्ट्रीय संपत्ति को लूटकर अपने मुनाफे को अधिकतम करने के लिए विदेशी और घरेलू पूंजी के प्रति मोदी सरकार की पूरी प्रतिबद्धता को देखते हुए, यह संकट और भी बदतर हो सकता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारत की संपत्ति को अर्थव्यवस्था के विकास और लोगों के कल्याण के लिए उत्पादक रूप से निवेश किया जाये, यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि भाजपा सरकार और राज्य सत्ता की बागडोर को नियंत्रित न करे।

## भारत-कनाडा तनाव से बिगड़ सकते हैं द्विपक्षीय संबंध

हाल के कई प्रतिशोधपूर्ण और मुंहतोड़ कदमों ने कनाडा और भारत के बीच द्विपक्षीय संबंधों को खराब कर दिया है। राजनयिकों को निष्कासित करना, यात्रा परामर्श जारी करना, वीज़ा जारी करने पर रोक तथा व्यापार वार्ता रद्द करना, विदेशों में खालिस्तानी एजेंटों को लक्ष्य बनाना और देश में उनकी संपत्तियों को जब्त करना अल्पावधि के उपाय हो सकते हैं, परन्तु दोनों देशों के पास खोने के लिए बहुत कुछ है। खासकर भारत को यहां से सावधानी से आगे बढ़ने की जरूरत है क्योंकि निज्जर की हत्या के खतरनाक परिणाम हो सकते हैं।

यह स्थिति और उसके बाद उठाए गए कदम एक टिंडरबॉक्स को प्रज्ज्वलित कर रहे हैं। हाल ही में 'इंटरवेंशन एंड स्टेट सॉवरेन्टी' पर आयोजित एक सम्मेलन में पूछा गया था कि क्या कनाडाई सिख चरमपंथी और प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय खुफिया एजेंटों की भागीदारी के बारे में कनाडाई पीएम के आरोप एक विदेशी शक्ति द्वारा कनाडाई संप्रभुता का उल्लंघन हैं? जवाब आसान है- हां, यह होगा। लेकिन क्या ये आरोप विश्वसनीय हैं? भारत सरकार के अनुसार कनाडा ने आरोपों को साबित करने के लिए अब तक कोई भरोसेमंद सबूत पेश नहीं किए हैं और जांच में भारत का सहयोग मांगा है। जूडी फोस्टर के नेतृत्व में कनाडा के राष्ट्रीय सुरक्षा दल ने जी-20 शिखर सम्मेलन से पहले नई दिल्ली की दो यात्राएं की थीं और हत्या के संबंध में अपने स्थानीय समकक्षों के साथ बैठकें की थीं। जाहिर है, कुछ सबूत साझा किए गए होंगे। हालांकि ये सबूत विश्वसनीय थे या आगे बढ़ने लायक थे- यह तय करना भारतीय पक्ष पर छोड़ दिया जाएगा। इस मामले में दोनों पक्षों पर संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के उल्लंघन का मामला लागू होता है।



डॉ. मलय मिश्रा

**विदेशी धरती पर पुनर्जीवित हो रहे खालिस्तानी आंदोलन का बढ़ता प्रसार। भारत सरकार को सोचना होगा कि इससे किस तरह निबटा जाना चाहिए, कहीं ऐसा न हो कि इससे निबटने के तरीकों और नतीजों से दीर्घकालिक नुकसान हो। इसलिए भारत के लिए कूटनीतिक रूप से बुद्धिमत्तापूर्ण होगा कि वह इस मुद्दे को सभी संभावित मंचों पर उठाए।**

यह प्रश्न कई परस्पर विरोधी मुद्दों को उठाता है जो सामान्य रूप से भू-राजनीतिक हैं, व्यापार, आर्थिक, डायस्पोरिक और यहां तक कि ऐतिहासिक विचारों से गुजरते हैं। यह काफी हद तक भारत-कनाडा के तनावपूर्ण संबंधों के भविष्य की कल्पना करने पर टिका है जिसमें खालिस्तान मुद्दा वह खूंटा है जिस पर यह मौजूदा विवाद जुड़ा हुआ है। 1980 के दशक में स्वर्ण मंदिर पर हमले और कट्टरपंथी सिख नेता भिंडरावाले को बाहर निकालने के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की उनके सिख अंगरक्षकों द्वारा हत्या कर दी गई थी और इसके बाद सिख विरोधी दंगे हुए थे। यह मुद्दा इतिहास में दफन हो चुका है और आज पंजाब में इसका कोई महत्व नहीं है।

हालांकि कनाडा में चार दशकों से अधिक समय से खालिस्तान का मुद्दा गरमाया हुआ है। पिछले कुछ वर्षों में यह बढ़ गया है और हिंसक रूप ले चुका है। जस्टिन ट्रूडो सरकार द्वारा कनाडा के खालिस्तानी समूहों को समर्थन उसकी घरेलू मजबूरियों के कारण है। उनकी लिबरल पार्टी को खालिस्तानी नेता जगमीत सिंह के नेतृत्व वाली न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी का समर्थन प्राप्त है। कनाडा, ब्रिटेन और अमेरिका में सिख प्रवासियों के छोटे से तबके में खालिस्तानी मुद्दे को पुनर्जीवित किया गया है। इसकी वजह से भारतीय राजनयिकों को जान से मारने की धमकी मिली है और राजनयिक मिशनों में तोड़फोड़ की गई है। सैन फ्रांसिस्को में भारतीय वाणिज्य दूतावास पिछले जुलाई में आगजनी के हमले में बच गया था। इसके अलावा सिख फॉर जस्टिस समूह के नेता पन्नुन ने हाल ही में हिंदुओं से कनाडा छोड़ने को कहा था। कनाडा के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे भारतीय प्रवासियों के बीच सौहार्द्र बिगाड़ने का यह शर्मनाक प्रयास है। कनाडा सरकार की आंखों के सामने में ही एसएफजे ने भारत में खालिस्तानी राज्य की स्थापना के लिए पिछले महीने एक जनमत संग्रह का आयोजन भी किया था। खालिस्तानी नेताओं के प्रत्यर्पण के लिए भारत सरकार के कई अनुरोधों पर कनाडा सरकार ने कोई कदम नहीं उठाया है जिसके बाद भारत ने आरोप लगाया है कि अलगाववादी नेताओं के लिए कनाडा एक सुरक्षित पनाहगाह बन गया है।

ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में 18 जून को निज्जर की हत्या के 3 महीने बाद पीएम जस्टिन ट्रूडो ने जब कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स में विस्फोटक बयान दिया कि हत्या में भारत का हाथ है तो एक मामले ने अलग मोड़ ले लिया। भारत सरकार ने इन आरोपों को 'बेतुका' और 'दुर्भावना से प्रेरित' बताते हुए खारिज कर दिया है।

न्यूयॉर्क टाइम्स की एक हाल की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिकी सरकार ने ओटावा में भारतीय मिशन में इंटरसेप्ट किए गए संदेश के आधार पर कनाडा के साथ खुफिया जानकारी साझा की थी। इसके तुरंत बाद अमेरिकी सरकार के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने भारतीय अधिकारियों से कनाडाई सरकार के साथ 'जवाबदेही पूर्ण' सहयोग का आह्वान करते हुए कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने 'किसी भी देश के लिए किसी भी विशेष छूट' से इनकार किया। ये दोनों नेता भारत के साथ दोस्ताना रुख रखने वाले माने जाते हैं। फाइव आईज़ गठबंधन के एक मुखर सदस्य के रूप में अमेरिकी सरकार के इस रुख की घरेलू आलोचक यह कह कर आलोचना कर सकते हैं कि वह भारत में लोकतांत्रिक संस्थाओं के पतन, मानवाधिकारों के उल्लंघन और अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार के बावजूद इस क्षेत्र में चीन के मुकाबले के रूप में भारत को समर्थन देने की अपनी रणनीति के कारण भारत के प्रति बहुत नरम रवैया अपना रही है।

इन सभी झटकों के बीच मुख्य मुद्दा सामने आता है वह है विदेशी धरती पर पुनर्जीवित हो रहे खालिस्तानी आंदोलन का बढ़ता प्रसार। भारत सरकार को सोचना होगा कि इससे किस तरह निबटा जाना चाहिए, कहीं ऐसा न हो कि इससे निबटने के तरीकों और नतीजों से दीर्घकालिक नुकसान हो। इसलिए भारत के लिए कूटनीतिक रूप से बुद्धिमत्तापूर्ण होगा कि वह इस मुद्दे को सभी संभावित मंचों पर उठाए।

कुछ रिपोर्टों में कहा गया है कि निज्जर की हत्या कनाडाई खालिस्तानी समुदाय के भीतर एक आंतरिक झगड़े का परिणाम हो सकती है। 'वाशिंगटन पोस्ट' ने एक खबर चलाई थी जिसमें कहा गया था कि निज्जर की हत्या में दो लोगों और एक वाहन के बजाय छह व्यक्ति तथा दो वाहन शामिल थे। जो भी हो, भारत सरकार के पास दो विकल्प हैं- या तो वह सार्वजनिक रूप से जनता के सामने जाए और कानून के शासन के पालन के साथ एक लोकतंत्र के रूप में भारत की बेगुनाही का जोरदार दावा करे या शांत कूटनीति अपनाए और सरकारी व गैरसरकारी चैनलों के माध्यम से कनाडा सरकार के साथ सीधे बात करे तथा मामले को सुलझाए। अपनी प्रमुख बाहरी खुफिया एजेंसी के संदेह के घेरे में होने के साथ अगर भारत विदेशी धरती पर, विशेष रूप से उदार लोकतंत्रों में भारतविरोधी तत्वों को मारने वाले 'कपटी देश' की ख्याति अर्जित करता है तो यह दोगुना गंभीर मामला होगा।

भारत को घेरने के लिए उठाए गए कदमों पर अपने सहयोगियों की ठंडी प्रतिक्रिया के बाद कनाडा सरकार ने कुछ कदम पीछे खींच लिए गए हैं लेकिन दिल्ली को खालिस्तान समर्थकों की बढ़ती गतिविधियों का सामना करना पड़ रहा है जिन्होंने अपने उद्देश्य के लिए भौगोलिक सीमाओं से परे गठबंधन किया है। स्कॉटलैंड स्थित गुरुद्वारे से भारतीय उच्चायुक्त की जबरन वापसी इसका एक उदाहरण है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि कनाडा में भारतीय प्रवासियों का बढ़ता ध्रुवीकरण भारत की विदेश नीति प्रबंधन में अत्यधिक तनाव पैदा कर सकता है। सरकार द्वारा हाल ही में कनाडा के 41 राजनयिकों को भारत छोड़ने के लिए भेजे गए पत्र से व्यापार और निवेश, शिक्षा और पर्यटन के गंभीर रूप से बाधित होने के साथ द्विपक्षीय संकट और बढ़ सकता है।

(लेखक सेवानिवृत्त राजनयिक हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)

## मस्क को ट्विटर सौदे में गवाही के लिए निर्देश दिए जाने की एसईसी ने लगाई अर्जी

**वाशिंगटन,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी शेयर बाजार विनियामक सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) ने कहा कि उसने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) के अधिग्रहण से जुड़ी जांच के मामले में उद्यमी एलन मस्क को गवाही के लिए निर्देश दिए जाने की अदालत में एक प्रार्थनापत्र दायर किया है। एसईसी ने गुरुवार को बयान में कहा कि उसने अदालत में गुहार लगायी है कि श्री मस्क को जांच के सिलसिले में हाजिर होने के लिए निर्देश दिया जाए। मस्क के खिलाफ ट्विटर के सौदे में शेयर बाजार के नियमों का उल्लंघन किए जाने के संदेह में जांच चल रही है।

## भारत के दबाव में झुका कनाडा, भारत में रह रहे अपने कई राजनयिकों को मलेशिया और सिंगापुर भेजा

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। खालिस्तानी आंतकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो द्वारा भारत पर लगाए गए आरोपों के बाद अब दोनों देशों के रिश्ते बिगडते जा रहे है। भारत द्वारा कनाडा सरकार को अपने 41 राजनयिकों को वापस बुलाने के लिए दिए गए निर्देश के बाद अब कनाडा पिछले पांव पर आ गया है। कनाडा के विदेश मंत्री की निजी बातचीत करने की गुहार भी भारत सरकार द्वारा खारिज कर दी गई। इसके बाद अब कनाडा के राजनयिकों की वापसी शुरू हो गई है। कनाडा सरकार ने कई राजनयिकों को भारत से हटाकर मलेशिया और सिंगापुर भेज दिया है;



- दोनों देशों के रिश्ते बिगडते जा रहे
- कनाडा के राजनयिकों की वापसी शुरू हो गई

गौरतलब है कि कनाडा यह कदम उठाने के लिए तब मजबूर हुआ है,जब भारत ने उसके उपर अनुपातिक रूप से राजनयिक संतुलन बनाने का दबाव बना दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची एक दिन पहले ही कह चुके हैं कि भारत में कनाडा के राजनयिकों की संख्या ज्यादा है,इसे घटाकर कनाडा में तैनात भारतीय राजनयिकों की संख्या के बराबर किया जाना चाहिए। उन्होंने कनाडा के राजनयिकों पर भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करन`का भी आरोप लगाया था। बतादें कि इससे पूर्व कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो ने बिना किसी ठो सबूत के आरोप लगाया था कि भारत के खुफिया एजेंटों ने खालिस्तानी आंतकी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा में हत्या करवाई थी। इसी के साथ दोनों देशों के बीच विवाद शुरू हो गया था। भारत ने इस मामले में कनाडा से सबूत मांगा था, जो वही नहीं दे सका।

# 'बेल्ट एंड रोड' पहल में व्यापक विकास संभावनाएं हैं: पुतिन

**बीजिंग,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 5 अक्तूबर को दक्षिणी रूसी शहर सोची में कहा कि 'बेल्ट एंड रोड' पहल में व्यापक विकास संभावनाएं हैं। पुतिन ने सोची में रूसी थिंक टैंक वल्दाई इंटरनेशनल डिबेट क्लब की वार्षिक बैठक में भाग लिया। उन्होंने संवाददाता से कहा कि चीन की अर्थव्यवस्था ने विकास बनाए रखा है और चीन विश्व अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण इंजनों में से एक बना हुआ है। 'बेल्ट एंड रोड' पहल में व्यापक विकास संभावनाएं हैं। रूस और चीन यूरेशियन आर्थिक संघ और 'बेल्ट एंड रोड' पहल के बीच सहयोग के कार्यान्वयन को बढ़ावा दे रहे हैं। पुतिन ने इस बात पर जोर दिया कि रूस और चीन के बीच



सहयोग अभी भी अंतरराष्ट्रीय स्थिति को स्थिर करने में बहुत महत्वपूर्ण कारकों में से एक है। रूस और चीन कोई छोटा समूह स्थापित नहीं करेंगे, लेकिन उनके आसपास जो हो रहा है उस पर प्रतिक्रिया करने के लिए मजबूर होंगे। इसके अलावा पुतिन ने यह भी कहा कि रूस और चीन सड़कों और रेलवे के निर्माण में सहयोग कर रहे हैं और औद्योगिक उत्पादन के क्षेत्र में भी व्यावहारिक सहयोग कर रहे हैं और दोनों पक्ष द्विपक्षीय व्यापार में पूरक भूमिका निभा रहे हैं।

> चीन की अर्थव्यवस्था ने विकास बनाए रखा है और चीन विश्व अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण इंजनों में से एक बना हुआ है। 'बेल्ट एंड रोड' पहल में व्यापक विकास संभावनाएं हैं। रूस और चीन यूरेशियन आर्थिक संघ और 'बेल्ट एंड रोड' पहल के बीच सहयोग के कार्यान्वयन को बढ़ावा दे रहे:-व्लादिमीर पुतिन, रूसी राष्ट्रपति

## पुतिन ने परमाणु शक्ति संपन्न बुरेवेस्तनिक मिसाइल के परीक्षण का दावा किया

मॉस्को। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दावा किया है कि उनके देश ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाली क्रूज मिसाइल का अंतिम सफल परीक्षण किया है। बीबीसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति ने यह टिप्पणी उनके प्रवक्ता द्वारा न्यूयॉर्क टाइम्स की उस रिपोर्ट को खारिज करने के बाद दी, जिसमें कहा गया था कि बुरेवेस्तनिक नामक हथियार का परीक्षण आसन्न था। प्रायोगिक हथियार, जिसकी घोषणा पहली बार 2018 में की गई थी, को संभावित असीमित रेंज वाला कहा गया है। माना जा रहा है कि यह परमाणु रिएक्टर द्वारा संचालित है और परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है लेकिन आधिकारिक रूप से इसकी क्षमताओं के बारे में बहुत कम जानकारी है और रिपोर्ट है कि पिछले परीक्षण विफल रहे हैं। श्री पुतिन के बयान की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की गई है और रूसी रक्षा मंत्रालय की ओर से अब तक कोई बयान नहीं आया है। हालांकि, पिछले माह प्रसारित उपग्रह चित्रों से संकेत मिलता है कि रूस ने हाल ही में एक दूरस्थ आर्कटिक द्वीप पर नई सुविधाओं का निर्माण किया है, जहां पहले सोवियत परमाणु परीक्षण किए गए थे।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 7 अक्टूबर, 2023 आश्विन कृष्ण पक्ष 9

### राशिफल

मेष -आज आपका मन बेचैन रहेगा। किसी बात को लेकर कुछ ज्यादा ही इमोशनल रहेंगे। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरें। स्वजनों, स्नेहीजनों के साथ विवाद हो सकता है।

वृषभ -आर्थिक कामों में आज कोई अड़चन आ सकती है। मित्रों और रिश्तेदारों के मिलने से मन खुश रहेगा। व्यापार में भागीदारी के काम में आपको लाभ मिलेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

मिथुन -आपके दिन का आरंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से होगा। आप खुश रहेंगे। परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे। आज खर्च अधिक न हो, इस पर नियंत्रण रखें। आर्थिक लाभ होगा।

कर्क -आज आपके धन की आय कम और व्यय अधिक होगा। आंखों के दर्द रह सकता है। मानसिक चिंता भी रहेगी। वाणी में संयम बनाए रखें। किसी बात को लेकर उलझन मे रह सकते हैं।

सिंह -आज आपके मन में क्रोध और आवेश की भावना रहेगी। लोगों के साथ संभलकर बातचीत करें। स्वास्थ्य की दृष्टि से आज का दिन शुभ नहीं है। मन में चिंता रहेगी। परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है।

कन्या -आपकी आज की सुबह आनंदप्रद और लाभप्रद रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। उधार दिए पैसे वापस आ सकते हैं। परिवार में भी आनंद का वातावरण रहेगा।

तुला -आज आपको शारीरिक और मानसिक सुख अच्छा रहेगा। व्यापार में आप उत्साहपूर्वक काम करेंगे। पदोन्नति होगी। सरकारी काम आसानी से पूरे होंगे। सामाजिक दृष्टिकोण से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

वृश्चिक -आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में ना पड़ें। व्यवसाय में परिस्थिति अनुकूल नहीं होगी। संतान के साथ मतभेद हो सकता है। संतान के लिए चिंता रह सकती है। मैरीड कपल के बीच रोमांस बना रहेगा।

धनु -आज आपको हर मामलों में सावधान होना पड़ेगा। क्रोध करने से हानि होने की आशंका बनी रहेगी। शारीरिक अस्वस्थता रह सकती है। बिजनेस में कर्मचारीयों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा। संतान के विषय में चिंता सताएगी।

मकर -आज अपने प्रिय दोस्तों या रिश्तेदारों के साथ घूमने-फिरने का मन करेगा। वाहन-सुख मिलेगा तथा मान-सम्मान भी मिलेगा। दोपहर के बाद आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। धन अधिक खर्च होगा।

कुंभ -आज आपको काम में सफलता मिलेगा। इससे आपका यश बढ़ेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सामाजिकरूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। दोपहर के बाद आप मनोरंजन और शॉपिंग आदि में रुचि रखेंगे।

मीन -आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। कला के क्षेत्र में आपकी अभिरुचि बढ़ेगी। मित्रों से हुई मुलाकात आनंद देगी। दोस्तों या रिश्तेदारों से कोई उपहार मिल सकता है। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1586-मुग़ल सेना ने कश्मीर में प्रवेश किया।

1737-बंगाल में 20 हजार छोटे जहाज के समुद्र में 40 फुट नीचे डूबने से तीन लाख लोगों की मौत।

1840-विलेम द्वितीय नीदरलैंड का राजा बना।

1868-अमेरिका में कोर्नोल विश्वविद्यालय खुला। इसमें 412 विद्यार्थियों का नामांकन हुआ था जो उस समय की सबसे बड़ी संख्या थी।

1907-भारत के स्वतंत्रता संग्राम में क्रान्तिकारियों की प्रमुख सहयोगी दुर्गा भाभी का जन्म।

1919-गांधीजी की 'नवजीवन' पत्रिका प्रकाशित।

1922-प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व लोकसभा अध्यक्ष बली राम भगत का जन्म।

1942-अमेरिका और ब्रिटिश सरकार ने संयुक्त राष्ट्र की स्थापना की घोषणा की।

1950-मदर टेरेसा ने कोलकाता में मिशनरीज ऑफ़ चैरिटी की स्थापना की थी।

1952-चंडीगढ़ पंजाब की राजधानी बना।

1959-सोवियत संघ के अंतरिक्ष यान लूनर-3 द्वारा चंद्रमा के छिपे हिस्से की तस्वीर ली गई।

1977-सोवियत संघ ने चौथे संविधान को अंगीकार किया।

1978-पूर्व उत्कृष्ट भारतीय क्रिकेटर ज़हीर ख़ान का जन्म।

1992-भारत में त्वरित कार्रवाई बल का गठन किया गया।

1997-भारत और रूस सुरक्षा सहयोग 2010 तक बढ़ाने के लिए सहमत।

2000-डब्ल्यूडब्ल्यूएफ-इंडिया ने पहला राजीव गांधी वन्यजीव संरक्षण पुरस्कार हासिल किया।

2001-आतंकवाद के खि़लाफ़ अमेरिका का ऑपरेशन %एड्योरिंग फ्रीडम% शुरू।

## अमेरिका ने सीरिया में तुर्की ड्रोन को मार गिराया

**वाशिंगटन,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिका के रक्षा विभाग ने गुरुवार को कहा कि अमेरिकी सेना ने सीरिया में तुर्की ड्रोन को मार गिराया, क्योंकि इस घटना के समय वह अमेरिकी सेना के समीप आ गया था। रक्षा विभाग के प्रेस सचिव पैट राइडर ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिकी कमांडरों का आकलन था कि सीरिया में तुर्की का एक मानव रहित विमान (यूएवी) अमेरिकी बलों से आधे किलोमीटर से भी कम दूरी पर उड़ान भर रहा था। उन्होंने कहा कि अमेरिकी एफ-16 लड़ाकू विमानों ने आत्मरक्षा में तुर्की के यूएवी को मार गिराया क्योंकि वे ड्रोन को संभावित खतरा मान रहे थे। अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने इस घटना पर चर्चा करने के लिए तुर्की के रक्षा मंत्री यासर गुलेर के साथ फोन पर बातचीत की। श्री ऑस्टिन ने तुर्की के अपने समकक्ष से उत्तरी सीरिया में तनाव कम करने का आग्रह किया। उन्होंने संघर्ष को कम करने और स्थापित सैन्य-से-सैन्य चैनलों के माध्यम से संचार का कठोरता से पालन करने के महत्व पर बल दिया। बयान में कहा गया कि अमेरिकी विदेश मंत्री ने तुर्की की वैध सुरक्षा चिंताओं को स्वीकार किया और किसी भी तरह के जोखिम को रोकने के लिए अमेरिका और तुर्की के बीच करीबी समन्वय की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

## सीरिया में कैडेट ग्रेजुएशन सेरेमनी पर ड्रोन हमले में 100 की मौत

**दमिश्क,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। सीरिया के होम्स प्रांत में कैडेट ग्रेजुएशन सेरेमनी के दौरान सैन्य अकादमी पर ड्रोन हमला हुआ, जिसमें कम से कम 100 लोग मारे गए। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सशस्त्र बलों के जनरल कमांड के एक बयान का हवाला देते हुए सीरिया की सरकारी समाचार एजेंसी सना ने कहा कि गुरुवार दोपहर समारोह समाप्त होने के तुरंत बाद विस्फोटकों से लदे कई ड्रोनों ने अकादमी को निशाना बनाया। बयान में कहा गया, 'सशस्त्र बल इस कृत्य को आपराधिक मानता है और पुष्टि करता है कि वह इन आतंकवादी समूहों को पूरी ताकत और दृढ़ संकल्प के साथ जवाब देगा, चाहे वे कहीं भी हों। एक अन्य रिपोर्ट में, सना ने स्वास्थ्य मंत्री हसन अल-गब्बाश के हवाले से कहा कि हमले में 200 से ज्याद लोग घायल हुए हैं।

इसमें कहा गया है कि मृतकों में कैडेट्स के परिवार, महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अब तक किसी भी व्यक्ति या समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स (एसओएचआर) के अनुसार, देश के रक्षा



मंत्री ने समारोह में भाग लिया था, लेकिन हमले से कुछ मिनट पहले ही वो चले गए थे। हमले को 'भयानक' बताते हुए, सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडरसन ने दशकों से चल रहे संघर्ष में सभी पक्षों से संयम बरतने का आह्वान किया है।

बीबीसी ने गुरुवार देर रात राजदूत के हवाले से कहा, 'सभी पक्षों को अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने दायित्वों का सम्मान करना चाहिए और नागरिक बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**राजस्थान, मप्र व ...**

लगाने की अपील की। इसमें मांग की गई है कि चुनाव आयोग को ऐसी पार्टियां की मान्यता रद्द करनी चाहिए। केंद्र सरकार ने अश्विनी से सहमति जताते हुए सुप्रीम कोर्ट से फ्रीबीज की परिभाषा तय करने की अपील की। केंद्र ने कहा कि अगर फ्रीबीज का बंटना जारी रहा तो ये देश को भविष्य की आर्थिक आपदा की ओर ले जाएगा। फ्रीबीज मामले की सुनवाई पूर्व चीफ जस्टिस एनवी रमना की अगुआई में तीन सदस्यीय बेंच ने अगस्त 2022 में शुरू की थी। इस बेंच में जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस हिमा कोहली भी थे। फ्रीबीज मामले की सुनवाई पूर्व चीफ जस्टिस एनवी रमना की अगुआई में तीन सदस्यीय बेंच ने अगस्त 2022 में शुरू की थी। इस बेंच में जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस हिमा कोहली भी थे। चुनाव आयोग ने कहा था फ्री स्कीम्स की परिभाषा आप ही तय करें सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान 11 अगस्त को चुनाव आयोग ने कहा था कि फ्रीबीज पर पार्टियां क्या पॉलिसी अपनाती हैं, उसे रेगुलेट करना चुनाव आयोग के अधिकार में नहीं है। चुनावों से पहले फ्रीबीज का वादा करना या चुनाव के बाद उसे देना राजनीतिक पार्टियों का नीतिगत फैसला होता है। इस बारे में नियम बनाए बिना कोई कार्रवाई करना चुनाव आयोग की शक्तियों का दुरुपयोग करना होगा। कोर्ट ही तय करें कि फ्री स्कीम्स क्या हैं और क्या नहीं। इसके बाद हम इसे लागू करेंगे।

**महिला जजों की संख्या में ...**

कि हम कुछ खुशखबरी साझा करना चाहते हैं। यहां अदालत कक्ष में महाराष्ट्र के सिविल जज जूनियर डिवीजन के 75 न्यायाधीश हैं। 75 जजों के बैच में से 42 महिलाएं और 33 पुरुष हैं। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा के साथ मामले की सुनवाई के लिए बेंच में बैठे सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा यह चलन पूरे देश में दिख रहा है। महिला न्यायाधीशों की संख्या अधिक है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि वह दोपहर के भोजन के दौरान महिला न्यायाधीशों सहित सभी न्यायिक अधिकारियों से मुलाकात का प्रयास करेंगे। चीफ जस्टिस की टिप्पणी के बाद सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे समेत कुछ वकीलों ने सीजेआई से शीर्ष अदालत में महिला न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने के लिए पर्याप्त कदम उठाने की अपील की।

**बिहार में जातीय गणना के...**

से 42 महिलाएं और 33 पुरुष हैं। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा के साथ मामले की सुनवाई के लिए बेंच में बैठे सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा यह चलन पूरे देश में दिख रहा है। महिला न्यायाधीशों की संख्या अधिक है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि वह दोपहर के भोजन के दौरान महिला न्यायाधीशों सहित सभी न्यायिक अधिकारियों से मुलाकात का प्रयास करेंगे। चीफ जस्टिस की टिप्पणी के बाद सुप्रीम कोर्ट में वरिष्ठ वकील दुष्यंत दवे समेत कुछ वकीलों ने सीजेआई से शीर्ष अदालत में महिला न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने के लिए पर्याप्त कदम उठाने की अपील की।

**लोकतंत्र की नींव पंचायत ...**

बढाने का काम कर रही है, यहां का मिलेट्स प्रोसेसिंग प्लांट एशिया का सबसे बड़ा प्लांट है।

प्रियंका ने आगे कहा कि बस्तर आज प्रमुख पर्यटन स्थल बन गया है, बहुत लोगो को रोजगार मिल रहा है। 60 से ज्यादा वनोपज समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे हैं। इतना सारा काम आपके क्षेत्र में हो रहा है, लोग पहले यहां आने से डरते थे, हर तरफ हिंसा भय और उत्पीड़न था, आज सरकार ने इस रास्ते से आपको निकाला है।जनता की भलाई के लिए नियत की जरूरत है। इंदिरा जी की नीयत सही थी इसलिए आज भी उन पर भरोसा है। बघेल जी पर भी भरोसा है क्योंकि उन्होंने सभी वर्ग के लिए काम किये हैं। मनरेगा योजना भी हमारी सरकार ने लायी है।

प्रियंका गांधी ने कहा कि आज आपके प्रदेश की चर्चा पूरे देश में है, कितना काम और कितना तेजी से विकास हो रहा है। यहां विकास गांव में हो रहा है यहां का किसान खुश है और जितने भी कार्य हो रहे हैं, यहां स्थानीय निकायों से कार्य हो रहा है। मौजूदा छत्तीसगढ़ सरकार ने पेसा कानून लागू करके इसे और भी सशक्त बनाया। आज भी अरबों रुपये के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण हुआ है।यहां छत्तीसगढ़ की सरकार ने 24 घण्टे के भीतर ही ऋणमाफी करने का काम किया था। आज छत्तीसगढ़ की सरकार पुरानी पेंशन दे रही है। यहां 5 सालो में करोड़ो रुपये जनता के जेब में डाले गए हैं, 40 लाख लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं।

**प्रदेश में महुआ बोर्ड का...**

नगर पंचायत अम्बागढ़ चौकी को नगर पालिका उन्नयन किये जाने हेतु निर्धारित मापदण्ड में छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया। नगर पंचायत नवागढ़, जिला-बेमेतरा को नगर पालिका परिषद बनाये जाने हेतु निर्धारित मापदण्ड में छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया। स्वास्थ्य विभाग के हड़ताल में शामिल अधिकारियों-कर्मचारियों पर एस्मा कानून के तहत बर्खास्तगी संबंधी कार्यवाही को शून्य घोषित करने का निर्णय लिया गया। श्री कल्याण सेवा आश्रम, अमरकंटक द्वारा छत्तीसगढ़ में आदिवासी एवं पिछड़ा वर्ग के कल्याण हेतु संस्कार अध्ययन शाला, चिकित्सालय एवं गौशाला निर्माण हेतु आबंटित भूमि के प्रब्याजि, वार्षिक भू-भाटक, पर्यावरण उपकर तथा अधोसंरचना उपकर में रियायत देने का निर्णय लिया गया। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से मार्कफेड में प्रतिनियुक्ति हेतु स्वीकृत संयुक्त संचालक के 1 पद को अपर संचालक के पद पर अपग्रेड करने का निर्णय लिया गया। लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ रायपुर में अपर संचालक के दो पद सृजित करने का निर्णय लिया गया।

**चुनाव पूरी तरह हो ...**

छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकारें हैं। पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा से पहले, चुनाव आयोग ने राजस्थान, मिजोरम, मध्य प्रदेश, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ में चुनाव तैयारियों का जायजा लिया है।

2-3 दिन में तारीखों के ऐलान की उम्मीद

देश के 5 राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इन राज्यों में 15 नवम्बर से 7 दिसंबर तक मतदान हो सकते हैं। तारीखों का ऐलान 8 अक्टूबर के बाद कभी भी हो सकता है। 2018 में 6 अक्टूबर को तारीखों का ऐलान हुआ था।

**हाईकोर्ट से ढेबर सहित ...**

गया। आज सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति गौतम भादुडी की कोर्ट ने अनवर ढेबर की रेगुलर याचिका को खारिज करते हुए जमानत देने से इंकार कर दिया है।

ईडी ने मई महीने में अनवर ढेबर को अरेस्ट किया और कहा कि साल 2019 से 2022 तक 2000 करोड़ का अवैध धन शराब के जरिए कमाया, जिसे दुबई में अपने साथी विकास अग्रवाल के जरिए खपाया। ईडी की ओर से कहा गया कि अनवर ने अपने साथ जुड़े लोगों को परसेंटेज के मुताबिक पैसे बांटे और बाकी की बड़ी रकम अपने पॉलीटिकल मास्टर्स को दी है। इसके बाद जिस मामले में आबकारी विभाग के अधिकारी एपी त्रिपाठी, कारोबारी त्रिलोक ढिल्लन, नितेश पुरोहित और अरुनपति त्रिपाठी को भी गिरफ्तार किया गया था, इस केस में फिलहाल अनवर देवर को मेडिकल ग्राउंड पर जमानत पर छोड़ा गया है।

इस मामले में ईडी ने अरुनपति त्रिपाठी और अफसर अनिल टुटेजा से 121। 87 करोड़ की 119 अचल संपत्ति अटैच की है। शराब घोटाला मामले में अब तक प्रदेश में कुल 180 करोड़ की संपत्ति अटैच की जा चुकी है।

**जेल में कैद नरगिस मोहम्मदी को ...**

हैं, जिन्हें यह पुरस्कार मिला है। नोबेल मिलने के बाद नरगिस को 8.33 करोड़ का इनाम और एक गोल्ड मेडल दिया जाएगा। नरगिस ने एक किताब भी लिखी है, जिसका नाम व्हाइट टॉर्चर है। ईरानी हुकूमत की तमाम कोशिशों के बावजूद, मोहम्मदी की आवाज दबाई नहीं जा सकी। जेल में रहते हुए उन्होंने साथी कैदियों की तकलीफ को दर्ज करना शुरू किया। आखिरकार कैदियों से बातचीत के पूरे ब्योरे को उन्होंने व्हाइट टॉर्चर किताब में उतार दिया। 2022 में उन्हें रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स के साहस पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

**अब तक 111 लोगों को मिला शांति का नोबेल**

नोबेल शांति पुरस्कार की शुरुआत 1901 में हुई थी। अब तक यह सम्मान 111 लोग और 30 संस्थाओं को मिला है। नरगिस का जन्म कुर्दिस्तान ईरान के जंजन शहर में 21 अप्रैल 1972 में हुआ। उन्होंने फिजिक्स की पढ़ाई की थी। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने इंजीनियर के तौर पर काम किया। वो कॉलमनिस्ट भी रहीं। कई अखबारों के लिए लिखती थीं। 1990 के दशक से ही नरगिस महिलाओं के हक के लिए आवाज उठा रही थीं। 2003 में उन्होंने तेहरान के डिफेंडर्स ऑफ ह्यूमन राइट सेंटर में काम शुरू किया। नोबेल प्राइज की वेबसाइट के मुताबिक, नरगिस मोहम्मदी को जेल में बंद कार्यकर्ताओं और उनके परिवारों की सहायता करने की कोशिश करने के आरोप में पहली बार 2011 में जेल हुई थी। उन्हें 2 साल बाद जमानत मिल गई थी। 2015 में उन्हें दोबारा जेल हुई।

## सुडोकू 6339

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | 8 | | | 1 | | |
| 3 | | 8 | 6 | | | | | 4 |
| 6 | | | | 2 | | 7 | | |
| | | | | 9 | | | | 2 |
| | | 9 | | | | 6 | | |
| 4 | | | | 1 | | | | |
| | | 1 | | 3 | | | | 9 |
| 2 | | | | | 1 | 5 | | 7 |
| | | 3 | | | 7 | | 2 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गो का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6339

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. एक प्रसिद्ध पक्षी जिसकी बोली बहुत मधुर होती है
३. विरोधी, दूसरे पक्ष का, प्रतिद्वंद्वी
५. ऊंचाई (उर्दू)
६. वृद्धिकारक
७. पैरों के निशान, नक्शेकदम
८. सारथि, रथ हांकनेवाला
१३. सहसा, अचानक
१५. पराजित,जिस पर किसी ने विजय पा ली हो
१६. अप्रिय (उर्दू)
१७. शांत, शब्दरहित
१८. वर्षा, बरसात
२०. खानाबदोश
२२. गहरा कुआं, नरक (उर्दू)
२३. मामूली, आम

**ऊपर से नीचे:-**

१. पहेली, किसी वस्तुका ऐसा अनोखा वर्णन, जिसके आधार पर उसका अर्थ बूझने , उसका उत्तर देने में बहुत सोच-विचार करना पड़े
२. जुलाहा
३. उजाला करनेवाला, प्रकाश करनेवाला
४. पहचान का
५. निमंत्रण
९. धीरे से हथेली का आघात करना
१०. एक राक्षस
११. राजा
१२. हाथों की लकीर
१४. नामुमकिन
१७. कमल
१९. गति, वेग (उर्दू)
२०. प्रहर, तीन घंटे का समय
२१. पृथ्वी, भूमि

### वर्ग पहेली-6338

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ख | ट्टे | २ हो | ना | ■ | ■ | ३ अ | स्त | ४ ब | ल |
| ट | ■ | शि | ■ | ५ वि | लो | प | ■ | ल | ■ |
| ६ प | र्सि | या | ■ | जि | ■ | ७ ला | ज | वा | ब |
| ट | ■ | ८ र | ९ ज | त | कुं | भ | ■ | ई | ■ |
| ■ | १० ह | ■ | क | ■ | ■ | ■ | ११ भो | ■ | १२ अ |
| १३ मु | ठ | भे | ड़ | ■ | १४ द | ■ | १५ र | ग | ड़ |
| ■ | ध | ■ | १६ ना | ग | र | ता | ■ | ■ | च |
| १७ श | र्मी | ली | ■ | ■ | वा | ■ | १८ यौ | १९ व | न |
| शां | ■ | ■ | २० ना | ज | री | २१ न | ■ | स | ■ |
| २२ क | ष्ट | प्र | द | ■ | ■ | २३ भ | या | न | क |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### खिवा के प्राचीन शहर का पुनर्जन्म

**बीजिंग,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। 'मैं खिवा को देखने के लिए सोने का एक थैला दूंगा।' एक प्राचीन मध्य एशियाई कहावत हजारों साल पुराने शहर के अतीत के गौरव की कहानी बताती है। प्राचीन सिल्क रोड पर यह महत्वपूर्ण पोस्ट स्टेशन कभी एक ऐसा स्थान था, जहां व्यापारी इकट्ठा होते थे। यह पूर्व और पश्चिम के बीच सामान का आदान-प्रदान करने का एक समृद्ध व्यापारिक केंद्र है। वर्ष 2022 में, जब चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने तीसरी बार उज़्बेकिस्तान का दौरा किया, तो उन्होंने राष्ट्रपति मिर्जियोयेव को एक विशेष राष्ट्रीय उपहार भेंट किया ङ्क यानी प्राचीन शहर खिवा के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक अवशेषों का एक लघु मॉडल, जिसे चीन और उज़्बेकिस्तान द्वारा संयुक्त रूप से बहाल किया गया था। इस राष्ट्रीय उपहार के पीछे राष्ट्र प्रमुख की कूटनीति की कहानी है, जिसने चीन और उज़्बेकिस्तान के बीच सभ्यताओं के आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया। खिवा प्राचीन शहर मध्य एशिया में चीन की पहली सांस्कृतिक विरासत संरक्षण परियोजना है। यह मध्य एशिया के ख्वारज़्म क्षेत्र में सबसे पूर्ण प्राचीन इमारत परिसर और पूर्वी और पश्चिमी सभ्यताओं के चौराहे की ऐतिहासिक छाप को संरक्षित करता है।

# खेल जगत

## शुभमन को बुखार, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना मुश्किल

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल बुखार से पीड़ित हैं, जिसके कारण उनका आठ अक्तूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में खेलना मुश्किल है। बुखार की वजह से शुभमन बुधवार और गुरूवार को अभ्यास के लिए नहीं आए थे। टीम प्रबंधन को उम्मीद शुभमन को फ्लू से अधिक कुछ ना हो। बीसीसीआई ने एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा, मेडिकल टीम उनकी कड़ी निगरानी और जांच कर रही है, हम उम्मीद करते हैं कि वह जल्दी ठीक हो जाएं। शुभमन 72 की औसत और 105 के स्ट्राइक रेट के साथ इस वर्ष एकदिवसीय मैचों में 1230 रन बनाकर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। पिछले चार एकदिवसीय मुकाबले में उन्हें दो शतक और एक अर्धशतक बनाया है, जिसमें से दो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही आए हैं।



## जापान को हरा कर भारत ने हॉकी में जीता सोना

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



- 2024 के ओलंपिक के लिए किया क्वॉलिफाई किया
- भारत ने फाइनल में जापान को 5-1 से करारी शिकस्त दे श्रेष्ठता साबित की
- हरमनप्रीत बने अपनी कप्तानी में भारत एशियाई खेलों में स्वर्ण जिताने वाले चौथे कप्तान

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कप्तान हरमनप्रीत सिंह के पेनल्टी कॉर्नर पर बेहतरीन ड्रैग फ्लिक पर दागे दो, ऑलराउंडर अमित रोहिदास के एक तथा सबसे अनुभवी आक्रामक सेंटर हाफ मनप्रीत सिंह और नौजवान स्ट्राइकर अभिषेक के एक -एक मैदानी गोल की बदौलत भारत की पुरुष हॉकी टीम ने पिछली विजेता जापान को हंगजू(चीन) में शुक्रवार को एशियाई खेलों के फाइनल मे 5-1 से हरा कर स्वर्ण पदक जीत लिया। भारत ने नौ बरस बार फिर एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के साथ सीधे 2024 पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों के क्वॉलिफाई कर लिया। भारत ने इस सुनहरी जीत के साथ जापान के खिलाफ अपनी श्रेष्ठता साबित की। भारत की इस सुनहरी जीत का कोई एक हीरो नहीं था बल्कि पूरी टीम हीरो साबित हुई। भारत के सर्वकालीन महानतम गोलरक्षक दादा शंकर लक्ष्मण (1966, बैंकॉक), धनराज पिल्लै (1998 बैंकॉक) और सरदार सिंह ( 2014 , इंचियोन) के बाद बतौर ड्रैग फ्लिकर अनुकरणीय खेल दिखाने वाले हरमनप्रीत सिंह अपनी कप्तानी में एशियाई खेलों में भारत को स्वर्ण पदक जिताने वाले चौथे कप्तान बन गए। जापान को भारत ने पूल ए मैच में भी 4-2 से हराया था। भारत ने पूल मैच में 4-0 की बढ़त लेने के बाद उसे बरकरार रखने की कोशिश में आखिरी तीन में दो गोल खाने की गलती से सबक लेकर आखिर तक आक्रामक खेल दिखाया। पराजित जापान के लिए एकमात्र गोल तीसरे और अंतिम पेनल्टी कॉर्नर पर सर्न तनाका ने अचूक ड्रैग फ्लिक से चौथे और आखिरी क्वॉर्टर के छठे मिनट में दागा। आक्रामक सेंटर हाफ मनप्रीत सिंह ने दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से पांच मिनट पहले डी के भीतर रिबाउंड पर गोल कर भारत का खाता खोला। भारत का दूसरे क्वॉर्टर में रणनीति बदल कर गेंद को धैर्य दिखा अपने कब्जे में रखना उसकी तुरुप चाल साबित हुआ। भारत की इस जीत में मध्यपंक्ति में सदाबहार हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, जर्मनप्रीत सिंह ,विवेक सागर प्रसाद की तारीफ करनी होगी कि बराबर आक्रामण और किले की चौकसी में टीम की मदद की। दक्षिण कोरिया के खिलाफ सेमीफाइनल में पैर में चोट के कारण भारत को फाइनल के लिए भरोसेमंद फुलबैक और ड्रैग फ्लिकर वरुण कुमार उपलब्ध नहीं थे लेकिन खासतौर पर बड़े जिगरे वाले सुमित ने अपने किले की चौकसी में कप्तान हरमनप्रीत और अमित रोहिदास के साथ दोनों गोलरक्षक पीआर श्रीजेश और कृष्ण पाठक की ही मौका ताड़ आगे बढ़ हमले बोलने में अपने साथी स्ट्राइकरों का पूरा साथ निभाया। भारत के सबसे अनुभवी मिडफील्डर को चीफ कोच क्रेग फुल्टन ने मैच की जरूरत के मुताबिक अग्रिम पंक्ति और मध्यपंक्ति की कड़ी के रूप में ठीक बीच में खिलाकर जापान के हमलों को नाकाम किया।

मनदीप सिंह, अभिषेक , ललित उपाध्याय, सुखजीत सिंह ने लिंकमैन शमशेर सिंह और मध्यपंक्ति में विवेक सागर प्रसाद द्वारा आगे बढ़ाई गेंद को संभाल आक्रामक अंदाज में आगाज किया। सुमित और मनप्रीत सिंह ने अपने किले की चौकसी के साथ मौका ताड़ कर आगे बढ़ कर जापान के गोल पर खुद हमले बोल दबाव बनाने की कोशिश की। भारत के स्ट्राइकर ललित , अभिषेक , गुरजंट और सुखजीत दूसरे क्वॉर्टर में बेहतर तालमेल खेले और दोनों छोर से हमले बोल कर जापान के गोल पर दबाव बनाया। सुखजीत और ललित उपाध्याय परस्पर गेंद को लेते डी में पहुंचे वहां ललित के तेज शॉट पर गेंद जापान के गोलरक्षक कातुमी कितागवा के पैड से लगकर बाहर आई लेकिन वहीं बाएं से तेजी से डी में मनप्रीत सिंह ने जोरदार रिवर्स हिट जमा गोल कर भारत को अंततः दूसरा क्वॉर्टर खत्म होने से पांच मिनट पहले गोल कर 1-0 से आगे कर दिया। कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने अंततः मिले लगातार तीसरे और पांचवें पेनल्टी कॉर्नर पर तीसरे क्वॉर्टर के दूसरे मिनट में बेहतरीन ड्रैग फ्लिक से गोल कर भारत की बढ़त 2-0 कर दी। ड्रैग फ्लिकर अमित रोहिदास ने चार मिनट बाद मिले छठे पेनल्टी कॉर्नर पर तेज अचूक ड्रैग फ्लिक से गोल कर भारत की बढ़त 3-0 कर दी।भारत के हमलों के नाकाम करने के लिए पूरी जापान की रक्षापंक्ति अपने किले की चौकसी पर लगी दिखी। आक्रामक सेंटर हाफ हार्दिक के दाएं से बेहतरीन क्रास पर अभिषेक ने डी के भीतर संभाल कर मैच का सबसे बेहतरीन मैदानी गोल कर भारत को मैच के 49 वें मिनट में 4-0 से आगे कर उसकी जीत निश्चित कर दी थी। जापान को 51 वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कार्नर मिले मिले इस पर सर्न तनाका ने तिरछे तेज फ्लिक से गोल में डाल कर स्कोर 1-4 कर दिया। युमा नगाई ने दाएं से गेंद को लेकर डी में पहुंच दो बार तेज शॉट जमाए लेकिन इन्हें गोलरक्षक पीआर श्रीजेश ने पैड से रोका रक्षापंक्ति में हरमनप्रीत, अमित रोहिदास ने जरा चूके और इसी का लाभ उठाकर जापान ने लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए। भारत को इसी तरह की ढील का जापान के खिलाफ लीग में मैच 4-0 की बढ़त के बाद दो गोल खाने के रूप में कीमत चुकानी पड़ी थी। अंतिम पूर्व मिनट में फाइनल के आखिरी पेनल्टी कॉर्नर पर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने अपना दूसरा गोल कर भारत की जीत और स्वर्ण पदक पक्का कर जापान के ताबूत में आखिरी कील ठोक दी।

हॉकी इंडिया ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम के हर सदस्य को पांच-पाच लाख रुपये और सपोर्ट स्टाफ के हर सदस्य को ढाई -ढाई लाख रुपये बतौर इनाम देने की घोषणा की।

## अफगानिस्तान पाकिस्तान को चार विकेट हराकर फाइनल में पहुंचा



**हांगझोउ** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। एशियाई खेलों में पुरुष क्रिकेट दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में शुक्रवार को अफगानिस्तान ने पहले गेंद और फिर नूर अली के 33 गेंदों में 39 रन तथा कप्तान गुलबदीन नईब के नाबाद 26 रन की बदौलत बड़ा उलटफेर करते हुए पाकिस्तान को चार विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। फाइनल में शनिवार को अफगानिस्तान और भारत के बीच भिडंत होगी।

अफगानिस्तान 116 रनों के लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी लेकिन उसकी शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने चार ओवर तीन गेंदों में अपने तीन विकेट 35 रन के स्कोर पर गंवा दिये। सलामी बल्लेबाज सेदिकुल्लाह अटल को पांच रन को कासिम ने पगबाधा आउट किया। मोहम्मद शहजाद को नौ रन पर अराफ़ात मिन्हास बोल्ड आउट कर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। चौथे ओवर की तीसरी गेंद पर शाहीदुल्लाह को बिना खाते खोले अराफात मिन्हास ने कासित के हाथों कैच आउट करा कर पवेलियन भेज दिया। नूर अली हालांकि 39 रन एक छोर पर डटे रहे। उन्हें हालांकि 12वें ओवर की पांचवी गेंद पर सुफियान मकीम ने हैदर के हाथ कैच आउट करा कर अफगानिस्तान टीम को तगड़ा झटका दिया। इसके बाद अफ़सर जजाई 13 रन को कादिर ने आसिफ के हाथों कैच आउट कराया। छठें विकेट के रूप में करीम जनत तीन रन कादिर की गेंद पर आसिफ को कैच थमा दिया। कप्तान गुलबदीन नईब के नाबाद 26 रन और शराफ़ुद्दीन अशरफ छह रन पर नाबाद रहे। दोनों बल्लेबाजों ने 13 गेंदे शेष रहते 116 रन का लक्ष्य पूरा कर पाकिस्तान की फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

पाकिस्तान की ओर से अराफ़ात मिन्हास ने 11 रन देकर दो विकेट और उस्मान क़ादिर ने 20 रन देकर दो विकेट लिये, जबकि सुफियान मक़ीम और क़ासिम अकरम के खाते में एक-एक विकेट आया।

इससे पहले अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और देखते ही देखते विकेटों के पतझड़ के बीच पूरी टीम 18 ओवर में 115 रन बनाकर पवेलियन लौट गयी। पारी के तीसरे ओवर की चौथी गेंद पर शराफउद्दीन ने मिर्ज़ा बेग (4) को रन आउट कर पाकिस्तान को पहला झटका दिया। रोहेल नज़ीर (10) के रूप में पाकिस्तान का दूसरा विकेट गिरा। उन्हें फरीद की गेंद पर शहजाद ने विकेट के पीछे लपका। आठवें ओवर की चौथी गेंद पर ओपनर ओमैर यूसुफ़ 24 रन बनाकर चलते बने। उन्हे अहमद ने सेदिकुल्लाह अटल के हाथों कैच आउट करा दिया। इसके बाद हैदर अली (02) को अहमद ने बोल्ड कर दिया।

कप्तान क़ासिम अकरम नौ रन को जहीर ने अहमद के हाथों कैच आउट कराया। छठें विकेट के रूप में खुशदिल शाह आठ को जनत ने बोल्ड किया। आसिफ़ अली आठ रन का कैच अहमद ने जहीर की गेंद पर पकड़ा। एक समय पाकिस्तान ने 13.2 ओवर में 109 रन पर आठ विकेट गंवा दिये थे। अराफ़ात मिन्हास 13 रन पर आउट हुए उन्हें फरीद की गेंद पर शहजाद लपका। आमेर जमाल 14 रन को नईब ने बोल्ड किया। सुफियान मक़ीम एक रन को फरीद की गेंद पर नईब ने कैच पकड़ा। उस्मान क़ादिर पांच रन बनाकर नाबाद रहे।

## अभियान का समापन जापान को हरा कांसा जीत कर करना चाहते हैं : सविता



- चीन की महिला हॉकी टीम ने भारत को सेमीफाइनल में दी 4-0 से शिकस्त
- चीन से हारने के बाद गोल्ड की उम्मीद टूटी

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। पिछली उपविजेता भारत और पिछली चैंपियन जापान की महिला हॉकी टीमें अजेय रहकर अपने अपने पूल में शीर्ष पर रहने के बाद हंगजू(चीन) में 19 वें एशियाई खेलों में अपने अपने सेमीफाइनल हारने के साथ सीधे 2024 के पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने का सपना टूटने के बाद अब शनिवार को कांसा जीतने कर सम्मान बचाने के मकसद से उतरेंगी। बृहस्पवितार को सेमीफाइनल में भारतीय टीम मेजबान चीन से 0-4 से जबकि जापान की टीम दक्षिण कोरिया से निर्धारित समय में दो-दो की बराबरी के बाद शूटआउट में 3-4 से हार कर स्वर्ण की होड़ से बाहर हो गई थी। तीन बार चैंपियन रही चीन और पांच बार चैंपियन रही दक्षिण कोरिया की टीमें फाइनल में शनिवार को स्वर्ण जीत सीधे पेरिस ओलंपिक के लिए क्वॉलिफाई करने के मकसद से आमने सामने होंगी।

जापानी महिला हॉकी ने भारत से अब तक 28 में से 15 मैच जीते है। वहीं भारत की टीम जापान से दस मैच ही जीत पाई और तीन मैच ड्रॉ रहे। भारत 2018 के जकार्ता एशियाई खेलों के फाइनल में जापान की महिला हॉकी टीम ने भारत को 2-1 से हरा स्वर्ण पदक जीता था। भारत की कप्तान सविता ने जापान के खिलाफ कांस्य पदक के लिए खेले जाने वाले मैच की बाबत कहा, %हमने हंगजू एशियाई खेलों में अपना अभियान स्वर्ण पदक जीतने के लक्ष्य को जेहन में शुरू किया और पूल चरण में बढ़िया हॉकी खेली पर बदकिस्मती से हम सेमीफाइनल में हार गए। हम अब अपने अभियान का समापन जापान को हरा कांसा जीतकर सकारात्मक अंदाज में करना चाहते हैं और इसके लिए हम जापान के खिलाफ अपनी पूरी ताकत झोंक देंगे।

भारत की उपकप्तान दीप ग्रेस एक्का ने कहा, हंगजू एशियाई खेलों में बेशक हमारा अभियान खासा उतार-चढ़ाव वाला रहा लेकिन हमारा हौसला अभी भी कायम है। अब हमारा लक्ष्य अब पदक जीत कर स्वदेश वापस लौटना है।

## लक्ष्य से पीछे रहना पड़ा महंगा : बटलर




अहमदाबाद, 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक दिवसीय क्रिकेट वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड से मिली हार पर इंग्लिश कप्तान जोस बटलर ने कहा कि यह कहना गलत होगा कि बेन स्टोक्स की कमी टीम को अखरी बल्कि सच्चाई तो यह है कि प्रतिभावान बल्लेबाजों से लबरेज उनकी टीम को लक्ष्य से कम रन बनाने का खामियाजा हार के तौर पर भुगतना पड़ा।

यह पूछे जाने पर कि क्या विश्व कप के पहले मैच में न्यूजीलैंड के हाथों हार बेन स्टोक्स की गैरमौजूदगी के कारण मिली, बटलर ने गुरुवार रात कहा, नहीं, बिल्कुल नहीं। मुझे लगता है कि बेन एक शीर्ष खिलाड़ी है लेकिन हमारे पास कई शीर्ष खिलाड़ी हैं। ऐसा नहीं है हमारी टीम में केवल बेन ही रन बनाने में सक्षम है। हमारी पूरी टीम में शानदार खिलाड़ी है मगर शायद आज हमारी बल्लेबाजी स्तरीय नहीं रही।

उन्होने कहा, टीम इसलिए हारी क्योंकि खिलाड़ी अपने प्रदर्शन में थोड़े चूक गए और शॉट लगाने में अच्छे नहीं थे और न्यूजीलैंड को कुछ विकेट दे दिए। हम अपने लक्ष्य से काफी पीछे थे, फिर भी 280 रन बनाए, जो दर्शाता है कि हम किस स्तर पर खेल सकते हैं। यह पूछे जाने पर कि उनकी टीम के लिए क्या गलत हुआ, बटलर ने कहा कि वे शायद 330 का स्कोर देख रहे थे जिससे उन्हें दबाव बनाने की अनुमति मिल जाती।

कप्तान ने कहा मुझे लगता है कि बल्ले से हमारे पास रन कम थे। मुझे लगता है कि रोशनी के नीचे विकेट शायद बेहतर हो गया था, लेकिन मुझे लगता है कि हम बल्ले से अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से काफी पीछे रह गए और फिर भी 280 रन बनाए। हम शायद 320, 330 के स्कोर पर विचार कर रहे हैं जिससे हमें कुछ प्रकार का दबाव बनाने की अनुमति मिल जाती। लेकिन मुझे लगा कि उस विकेट पर गलती की गुंजाइश बहुत कम थी और दो बल्लेबाजों ने असाधारण पारियां खेलीं।

## मेडल से चूके बजरंग, किरण और अमन ने जीता कांस्य



**हांगझोऊ,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। किरण बिश्नोई ने शुक्रवार को 19वें एशियाई खेलों में मंगोलिया की अरियुंजरगल गनबट पर 6-3 से जीत के साथ महिलाओं की फ्रीस्टाइल 76 किग्रा में कांस्य पदक जीता।

इससे पहले, किरण ने सेमीफाइनल में झामिला बाकबर्गेनोवा से हारने से पहले जापान की नोडोका यामामोटो को हराया था। बाद में, एशियाई चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता अमन सेहरावत ने पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा कांस्य पदक मैच में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर चीन के लियू मिंगु को 11-0 से हराया।

टोक्यो 2020 के कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया को यहां भी खाली हाथ रहना पड़ा, क्योंकि वो तकनीकी श्रेष्ठता के कारण पुरुषों की फ्रीस्टाइल 65 किग्रा में जापान के कैकी यामागुची से कांस्य पदक हार गए।

सोनम मलिक ने महिलाओं की फ्रीस्टाइल 62 किग्रा में चीनी प्रतिद्वंद्वी और मौजूदा एशियाई चैंपियन लॉन्ग जिया को 7-5 से हराकर कांस्य पदक जीता।

## पाकिस्तान ने नीदरलैंड को दिया 287 रन का लक्ष्य



**हैदराबाद** 6 अक्टूबर (वार्ता) शुरुआती झटकों के बाद मोहम्मद रिजवान (68) और सऊद शकील (68) के बीच 120 रन की शतकीय साझीदारी की बदौलत ने पाकिस्तान ने शुक्रवार को विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में नीदरलैंड के खिलाफ 286 रन बनाये। राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम पर पाकिस्तान एक समय मात्र 38 रन पर फखर जमान (12),इमाम उल हक (15) और बाबर आजम (5) का विकेट गंवा कर मुश्किलों में फंस गया था मगर रिजवान और सऊद ने नीदरलैंड के गेंदबाजों का संयम से सामना करते हुये टीम के स्कोर को 158 रन पर पहुंचाया जबकि बाद में मोहम्मद नवाज (39) और शादाब खान (32) ने स्कोर को चुनौतीपूर्ण बनाने में महती भूमिका निभायी। पुछल्ले शाहीन शाह अफरीदी (13 नाबाद) और हारिस रउफ (16) ने आखिरी ओवरों में तेज रफ्तार से रन बनाने की कोशिश की मगर पूरी टीम 49 ओवर में 286 रन बना कर पवेलियन लौट गयी। रिजवान एक बार फिर पाकिस्तान के लिये संकट मोचक की भूमिका में नजर आये। मुश्किलों के भंवर में फंसी टीम की किश्ती को उन्होने सऊद की मदद से बाहर निकालने में सूझबूझ का परिचय दिया। उन्होने नीदरलैंड की कम अनुभवी गेदबाजी आक्रमण का भरपूर फायदा उठाया और ढीली गेंदों पर बाउंड्री कमायी जबकि विकेट टू विकेट अच्छी गेंदो का सम्मान भी दिया। रिजवान 101 मिनट क्रीज पर टिके रहे और अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान आठ बार गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाया। सऊद ने उनका भरपूर साथ दिया हालांकि उन्होने क्रीज पर जमने के बाद रिजवान की अपेक्षा तेज गति से रन बटोरे। नीदरलैंड के बास डलीडे ( 62 रन पर चार विकेट) सर्वाधिक असरदार गेंदबाज बन कर उभरे। उन्होने न सिर्फ रिजवान का कीमती विकेट झटका बल्कि इफ्तिखार अहमद,शादाब खान और हसन अली के विकेट उखाड कर पाकिस्तान को बडे स्कोर की ओर जाने से रोका। कालिन एकरमैन ने बाबर आजम और हासिद रउफ के विकेट झटके।

## सार संक्षेप

### विश्वकप जीतना है बांग्लादेश का लक्ष्य : चंडिका

**धर्मशाला।** आईसीसी पुरुष विश्व कप ट्रॉफी के दावेदार पर लगाये जा रहे पूर्वानुमानो के बीच बांग्लादेश के कोच चंडिका हाथरुसिंघे ने शुक्रवार को दावा किया कि उनकी टीम यहां विश्वकप ट्राफी पर कब्जा करने के लिये आयी है। शनिवार को बांग्लादेश यहां के खूबसूरत मैदान पर अफगानिस्तान को टक्कर देगी। यह मैच कल सुबह 10.30 बजे हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में होगा। बांग्लादेश टीम के कोच चंडिका हाथरुसिंघे ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि धर्मशाला में बांग्लादेश टीम का मैच रोमांच से भरपूर होगा। टीम के कुछ खिलाड़ी धर्मशाला में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने धर्मशाला की पिच को बैटिंग पिच बताया और कहा कि यहां आईपीएल में भी अच्छे स्कोर देखने को मिले थे।उन्होंने भविष्यवाणी की कि वनडे वर्ल्ड कप में भी स्कोर अच्छा रह सकता है। उन्होंने कहा कि इस बार बांग्लादेश की टीम न सिर्फ मैच जीतेगी बल्कि फाइनल में पहुंचने की भी कोशिश करेगी। बांग्लादेश टीम में पुराने और अनुभवी खिलाड़ी हैं जिनको नये खिलाड़ियों के अनुभव का साथ मिलेगा।

### गोपीचंद ने कांस्य विजेता प्रणय के प्रदर्शन को सराहा

**हांगझोउ।** यह एक कांस्य पदक है जो अपने वजन के बराबर है, यह सोने जितना अच्छा है। भारत के राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद का यह आकलन था कि जिस तरह से एचएस प्रणय ने 41 साल के अंतराल के बाद भारत के लिए कांस्य पदक जीतने के लिए गंभीर पीठ दर्द के बावजूद पिछले दो सप्ताह से संघर्ष किया, वह सराहनीय है। इवेंट से कुछ दिन पहले ट्रेनिंग के दौरान प्रणय को चोट लग गई थी और वह 10 दिनों तक ट्रेनिंग नहीं कर पाए थे। वह हांगझोउ आए और टीम प्रतियोगिता में मजबूत दक्षिण कोरिया पर सेमीफाइनल की जीत में भारत के लिए एक महत्वपूर्ण एकल जीत हासिल की। गुरुवार को उन्होंने पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के लियो ज़ी जिया पर तीन गेम की कठिन जीत दर्ज की। शुक्रवार को प्रणय सेमीफाइनल में चीन के ली शिफेंग से हार गए, जिससे उनका अभियान कांस्य पदक के साथ समाप्त हुआ।

## भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम अब स्वर्ण पदक से एक कदम दूर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



- भारत ने एकतरफा सेमीफाइनल में बांग्लादेश को दी नौ विकेट से शिकस्त
- भारत की जीत में तिलक का तूफानी अर्द्धशतक, सई ने चटकाए तीन विकेट

नई दिल्ली, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारत ने बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा के तूफानी अविजित अर्द्धशतक तथा कामचलाउ बाएं हाथ स्पिनर सई किशोर (3/12) की अगुआई में अपने स्पिनरों द्वारा बुने स्पिन के जाल की बदौलत भारत की पुरुष क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को शुक्रवार को हंगजू(चीन) में एशियाई खेलों के बेहद एकतरफा सेमीफाइनल में नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। भारत की पुरुष क्रिकेट टीम अब स्वर्ण पदक से बस एक कदम दूर है। भारत की महिला क्रिकेट टीम पहले ही स्वर्ण पदक जीत चुकी है।

स्पिन की मददगार पिच पर बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर सई किशोर (3/12), वाशिंगटन सुंदर(2/15), तिलक वर्मा(1/5), शाहबाज अहमद (1/13) और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई (1/26) ने स्पिन का जाल बुनते हुए बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी की दावत देकर निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 96 रन पर रोक दिया। विकेट बल्लेबाज जाकिर अली 29 गेंद खेल एक छक्के की मदद से सबसे ज्यादा अविजित 24 रन बनाए।

जवाब में कप्तान सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ और तिलक वर्मा की दूसरे विकेट की 8.4 ओवर की 97 रन की असमाप्त भागीदारी की बदौलत भारत ने मात्र 9.2 ओवर में एक विकेट खोकर मैच जीत लिया। कप्तान ऋतुराज 26 गेंद खेल कर , तीन छक्कों और चार चौकों की मदद से 40 तथा तिलक वर्मा की 26 गेंदों पर छह छक्कों और दो चौकों की मदद 55 रन बनाकर अविजित रहे। भारत ने नेपाल के खिलाफ क्वॉर्टर फाइनल में शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (0) का विकेट पारी की चौथी गेंद पर ही खो दिया। जायसवाल ने बांग्लादेश के तेज गेदबाज रिपन मंडल की गेंद को लेग साइड पर फ्लिक करने की कोशिश में पर शॉर्ट फाइन लेग पर मृत्युजंय चौधरी को कैच थमा दिया। जायसवाल के आउट होने के बाद भारत के कप्तान ऋतुराज और तिलक वर्मा ने बांग्लादेश के गेंदबाजों के खिलाफ छक्कों की बारिश कर दी। भारत के इरन दोनों बल्लेबाजों ने कुल नौ छक्के और छह चौके जड़े। इससे पहले बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन एमन (23 रन,32 गेंद, दो छक्के) और रकीबुल हुसैन(14 रन, 6 गेंद, एक छक्का, दो चौके) ही दहाई के अंक में पहुंच पाए। भारत के बाएं हाथ के स्पिनर तिलक वर्मा ने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज परवेज हुसैन को अपने कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के हाथों लपकवाया। भारत के सबसे कामयाब ऑफ स्पिनर सई किशोर ने बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज महमदुल हसन जॉय(5) को मिड ऑन पर जायसवाल के हाथों, अफीफ हुसैन(7) को थर्डमैन पर शिवम दुबे के हाथों तथा शाहदत हुसैन(5) को तिलक वर्मा के हाथों कैच करा तथा सुंदर ने कप्तान सैफ हसन(1) और जाकिर हसन(0) को अपने पहले ही ओवर में आखिरी की तीन गेंदों में आउट कर बांग्लादेश के शीर्ष और मध्यक्रम को ऐसा बिरा कि वह संभल ही नहीं पाई।

### सुडोकू 6339 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 1 | 5 | 6 |
| 3 | 1 | 8 | 6 | 7 | 5 | 2 | 9 | 4 |
| 6 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 | 7 | 8 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 1 | 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 6 | 4 | 8 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 8 | 9 | 7 | 5 |
| 7 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 |
| 2 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 2 | 1 |

# [ अर्थ जगत ]

## सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 2.04 प्रतिशत |
| एलटी | 1.68 प्रतिशत |
| टाइटन | 1.50 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.30 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.71 प्रतिशत |

## सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| मारुति | 2.46 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 1.83 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.59 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 1.48 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.23 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 59900 |
| बिटुर | 59275 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,700 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 825 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार गिरावट जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम शुक्रवार को भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

# नीतिगत दरें यथावत, किस्तों में नहीं होगी वृद्धि

**मुंबई** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। महंगाई को लक्षित दायर में रखने के लक्ष्य पर नजर टिकाये रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने आज विकास अनुमान को यथावत बनाये रखते हुये नीतिगत दरों में लगातार चौथी बार कोई बदलाव नहीं करने का निर्णय लिया, जिससे आम लोगों के घर, कार और अन्य प्रकार के ऋणों की किस्तों में बढोतरी नहीं होगी।

समिति ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखने का निर्णय लिया है। चालू वित्त वर्ष में चौथी द्विमासिक तीन दिवसीय बैठक के बाद आज जारी बयान में यह घोषणा की गयी है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह घोषणा करते हुये कहा कि फिलहाल नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं की जा रही है लेकिन नीतिगत दरों को यथावत बनाये रखने के बीच समिति ने समयोजन वाले रूख से पीछे हटने का निर्णय लिया है।

समिति के इस निर्णय के बाद फिलहाल नीतिगत दरों में बढोतरी नहीं होगी। रेपो दर 6.5 प्रतिशत, स्टैंडर्ड जमा सुविधा दर (एसडीएफआर) 6.25 प्रतिशत, मार्जिनल स्टैंडिंग सुविधा दर (एमएसएफआर) 6.75 प्रतिशत, बैंक दर 6.75 प्रतिशत, फिक्स्ड रिजर्व रेपो दर 3.35 प्रतिशत, नकद आरक्षित अनुपात 4.50 प्रतिशत, वैधानिक तरलता अनुपात 18 प्रतिशत पर यथावत है।

श्री दास ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय क्षेत्र वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में आयी सुस्ती के बीच सशक्त और मजबूत बना हुआ और यह महंगाई को काबू में करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में विकास अनुमान को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा



**भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय क्षेत्र वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में आयी सुस्ती के बीच सशक्त और मजबूत बना हुआ और यह महंगाई को काबू में करने में सक्षम है। चालू वित्त वर्ष में विकास अनुमान को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखा गया है :- शक्तिकांत दास**

गया है। इसके आधार पर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 6.5 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में छह प्रतिशत और चौथी तिमाही में यह 5.7 प्रतिशत रह सकती है। अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 6.6 प्रतिशत रह सकती है।

उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक पूरा ध्यान महंगाई को चार प्रतिशत के लक्षित दायरे में लाने का है। सितंबर में सब्जियों और खाद्य पदार्थ की कीमतों के कारण महंगाई में तेजी आयी थी लेकिन अब उसमें नरमी आने की उम्मीद है। सब्जियों की कीमतों में नरमी के साथ ही रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में की गयी कटौती से भी महंगाई में नरमी आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई के अनुमान को 5.4 प्रतिशत पर यथावत रखा गया है। दूसरी तिमाही में यह 6.4 प्रतिशत, तीसरी तिमाही में 5.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही में 5.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 5.2 प्रतिशत रह सकती है।

श्री दास ने कहा कि समिति ने आम सहमति से रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर रखने का निर्णय लिया है। श्री दास ने कहा कि यह निर्णय खुदरा महंगाई को रिजर्व बैंक के चार प्रतिशत के दायरे में रखने के लक्ष्य के अनुरूप लिया गया है। यह निर्णय विकास को गति देने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक महंगाई और विकास पर करीबी नजर रखे हुये है।

उन्होंने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में नीतिगत दरों में की गयी 2.50 प्रतिशत की कटौती का लाभ अब तक पूरा मिला नहीं है। उन्होंने कहा कि समयोजन के रूख को वापस लेने का निर्णय लिया गया है। इसके पक्ष में पांच सदस्यों ने मतदान किया।

उन्होंने कहा कि खरीफ की बुआई में तेजी आयी है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में खाद्य पदार्थों और ईंधन की कीमतों का महंगाई पर असर दिख सकता है।

उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अभी वैश्विक उठापटक को झेलने में सक्षम है। वित्तीय तंत्र मजबूत बना हुआ है। घरेलू मांग के बल पर अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है।

## उत्तर प्रदेश सरकार 5.82 लाख मीट्रिक टन श्रीअन्न की खरीद करेगी



**लखनऊ,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में लोगों की सेहत को ध्यान में रखते हुए सरकार मोटे अनाज (श्री अन्न) पर विशेष जोर दे रही है। इस क्रम में योगी सरकार ने नवंबर से दिसंबर 2023 के बीच 3 माह में मोटे अनाज की खरीद का लक्ष्य बढ़ाकर 5.82 लाख मीट्रिक टन कर दिया है।

इसमें सर्वाधिक 5 लाख मीट्रिक टन बाजरा की खरीद की जाएगी, जबकि 30 हजार टन ज्वार (हाइब्रिड), 50 हजार टन मक्का और 2 हजार टन कोदो की खरीद की जाएगी। श्रीअन्न के विक्रय के लिए कृषकों का पंजीकरण विभाग की वेबसाइट पर आरम्भ हो चुका है तथा अब तक 929 कृषकों द्वारा पंजीकरण कराया गया है।

पिछले वर्ष प्रदेश में 8532 किसानों से कुल मिलाकर 0.44 लाख मीट्रिक टन बाजरा की खरीद हुई थी। सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश में मोटे अनाजों की खरीद प्रक्रिया को अंजाम दिया जा रहा है। इस क्रम में मुख्य रूप से मक्का उत्पादक 29 जनपदों से मक्का क्रय किया जाना प्रस्तावित है।

बाजरा खरीद के लिए प्रदेश के मुख्य बाजरा उत्पादक 40 जिलों से खरीद की जाएगी। प्रदेश में पहली बार मुख्य ज्वार उत्पादक 22 जिलों में ज्वार क्रय किया जाना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त, माईनर मिलेट्स (कोदो) की खरीद प्रक्रिया को अंजाम देने के लिए जिला सोनभद्र को निर्धारित किया गया है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 3.8 अरब डॉलर घटकर 586.9 अरब डॉलर पर



**मुंबई** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में कमी आने से 29 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार चौथे सप्ताह 3.8 अरब कम होकर 586.9 अरब डॉलर रह गया वहीं इसके पिछले सप्ताह यह 2.34 डॉलर घटकर 590.7 अरब डॉलर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 29 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 3.13 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 520.24 अरब डॉलर रह गयी। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 57.6 करोड़ डॉलर की कमी के साथ 43.7 अरब डॉलर पर आ गया।

आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 7.4 करोड़ डॉलर की गिरावट आई और यह घटकर 17.94 अरब डॉलर रह गया। इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 1.8 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ पांच अरब डॉलर रह गई।

## एअर इंडिया ने दिल्ली हवाई अड्डे पर स्पेयर पार्ट्स के लिए भंडारण सुविधा की स्थापित

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। उड़ान संचालन के दौरान कई तकनीकी समस्याओं का सामना करने के बाद, एयर इंडिया ने 1,000,000 से अधिक इंजीनियरिंग स्पेयर के भंडारण की सुविधा के लिए दिल्ली में एक गोदाम सुविधा शुरू की है।

एयरलाइन अधिकारियों के अनुसार, दिल्ली हवाई अड्डे के एयर कार्गो लॉजिस्टिक्स डिवीजन के कार्गो कॉम्प्लेक्स में टर्मिनल 3 के नजदीक स्थित, 54,000 वर्ग फुट (लगभग) में फैला केंद्रीकृत गोदाम, दिल्ली से संचालित होने वाली एयरलाइन की उड़ानों के त्वरित बदलाव में सुधार करेगा। .

कैंपबेल विल्सन, सीईओ और एमडी, एयर इंडिया ने कहा, वेयरहाउस एयर इंडिया के लिए एक प्रमुख मील



का पत्थर है और गुणवत्ता, व्यावसायिकता और निवेश को सुदृढ़ करता है, जिसे बनाने के लिए हम अब प्रतिबद्ध हैं। यह विश्व स्तरीय सुविधा न केवल एयर इंडिया के बेड़े और परिचालन दक्षता को बढ़ावा देगी, बल्कि भारत के विमानन पारिस्थितिकी तंत्र को भी मजबूत करेगी।

विल्सन ने कहा, गोदाम हमें अपने विमान के पुर्जों तक अधिक निकटता से पहुंच प्रदान करेगा और उन पर बेहतर नियंत्रण प्रदान करेगा, जिससे हम किसी भी इंजीनियरिंग आवश्यकता को तुरंत पूरा कर सकेंगे - जिससे उड़ानों की समयपालन में सुधार होगा।

अधिकारी ने कहा, यह गोदाम दिल्ली और मुंबई में फैले 16 सबस्केल और बिखरे हुए स्थानों को एक समेकित अत्याधुनिक में एकीकृत करके एक केंद्रीकृत स्थान से एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और एआईएक्स कनेक्ट बेड़े के रखरखाव और सेवा के लिए इंजीनियरिंग संसाधन आवश्यकताओं को पूरा करेगा। यह सुविधा पूरे भारत में परिचालन के लिए एक हब और फीडर नेटवर्क के रूप में कार्य करेगी।

## सार संक्षेप

### बिसलरी ने लॉन्च किया 'वेदिका हिमालयन स्पार्कलिंग वाटर'

**मुंबई।** बिसलरी इंटरनेशनल की प्रीमियम बेवरेज कैटेगरी 'वेदिका हिमालयन स्प्रिंग वाटर' ने 'वेदिका हिमालयन स्पार्कलिंग वाटर' को लॉन्च कर अपनी प्रीमियम कैटेगरी का विस्तार किया है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह खनिजों के संतुलित कंपोजिशन का व्यवस्थित मिश्रण है। यह मिश्रण ताजगी देगा। यह प्रीमियम लक्जरी पेशकश एक ज्यादा स्वस्थ विकल्प की चाहत रखने वाले उपभोक्ताओं के लिये खासतौर से तैयार की गई है। 300 एमएल की कांच की बोतलों में पैक वेदिका हिमालयन स्पार्कलिंग वाटर गुणवत्ता की गारंटी देता है। यह स्पार्कलिंग वाटर वितरण के चैनलों की एक व्यापक श्रृंखला में उपलब्ध होगा, जिसमें होरेका, आधुनिक एवं सामान्य ट्रेड, क्यू-कॉमर्स आदि पर उपलब्ध है। बिसलरी इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड की उपाध्यक्ष जयंती खान चौहान ने कहा, वेदिका हिमालयन स्पार्कलिंग वॉटर के साथ, हम पेय पदार्थों की दुनिया में नवीनता और परिष्कार का संगम ला रहे हैं। हमारा लक्ष्य उपभोक्ताओं को हमारे स्रोत, वेदिका स्प्रिंग में निहित शुद्धता का सहज संगम प्रस्तुत करना है। इस प्रकार उत्तम इफ़रवेसेन्स एक स्फूर्तिदायक विकल्प प्रदान करता है जो आधुनिक जीवन शैली के साथ सहजता से मेल खाता है। इसके अलावा, त्यौहारों का मौसम आने के साथ स्पार्कलिंग वाटर को लॉन्च करना आदर्श है, क्योंकि एक पेय जो अक्सर उत्सवों और विशेष अवसरों से जुड़ा होता है, इस प्रकार उपभोक्ताओं के लिए एक रोमांचक विकल्प प्रदान करता है।

### त्योहारी सीजन के लिए एक लाख से अधिक नौकरियां पैदा करेगा अमेज़न इंडिया


**नई दिल्ली।** अमेज़न इंडिया त्योहारी सीजन को देखते हुए अपने परिचालन नेटवर्क में 100,000 से अधिक नौकरी के अवसर पैदा करने जा रहा है। अमेज़न इंडिया जिन शहरों में यह अवसर पैदा करने जा रहा है उनमें मुंबई, दिल्ली, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ और चेन्नई जैसे शहरों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां शामिल हैं। अमेज़न के परिचालन, एपीएसी, मीना लाटम और डब्ल्यूडब्ल्यू ग्राहक सेवा प्रमुख अखिल सक्सेना ने कहा, हम अपनी पूर्ति, वितरण और ग्राहक सेवा क्षमताओं को मजबूत करने और हमारे साथ खरीदारी करने के इच्छुक लाखों ग्राहकों के लिए एक शानदार खरीदारी अनुभव सुनिश्चित करने के लिए एक लाख से अधिक के कार्यबल का स्वागत कर रहे हैं। 8 अक्टूबर से शुरू होने वाले अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल से पहले 7 अक्टूबर से प्राइम ग्राहकों तक जल्दी पहुंच के साथ अमेज़न इंडिया ने पहले से ही इन नए कर्मचारियों में से अधिकांश को अपने मौजूदा नेटवर्क में शामिल कर लिया है, जहां वे पैक शिप लेंगे और ग्राहकों के ऑर्डर वितरित करेंगे। कंपनी ने कहा कि नई नियुक्तियों में ग्राहक सेवा सहयोगी भी शामिल हैं, जिनमें से कुछ वर्चुअल ग्राहक सेवा मॉडल का हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य देश भर में अपने फुटप्रिंट को मजबूत करते हुए एक बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करना है। अमेज़न इंडिया के 15 राज्यों में पूर्ति केंद्र फैले हुए हैं, जो विक्रेता इन्वेंट्री के लिए 43 मिलियन क्यूबिक फीट भंडारण स्थान प्रदान करते हैं।

# आर्थिक विकास अनुमान के यथावत रहने से झूमा बाजार

**मुंबई** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। विश्व बाजार की तेजी के बीच रिजर्व बैंक (आरबीआई) के चालू वित्त वर्ष में आर्थिक विकास अनुमान के यथावत रहने से उत्साहित निवेशकों की चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार झूम उठा। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 364.06 अंक अर्थात 0.55 प्रतिशत की छलांग लगाकर 65995.63 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 107.75 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की उड़ान भरकर 19653.50 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली का जोर रहा, जिससे बाजार को बल मिला। इस दौरान मिडकैप 0.66 प्रतिशत की तेजी लेकर 32,077.66 अंक और स्मॉलकैप 0.56 प्रतिशत मजबूत होकर 37,860.58 अंक पर रहा।

इस दौरान बीएसई में कुल 3801 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिसमें से 2312 में तेजी जबकि 1334 में गिरावट रही वहीं 155 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 39 कंपनियों में लिवाली जबकि 10 में बिकवाली हुई वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

आरबीआई ने आज चालू वित्त वर्ष की चौथी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दरों के साथ ही चालू वित्त वर्ष के आर्थिक विकास अनुमान को भी यथावत रखा। इससे निवेश धारणा सकारात्मक रही, जिससे बीएसई के दूरसंचार के 0.35 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष 19 समूहों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान रियल्टी 3.01, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.47, कमोडिटीज 0.56, सीडी 0.63, एफएमसीजी 0.41, वित्तीय सेवाएं 0.78, हेल्थकेयर 0.49, आईटी 0.71,




यूटिलिटीज 0.44, धातु 0.40, टेक 0.55 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.12 प्रतिशत की बढ़त पर रहे।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी तेजी रही। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.36, जर्मनी का डैक्स 0.66, हांगकांग का हैंगसेंग 1.58 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.10 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि जापान के निक्केई में 0.26 प्रतिशत की बढ़त रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 236 अंक की तेजी लेकर 65,867.54 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 65,762.33 अंक के निचले स्तर तक उतर गया। इसके बाद लिवाली शुरू होने से यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 66,095.81 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 65,631.57 अंक के मुकाबले 0.55 प्रतिशत चढ़कर 65,995.63 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी 75 अंक बढ़कर 19,621.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,589.40 अंक के निचले जबकि 19,675.75 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,545.75 अंक की तुलना में 0.55 प्रतिशत मजबूत होकर 19,653.50 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स की तेजी पर रही 23 कंपनियों में से बजाज फिनसर्व ने सबसे अधिक 5.86 प्रतिशत का मुनाफा कमाया। साथ ही बजाज फाइनेंस 4.05, टाइटन 2.98, इंडसइंड बैंक 2.38, आईटीसी 1.42, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.26, इंफोसिस 1.10, टीसीएस 0.87, मारुति 0.81, एनटीपीसी 0.79, टाटा स्टील 0.52, आईसीआईसीआई बैंक 0.47, टाटा मोटर्स 0.41, एसबीआई 0.31, रिलायंस 0.18 और एचसीएल टेक के शेयर 0.02 प्रतिशत की बढ़त पर रहे। वहीं, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.93, एशियन पेंट 0.37, भारती एयरटेल 0.29, एक्सिस बैंक 0.26, एलटी 0.13, एचडीएफसी बैंक 0.11 और नेस्ले इंडिया ने 0.03 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

## जोयालुकास विस्तार पर करेगा 2400 करोड़ का निवेश

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। आभूषणों के रिटेल नेटवर्क का संचालन करने वाली कंपनी जोयालुकास इंडिया लिमिटेड ने अगले दो वर्षों में करीब 2400 करोड़ रुपये के निवेश से 40 नये स्टोर शुरू करने की योजना बनायी है।

कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जॉय अलुकास ने यहां यह जानकारी देते हुये कहा कि अभी देश विदेश में कुल मिलाकर 160 स्टोर संचालित किये जा रहे हैं और वित्त वर्ष 2024-25 तक 40 नये स्टोर शुरू करने की योजना है जिनमें से अधिकांश स्टोर देश में ही खोले जायेंगे। अभी देश से बाहर 60 स्टोर है और उनमें से अधिकांश स्टोर खाड़ी देशों में है। यह समूह भारत सहित दुनिया के 11 देशों में कारोबार कर रहा है। समूह के 9000 हजार से अधिक कर्मचारी है।

उन्होंने बताया कि एक स्टोर को शुरू करने पर करीब 60 करोड़ रुपये का निवेश करना पड़ता है। इस तरह से अगले वित्त वर्ष तक उनका समूह इस पर करीब 2400 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रहा है। इसके साथ ही कंपनी बाजार से पूंजी जुटाने के उद्देश्य से प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही है जिसके बाद टियर दो और तीन शहरों में तेजी से विस्तार करने की योजना है क्योंकि आभूषणों पर हॉलमार्किंग किये जाने और सरकार की नीतियों से संगठित व्यापार को बल मिला है जिससे ब्रांडेड आभूषणों की मांग में तेजी आ रही है।

उन्होंने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में उनके समूह का कुल कारोबार 21 हजार करोड़ रुपये का रहा है जिसके वित्त वर्ष 2024-25 तक बढ़कर 30 हजार करोड़ रुपये पर पहुंचने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि भारतीय कारोबार में 20 प्रतिशत से अधिक की बढोतरी देखी जा रही है, हालाँकि विदेशी कारोबार में चालू वित्त वर्ष में अभी 10 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। उन्होंने कहा कि देश में अब त्योहारी सीजन शुरू होने वाला है और इस दौरान आभूषणों की मांग में हर वर्ष तेजी रहती है।

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली,** 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा एक रिंगिट फिसलकर 3565 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.32 सेंट की तेजी लेकर 55.60 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6200-6300, दाल चना 7200-7300, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9750-9850, उड़द दाल 10000-10100, अरहर दाल 10000-10100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

## सर्ज फेरारी ग्रुप ने संयुक्त उद्यम बायोमेम्ब्रेन सिस्टम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड लॉन्च करने की घोषणा की

मुंबई, 6 अक्टूबर (एजेंसियां)। सर्ज फेरारी ग्रुप ने अगस्त्य इन्वेंशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर बायोमेम्ब्रेन सिस्टम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम से एक संयुक्त उद्यम के लॉन्च की घोषणा की, जो बायोगैस भंडारण के लिए मजबूत और कुशल रोकथाम समाधान पेश करने वाली एक विशेष कंपनी होगी। नई कंपनी को सर्ज फेरारी समूह की कंपनी डीबीडीएस (डॉयचे बायोगैस डच-सिस्टम) की तकनीकी विशेषज्ञता का समर्थन प्राप्त होगा, जिसका मुख्यालय जर्मनी में है और जिसके पास बायोगैस रूफिंग और भंडारण समाधान में एक दशक से अधिक का अंतरराष्ट्रीय अनुभव और विशेषज्ञता है।

अगस्त्य इन्वेंशन लचीला रोकथाम समाधान विकसित करने में माहिर है जबकि डीबीडीएस डाइजेस्टर छतों तथा बाहरी गैस भंडारण समाधान के विकास, निर्माण और इंस्टालेशन में एक स्थापित कंपनी है। सर्ज फेरारी समूह पर्यावरण और ऊर्जा के क्षेत्र में विविध अनुप्रयोगों के लिए तकनीकी झिल्ली और कपड़ों की एक पूरी श्रृंखला का दावा करता है।

बायोमेम्ब्रेन सिस्टम्स इंडिया का लक्ष्य भारतीय बाजार में स्मार्ट बायोगैस स्टोरेज सॉल्यूशन को अधिक सुलभ और किफायती बनाना है। भार्गव वाडिया इस नई इकाई के महाप्रबंधक होंगे। नई इकाई, बायोमेम्ब्रेन सिस्टम्स




इंडिया प्राइवेट लिमिटेड बायोगैस प्रोजेक्ट कवरिंग के डिजाइन, उत्पादन और स्थापना में अपनी विशेषज्ञता लाएगी। उनके उत्पाद पोर्टफोलियो में डबल मेम्ब्रेन डाइजेस्टर बैलून, ग्राउंड माउंटेड स्टैंडअलोन गैस स्टोरेज बैलून और सिंगल मेम्ब्रेन स्टोरेज बैलून शामिल हैं।

प्रत्येक परियोजना को एक खास आवश्यकता की पूर्ति के लिए सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किया गया है और हवा, बारिश आदि जैसे स्थानीय पर्यावरणीय कारकों का सामना करने के लिए अनुकूलित किया गया है। अनुकूलन झिल्ली समाधानों की दीर्घायु और स्थायित्व को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा और डिज़ाइन संरचनात्मक स्थिरता और कम गैस पारगम्यता सुनिश्चित करेगा। नए उद्यम के बारे में बताते हुए सर्ज फेरारी ग्रुप के एशिया प्रशांत तथा मध्य पूर्व एशिया क्षेत्र के मुख्य बिक्री एवं विपणन अधिकारी और वरिष्ठ उपाध्यक्ष नितिन गोविला ने कहा, भारत पर्यावरणीय चिंताओं और सरकार के मजबूत दबाव से प्रेरित हरित ऊर्जा क्रांति देख रहा है। सर्ज फेरारी समूह का मानना है कि यह उभरते भारतीय बायोगैस बाजार में बायोगैस रूफिंग और भंडारण समाधान में अपनी जानकारी उतारने का सही समय है। सर्ज फेरारी समूह को विश्वास है कि सही कार्यान्वयन भागीदार के साथ वह अपने ग्राहकों को स्मार्ट और टिकाऊ गैस भंडारण समाधान प्रदान करने में सक्षम होगा। अगस्त्य इन्वेंशन के निदेशक अनिल झावर ने कहा, अगस्त्य की ताकत लचीले रोकथाम समाधान हैं, और हम छोटे से बड़े पैमाने पर बायोगैस भंडारण समाधान की पेशकश करने के लिए संक्रमण के दौर में हैं। हमारा स्थानीय ढांचा और निर्माण के बारे में जानकारी फैब्रिक और बायोगैस रूफिंग वैल्यू चेन विशेषज्ञता में सर्ज फेरारी समूह की ताकत का पूरक है। सर्ज फेरारी ग्रुप में बिजनेस सॉल्यूशंस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेनरिक लेउर ने कहा, डीबीडीएस छत्र के तहत दुनिया भर में निष्पादित परियोजनाओं के साथ बायोगैस रूफिंग और भंडारण समाधान में हमारे पास लंबे समय से विशेषज्ञता है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा पर त्वरित अमल

# ललित सुरजन संचार प्रतिनिधि आवास ऋण ब्याज अनुदान योजना के लिए आवेदन शुरू

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में की गई घोषणा पर त्वरित अमल करते हुए जनसंपर्क विभाग द्वारा 'श्री ललित सुरजन संचार प्रतिनिधि आवास ऋण ब्याज अनुदान योजना' के लिए आवेदन लेना शुरू कर दिया है। योजना अंतर्गत 30 लाख तक के आवास ऋण के लिए 5 प्रतिशत प्रतिमाह ब्याज अनुदान 5 वर्षों तक दिया जाएगा। यह योजना एक अप्रैल 2023 के बाद से क्रय मकान पर प्रभावशील होगी। योजना से संबंधित नियम एवं आवेदन का प्रारूप जनसंपर्क विभाग की वेबसाईट से प्राप्त किया जा सकता है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की इस पहल से प्रदेश के पत्रकार अब किफायती दर पर आवास का सपना पूरा कर सकेंगे।

योजना का लाभ केवल आवासीय ऋण पर दिया जाएगा तथा क्रय किया जाने वाला मकान छत्तीसगढ़ राज्य के भीतर होना चाहिए। ब्याज अनुदान अधिकतम 30 लाख रुपए के आवास ऋण की सीमा तक दिया जाएगा। संचार प्रतिनिधि द्वारा राष्ट्रीयकृत बैंकों, रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया से अधिसूचित वित्तीय संस्थानों एवं सहकारी बैंकों से लिए गए आवास ऋण पर प्रतिमाह 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान 5 वर्षों तक दिया जाएगा।

योजना का लाभ न्यूनतम 5 वर्ष से छत्तीसगढ़ में निवास कर दैनिक समाचार तथा टी.वी. न्यूज चैनल्स में पंजीकृत समाचार एजेंसियों के सम्पादकीय शाखा में कार्य कर रहे पूर्णकालिक तथा अंशकालिक संचार प्रतिनिधि तथा अधिमान्यता नियमों की अर्हतादायी शर्तों को पूरा करने वाले न्यूज पोर्टल्स के सम्पादक एवं स्वतंत्र पत्रकार ले सकेंगे।

संचार प्रतिनिधि स्वयं अथवा पत्नी के साथ संयुक्त नाम से आवास ऋण लें तभी होगी पात्रता- संचार प्रतिनिधि स्वयं अथवा पत्नी के साथ संयुक्त नाम से आवास ऋण लेने पर ही इस योजना की पात्रता होगी। योजना मात्र एक आवास ऋण में ही लागू होगी। किसी संचार प्रतिनिधि द्वारा पूर्व से अपने अथवा पत्नी के स्वामित्व का मकान योजना लागू होने के बाद अवयस्क/वयस्क संतान को अंतरित कर नया आवास लेने की दशा में योजना का लाभ नहीं मिलेगा।

पूर्व से स्वीकृत आवास ऋण पटाकर नये आवास ऋण प्राप्त करने पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा। संचार प्रतिनिधियों द्वारा नियमित ऋण एवं ब्याज अदायगी करने पर ही इस योजना का लाभ मिलेगा। डिफॉल्टर होने की स्थिति में योजना के लाभ की पात्रता स्वयमेव समाप्त हो जायेगी।

- **पत्रकारों को अब आवास ऋण पर मिलेगा अनुदान,**
- **30 लाख तक के आवास ऋण पर प्रतिमाह 5 फीसदी तक मिलेगा ब्याज अनुदान**

शपथ पत्र भी देना होगा- योजना में पात्रता के लिए स्वयं अथवा पत्नी, आश्रित पुत्र-पुत्री के नाम से कोई अन्य आवासीय भवन नहीं होना चाहिए। इस आशय का शपथ-पत्र देना होगा। शपथ पत्र के साथ संचार प्रतिनिधियों द्वारा रजिस्ट्रीकृत बैंकों अथवा रजिस्ट्रीकृत वित्तीय संस्थाओं से लिए गए ऋण स्वीकृति एवं ऋण वितरण के प्रमाणित अभिलेख जनसम्पर्क संचालनालय में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन के साथ प्रस्तुत करने होंगे।

नियमित भुगतान कर बैंक का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा- संचार प्रतिनिधियों द्वारा लिए गए ऋण पर मासिक किश्त का नियमित भुगतान स्वयं करना होगा, बैंकों को ऋण के मूल एवं ब्याज के नियमित भुगतान करने संबंधी बैंक का प्रमाण-पत्र जनसम्पर्क संचालनालय में प्रस्तुत करने पर प्रतिमाह 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान की गणना कर संबंधित पत्रकार के बैंक खातों में राशि दी जाएगी।

योजना राशि की गणना - ब्याज अनुदान की प्रतिपूर्ति त्रैमासिक की जाएगी किसी भी दशा में अनुदान राशि का भुगतान एकजाई नहीं किया जायेगा। आवास ऋण ब्याज अनुदान की गणना इस प्रकार होगी। इसमें वित्तीय वर्ष में बैंक में देय ब्याज को पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान से गुणा किया जाएगा। प्राप्त परिणाम को बैंक ब्याज प्रतिशत दर से भाग दिया जाएगा।

आवास ऋण 30 लाख रुपए से अधिक होने की दशा में ब्याज अनुदान की गणना दो चरणों में की जाएगी। प्रथम चरण में अधिकतम 30 लाख रुपए की राशि तक की ब्याज गणना की जाएगी। इसमें योजनान्तर्गत अधिकतम राशि( 30 लाख रुपए) को वित्तीय वर्ष में स्वीकृत ऋण पर देयक ब्याज राशि से गुणा किया जाएगा। प्राप्त परिणाम को स्वीकृत आवास ऋण राशि से भाग दिया जाएगा। द्वितीय चरण में ब्याज अनुदान राशि की गणना की जाएगी। इसमें प्रथम चरण में गणना पश्चात प्राप्त ब्याज राशि को पांच प्रतिशत ब्याज अनुदान के साथ गुणा किया जाएगा। प्राप्त परिणाम को बैंक ब्याज प्रतिशत दर से भाग दिया जाएगा।

योजना हेतु समिति करेगी अनुशंसा - प्रथम बार ब्याज अनुदान स्वीकृति के लिए संचालनालय में वरिष्ठ अधिकारियों की समिति विचार कर अनुशंसा करेगी। समिति में आयुक्त/ संचालक, जनसम्पर्क संचालनालय, अपर संचालक (पत्रकार कल्याण), अपर संचालक (समाचार), उप संचालक / संयुक्त संचालक (वित्त) शामिल होंगे।

योजना हेतु निर्णयात्मक शर्त/अधिकार- ब्याज अनुदान स्वीकृत करने के किसी भी प्रश्न पर तत्समय में प्रचलित अधिमान्यता नियमों में उल्लेखित संचार संस्थान एवं संचार प्रतिनिधि की अर्हतादायी शर्तों पर भी विचार किया जायेगा। ब्याज अनुदान स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार आयुक्त/संचालक, जनसम्पर्क को होगा।

# मुख्यमंत्री ने पाटन विधानसभा क्षेत्रवासियों को दी बड़ी सौगातें

**भिलाई नगर,** 6 अक्टूबर (देशबंधु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पाटन विधानसभा क्षेत्रविासियों को बड़ी सौगातें दी है। उन्होंने आज विधानसभा मुख्यालय पाटन में आयोजित कार्यक्रम में 768 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें 55 करोड़ 40 लाख 51 हजार रूपए के 137 कार्यों का लोकार्पण तथा 32 करोड़ 23 हजार रूपए लागत के 631 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। कार्यक्रम में शामिल होने के पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने पाटन के आत्मानंद चौक पर ब्रम्हलीन स्वामी आत्मानंद की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत पाटन के अध्यक्ष भूपेन्द्र सत्या, उपाध्यक्ष बलदाऊ भाले, छत्तीसगढ़ कर्मकार शिल्प बोर्ड के अध्यक्ष तरूण बिजौरा, छत्तीसगढ़ खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सदस्य हेमंत देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे।



- **नवनिर्मित ऑडिटोरियम सहित 87 करोड़ 40 लाख की लागत से 768 विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन**
- **चिटफंड कंपनी के 3790 निवेशकों को राशि वापसी प्रक्रिया प्रारंभ**

भूपेश बघेल ने कहा कि विगत 5 वर्षों में जो बदलाव हुए है, आज दिखाई दे रहा है। पानी, बिजली की पर्याप्त व्यवस्था की गई। आज केवल भौतिक विकास ही नही आर्थिक, सामाजिक शैक्षणिक, सांस्कृतिक सभी क्षेत्रों में विकास हुए है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ब्रम्हलीन स्वामी आत्मानंद की आज जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि स्वामी आत्मानंद ने स्वामी रामकृष्ण परमहंस की भाव धारा को छत्तीसगढ़ की जमीन पर साकार किया और मानव सेवा व शिक्षा संस्कार की अलख जगायी। स्वामी विवेकानंद के विचारों का आत्मानंद जी पर भी गहरा असर हुआ, जिससे उन्होंने अपना पूरा जीवन दिन-दुखियों की सेवा में बिता दिया। मठ और आश्रम स्थापित करने के लिए एकत्र की गई राशि उन्होंने अकाल पीड़ितों की सेवा और राहत काम के लिए खर्च कर दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी आत्मानंद जी का समाज सुधारक और शिक्षाविद के रूप में छत्तीसगढ़ में बड़ा योगदान है। उनके मानव सेवा के क्षेत्र में किये गये कार्य अनुकरणीय और प्रेरणास्प्रद है। उन्होंने पीड़ित मानवता की सेवा को सबसे बड़ा धर्म बताया। उनके आदर्शों और विचारों से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार आगे बढ़ रही है। स्वामी आत्मानंद जी ने वनवासियों के उत्थान के लिए नारायणपुर आश्रम में उच्च स्तरीय शिक्षा केन्द्र की स्थापना की। राज्य सरकार द्वारा इसी तर्ज पर जिला मुख्यालयों और विकासखण्डों में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश और हिन्दी मीडियम स्कूल शुरू किये जा रहे हैं। प्रदेश में ग्रामीण सहित दूरस्थ अंचलों में 753 स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम के स्कूल संचालित हो रहे हैं। इसी कड़ी में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा देने के लिए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कालेज भी प्रारंभ किया जा रहा है। इस पहल को और आगे बढ़ाते हुए राज्य सरकार ने स्वामी आत्मानंद कोचिंग सेंटर योजना शुरू की है। इससे गरीब और दूरस्थ क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आगे बढ़ने के सभी अवसर उपलब्ध हो सके। इस योजना के माध्यम से इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रदेश के 146 विकासखण्ड मुख्यालयों और 4 शहरों, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और कोरबा सहित 150 कोचिंग सेंटर के माध्यम से शासकीय स्कूलों में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को नि:शुल्क कोचिंग भी दी जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि स्वामी आत्मानंद ने आदिवासियों के सम्मान एवं उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए अबुजमाड़ प्रकल्प की स्थापना की। नारायणपुर में वनवासी सेवा केन्द्र प्रारंभ कर वनवासियों की दशा और दिशा सुधारने की प्रयास किये गये है। राज्य सरकार ने भी उनके पदचिन्हों पर चलते हुए वनवासियों से वाजिब दामों पर वनोपजों की खरीदी कर राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित किया है। उन्होंने अकाल के समय गर्भवती माताओं के लिए पौष्टिक भोजन की शुरूआत की जिससे कि बच्चे कुपोषित न हो। राज्य सरकार ने महिलाओं और बच्चों के लिए गर्म भोजन की व्यवस्था करते हुए कुपोषण मुक्त छत्तीसगढ़ गढ़ने का संकल्प लेकर मुख्यमंत्री कुपोषण अभियान की शुरूआत की है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि स्वामी आत्मानंद के विचार, मूल्य और सेवा हमेशा जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए प्रेरित करते रहेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित कार्यों में विद्युत विभाग के संभागीय कार्यालय का शुभारंभ, 2 करोड़ 43 लाख 59 हजार रूपए लागत से निर्मित 33/11 के.व्ही. नवीन उपकेन्द्र फुंडा, 2 करोड़ 29 लाख 47 हजार रूपए लागत से निर्मित 33/11 के.व्ही. नवीन उपकेन्द्र घुघवा (क), 2 करोड़ 94 लाख रूपए लागत से नगर पालिका कुम्हारी अंतर्गत निर्मित विभिन्न 28 विकास कार्य, 10 करोड़ 35 लाख 75 हजार रूपए लागत से मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजनांतर्गत स्वीकृत विभिन्न सड़क सीमेंटीकरण कार्य, 35 करोड़ 35 लाख 44 हजार रूपए लागत से नगर पंचायत पाटन अंतर्गत विभिन्न 103 विकास कार्य, 66 लाख 8 हजार लागत से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मर्रा में 5 अतिरिक्त कक्ष एवं साईंस म्यूजियम इंडोर निर्माण कार्य तथा 1 करोड़ 50 लाख 86 हजार रूपए लागत से मर्रा में साईंस पार्क स्थापना का लोकार्पण शामिल है।

## त्यौहारी सीजन में यात्रियों की बढ़ी परेशानी

# छग से गुजरने वाली 19 ट्रेनें अनिश्चितकाल के लिए रद्द

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ से होकर चलने वाली 19 ट्रेनों को रेलवे ने अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दिया है। बिलासपुर जोन के अलग-अलग सेक्शन में सेफ्टी और मेंटेनेंस का काम होना है, जिसके चलते 6 और 7 अक्टूबर से ये गाड़ियां रद्द रहेंगी।




रद्द होने वाली गाड़ियों में 6 अक्टूबर से अगले आदेश तक रायपुर से चलने वाली 08746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर स्पेशल, बिलासपुर से शहडोल तक चलने वाली 08740/08739 बिलासपुर-शहडोल-बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल, रायपुर से चलने वाली 08729 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन, रायपुर और दुर्ग से चलने वाली 08701/08702 रायपुर-दुर्ग-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल, इतवारी और बालाघाट से चलने वाली 08714/08715 इतवारी-बालाघाट-इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल, गोंदिया एवं कटंगी से चलने वाली 07805/07806 गोंदिया-कटंगी-गोंदिया डेमू पैसेंजर स्पेशल, गोंदिया से चलने वाली 07809 गोंदिया-कटंगी पैसेंजर स्पेशल, गोंदिया से चलने वाली 08806 गोंदिया-वड़सा मेमू पैसेंजर स्पेशल, रायपुर से चलने वाली 08721 रायपुर-डोगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल, डोंगरगढ़ से चलने वाली 08723 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी।

वहीं 7 अक्टूबर से अगले आदेश तक गेवरा रोड से चलने वाली 08745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन, डोंगरगढ़ से चलने वाली 08730 डोंगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल,कटंगी से चलने वाली 07810 कटंगी-गोंदिया पैसेंजर स्पेशल, वड़सा से चलने वाली 08808 वड़सा-चान्दा फोर्ट मेमू पैसेंजर स्पेशल, चान्दा फोर्ट से चलने वाली 08805 चान्दा फोर्ट-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल, गोंदिया से चलने वाली 08724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

मुंबई रेल मंडल में सातवीं लाइन को जोड़ने का होगा काम

मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के वाडी बंदर नया कोचिंग डिपो को तीसरी रेलवे और सातवीं लाइन से जोड़ने का काम होगा। यह काम 5 से 7 अक्टूबर तक चलेगा, जिसके कारण कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

# साऊथ एशियन एग्रो इंडस्ट्रीज हैदराबाद की जमीन नीलाम

## जल कर नही पटाने पर हुई बड़ी कार्रवाई

**बलौदाबाजार,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर जल कर नही पटाने वाले हैदराबाद की साऊथ एशियन एग्रो इंडस्ट्रीज सख्त कार्रवाई करते हुए उनकी जमीन को नीलाम कर दी गई है।



कलेक्टर के आदेश पर बलौदाबाजार तहसीलदार राजू पटेल द्वारा ग्राम खजुरी प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. लटुवा तहसील बलौदाबाजार में स्थित साऊथ एशियन एग्रो इंडस्ट्रीज हैदराबाद की भूमि खसरा नं. 588/1, 588/2 रकबा 1.902 हे. भूमि की नीलामी की प्रक्रिया किया गया। नीलामी में 6 बोलीदार सम्मिलित हुए। जिसमें अनिमेश इस्पात प्रा. लि. द्वारा अधिकत्तम बोली 70 लाख रूपये बोल कर उक्त भूमि प्राप्त की गयी।

गौरतलब है की साऊथ एशियन एग्रो इंडस्ट्रीज हैदराबाद के विरूद्ध सिंचाई विभाग के जल कर की राशि 67 लाख 875 रूपये वसूल की जानी थी। जिसे नियमानुसार कार्रवाई कर प्रारूप ख (नियम 4) छ. ग.भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 147 (क) के अंतर्गत विधिवत् नीलामी की कार्रवाई किया गया।

# जनसुनवाई निरस्त करने पर बेलटुकरी के ग्रामीण करेंगे विस चुनाव का बहिष्कार



**महासमुंद,**06 अक्टूबर (देशबंधु)। ग्राम बेलटुकरी के ग्रामीणों ने क्षेत्रीय पर्यावरण संरक्षक मंडल व छग शासन के सचिव को ज्ञापन सौंपकर पिकाडिली एग्रो इण्डस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा खोले जा रहे आनाज आधारित डिस्लरी व सह उत्पाद विद्युत संयत्र स्थापित करने की प्रस्तावित योजना का विरोध किया है। उन्होने सौंप गए ज्ञापन में कहा है कि 9 हेक्टेयर क्षेत्र में प्लांट लगाने हेतु 29 सितंबर को जनसुनवाई आयोजित किया गया था जिसका पुरजोर विरोध ग्रामीणों ने किया किंतु गलत तरीके से बसना और सरायपाली क्षेत्र के ग्रामीणों को उद्योगपतियों द्वारा बुलाकर जनसुनवाई में हस्ताक्षर करवाया गया है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने बसना व सरायपाली क्षेत्र के ग्रामीणों को पकड़कर तुमगांव थाना के सुपुर्द किया और शिकायत दर्ज कनाई। किंतु इस पर कोई कार्रवाई नही हुई है ग्रामवासी आज भी प्लांट के विरोध में है इसलिए जनसुनवाई निरस्त नही होती है तो विधानसभा चुनाव 2023 को बष्हिकार करने का निर्णय लिया गया है। जिसकी जबावदारी शासन-प्रशासन की होगी। सौंपे गए ज्ञापन में मानिकराम निषाद, ज्ञानबाई, कौशिल्या, श्यामलाल, मंथीर टंडन, चमन टंडन, जागेश्वर जुगून चंद्राकर, भेजराम साहू, बसंत कुमार, नाथूराम, सुनीता आदि के हस्ताक्षर है।

# एलबोदाछापर में बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता विधायक रंजना साहू की उपस्थिति में भाजपा में शामिल



**धमतरी,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। धमतरी विधानसभा के ग्राम बोदाछापर में कांग्रेसी कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता धमतरी विधायक रंजना साहू ने भाजपा में शामिल हो रहे लोगों को भाजपा गमछा पहनाकर भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता दिलाई। विधायक रंजना साहू ने बताया कि भाजपा नेतृत्व वाली सरकारों की योजनाओं से प्रभावित होकर आज सैकड़ों की संख्या में निरंतर अन्य पार्टियों से लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं, जिससे भारतीय जनता पार्टी और अधिक मजबूत हो रही है, सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ राष्ट्र निर्माण कार्य मे जनता जुड़ रही है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कमर कसकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता तैयार है, केंद्र में मोदी सरकार की कुशल नेतृत्व और पूर्व में छत्तीसगढ़ में बीजेपी सरकार के द्वारा किए गए कार्यों एवं योजनाओं से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास को लक्ष्य मानकर अनेक लोग भाजपा में प्रवेश कर रहे हैं, भारतीय जनता पार्टी आए हुए नए कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है और आगामी चुनाव में जीत दिलाने के लिए कटिबंध होकर काम करें जिससे पुन: केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार को हराकर पुन: बीजेपी की सरकार बनाना है। मंडल अध्यक्ष हेमंत चंद्राकर ने कहा कि हमारे युवा विधायक रंजना साहू की क्षेत्र में सक्रियता से काफी प्रेरित हैं, युवाओं के जुड़ने से दल मजबूत होगा। जनता को झूठे वादे नहीं विकास चाहिए, इसलिए भाजपा की सरकार बनाने के लिए जनता ने मन बना लिया और इसीलिए लगातार अन्य पार्टी के लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं और कार्यकर्ता निरंतर जुड़ रहे हैं। कांग्रेस सरकार से त्रस्त होकर भाजपा में शामिल होने वालों में गोपाल साहू, लोमस साहू, कपिल नारायण, चैन सिंह, ज्ञानेंद्र, उदय राम, लखन देवदास, धर्मेंद्र साहू, चोवा राम साहू, भुवन, खेमराज, नोहर, कृष्ण कुमार, भोमेश्वर साहू, रोमन, दानेश्वर साहू, शशिकांत, गोलू, प्रेमलाल, फलित कुमार, श्रीमती मोहनी साहू, सोहागा साहू सहित अन्य लोग जुड़े। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य दमयंती साहू, जनपद सदस्य अवनेंद्र साहू, जनपद सदस्य जागेश्वरी साहू, जनपद सदस्य गोपाल साहू, मंडल महामंत्री प्रीतम साहू, मंडल महामंत्री मिश्री पटेल, रुपा नामदेव उपस्थित रहे।

# एक लाख 90 हजार के 31 नग हीरे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**गरियाबंद,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के मैनपुर पुलिस ने 31 नग हीरे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी हीरा बेचने की फिराक में नेशनल हाइवे किनारे ग्राम झरियाबाहरा तिराहा के पास ग्राहक तलाश रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ने में सफलता हासिल की हैं।



पुलिस ने बताया कि हीरा तस्करी के मामले में कोरबा निवासी छोटेलाल ठाकुर पिता सुरेन्द्र ठाकुर उम्र 43 साल को गिरफ्तार किया है। आरोपी झरियाबाहरा के पास खड़े होकर हीरा बेचने ग्राहक तलाश रहा था। सूचना पर पुलिस पहुंची तो आते देख भागने लगा, लेकिन पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। उसके पास से लाल रंग के थैले में रखे 31 नग हीरे बरामद हुए, जिसकी अनुमानित कीमत एक लाख रुपए 90 हजार रुपए है। बताया कि आरोपी को माइनिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

उल्लेखनीय है कि बारिश का मौसम आते ही अंचल में हीरा तस्कर सक्रिय हो जाते है। जिले के मैनपुर ब्लॉक स्थित ग्राम पायलीखंड में हीरा बहुल्यता है। परंतु शासन स्तर पर देखरेख की कमी और दोहन नही करने के चलते यहां 12 महीने तस्कर सक्रिय रहते है। बरसात के बाद तो तस्करो के संख्या में कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में पुलिस के लिए यह बड़ी चुनौती है कि हीरा तस्करों के अवैध कारोबार पर लगाम कसे।

कार्यवाही में थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा, सहायक उप निरीक्षक हुकुम लाल साह, आरक्षक जयकिशन यादव, यादराम पटेल, मनीष वर्मा सहित अन्य स्टाफ शामिल रहा।

# कोलाहल अधिनियम के तहत 14 वाहनों पर कार्यवाही

## 30 हजार 500 का वसूला गया जुर्माना

**धमतरी,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश और पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के मार्गदर्शन में परिवहन विभाग द्वारा जिले के मोटर यानों से उत्पन्न होने वाले ध्वनि प्रदूषण के विरूद्ध मोटर यान अधिनियम के तहत 14 वाहनों पर कार्यवाही किया गया। चालानी कार्यवाही के दौरान 30 हजार 500 रूपये अर्थदण्ड वसूल कर प्रेशर हॉर्न जप्त किया गया। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि विभाग द्वारा ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न करने वाले वाहनों के विरूद्ध जांच कर कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर वाहन चालकों को सावधानीपूर्वक वाहन चलाने, नशा कर वाहन नहीं चलाने सहित यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की समझाईश दी गई।



# स्कूल शिक्षा विभाग में 17 अधिकारियों की नवीन पदस्थापनाएं

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के 17 अधिकारियों को प्रशासनीक आधार पर स्थानांतरित करते हुए नवीन पदस्थापना की है। प्रदेश के 11 जिलों में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मंत्रालय से आज जारी आदेशानुसार प्राचार्य श्रीमती डेजी रानी जांगड़े प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी सारंगढ़-बिलाईगढ़ को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुरा जिला रायपुर, प्राचार्य फत्तेराम कोसरिया विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डोगरगढ़ जिला राजनांदगांव को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, प्राचार्य के.व्ही राव प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहापुर विकासखण्ड धमधा जिला दुर्ग, प्राचार्य जुल्फीकार उल्लाह सिद्दीकी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जशपुर को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी जशपुर पदस्थ किया गया है।

- **11 जिलों में प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी नियुक्त**

प्राचार्य बी.एल. देवांगन विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी तिल्दा जिला रायपुर को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार-भाटापारा, सहायक संचालक विनोद कुमार राय कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सरगुजा संभाग अम्बिकापुर को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी बलरामपुर-रामानुजगंज, प्राचार्य गेंदलाल चतुर्वेदी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झाल विकासखण्ड नवागढ़ जिला बेमेतरा को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी मुंगेली, प्राचार्य रमेश कुमार निषाद सक्ती से स्थानांतरित किंतु न्यायालय के स्थगन पर कार्यरत है, को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विकासखण्ड खडगंवा जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया, प्राचार्य एस. एन. भगत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरिया(बरमकेला) जिला रायगढ़ को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी सारंगढ़-बिलाईगढ़, प्राचार्य टीकाराम साहू जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कबीरधाम की प्रतिनियुक्ति समाप्त करते हुए प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर पदस्थ किया गया है और प्राचार्य बी.एल खरे स्थानांतरित किंतु न्यायालय से स्थगन प्राप्त को प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती में यथावत रखा गया है।

**NECC**

| 07.10.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.15 | 85 | 170 |
| चिल्हर | 6.25 | 100 | 195 |

डिलीवरी 530 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

**दुकानदार**- बहनजी आप दुकान पर आती हैं, गहने देखती हैं पर कुछ लेती क्यों नहीं ?
**ग्राहक**- हमेशा लेती हूं पर आप ध्यान नहीं देते..

## बस्तर में अब तक बहाल नहीं हो पाई रेल सुविधा

### समलेश्वरी को टिटलागढ़ से, हीराखंड और विशाखापट्टनम तक संचालित सभी यात्री रेल को कोरापुट से ही संचालित किया जा रहा

**जगदलपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। बस्तर में अब तक रेल सुविधा बाहर नहीं हो पाई है जिसके चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही दशहरा के समय काफी संख्या में पर्यटक जगदलपुर पहुंचते थे। रेल सुविधा के अभाव में पर्यटकों के पहुंचने की उम्मीद भी कम हो गई है जिसके चलते पूरे बस्तर जिले का व्यापार भी प्रभावित होगा। वाल्टेयर डिवीजन के कोट्टवालसाङ्क किरंदुल लाइन में मनाबार-जराती स्टेशनों के बीच हुए भूस्खलन की मरम्मत का काम प्रगति पर है। जिसके कारण ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट और ओरिजिनेट किया गया है।



6 से 11 अक्टूबर तक भुवनेश्वर से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 18447 भुवनेश्वर-जगदलपुर हीराखंड एक्सप्रेस कोरापुट तक चलेगी और 7 से 12 अक्टूबर तक कोरापुट से भुवनेश्वर के लिए शुरू होगी। इसलिए उपरोक्त तिथियों पर कोरापुट- जगदलपुर के बीच रेल संचालित नहीं होगी।

6 से 11 अक्टूबर तक विशाखापत्तनम से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 18514 विशाखापत्तनम-यू किरंदुल नाइट एक्सप्रेस कोरापुट तक चलगी और 7 से 12 अक्टूबर तक कोरापुट से 18513 चलकर विशाखापत्तनम वापस आ जाएगी। इसलिए उपरोक्त तिथियों पर कोरापुट किरंदुल के बीच कोई सेवा नहीं है। 7 से 12 अक्टूबर तक विशाखापत्तनम से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 08551 विशाखापत्तनम-किरंदुल पैसेंजर को अराकू तक चलाया जाएगा और 7 से 12 अक्टूबर तक अराकू से 08552 चलकर विशाखापत्तनम वापस आ जाएगी। 6 से 11 अक्टूबर तक हावड़ा से प्रस्थान करने वाली ट्रेन संख्या 18005 हावड़ा-जगदलपुर समलेश्वरी एक्सप्रेस टिटलागढ़ तक चलेगी और 7 से 12 अक्टूबर को टिटलागढ़ से 18006 चलकर हावड़ा लौटेगी।

## शहर का सर्वांगीण विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता : रेखचंद



**जगदलपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन एवं महापौर सफीरा साहू ने शहर के गांधी नगर वार्ड क्रमांक 22 में 87 लाख 90 हजार रुपए की लागत से बनने वाले सी सी सड़क निर्माण कार्य,बी टी रोड़ निर्माण,आर सी सी नाली निर्माण एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर विधायक जगदलपुर श्री जैन ने कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुरूप शहर का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। आज शहर में करोड़ों रुपए के विकास कार्य किए जा रहे हैं। प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया के के द्वारा शहर विकास के लिए लगातार राशि आबंटित की जा रही है। महापौर सफीरा साहू ने कहा की गढबो नवा छत्तीसगढ़ की अवधारणा अनूरूप शहर का समेकित विकास किया जा रहा हमारा नारा है गढबो नवा जगदलपुर एवं इस हेतु हमारे विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग रेखचंद जैन का सहयोग एवं आशीर्वाद हमेशा प्राप्त होता रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद एवं एम आई सी सदस्य राजेश राय, विक्रम सिंह डांगी, पार्षद ललिता नाग, मनोनीत पार्षद सुरेंद्र झा, अमरनाथ सिंह, वरिष्ठ नेता गौरनाथ नाग, परमजीत सिंह जशवाल, यशपाल ठाकुर, अवधेश झा, विजय सिंह, ललित नाहटा,छविश्याम तिवारी, समेत बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

## ग्रामीण बैंक के पहले ग्राहक सेवा केंद्र का हुआ शुभारंभ

**जगदलपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के द्वारा वृद्धि एवं महिला उपभोक्ताओं को उनके घर के पास सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर सीमा से लगे ग्राम पंचायत अरवल के बायपास चौक पर ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन शुक्रवार को छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष आईके गोहिल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह प्रयोग के तौर पर प्रदेश का पहला केंद्र है जहां पर बैंक मित्रों के द्वारा पासबुक इंट्री प्रिंटिंग का कार्य भी हो सकेगा। इसके माध्यम से घर के पास ही लोगों को बैंकिंग सुविधा मिल पाएंगी। भविष्य में इस केंद्र से अर्जुन की सुविधा भी उपभोक्ताओं को मिले इसकी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि पूरे प्रदेश में 1000 से





**उपभोक्ताओं को पासबुक इंट्री प्रिंटिंग की भी सुविधा होगी उपलब्ध : गोहिल**

अधिक ग्राहक सेवा केंद्र खोलने की योजना है यह भविष्य की सुविधाओं पर निर्भर करेगा। इस दौरान जनरल मैनेजर अरविंद मित्तल मुख्य प्रबंधक शिशिर शुक्ल नागेंद्र सिंह राजपूत, क्षेत्रीय प्रबंधक सुभाष नायडू वरिष्ठ प्रबंधक प्रभु लिंगाया बेदी, संदीप कुमार, आईरिक्स के निर्देश जी. श्रीनिवास राव के साथ उपभोक्ता एवं बैंक के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## 10 कदम गरीबी खत्म नारे के साथ छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे उतरेगी चुनाव समर में : अमित जोगी

**जगदलपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश अध्यक्ष जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के अध्यक्ष अमित जोगी ने शुक्रवार को स्थानीय पत्रकार भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान आगामी विधानसभा को लेकर शपथ पत्र जारी करते हुए कहा कि 10 कम गरीबी खत्म नारे के साथ पार्टी चुनाव समर में उतरेगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जगदलपुर आगमन और नगरनार इस्पात संयंत्र के लोकार्पण और कांग्रेस के द्वारा उसका विरोध किए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी के कारण ही नगरनार इस्पात संयंत्र का स्थापना हो सका। कांग्रेस नगरनार इस्पात संयंत्र के निजीकरण का विरोध कर रहा है लेकिन एनएमडीसी खदान का नवीनीकरण भी कांग्रेस ने बिना किसी शर्त पर कर दिया। उन्होंने दोनों पार्टियों पर मिली भगत का आरोप लगाते हुए बस्तर की जनता को चले जाने की बात कही।





पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि घोषणा पत्र से अब जनता का विश्वास हट चुका है, इसलिए वे ?100 के स्टांप पेपर पर शपथ पत्र दे रहे हैं ताकि इसे पूर्ण नहीं करने पर उन्हें सजा हो सके इसी तरह अन्य पार्टियों से भी शपथ पत्र प्रस्तुत करने की बात उन्होंने कही। अजीत जोगी ने अपने शपथ पत्र में कहा है कि ?4000 प्रति चिंटल धान की खरीदी करेंगे, इसके अतिरिक्त प्रति एकड़ ?10000 प्रोत्साहन राशि किसानों को देंगे। खेती के लिए निशुल्क बिजली किसानों को दी जाएगी। 60 वर्ष से कम आयु के गरीब रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहे दिव्यांगों, विधवाओं ,विदूरों और समस्त पंजीकृत बेरोजगारों को ?3000 सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जाएगी और 60 वर्ष से ऊपर के लोगों को 4500 रुपए प्रतिमा सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जाएगी । 15 वर्षों से ज्यादा जमीन के कब्जाधारियों को प्राथमिकता से पट्टा प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को, गरीबी रेखा से नीचे के लोगों को ?5 लाख में जोगी निवास के नाम से बीएचके आवास प्रदान किया जाएगा। सभी कच्चे मकानों को पक्का मकान बनाया जाएगा। शासकीय और निजी सभी कंपनियों के रिक्त पदों पर 95 प्रतिशत स्थानीय लोगों की भर्ती होगी। 8 वर्ष से अधिक कार्य करने वाले दैनिक वेतन भोगी और आने में कर्मचारियों को तत्काल नियमित किया जाएगा। बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनके खातों में ? 1लाख फिक्स्ड डिपॉजिट किया जाएगा। सभी वर्ग के गरीब लोगों को स्वरोजगार स्थापित करने के लिए ?5 लाख प्रदान किया जाएगा। जगदलपुर को उप राजधानी बनाया जाएगा और उच्च न्यायालय खंडपीठ की स्थापना की जाएगी। सभी शासकीय अस्पतालों को सर्व सुविधा युक्त बनाया जाएगा ताकि कोई भी व्यक्ति को निजी अस्पतालों में उपचार के लिए जाना ना पड़े। पत्रकार वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष नवनीत चांद के साथ अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बादल अकादमी आसना में राज्य स्तरीय अंगना म शिक्षा प्रशिक्षण-कार्यशाला



**जगदलपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। जगदलपुर के बादल संस्था में राज्य स्तरीय अंगना म शिक्षा कार्यक्रम का प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के अगले चरण की तैयारी के लिए राज्य के समस्त जिलों से आए लगभग 60 से अधिक शिक्षिकाओं सहित कोर ग्रुप तथा प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सदस्यों की आपस में चर्चा हुई । उक्त कार्यक्रम में बस्तर जिले के जगदलपुर के डीएमसी अखिलेश मिश्रा, एपीसी अखिलेश त्रिपाठी और सभी बीआरसी उपस्थित रहे।

उक्त कार्यक्रम में रायपुर समग्र शिक्षा कार्यालय रायपुर से ताराचंद जायसवाल तथा समग्र शिक्षा एपीसी राजकुमार चापेकर तथा प्रथम टीम से राज्य प्रतिनिधि गौरव शर्मा उपस्थित रहे। राज्य भर के अंगना मं शिक्षा के कोई टीम के सदस्य रायपुर संभाग से श्रीमती रीता मंडल तथा प्रीति शांडिल्य, बिलासपुर संभाग से सीमा मिश्रा व सावित्री सेन, दुर्ग संभाग से नंदनी देशमुख तथा बस्तर संभाग से राधा धृतलहरे तथा आशा कुरैशी उपस्थित रहे। अंगना मं शिक्षा

**शिक्षिकाओं तथा कोर ग्रुप के सदस्यों ने लिया हिस्सा**

कार्यक्रम तीन वर्षों से राज्य में संचालित हो रहा है जिसके अंतर्गत आंगनबाड़ी के बच्चों तथा उनके माताओं को महिला शिक्षिकाओं के नेतृत्व में घर पर रहकर अपने बच्चों को सीखने-सिखाने हेतु प्रशिक्षित किया गया है। माताओं को घर में उपलब्ध सामग्रियों के माध्यम से जैसे फलों, सब्जियों-बर्तन से गिनती गतिविधियां कराई गई। अंगना मं शिक्षा कार्यक्रम के तहत सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली और एक्टिव माता को एएमसी स्मार्ट माता के रूप में क्राउन से सम्मानित जाता है ।

इस कार्यक्रम के आयोजन के साथ अंगना मं शिक्षा के प्रारंभ से लेकर वर्तमान में संचालन पढ़ाई तिहार से संबंधित अन्य मुद्दों पर गहन चर्चा हुई । कार्यक्रम के संचालन के समय विद्यालय स्तर पर किए जा रहे कार्य तथा आने वाली समस्याओं की चर्चा की गई। शिक्षिकाओं ने अपने विगत 3 वर्षों में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के तहत किए गए कार्यों का फीडबैक प्रस्तुत किया। सबसे बेहतर फीडबैक देने वाली तीन शिक्षिकाओं को जिला स्तरीय प्रशस्ति पत्र तथा शील्ड से सम्मानित किया गया तथा उन्हें उत्कृष्ट एक्टिव टीचर से नवाजा गया। कार्यक्रम के दौरान अंगना मं शिक्षा कार्यक्रम के सदस्यों के द्वारा विभिन्न गतिविधियां कराई गई, जिसमें सभी शिक्षिकाओं को 12 ग्रुप में विभाजित कर कार्यक्रम के संचालन के समय आने वाली समस्याओं को प्रश्न ग्रुप प्रस्तुत कर उनके जवाब ढूंढ़े गए । प्रश्नों के साथ समूह के प्रदर्शनी के पश्चात चयनित 6 प्रश्नों का व्यवस्थित उत्तर तैयार कर चर्चाओं के साथ कार्यक्रम को पूर्णता की ओर प्रसारित किया गया ।

## आकांक्षी विकासखंड तोकापाल में संकल्प सप्ताह के तहत स्वच्छता शिविर

**जगदलपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। संकल्प सप्ताह में आकांक्षी विकास खण्ड तोकापाल के अंतर्गत 05 अक्टूबर को स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वच्छता शिविर में स्वच्छ घर, स्वच्छ गांव, स्वच्छ पंचायत हेतु सभी ग्राम पंचायत में सुबह 8 बजे से स्वच्छता रैली और प्रात: 10 बजे स्वच्छता दौड़ सहित प्रात: 10.30 बजे स्वच्छता हेतु सभी ग्राम पंचायत एवं स्कूल में रंगोली कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं प्रात: 11 बजे से ग्राम सभा बैठक के साथ स्वच्छता का ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों के द्वारा शपथ ली गई और शाम को स्वच्छता मशाल रैली सभी ग्राम पंचायत में निकाली गई। आकांक्षी विकासखंड तोकापाल ब्लाक के जनपद स्तर की स्वच्छता शिविर सप्ताह ग्राम पंचायत राजूर-01 में आयोजित किया गया। जिसमें जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती मौर्य, उपाध्यक्ष कामिनी ठाकुर, राजूर-01 के सरपंच सुबरी कश्यप, राजूर-02 के सरपंच बुधराम मौर्य, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एस0 एल0 देवांगन,पंचायत निरीक्षक हरिश पाण्डे सहित पंचायत पदाधिकारी और सभी स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं, मितानिन, कोटवार व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। जिसमें स्वच्छता संबंधी सभी प्रकार की जानकारी ग्रामीणों को प्रदान किया गया।



## बस्तर सीमावर्ती जिला होने पर धान खरीदी कार्य में विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत : कलेक्टर



**खरीफ वर्ष 2023-24 की धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

**जगदलपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के.ने कहा कि धान खरीदी के लिए सभी व्यवस्था समय पर तैयार रखे। उन्होंने सभी अनुविभागीय दंडाधिकारियों को गिरदावरी-खसरा कार्य का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए कहा कि बस्तर सीमावर्ती जिला होने पर धान खरीदी कार्य में विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। कलेक्टर गुरुवार की शाम को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में खरीफ वर्ष 2023-24 की धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा बैठक ली।

कलेक्टर श्री विजय ने बैठक में अधिकारियों को समिति प्रबंधकों और ऑपरेटरों का प्रभार को परिवर्तन करने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वसनीय व्यक्ति के रूप में चिन्हांकित राजस्व, कृषि विभाग के मैदानी अमलों को धान खरीदी के व्यवस्था की तैयारी, बारदाना की व्यवस्था, किसानों का वेरिफिकेशन करवाने पर जोर दिया। कलेक्टर ने समय-सीमा में किसान पंजीयन, वन अधिकार मान्यता पत्र पट्टा धारक किसानों का पंजीयन कार्य को भी प्राथमिकता से पूर्ण करने कहा। उन्होंने सभी पटवारियों को नवीन पंजीकृत किसानों का व्यक्तिगत रूप से वेरिफिकेशन करने पर जोर दिया। साथ ही पहली बार धान खरीदी करवाने वाले पटवारी, एईआरओ की जानकारी लेकर धान खरीदी कार्य शिद्दत से करवाने क निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से बारदाना की स्थिति, मक्का खरीदी की तैयारी, बफर लिमिट से अधिक खरीदी केन्द्रों के सम्बंध में चर्चा कर पिछले तीन साल के खरीदी के स्तर का आंकलन कर जानकारी देने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल, सभी एसडीएम, खाद्य, सहकारी और खाद्य व विपणन विभाग के अधिकारी और समिति प्रबंधक उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री से लेकर भाजपाध्यक्ष और केन्द्रीय मंत्री आरक्षण बिल पर चुप क्यों हैं : कांग्रेस

**जगदलपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सीडब्ल्यूसी मेंबर के. राजू कांग्रेस एस सी डिपार्टमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोटिया,एस टी डिपार्टमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवाजी राव मोघे ने स्थानीय जगदलपुर के राजीव भवन में केन्द्र सरकार को आड़े हाथों लेते हुए प्रेस वार्ता में कांग्रेस के नेताओं ने पूछा प्रधानमंत्री से लेकर भाजपाध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री आरक्षण बिल पर क्यों चुप हैं। भाजपा के दबाव में आरक्षण विधेयक रूका हुआ है। आरक्षण बिल पर भाजपा के रवैय्या को कांग्रेस जनता तक ले जायेगी। कांग्रेस सरकार ने सर्वसमाज के हित में राज्य के अनुसूचित जनजाति,अनुसूचित जाति,ओबीसी,अनारक्षित वर्ग के गरीबों के हित में आरक्षण संशोधन विधेयक विधानसभा में पारित करवा कर राजभवन भेजा है। दुर्भाग्यजनक है आरक्षण विधेयक कानून का रूप नहीं ले पा रहा । वंचित वर्गों को उनका संवैधानिक हक भाजपा के षड़यंत्रों के कारण नहीं मिल पा रहा है। आरक्षण संशोधन विधेयक को राजभवन में 9 महिनों से अटका हुआ है। अभी तक राजभवन ने इस पर हस्ताक्षर नहीं किया है। भाजपा के आरक्षण विरोधी रवैय्ये को कांग्रेस जनता के बीच लेकर जायेगी। भाजपा आरक्षित वर्ग के गरीबों के हितों में बाधक बनी हुई है। इस विधेयक में अनुसूचित जनजाति के लिये 32 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिये 13 प्रतिशत तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के लोगो को भी 4 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। 76 प्रतिशत का आरक्षण सभी वर्गों की आबादी के अनुसार निर्णय लिया है। यह विधेयक यदि कानून का रूप लेगा तो हर वर्ग के लोग संतुष्ट होंगे।





**केन्द्र सरकार नगरनार को बेचने की प्रक्रिया शुरू कर चुकी है मोदी ने नगरनार को लेकर सफेद झूठ बोला है : कांग्रेस**

कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बस्तर में एक बार फिर झूठ बोला कि नगरनार संयंत्र को उनकी सरकार निजीकरण नहीं कर रही है। मोदी सरकार ने नगरनार इस्पात संयंत्र के निजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री ने राजनैतिक बयानबाजी में झूठ बोलकर अपने पद की गरिमा को गिराया है। मोदी सरकार नगरनार इस्पात संयंत्र को बेचना चाहती है तथा इस संयंत्र को खरीदने के लिये उद्योगपतियों ने सर्वे भी शुरू कर दिया है तथा उद्योगपतियों को बोली लगाने के लिये नियम शर्ते भी मोदी सरकार ने बना दिया है। प्रधानमंत्री बस्तर और प्रदेश की जनता को जवाब दें कि वे झूठ क्यों बोल रहे हैं। 14 अक्टूबर 2020 में भारत सरकार ने एनएमडीसी (नगरनार) स्टील प्लांट में 50.79 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने का निर्णय लिया था।

धान खरीदी को लेकर कांग्रेस नेताओं ने कहा प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता छत्तीसगढ़ में आकर लगातार झूठ बोल कर जाते है कि छत्तीसगढ़ धान खरीदी केंद्र सरकार करती है । छत्तीसगढ़ में धान कांग्रेस सरकार अपने खुद के दम पर खरीदती है धान खरीदने में केन्द्र

सरकार का एक पैसे का भी योगदान नहीं है। राज्य सरकार धान खरीदी मार्कफेड के माध्यम से करती है इसके लिये मार्कफेड विभिन्न वित्तीय संस्थाओं से ऋण लेती है तथा इस ऋण के लिये बैंक गारंटी राज्य सरकार देती है तथा धान खरीदी में जो घाटा होता है उसको भी राज्य सरकार वहन करती है। पिछले वर्ष मार्कफेड ने लगभग 35000 करोड़ का ऋण धान खरीदी के लिये लिया था। मोदी सरकार तो घोषित समर्थन मूल्य से 1 रूपये भी ज्यादा कीमत देने पर राज्य सरकार को धमकाती है की वह राज्य से केन्द्रीय योजनओं के लिये लगने वाला चावल नही खरीदेंगे । अकेली छत्तीसगढ़ सरकार है जो अपने धान उत्पादक किसानों को देश में सबसे ज्यादा कीमत देती है। वहीं केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ से इस वर्ष 86 लाख टन चावल लेने का एमओयू करती है लेकिन बाद में >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनांतर्गत 34 हितग्राहियों के बैंक ऋण स्वीकृत



**कोण्डागांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर दीपक सोनी की अध्यक्षता में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की टास्क फोर्स समिति की द्वितीय चरण की बैठक का आयोजन शुक्रवार को किया गया, जिसमें कलेक्टर ने मुख्य मंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 के लिए स्वरोजगार हेतु जिले के युवाओं द्वारा प्राप्त आवेदनों पर विस्तृत चर्चा करते हुए 34 आवेदकों के लिए आवेदनों को बैंक ऋण हेतु आवेदनों को अनुमोदन हेतु स्वीकृति प्रदान किया।

उन्होंने युवाओं से ऋण के माध्यम से उनके द्वारा जिन स्वरोजगारों की स्थापना करना चाहते हैं, के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए उनसे संबंधित क्षेत्रों में जानकारी प्राप्त की और उन्हें अपने आसपास की और भी लोगों को स्वरोजगार हेतु ऋण प्राप्त कर स्वयं का उद्यम स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित करने को कहा एवं उन्हें उत्कृष्ट कार्य करते हुए अपने उद्यमों एवं स्वरोजगार को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी दूसरों के लिए अपनी मेहनत से एक मिसाल प्रस्तुत करेंगे, जिसका आने वाली पीढ़ियां अनुशरण कर लाभ प्राप्त करेंगी।

### कलेक्टर ने किया अनुमोदन

टेंट हाउस हेतु कज्जूराम, भूमिका पटेल, दशरूराम शोरी, मोबाइल शॉप के लिए हरीचन्द मानिकपुरी, नागेश सेठिया, कपड़ा दुकान हेतु बेनुदास बघेल, सुकलाल सलाम, कमिला पाण्डे, चंपाबाई ठाकुर, लोक सेवा केंद्र हेतु इंद्र कुमार मरकाम, स्टेशनरी हेतु दिलीप कुमार नेताम, ब्यूटी पार्लर के लिए मीरा मंडावी, फैंसी स्टोर के लिए प्रह्लाद दीवान, पूनम ठाकुर, बीज भंडार हेतु नरेश कुमार मरकाम, हार्डवेयर दुकान हेतु भूमिका सेठिया, किराना दुकान हेतु पार्वती मरकाम, प्रेमसिंह प्रधान, गरिमा नेताम, संपतराम नेताम, गजेंद्र कुमार, सुभाष कुमार मरापी, बजरंग मरकाम, श्यामलाल नेताम, धर्मेंद्र कुमार नेताम, संजूराम नेताम, करन नेताम, भूपेंद्र कुमार मरकाम, प्रदीप कुमार नेताम, जनरल स्टोर के लिए महेन्द्र कुमार मरकाम, फोटो स्टूडियो के लिए रविन्द्र, मनिहारी दुकान के लिए द्वारिका प्रसाद, ऑनलाइन सर्विस के लिए सगदेव नाग के आवेदनों को बैंक प्रेषण हेतु अनुमोदन के लिए स्वीकृति प्राप्त हुई।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रेम प्रकाश शर्मा, जिला रोजगार अधिकारी पवन नेताम, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक जैवियर टोप्पो, प्रबंधक कुसुमलता नेताम, सहायक प्रबंधक नम्रता एल्मा, आईटीआई अधीक्षक चन्द्रभान सिंह मरावी, आईटीआई प्रतिनिधि विजयंत साहू उपस्थित रहे।

# नोटिस के बाद एसआर काव्यांश मेडिकल का लायसेंस सात दिनों के लिए निलंबित

**कोण्डागांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। खाद्य एवं औषधि प्रशासन कोण्डागांव द्वारा जिले संचालित सभी मेडिकल स्टोर्स में जांच लगातार की जा रही है, जिसके अंतर्गत कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन डॉ.आर.के.सिंह के मार्गदर्शन में औषधि विभाग द्वारा बड़ेराजपुर ब्लॉक के सलना ग्राम में संचालित एस.आर.काव्यांश मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण 14 सितम्बर 2023 को किया गया था। निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर संचालन हेतु सभी आवश्यक दस्तावेजों की जाँच की गई। औषधि निरीक्षक द्वारा मेडिकल स्टोर के निरीक्षण में औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन सामाग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत् अनियमितताएं पायी गई थीं एवं फर्म में बिल बुक तथा शेड्युल एच 1 रजिस्टर नियमानुसार संधारित नहीं किया गया था, जिसके लिये फर्म के संचालक रूपेश कुमार पटेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, किन्तु फर्म के संचालक का जवाब संतोषप्रद न होने पर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी ने इस कृत्य को गंभीर लापरवाही मानते हुए फर्म एस.आर.काव्यांश मेडिकल स्टोर का ड्रग लायसेंस सात दिवस के लिए निलंबित किया है। वहीं सितंबर माह में किये गये अन्य जांच में फरसगांव में संचालित सिद्धी मेडिकल स्टोर, गिरोला के कान्हा मेडिकोज एवं बनियागांव के सेल्जा फार्मेसी के ड्रग लायसेंस को भी कमियां पाये जाने पर निलंबित किया गया था।



निरीक्षण के दौरान औषधि निरीक्षक ने सभी मेडिकल संचालकों को अपने अपने फर्म में शीघ्र ही सीसीटीवी कैमरा लगाने एवं सिंगल यूज पॉलीथिन या अन्य किसी भी प्रकार के पॉलीथिन का इस्तेमाल न करने के भी निर्देश दिये है। औषधि विभाग द्वारा सभी मेडिकल संचालकों को दवाईयों के कय विकय दस्तावेजों एवं शेड्यूल 11 रजिस्टर का नियमानुसार संधारण एवं स्वापक-मन: प्रभावी औषधि, एमटीपी किट जैसे औषधियों को पंजीकृत डॉक्टर के प्रिस्कीप्सन के बिना विक्रय न किए जाने के निर्देश दिए गए है। निरीक्षण दल में औषधि निरीक्षक सुखचैन सिंह धुर्वे एवं नमूना सहायक रामसिंह कंवर शामिल रहे।

# पालक सम्मान समारोह आयोजित



**सरायपाली,** 6 अक्टूबर (देशबंधु)। विंध्यवासिनी इंग्लिश मीडियम स्कूल बनडबरी बी में आयोजित पालक सम्मान समारोह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ चौहान सेना के प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती चातुरी डिग्रीलाल नंद के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चातुरी नंद ने कहा कि बच्चो के स्किल डेवलपमेंट के लिए पालक शिक्षक सम्मेलन का होना अनिवार्य है और सम्मेलन में पालकों को सम्मानित करके शिक्षक और पालकों के बीच मधुर संबंध स्थापित किया उसके लिए शाला परिवार को साधुवाद दिया। विंध्यवासिनी इंग्लिश मीडियम स्कूल बनडबरी बी के विद्यालय भवन के लिए लगभग डेढ़ एकड़ जमीन दान देने वाले करम सिंह बाघ का धोती पंछा और श्रीफल से सम्मान किया गया साथ ही शाला विकाससमिति के अध्यक्ष भोजराम बरिहा और सर्किल चपरासी संवरा समाज हेमलाल बरीहा का भी धोती पंछा और श्रीफल से सम्मान किया गया शाला विकाससमिति के उपाध्यक्ष जमदरहा निवासी लक्ष्मण बाघ ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गांडा समाज के परिक्षेत्र अध्यक्ष अघोरी चौहान उसूम कुमार बरिहा उदयलाल चौहान केंवारा चौहान चमन चौहान शशि कांत चौहान युगल चौहान लक्ष्मी नारायण चौहान कोटवार मनोज चौहान देवकी चौहान का विशेष योगदान रहा कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक सुशील चौहान ने किया।

# विकास की बयार रुकने नहीं देंगे : मरकाम

### माकड़ी ब्लॉक में 3 स्टॉपडेम निर्माण सहित विकास कार्यों हेतु राशि स्वीकृत

**कोण्डागांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोंडागांव विधान सभा के विकास में कड़ी दर कड़ी विकास के नए आयाम स्थापित करने वाले कोंडागांव के विकास के लिए सतत् प्रयत्नशील केबिनेट मंत्री सह कोंडागांव विधायक मोहन मरकाम के नाम एक और कड़ी जुड़ गई। कोंडागांव विधान सभा के माकड़ी ब्लॉक मुख्यालय माकड़ी के भेलवापदर से डोंगरीपारा मार्ग में स्टॉपडेम सह पुलिया निर्माण हेतु रु.275 लाख, बुडरा नाला में स्टॉप डेम निर्माण हेतु रु.239 लाख और जरण्डी में एनीकट निर्माण हेतु रु.195 लाख की स्वीकृति मिली और जिसका निर्माण भी जल्द प्रारम्भ होगा। नि:सन्देह इनके निर्माण से किसान बाहुल्य क्षेत्र में आने वाले समय में किसान अब बारहमासी अपने खेतों में विभिन्न फसल उगा सकेंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी, आय के स्त्रोत बढ़ेंगे जिससे उनके जीवन स्तर में प्रगति होगी। एक तरफ छग की भुपेश बघेल के नेतृत्व की कांग्रेस सरकार के द्वारा धान का समर्थन मूल्य रु.2800 प्रति चिंटल करने से किसानों में कृषि कार्य के प्रति उत्साह बढ़ा है, वहीं आने वाले समय में इथेनॉल प्लांट में मक्का खरीदी प्रारम्भ होने के बाद क्षेत्र के किसान मक्के का अधिक उत्पादन कर अपनी फसल का उचित दाम पा सकेंगे और ऐसे में इन स्टॉप डेमों के निर्माण से खेती किसानी के लिए उनकी पानी की समस्या से उन्हें निजाद मिलेगी। विकास कार्य की सूची को अनवरत जारी रखते हुए उनके प्रयासों से डीएमएफटी फंड से ग्राम पंचायत सातगांव, उमरगांव अ, गिरोला व मुलमुला में सी.सी.सड़क निर्माण हेतु रु. 38.50 लाख की स्वीकृति मिली। मोहन मरकाम के प्रयासों से मिली स्वीकृति के लिए समस्त ग्रामवासियों ने उन्हें आभार व्यक्त करते हुए आने वाले चुनाव में फिर से उन्हें अपना समर्थन देने की बात कही, ताकि कोंडागांव का विकास अनवरत जारी रहे।



# हरिहर शाला में मनाई गई आत्मानंद जयंती



**नवापारा राजिम,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद योजनान्तर्गत संचालित हरिहर अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में आज 6 अक्टूबर को स्वामी आत्मानंद की जयंती मनाई गई इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगोली से स्वामी आत्मानंद को चित्रित भी किया. जिसमें संस्था प्रमुख प्राचार्य श्रीमती संध्या शर्मा द्वारा स्वामी आत्मानंद के प्रतिमा में माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया. उन्होंने स्वामी आत्मानंद के जीवन से संबंधित रोचक एवं प्रेरक प्रसंगों को उल्लेखित किया. इस उपलक्ष में संस्था प्रमुख प्राचार्य मैडम के साथ सेजेस हरिहर अंग्रेज़ी माध्यम के एफक्के दानी, ओमकार साहू स्नेहा साहू रेणुका साहू खुशी सिखा यादव काजल चौबे प्रगति बरेट अर्चना सिंह सौरभ साहू हिमानी दास अल्फिया बानो डॉली साहू, चंद्रकांत धनकर सभी शिक्षक एवम छात्र-छात्रा उपस्थित थे.

### चौतन्य निषाद ने विखं व जिलास्तर पर प्राप्त किया प्रथम स्थान

**नवापारा राजिम,** 6 अक्टूबर। अंचल के प्रतिष्ठित हरिहर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नवापारा के अंग्रेजी माध्यम में अध्यनरत कक्षा दसवीं के छात्र चौतन्य निषाद ने राष्ट्रीय आविष्कार आरएए अभियान के अंतर्गत गणित एवं विज्ञान प्रश्नोत्तरी में विकासखंड एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला एवं नगर का गौरव बढ़ाया है। छात्र की इस उपलब्धि पर संस्था प्राचार्य श्रीमती संध्या शर्मा सहित समस्त स्टाफ ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।



## निधन

### इंद्रवीर सिंह जुनेजा

**रायपुर,** 6 अक्टूबर। इंद्रवीर सिंह जुनेजा (टीटू) सुपुत्र स्व. मालिकसिंह जुनेजा / संत कौर नहरपारा का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 7 अक्टूबर शनिवार को सुबह 11 बजे उनके निवास अमलीडीह से राजेंद्र नगर मुक्तिधाम हेतु जाएगी।



### राजूराम बंजारे

**झलप,महासमुंद,** 6 अक्टूबर। ग्राम मानपुर निवासी राजूराम बंजारे 80 वर्ष का 6 अक्टूबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम मानपुर में किया गया। वे कृषि उपज मंडी समिति महासमुंद के अध्यक्ष हीरा बंजारे, बाबूलाल बंजारे के पिता व ग्राम पंचायत मानपुर के सरपंच श्रीमती बृजेन हीरा बंजारे के ससुर थे।



# कलेक्टर ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक

### आचार संहिता से पूर्व तैयारियों को पुख्ता रखने के दिए निर्देश

**कोण्डागांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी ने आगामी विधान सभा चुनाव- 2023 से संबंधित निर्वाचन व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए शुक्रवार को नोडल अधिकारियों को सौंपे गये निर्वाचन संबंधी कार्यों की समीक्षा की।

कलेक्टर ने कहा कि शीघ्र ही निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता लागू की जाएगी। उन्होंने मतदान कार्मिक दल, मानव संसाधन, प्रशिक्षण, कम्युनिकेशन प्लान, एमसीएमसी, ईवीएम एवं स्ट्रांग रूम संबंधी प्रोटोकाल, मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी, डाक मतपत्र, मतपत्र मुद्रण, परिवहन, रूट चार्ट, पार्किंग, मतदान केन्द्रों में विद्युत व्यवस्था, व्यय लेखा, निर्वाचन संबंधी शिकायतें, जिला स्तरीय कंट्रोल रूम, क्रिटिकल मतदान केन्द्रों की वेबकास्टिंग एवं वीडियोग्राफी, आदर्श आचरण संहिता, एफएसटी, व्हीव्हीटी, एसएसटी का गठन, नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की व्यवस्था, मतदान केन्द्रों में दिव्यांग सहायता केन्द्र तथा स्वयंसेवकों के साथ ही आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता, डाकमत पत्र, मतदान पूर्व, मतदान के बाद की व्यवस्थाओं एवं दलों के प्रशिक्षण के बारे में विस्तारपुर्वक चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राप्त नवीनतम निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुरुप पत्रकों में समय-सीमा में जानकारी प्रेषित की जाने और इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने और निर्वाचन हेतु नियुक्त सभी अधिकारियों की ट्रेनिंग आयोजित कर ली जाने के निर्देष दिए। आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत की जाने वाली कार्रवाई से भी अधिकारियों को अवगत कराया। सभी रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों की सभी आवश्यक ट्रेनिंग आयोजित करवाई जाये। इस दौरान वन मंडलाधिकारी एन गुरुनाथन, आर.के.जांगड़े, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमप्रकाश शर्मा, अपर कलेक्टर चित्रकांत ठाकुर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा ठाकुर सहित नोडल अधिकारी उपस्थित थे।



# कांग्रेस-भाजपा सहित सभी राष्ट्रीय पार्टी विस चुनाव में ओबीसी को दे 54 फीसदी टिकट : अधिवक्ता साहू

**कुरूद,** 6 अक्टूबर(देशबंधु)। ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू (राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ) ने कांग्रेस भाजपा सहित सभी राष्ट्रीय दलों से आगामी विधानसभा चुनाव में ओबीसी समाज को जनसंख्या के अनुपात में 54त्न अर्थात 90 विधानसभा में से 48 सीट देने की मांग करते हुए कहा कि विगत कुछ वर्षों में ओबीसी समाज में आई राजनितिक जागृति आगामी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में निर्णायक भुमिका अदा करेगी, चाहे विधानसभा हो या लोकसभा हर सीट पर ओबीसी वर्ग का दबदबा दिन ब दिन बढ़ते जा रही है जिसे देखते हुए कांग्रेस भाजपा सहित तमाम राजनीतिक पार्टियों ओबीसी समाज को साधने में जी जान से जुट गईं हैं। श्री साहू ने आगे कहा कि सभी पार्टियां इस बार अन्य पिछड़ा वर्ग के वोटर्स को साधने में लगी हैं, जिसके लिए कई प्रपंच किए जा रहे है, एक ओर जहां कांग्रेस ओबीसी को साधने के लिए राज्य सरकार के द्वारा आरक्षण और योजनाएं लाने का दिखावा कर रही हैं तो वहीं दूसरी ओर प्रमुख विपक्षी दल बीजेपी पार्टी के बड़े पदों पर ओबीसी वर्ग के जनप्रतिनिधियों को बिठाकर ओबीसी हितैषी होने का ढोंग कर रही है किंतु दोनो ही दल संसद मे जातीय जनगणना कर समान हिस्सेदारी और सामाजिक सुरक्षा कानून लाने पर बहस के सिवाय कानूनी अमली जामा पहनाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है जिसे ओबीसी समाज के प्रत्येक जागरुक व्यक्ति भली-भांति देख व समझ रहे है।



उन्होंने राजनीतिक दलों को नसीहत देते हुए कहा कि जिस तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा में अनुसूचित जाति के लिए 10 सीट अनुसूचित जनजाति के लिए 29 सीट उनकी आबादी के अनुपात में आरक्षित है, ठीक उसी तरह जो भी पार्टी अपनी जीत सुनिश्चित करना चाह रही हैं वह ओबीसी वर्ग को 90 में से 48 सीट टिकट देकर ओबीसी हितैशी होने के अपने दावों को प्रमाणित करें अन्यथा परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें।

## प्रादेशिकी का शेष...

### प्रधानमंत्री से लेकर भाजपाध्यक्ष ...

केंद्र इस एमओयू से चावल लेने की मात्रा घटाकर 61 लाख मीट्रिक टन कर देता है। यह छत्तीसगढ़ के साथ दुर्भावना नहीं है तो और क्या है? आपको विभिन्न योजनाओं में चावल देने के लिये चाहिये आपके पास स्टॉक भी नहीं है। छत्तीसगढ़ राज्य में किसान भरपूर धान पैदा कर रहे यहां पर इस वर्ष कांग्रेस की सरकार ने 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा है। छत्तीसगढ़ में चुनाव है। छत्तीसगढ़ सरकार को असहयोग करना है इसलिये वहां की सरकार से चावल नहीं लेना है यह केंद्र की दुर्भावना है। केंद्र भले एक दाना चावल मत ले कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़ के किसानों का दाना- दाना धान खरीदेगी।इस वर्ष भी कांग्रेस सरकार ने 20 च्ंिटल प्रति एकड़ धान खरीदी का लक्ष्य रखा है तथा इस वर्ष राज्य के किसानों से कांग्रेस सरकार 125 लाख मीट्रिक टन धान खरीदेगी। प्रेस वार्ता में जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य,एलडीएम नेशनल कन्वीनर नशीर अहमद,एलडीएम लोकसभा को आर्डिनेटर जावेद खान, विधायक रेखचंद जैन,महापौर सफीरा साहू, इंद्रावती विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष राजीव शर्मा,पूर्व जिला अध्यक्ष मनोहर लूनिया,पूर्व महापौर जतिन जयसवाल,जिला प्रवक्ता अवधेश झा,सादाब खान,असीम सूता आदि मौजूद थे।

# बैंक, एटीएम के बाहर सुरक्षागार्ड नहीं

**खरोरा**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले रायगढ़ में कुछ दिन पहले एक्सिस बैंक में लुटेरों ने करीब 5 करोड़ 63 की डकैती की थी। इसके बाद पुलिस ने बैंकों में पहुंचकर सुरक्षा उपाय के इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए थे। लेकिन खरोरा के संचालित अधिकांश बैंकों में सुरक्षा के कोई उपाय नहीं किए जा रहे हैं।

खरोरा में 7 बैंक संचालित हो रहे हैं। संवाददाता ने पड़ताल की तो अधिकांश बैंकों में कई खामियां नजर आईं। एक दो बैंक को छोड़ दें तो किसी भी बैंक में सुरक्षा के बेहतर इंतजार नहीं हैं। यहां तक कि बैंकों में सुरक्षा के लिए गार्ड भी नहीं हैं। इसके साथ ही पार्किंग की भी व्यवस्था न होने से लोग सड़क पर ही दोपहिया और चारपहिया वाहन पार्क कर देते हैं। इससे आए दिन जाम लगता रहता है। इस मार्ग से आने-जाने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इससे हालत बद से बदतर होते जा रहे हैं। शहर के मुख्य मार्ग होने के चलते हमेशा जाम लगी रहती है। इससे यातायात व्यवस्था बिगड़ जाती है। इसके साथ ही बैंकों में केवल अंदर सीसी कैमरे लगाए गए हैं। बैंकों के बाहर अधिकांश बैंकों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे है। इसलिए बैंक के आसपास या सड़कों में आने-जाने वाले लोग दिखाई नहीं देते। वहीं यहां बाहर कैमरे लगे हैं वे कम रेंज के है। जो केवल बैंक तक ही सीमित रहते हैं लिए बैंकों में लूट की घटना के बाद लुटेरों को पकड़ने में पुलिस को कई तरह की दिक्कतें आती हैं।



**कई बैंकों में अलार्म महीनों से खराब**

कई बैंकों में अलार्म महीनों से खराब है। या धीमी आवाज है। इसी तरह जिन बैंक में गार्ड है वे बाहर के बजाए अंदर बैठे रहते है। जांच के दौरान पुलिस ने बैंक प्रबंधकों को 24 घंटे गार्ड रखने, कर्मचारियों और कैश वाहन के कर्मचारियों का सत्यापन कराने, पार्किंग व्यवस्था, बैंकों के प्रवेश द्वार व भीतर पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी, पुलिस नियंत्रण कक्ष का मोबाइल नंबर अनिवार्य रुप से लगाने के निर्देश दिए थे। बावजूद अभी तक किसी भी बैंकों के प्रवेश द्वार में पुलिस थाना के नंबर अंकित नहीं किए गए हैं।

इन बैंकों के सामने वाहन पार्किंग की बड़ी समस्या

स्टेट बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, छग राज्य सहकारी बैंक, बैंकों में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। इसलिए सड़कों में कार, दोपहिया वाहन को खड़ी करते हैं।

### सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया विधायक नंद ने

**सरायपाली,** 6 अक्टूबर। ग्राम पंचायत दामोदरहा में बनने वाली सीसी रोड का भूमि पूजन किस्मतलाल नंद उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण एवं विधायक सरायपाली के द्वारा किया गया, ग्रामीणों की लंबित मांग को ध्यान में रखते हुए सीसी रोड की स्वीकृति प्रदान कर ग्रामीणों को आने जाने में सुगम रास्ता का लाभ मिलेगा, ग्रामीण जन भारी उत्साह में नजर आए विधायक ने जो वादा किया था उसे बखूबी निभाया ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक को धन्यवाद दिया इस अवसर पर श्रीमती भूमिसुता प्रधान सरपंच दामोदरहा, राजा अग्रवाल मंडी उपाध्यक्ष सरायपाली, सुनील नायक अध्यक्ष गौठान समिति दामोदरहा, संतलाल पटेल, चंदू चौरसिया, पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



# महिषासुर वध की झांकी, जस जगराता ने तर्री में मचाई धूम



**नवापारा राजिम,** 6 अक्टूबर। शहर से लगे ग्राम तर्री में गणेश उत्सव समिति द्वारा जस जगराता झांकी का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्राम वासियों ने पहुंचकर अर्धरात्रि तक कार्यक्रम को देखा। श्री राजीवलोचन भजन संध्या ग्रुप राजिम की शानदार प्रस्तुति ने सबका मनमोहन लिया। संचालक तुलाराम साहू ने बताया कि टीम के 20 कलाकारों ने महिषासुर बध मे काम किया। गायक भूपेंद्र सोनकर, गायिका लालिमा पटेल ने धार्मिक भजनों की बौछार कर दी। उन्होंने आरूग हे कलसा दाई..., चौत के महिना दाई आबे मंझनी..., हर हर महादेव जैसे सुपरहिट भजनों पर आवाज की जादू बिखेरे। उल्लेखनीय की महिषासुर वध पर देवी दुर्गा दर्शकों के बीच से होकर प्रकट हुए। अपने पास देवी मां को पाकर दर्शक प्रसन्न हो गए और प्रणाम करने लगे। जैसे ही महिषासुर के पास गए फिर युद्ध का भयंकर दृश्य दिखाया गया। अंतत: देवी मां ने भयंकर राक्षस महिषासुर का वध कर दिया। नृत्यांगनाओं के द्वारा शानदार नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन युगल किशोर साहू ने किया। ऑर्गन पर तुलाराम साहू, पैड पर ओजस्वदास, नाल पर रामकुमार देवांगन, सुमित साहू इत्यादि ने संगत किया।

# मंत्री मरकाम ने 72 ग्रामीणों को दिलाया कांग्रेस प्रवेश



## नवप्रवेशियों में 46 महिलाएं 26 पुरुष हैं शामिल

**कोण्डागांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोंडागांव विधायक एवं केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन मोहन मरकाम की अगुआई मे 72 ग्रामीणों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किया। नवप्रवेशी ग्रामीणों ने कहा कि मोहन मरकाम क्षेत्र के लिए मसीहा हैं, महिलाओ के लिए युवाओं के लिए एक बड़े भाई हैं, जो सभी वर्गों को लेकर चलते हैं पार्टी की रीती नीति एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कोंडागांव विधान सभा में हो रहे लगातार कार्यों को देख हमने कांग्रेस प्रवेश किया है। आगामी चुनाव में पुन: मोहन मरकाम को विधायक बनाने छत्तीसगढ़ मे पुन: कांग्रेस की सरकार स्थापित करने के उद्देश्य से कांग्रेस प्रवेश किया है।

मोहन मरकाम ने सभी नवप्रवेशियों को माला व गमछा पहनाकर कांग्रेस पार्टी मे प्रवेश कराया और कहा आपके आशीर्वाद से क्षेत्र विकास की जिम्मेदारी को बखूबी निभाने का प्रयास किया है, आगे भी प्रयास जारी रहेगी। केवल आपके आशीर्वाद की जरूरत है। आप सभी का कांग्रेस परिवार में अभिनन्दन है, आप सभी के प्रयास से पुन: छत्तीसगढ़ मे कांग्रेस स्थापित होगी पुन: भूपेश बघेल की अगुआई में गड़बो नवा छत्तीसगढ़ के तर्ज पर प्रदेश का चैमुखी विकास होगा। नवप्रवेशियों में भारत देवांगन, लखमू नेताम, बलराम देवांगन, बुधराम देवांगन, हरी देवांगन, विद्या देवांगन, तुलसी देवांगन, पोबेण्द देवांगन, रामेश्वर देवांगन, सूखदास देवांगन, चमरा देवांगन, बुधरु पटेल, धनीराम पटेल, सुदन देवांगन, जगनाथ पोयाम, दीपक देवांगन, प्यारी मरकाम, जोगेंद्र देवांगन, राकेश देवांगन, सुरेन्द्र देवांगन, संजू मरकाम, ओमप्रकाश मरकाम, तिलेश्वर देवांगन, खीरेन्द्र मंडावी, नोमेंद्र देवांगन, द्रोपती कौशिक, सुरेखा कौशिक, रीना कौशिक, टेलीमा कौशिक, रेणुका कौशिक, ललिता कौशिक, अनीता कौशिक, सेवती कौशिक, हेमेंद्री कौशिक, डालमनी कौशिक, डिगेश्वरी देवांगन, अनसुईया जुर्री, मंगतीन मरकाम, फुलेश्वरी मरकाम, पार्वती मंडावी, पदमनी मरकाम, रामदई मरकाम, सुकदई मरकाम, सनवारीन मरकाम, हिरन मरकाम, तिलकदई मरकाम, सेवनतीन मरकाम, फूलो मरकाम, कमला मरकाम, प्रमिला मरकाम, हेमबती मरकाम, पारो मरकाम, सोमारी मरकाम, सुकालू मरकाम, रुपमती नेताम, मांगीन बालो नेताम, तिलो बाई नेताम, रामबती मरकाम, शिवराजी मरकाम, डुमनी नेताम, बत्ती बाई, दुर्जन सोरी, निर्मला भोयर, रमशीला बघेल, संगनी जुर्री, धीरन बघेल, बिरजो नरेटी, चरती बाई मरकाम, रामबत्ती मरकाम, शामिल हैं। सभी ग्रामीण मुलमुला मुंडाटिकरा, पिकड़भाटा, धनपुर, बांगाप्लाट, ताराबेड़ा, चाचीबेड़ा ग्राम से हैं।

# महर्षि वाल्मीकि कॉलेज के दो विद्यार्थियों का वॉलीबॉल व शतरंज में राज्य स्तरीय चयन होने पर किया सम्मानित




**भानुप्रतापपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय महर्षि वाल्मीकि महाविद्यालय की छात्रा अमिला पुरामे का राज्य स्तरीय महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में और अमन कुमार रजक का शतरंज में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन होने पर प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया है।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रश्मि ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे महाविद्यालय के लिए बहुत ही गौरव का विषय है कि हमारे कॉलेज से दो-दो विद्यार्थियों का स्टेट लेवल के लिए चयन हुआ है। उन्होंने यहां भी कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी विद्यार्थियों को आगे रहना चाहिए, क्योकि खेल ही शारीरिक व मानसिक स्थिति को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर क्रीड़ा प्रभारी सुषमा चालकी ने कहा कि बीए प्रथम वर्ष में पढ़ने वाली अमिला पुरामे नारायणपुर में आयोजित सेक्टर स्तरीय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता में अच्छी प्रदर्शन के बदौलत ही उनका राज्य स्तरीय में चयन हुई है। अब वे बस्तर विश्विद्यालय की टीम से स्टेट लेवल खेलेंगे। वही बीए अंतिम वर्ष के छात्र अमन कुमार रजक ने जगदलपुर में आयोजित सेक्टर स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में जीत दर्ज करने पर उनका भी चयन स्टेट लेवल में हुआ है। जो हमारे महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। जिसके लिए दो विद्यार्थी बधाई के पात्र हैं। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्यामानंद डेहरिया, छात्रसंघ प्रभारी रमेश कुमार दर्रो, रासेयो एवं आइक्यूएसी प्रभारी रितेश कुमार नाग, केके प्रधान, डॉ. नसीम अहमद मंसूरी, नंदिनी कश्यप, स्नेहा रितेश नाग, उपासना निषाद, आस्था शर्मा, श्रीदाम ढाली, टुपेश कोसमा, धनेश्वर बांधे, मुकेश डहरवाल, योगेश यादव, जीवन साहू, ईश्वर लाल सिन्हा सहित महाविद्यालय में समस्त प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारियों ने दिनों विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कर उज्जवल भविष्य व आगे बढ़ने की कामना की।

# विस उपाध्यक्ष ने जामगांव में 132/33 केव्ही सब स्टेशन का किया भूमिपूजन

## बिजली गुल व लो-वोल्टेज की समस्या से मिलेगा छुटकारा : विस उपाध्यक्ष

**कोण्डागांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले के ब्लॉक केशकाल के ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत लोगों को अब लो वोल्टेज अथवा बिजली गुल होने की शिकायत से निजात दिलाने के लिए गुरुवार को छत्तीसगढ़ विधान सभा के उपाध्यक्ष एवं केशकाल विधायक संतराम नेताम द्वारा केशकाल विकास खंड अंतर्गत ग्राम जामगांव में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रमुखों की मौजूदगी में 08 एकड़ की भूमि में 27 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले 132/33 केव्ही सब स्टेशन का भूमिपूजन किया।



इस संबंध में विधायक संतराम नेताम ने कहा कि गर्मी के मौसम में क्षेत्र में विद्युत की खपत बढ़ने से बड़ेराजपुर, धनोरा एवं केशकाल अंचल में लो वोल्टेज एवं बिजली गुल होने की समस्या से जूझना पड़ता था। अब जामगांव में नवीन सब स्टेशन खुलने से सभी की इस समस्या का निराकरण हो जायेगा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों का कर्ज माफ, बिजली बिल हाफ जैसी योजनाओं का क्रियान्वयन किया है साथ ही अब केशकाल में होने वाली लो-वोल्टेज की समस्या को पूर्ण रूप से खत्म करते हुए 132/33 केवी सब स्टेशन की स्वीकृति मिलते ही भूमिपूजन किया जा रहा है। इस दौरान सीएसपीडीसीएल जगदलपुर के सिविल अधीक्षण अभियंता तरुण दिवाकर, कार्यपालन अभियंता एके द्विवेदी, सहायक अभियंता कमलकांत बंजारे सहित जनप्रतिनिधि सगीर अहमद कुरैशी, धन्नूराम मरकाम, बुधसिंह नेताम, अरुण अग्निहोत्री, मनहेर कोर्राम, सरपंच भोजबाई मरकाम, राजेश येउल्कर, ललित टेकाम, कनिष्ठ अभियंता विकास साहू समेत अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# बोरगांव में आयुष ग्राम सभा व आयुष मेला आयोजित



**कोण्डागांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। आयुष्मान भव: कैंपेन के तहत बोरगांव में आयुष ग्राम सभा एवं आयुष मेला आयोजित किया गया। आयुष मंत्रालय एवं संचालनालय आयुष के दिशानिर्देश पर आयुष्मान भव: कैंपेन का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया जाना था, इसी क्रम में 2 अक्टूबर को आयुष ग्राम सभा का भी आयोजन किया गया, जहां आयुर्वेद चिकित्सक डॉ.विश्वकर्मा ने बताया कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति मात्र ना होकर एक संपूर्ण जीवन शैली है, जहां रोगों के उपचार के साथ ही अलग अलग ऋतुओं में आहार विहार के माध्यम से स्वस्थ रहने के गुर सिखाए गये हैं। आयुष सभा में आज के परिवेश में आयुर्वेद के महत्व और आवश्यकता पर चर्चाकर अधिक से अधिक लोगों को आयुर्वेद अपनाने पर जोर दिया गया।

## आयुर्वेद एक संपूर्ण जीवन शैली : डॉ. विश्वकर्मा

वन बोरगांव आयुष स्वास्थ्य मेला में 155 ग्रामीणों का डॉ. बनपेला और डॉ.विश्वकर्मा द्वारा आयुर्वेद पद्धति से उपचार एवं परामर्श देकर आयुष काढ़ा पिलाया गया।

पखवाड़े भर से चल रहे आयुष्मान भव: कैंपेन में आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बोरगांव में साप्ताहिक आयुष स्वास्थ्य मेला, आयुष काढ़ा, नियमित योगाभ्यास, आयुष सभा आदि आयुष गतिविधियों के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में जन साधारण को आयुष चिकित्सा पद्धति से लाभान्वित किया गया। प्रात:कालीन सत्र में योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया जा रहा है और गुरूवार को साप्ताहिक बाजार बोरगांव में आयुष स्वास्थ्य मेला में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और मौसमी रोगों से बचाने आयुष काढ़ा का लोगों को वितरण किया गया। कैंपेन के सफल आयोजन में आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बोरगांव के अधीनस्थ कर्मचारी सुनील गायकवाड, देवनाथ मरकाम, योग प्रशिक्षक डिसेंद यादव तथा खगेश्वर नाग का योगदान रहा।

## सार-संक्षेप

### मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण प्लांट के विभिन्न संविदा पदों के लिए चयन सूची जारी

**कोण्डागांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी समिति मर्यादित कोण्डागांव के द्वारा संविदा के 20 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन जारी किया गया था। प्राप्त आवेदनों का स्क्रूटनी समिति के द्वारा जांच परीक्षण कर दावा आपत्ति निराकरण उपरांत 23 सितम्बर को जारी मेरिट सूची में समिति के ई-मेल के माध्यम से 25 सितम्बर तक मेरिट सूची की प्रविष्टियों में सुधार हेतु प्राप्त आपत्तियों का निराकरण कर कुल 82 अभ्यर्थियों का प्रावधिक आधार पर साक्षात्कार हेतू चिन्हांकन किया गया था। विज्ञापित पदों का साक्षात्कार 30 सितम्बर को आयोजित किया गया था। साक्षात्कार हेतू चिन्हांकित 82 अभ्यर्थियों में से 24 अभ्यर्थी साक्षात्कार में अनुपस्थित थे। इस प्रकार कुल 58 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया गया। संविदा के 20 पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन में उल्लेखित कंडिका (4) का पालन करते हुये मेरिट आधार पर 11 पद हेतु कुल 12 उम्मीदवारों का चयन कर चयन सूची एवं अनुपूरक सूची जारी की गयी है, जिसे जिला कोण्डागांव के वेबसाईट पद पर अपलोड कर दिया गया है।

### विस स्तरीय नारी वंदन कार्यक्रम संपन्न

**पलारी,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नारी वंदन समारोह कार्यक्रम विधानसभा कसडोल स्तरीय कार्यक्रम आज नगर भवन पलारी में संपन्न हुआ जिसमें मुख्यातिथि पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा गौरीशंकर ने आज नारी वंदन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनन्दन किया प्रधानमंत्री ने लोकसभा विधानसभा राज्य सभा मे 33 त्न आरक्षण देकर नारी शक्ति की ताकत को बढ़ाया है देश मे आगे आने का एक रास्ता हमारे बहनों को दिया है एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी देश की माताओ बहनों को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है और दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की भूपेश सरकार में महिलाओं पर बलात्कार हत्या लूट एवं विधावा महिलाओं को ठगने का काम किया है।

# देवगुड़ी निर्माण में बीजापुर विधायक-कलेक्टर पर भ्रष्टाचार का आरोप



**बीजापुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। बीजापुर जिले में 19 देवगुड़ी निर्माण किये बिना 56 लाख की राशि डकार ली गई। भ्रष्टाचार का यह आरोप विधायक विक्रम मण्डावी, बीजापुर कलेक्टर राजेंद्र कटारा और सहायक आयुक्त मश्राम पर लगा है। पत्रवार्ता कर रहे युवा आयोग के पूर्व सदस्य अजय सिंह का कहना है कि विधायक विक्रम मण्डावी की शह पर कलेक्टर , सहायक आयुक्त और कथित ठेकेदार ने देवगुडी निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किया। भ्रष्टाचार की व्यूहरचना में पहले पंचायत से उनके अधिकार छीने गए। हालाँकि मामला उजागर होने के बाद प्रशासन ने सख्ती दिखाई जरूर। शिकायत सही पाए जाने पर 2 करोड़ 92 लाख की वसूली की गई, लेकिन 19 देवगुड़ी के 56 लाख की वसूली नही हुई।

- रिकवरी के बाद भी 56 लाख कहां गए ?
- युवा आयोग के पूर्व सदस्य अजय सिंह कोर्ट में दाखिल करेंगे जनहित याचिका

अजय सिंह के मुताबिक प्रशासन से वे पूछना चाहते है 56 लाख कहां गए। अगर देवगुडी पर खर्च हुए तो देवगुडी कहां बने ? अजय का आरोप है कि देवगुडी बने नही, 56 लाख रुपये विधायक, कलेक्टर, सहायक आयुक्त और ठेकेदार की जेब मे गए।

अजय के मुताबिक पूरे प्रकरण को लेकर वे हाईकोर्ट भी गए थे। बहुत जल्द मामले में उनकी तरफ से जनहित याचिका दायर की जाएगी।

**ये है मामला-**

बीजापुर में 3 करोड़ 49 लाख 20 हजार की लागत से 117 देवगुड़ी बनने थे। भ्रष्टाचार को अंजाम पहले सहायक आयुक्त को निर्माण एजेंसी बनाया गया था। जिसमे अफसर ने ठेकेदार के साथ मिलकर बिना निर्माण के एकमुश्त बड़ी रकम जारी करवा दी। लेकिन बाद में शिकायत सही पाए जाने पर लगभग 2 करोड़ 92 लाख की वसूली की गई। और पुन: ग्राम पंचायतों को एजेंसी बनाया गया, बाबजूद 56 लाख पर प्रशासन की बोलती बंद है। 56 लाख की जानकारी उन्हें आरटीआई से मिली थी।

# दो दर्जन ग्रामीणों ने किया कांग्रेस प्रवेश

**बीजापुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरगामी सोच, वाणिज्य व आबकारी मंत्री कवासी लखमा जी,प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज और बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक विक्रम शाह मण्डावी के जन कल्याणकारी कार्यो से प्रभावित होकर आज विधायक निवास बीजापुर में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालू राठौर के समक्ष दो दर्जन ग्रामीणों ने कांग्रेस प्रवेश किया। जिला अध्यक्ष लालू राठौर ने फूलमाला व कांग्रेस का गमछा पहना कर (चेरपाल) स्मिता वाचम, सुजाता वाचम,पारो हपका, समीर एड्रिंक समिदलाल एड्रिंक, (पदेडा) प्रशांत कोरसा, मोहन कोरसा, दिनेश कोरसा, कैलाश कोरसा, संतोष कोरसा,लक्ष्मण कोरसा, महेश कोरसा,संजेश कोरसा,पायकु मोडियम,(गंगालूर) रवि हेमला,अस्सु हेमला,नीलेश हेमला, सोनू हेमला,संजय हेमला,लछु हेमला, आयतु हेमला, लक्ष्मण हेमला सभी लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली है।



## फूलमाला व कांग्रेस का गमछा पहना कर जिलाध्यक्ष लालू राठौर ने किया स्वागत

इस दौरान जिला पंचायत-सदस्य सोमारू राम कश्यप, सांसद प्रतिनिधि वेणुगोपाल राव,जनपद अध्यक्षा श्रीमती बोधि ताती, जिला उपाध्यक्ष रितेश दास , मीडिया प्रभारी राजेश जैन, जिला महामंत्री जितेंद्र हेमला, गंगालूर ब्लॉक अध्यक्ष-मंगल राना, जनपद उपाध्यक्ष सोनू पोटाम, जनपद सदस्य-महेश हेमला, विधायक प्रतिनिधि दिनेश पुजारी, बंशीलाल नक्का, दिनेश पुनेम, सोनू कोरसा, कामेश मोरला, विरेंद्र ठाकुर, लिलेंद्र दुर्गम एवँ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रानी दुर्गावती लोक कल्याण समिति ने किया मधु का सम्मान




**कोण्डागांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। रानी दुर्गावती जयंती पर रानी दुर्गावती लोक कल्याण समिति द्वारा मधु तिवारी को सम्मानित किया गया। रानी दुर्गावती की जयंती 5 अक्टूबर अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर समाज सेवा की अग्रणी संस्था रानी दुर्गावती लोक कल्याण समिति कोंडागांव के वार्षिक समारोह में शिक्षा साहित्य, कला, खेलकूद आदि में अग्रणी कार्य करने वाले ख्याति प्राप्त व्यक्तियों का समान समारोह कनेरा रोड ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। जहां प्राथमिक शाला जोन्दरापदर की शिक्षिका व साहित्यकार मधु तिवारी को शिक्षा, साहित्य, समाजसेवा, कला संस्कृति बालिका शिक्षा, श्रेष्ठ पालकत्व आदी में रचनात्मक योगदान के लिये मुख्य अतिथि सर्व समाज के पदाधिकारियों के करकमलों से प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# कलेक्टर ने बैठक लेकर राजनैतिक दलों को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की दी सूचना

## जिले के 48 हजार 305 नए मतदाता विधानसभा निर्वाचन में करेंगे मतदान

**कोण्डागांव,** 5 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी द्वारा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की घोषणा की गई। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अर्हता के संबंध में दावा-आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया गया है।



बताया कि कोण्डागांव जिले में आने वाले निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 82 केशकाल, 83 कोण्डागांव एवं आंशिक रूप से 84 नारायणपुर के लिए जिले में 588 मतदान केन्द्रों की स्थापना की गयी है। जिले में विधान सभा क्षेत्र केशकाल अंतर्गत 290, विधान सभा क्षेत्र कोण्डागांव अंतर्गत 242, विधान सभा क्षेत्र नारायणपुर अंतर्गत 56 मतदान केन्द्र स्थापित किये जाएंगे। जिले में कुल 4 लाख 32 हजार 971 मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में प्रविष्ठ है। जिसमें 2 लाख 9 हजार 632 पुरूष एवं 2 लाख 23 हजार 332 महिला तथा 7 अन्य लिंग के मतदाता भी शामिल हैं। विधान सभा निर्वाचन में 802 सर्विस मतदाता शामिल होंगे जिनमें विधान सभा क्षेत्र केशकाल में 503 एवं कोण्डागांव विधानसभा क्षेत्र में 299 सर्विस मतदाता हैं। मतदाता सूची में प्रारंभिक प्रकाशन के समय 2855 दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हांकित किया गया था, जिनकी संख्या अंतिम प्रकाशन में बढ़कर 4273 हो गयी है। 18-19 आयु वर्ग में प्रारंभिक प्रकाशन के समय में 10752 मतदाता थे जो अंतिम प्रकाशन में बढ़कर 18878 हो गयी है, इसमें कुल मतदाताओं की संख्या में 8126 की वृद्धि हुई है।

जिले के 18 से 22 वर्ष आयु वर्ग के 48 हजार 305 मतदाता इस विधान सभा निर्वाचन में पहली बार मतदान कर सकेंगे। 80 वर्ष से अधिक के 3020 मतदाताओं की पहचान कर उन्हें सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। इस अवसर पर कांग्रेस की ओर से बीरसप्रसाद साहू, कपील चैपड़ा, दिनेश जायसवाल, बीजेपी की ओर से विश्वनाथ समधर, प्रशांत पात्र, संजय मोदी, प्रतोष त्रिपाठी, बहुजन समाज पार्टी से सुकलू चक्रधारी, श्रीराम नेताम, आप की ओर से संतोष कुमार बघेल, रामलाल मरकाम शामिल हुए।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आगामी विस निर्वाचन के लिए दिया गया प्रशिक्षण



**कोण्डागांव,** 6 अक्टूबर (देषबन्धु)। आगामी विधान सभा निर्वाचन 2023 को देखते हेतु राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मीडिया के प्रयोग तथा पोस्टर एवं बैनरों के प्रकाशन आदि विषयों पर शुक्रवार को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचार संहिता के दौरान मीडिया के प्रयोग, पेड न्यूज, फेंक न्यूज, सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अनुप्रयोग एवं उनके निर्वाचन कार्यों में सावधानी पूर्वक प्रयोग के संबंध में विस्तार पूर्वक समझाया गया। इस प्रशिक्षण में सभी दलों के प्रतिनिधियों को पोस्टर एवं बैनरों के प्रशासन के समय रखी जाने वाली सावधानियां को विशेषत: समझाते हुए। प्रत्येक पोस्टर बैनर में प्रकाशक एवं मुद्रक की जानकारी तथा प्रकाशित अंकों की संख्या लिखने के संबंध में बताया और इसके प्रकाशन के लिए मीडिया प्रमाणन एवं अनुवेक्षण समिति के समक्ष पूर्वानुमति प्राप्त करने की प्रक्रिया को बताया गया। इस अवसर पर उन्हें निर्वाचन सम्बंधित सामग्रियों की रेट लिस्ट प्रदान करते हुए दलों के प्रतिनिधियों द्वारा दिये गए सुझावों को भी सुना गया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया, सहायक भू-अभिलेख अधीक्षक विजय प्रताप सिंह, मास्टर ट्रेनर, भाजपा की ओर से विक्की रवानी, सीपीआई की ओर से शैलेष, आप की ओर से भारतीक बघेल, रामलाल मरकाम, बीएसपी से बन्नुराम नाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

CMYK

उल्टा पुल्टा

बबलू -तू स्कूल क्यों नही जाता
पप्पू- कई बार गया अंकल वो वापिस भगा देते हैं।
बबलू -क्यों ?
पप्पू- कहते हैं भाग तेरा क्या काम लड़कियों के स्कूल में।

# पीएससी में गड़बड़ी के खिलाफ एबीवीपी की आक्रोश रैली

## सीएम हाउस घेराव करने निकले प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प



**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान सैकड़ों प्रदर्शनकारी सड़क पर उतर आए। सीजीपीएससी समेत बाकी भर्तियों में हो रही गड़बड़ियों और बिगड़ती कानून व्यवस्था जैसे मुद्दे लेकर सभी मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने निकले थे।

प्रदर्शन के दौरान हंगामा कर रहे छात्रों की पुलिस से जबरदस्त धक्का मुक्की हुई। कुछ छात्रों और पुलिसकर्मियों को हल्की चोट भी आई है। हालांकि पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। प्रदर्शन से पहले प्रदेश के अलग.अलग जिलों से आए छात्रों ने एक सभा भी की। यह सभा रायपुर के बूढ़ा तालाब के धरना स्थल के पास सड़क पर ही हुई। जहां एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल भी पहुंचे थे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल आज यह छात्र आक्रोश रैली सीजीपीएससी में जो डकैती हुई है उसपर कार्रवाई के लिए है। छत्तीसगढ़ में बहन बेटियों की इज्जत तार.तार हो रही है और सरकार मौन है इसके खिलाफ है। शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में बलात्कार की घटना पर रोकथाम के लिए नौजवानों की रोटी के लिएए बहन.बेटियों के लिए हमने छात्र आक्रोश मार्च निकाला है। हम मुख्यमंत्री को सबूत देने जा रहे थे कि किस प्रकार से भ्रष्टाचार सीजीपीएससी के अंदर हो रहा है। किस प्रकार से नियुक्ति में गड़बड़ी हुई है। मगर हम पर पुलिसिया जोर का इस्तेमाल किया जा रहा है। हम पुलिस से डरने वाले नहीं है। छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने और नौजवानों को निष्पक्ष रोजगार के अवसर मिलेए बहन बेटियों को सुरक्षित माहौल मिले यही हमारी लड़ाई है। सीएम हाउस घेराव के लिए निकले प्रदर्शनकारी सबसे पहले बूढ़ा तालाब गार्डन के पास बने बैरिकेड को तोड़कर सप्रे स्कूल की तरफभागने लगे। पुलिस इन्हें रोक नहीं पाई। हालांकि सप्रे स्कूल के पास भी पुलिस पहले से तैनात थी। फोर्स ने छात्रों को रोक लिया और बैरिकेड तक जाने नहीं दिया। 2 घंटे तक यहीं छात्रों की धक्का.मुक्की पुलिस के साथ होती रही।

**सप्रे स्कूल कैंपस को बनाया गया था अस्थाई जेल**

छात्र आक्रोश रैली नाम की इस रैली में माहौल तब गर्माया जब पुलिस से ही छात्र भिड़ गए। छात्र बैरिकेड की ओर भागकर उसे तोड़ना चाहते थे। रायपुर के सिटी एसपी लखन पटले छात्रों को समझा रहे थेए बैठ जाने की हिदायत दे रहे थे मगर छात्र मानने को राजी नहीं थे।

अचानक ऐसी स्थिति भी बनी की कुछ छात्र पुलिस का घेरा तोड़कर बैरिकेड की ओर भागे इस दौरान पुलिस इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारियों ने छात्रों को पकड़कर हटाया। छात्र हटने को राजी नहीं थे किसी के कपड़े फटे तो किसी कोई जमीन पर गिरा। छात्रों को हटाते हुए पुलिस इंस्पेक्टर सोनल ग्वाला भी जमीन पर गिर पड़े। सप्रे स्कूल कैंपस को अस्थाई जेल बनाया गया था। करीब 100 छात्रों और एबीवीपी नेताओं को यहीं हिरासत में लिया गया और शाम को छोड़ दिया गया। जिला प्रशासन के अफसरों को ज्ञापन देकर प्रदर्शन समाप्त किया गया।

**जूते-चप्पल पानी की बोतल फेंकी गई**

पुलिसकर्मी जब सप्रे स्कूल के पास छात्र प्रदर्शनकारियों को रोकने में लगे थेए भीड़ में मौजूद कुछ छात्रों ने पुलिस पर जूते चप्पल फेंके। पानी की बोतलए हाथ में थामे हुए बैनर पोस्टर भी फेंके गए। इसे लेकर पुलिस लगातार छात्रों को कार्रवाई की चेतावनी देती रही। हालांकि इसमें किसी को गंभीर चोट नहीं आई।

## पीएससी के नतीजों पर सवाल भाजपा की स्तरहीन राजनीति : दीपक बैज



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि यह बेहद ही दुर्भाग्यजनक है कि मुद्दाविहीन भारतीय जनता पार्टी राज्य लोकसेवा आयोग की चयनित सूची पर सवाल खड़ा कर रहा है। दुर्भाग्य से भाजपा अपनी निम्नस्तरीय राजनीति के लिये इन बच्चों की योग्यता पर सवाल खड़ा कर रही हम इसकी कड़ी निंदा भी करते है। भारतीय जनता पार्टी बेहद ही गैर जिम्मेदाराना आरोप लगा रहे कि पीएससी में, नेताओं, अधिकारियों, व्यवसायियों के बच्चों के कुछ नाम चयनित हो गये है। रमन सिंह और भाजपा को आपत्ति है कि पीएससी में सगे भाई-बहन, पति-पत्नी का चयन कैसे हो गया ?

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के पीएससी के नतीजों पर सवाल खड़ा करने का कोई भी तार्किक आधार नहीं है। क्यों और कैसे पर सवाल खड़ा करके भाजपा प्रदेश के युवाओं के सपनों को पंख लगाने वाली संस्था राज्य लोक सेवा आयोग की विश्वसनीयता को संदिग्ध बना कर युवाओं की भावनाओं पर ठेस पहुंचा रहे है। भाजपा को आपत्ति है कि कैसे सगे भाई-बहन, पति-पत्नी, अधिकारियों के बच्चे चयनित हो गये ?

भाजपा अपनी गंदी राजनीति करने स्तरहीन और झूठे आरोप लगा रही है। आंसर शीट जारी हो गया है पब्लिक डोमेन में है। सबके रिटेन के नंबर और इंटरव्यू के नंबर ओपेन है कोई भी पढ़ा लिखा व्यक्ति विश्लेषण कर सकता है। लेकिन दुर्भाग्य है लोग अपने राजनैतिक एजेंडे को पूरा करने मेहनती प्रतिभावन बच्चों की योग्यता पर सवाल खड़ा कर रहे। उन्होंने कहा कि रमन सिंह अपने पन्द्रह साल के कार्यकाल में पीएससी की बिना विवाद के पन्द्रह परीक्षाएं आयोजित नही करवा पाये वो आज कौन से मुंह से युवाओं के भविष्य की बात करते है ?

प्रदेश की जनता अभी भूली नही है। पीएससी भर्ती को बाधित करने भारतीय जनता पार्टी के नेता नित नए षड्यंत्र रच रहे हैं।

## कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में 9 को बनेगी चुनावी रणनीति

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक सोमवार 9 अक्टूबर को दिल्ली में होगी। बैठक में पार्टी के विस्तार के साथ-साथ छत्तीसगढ़ समेत 5 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर मंथन होगा। इस बैठक में महिला आरक्षण, जाति जनगणना, जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और कुछ अन्य राजनीतिक और आर्थिक मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

इससे पहले कांग्रेस वर्किंग कमेटी की दो दिवसीय बैठक 16 और 17 सितंबर को हैदराबाद में हुई थी। इस बैठक में भी विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में जीत की रणनीति को लेकर चर्चा हुई थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सभी को एकजुटता के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की सलाह दी थी।

**5 राज्यों के चुनावी रोडमैप पर होगा मंथन**

इसी महीने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, मिजोरम, राजस्थान और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान होगा। इन राज्यों के लिए कांग्रेस का चुनावी रोडमैप क्या होगा इस पर भी बैठक में विस्तार से चर्चा होगी। इसके साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भी मंथन किया जाएगा।

**भूपेश बघेल बैठक में होंगे शामिल**

इस बैठक में सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य शामिल होंगे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी इस बैठक में हिस्सा लेंगे। वो छत्तीसगढ़ में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों को सामने रखेंगे।

इस बैठक के बाद सेंट्रल इलेक्शन कमेटी की बैठक होगी। इसी बैठक में छत्तीसगढ़ के प्रत्याशियों के नामों पर अंतिम मुहर लगेगी। संभावना है कि 13 अक्टूबर को यह बैठक होगी।

## शहर में डामरीकरण का काम शुरु : महापौर

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। महापौर एजाज ढेबर ने कहा कि बरसात निकल जाने के बाद अब नगर निगम ने युद्ध स्तर पर डामरीकरण का काम शुरु करवा दिया है। वीआईपी रोड के आसपास शुरु हो चुका है। इसके बाद गौरव पथ से तेलीबांधा थाने तक का नंबर है।

- वीआईपी रोड हो रहा, इसके बाद गौरव पथ व तेलीबांधा का नंबर



नगर निगम की मेयर इन कौंसिल की बैठक होने के बाद आज महापौर एजाज ढेबर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि एमआईसी की बैठक में 21 मुद्दों पर चर्चा हुई। तेज बारिश के समय व्यस्ततम रहने वाले मार्ग जयस्तंभ चौक में पानी भर जाया करता था। इसके पीछे वजह वहां का नाला था। उस पूरे नाले को तोड़कर ठीक करने आज एमआईसी की बैठक में 3 करोड़ की मंजूरी दी गई। महापौर ने बताया कि टिकरापारा क्षेत्र में सिद्धार्थ चौक के पास वर्षों से सफाई कर्मी रहते आ रहे थे। वे निगम के जिस मकान में रहा करते थे पूरी तरह जर्जर हो चुके थे।

खतरे की आशंका को देखते हुए उन्हें सिमरन सिटी भाटागांव शिफ्ट किया गया था। यह स्थान शहर से दूर है और सफाई कर्मचारियों को ड्यूटी पर एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने काफी समय लग जाया करता था, अत: पुरानी जिस जगह पर वे रहते थे वहां के पुराने मकानों को तोड़कर उन्हें नया मकान बनाकर देने का निर्णय लिया गया। तात्यापारा-शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण के सवाल पर महापौर ने कहा कि इस मार्ग पर जिनके निर्माण हैं उनसे बातचीत हो चुकी है। 10-15 दिनों के भीतर चौड़ीकरण का काम शुरु हो जाएगा। ऑक्सीजोन के निर्माण के नाम पर हटाए गए दुकानदारों के व्यवस्थापन को लेकर सवाल किए जाने पर महापौर ने कहा कि दुकानदारों को दुकान देने की हमारी 100 नहीं बल्कि 110 प्रतिशत तैयारी है। वे जब चाहें हम दुकान देने को तैयार हैं।

## चुनावी वर्ष में रायपुर एयरपोर्ट से एक माह में सौ चार्टड विमानों ने भरी उड़ान

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के दौरान रायपुर एयरपोर्ट हेलीकाप्टरों और चार्टर्ड विमानों से गुलजार रहेगा। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एक महीने के भीतर 100 से अधिक हवाई उड़ानों के जरिए राष्ट्रीय नेता छत्तीसगढ़ में चुनावी रैलियों को संबोधित कर चुके हैं।

माना, बिलासपुर व जगदलपुर एयरपोर्ट चुनाव के लिए तैयार है। यहां एक महीने के भीतर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह सहित कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, महासचिव प्रियंका गांधी, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की बड़ी सभाएं हो चुकी है।

कांग्रेस और भाजपा दोनों प्रमुख पार्टियों ने हवाई सेवा पर निगरानी व प्रबंधन के लिए समिति का गठन कर दिया है। छत्तीसगढ़ में जिलों के दौरे के लिए कांग्रेस-भाजपा ने अब तक पांच हेलीकाप्टरों की बुकिंग करा ली हैं, जिस पर दौरा भी शुरू हो चुका है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक चुनाव के नजदीक आते ही विमानों की संख्या और बढ़ सकती है। निजी कंपनियों के इन हेलीकाप्टरों में राष्ट्रीय नेताओं के साथ स्टार प्रचारकों का दौरा रहेगा। नवंबर महीने तक राजधानी के साथ छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में यह विमान उड़ान भरेगा।

**निर्वाचन कार्यालय भेजी जाएगी हर दिन की जानकारी**

आचार संहिता लागू होने के बाद पार्टियों को चुनाव प्रचार में लगे विमानों की लैंडिंग और टेकआफ की हर दिन की जानकारी निर्वाचन कार्यालय को प्रदान करनी होगी। विमानों की आवाजाही के लिए माना एयरपोर्ट में 24 घंटे नाइट लैंडिंग की सुविधा शुरू हो चुकी है। माना एयरपोर्ट में पार्किंग क्षमता को भी बढ़ा दिया गया है। भाजपा ने एविएशन समिति और कांग्रेस ने प्रोटोकाल समिति को विमानों की आवाजाही और समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी है। इस विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के तीन जिलों से विमान उड़ान भर सकेंगे। रायपुर के साथ-साथ अब बिलासपुर और जगदलपुर में भी चुनावी प्रचार में लगे विमानों की गूंज सुनाई देगी।

**तीन एयरपोर्ट पर एक-एक विमान**

दोनों पार्टी के समिति के समन्वयकों के मुताबिक रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर एयरपोर्ट पर कम से कम एक-एक हेलीकाप्टर आरक्षित रखा जाएगा। इसके साथ ही स्टेट हैंगर और माना एयरपोर्ट में पार्किंग की जाएगी। जगदलपुर और बिलासपुर एयरपोर्ट पर एटीआर-72 की लैंडिंग और टेकआफ क्षमता है, लेकिन इन दोनों एयरपोर्ट पर ज्यादातर आवाजाही दिन के उजाले में होगी। माना एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग की जा सकेगी। फिलहाल भाजपा ने एक हेलीकाप्टर आरक्षित रखा है। जरूरत के मुताबिक दिल्ली मुख्यालय को डिमांड भेजेंगे। वही कांग्रेस में ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार के लिए हेलीकाप्टरों की संख्या जरूरत के मुताबिक बढ़ाई जा सकती है।

**निगरानी के लिए कंट्रोल रूम**

कांग्रेस और भाजपा ने हवाई सेवाओं पर निगरानी के लिए कंट्रोल रूम बनाया है। यहां नियमित विमानों के साथ निजी हेलीकाप्टरों में नेताओं की आवाजाही की जानकारी रखी जा रही है। दोनों प्रमुख पार्टियों के कार्यकर्ता सुबह से लेकर रात तक एयरपोर्ट पर तैनात है। आचार संहिता के बाद राज्य सरकार के हेलीकाप्टर का उपयोग नहीं होगा। इसलिए कांग्रेस ने दो हेलीकाप्टर आरक्षित रखा है, वहीं दो और कंपनियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

## रायपुर उत्तर से श्रीचंद के नाम पर विचार ग्रामीण और धरसींवा में भी होगा बदलाव

### आरंग में भी गुरू खुशवंत के नाम का विरोध

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी की चार में से दो सीटों पर प्रत्याशी चयन को लेकर मचे बवाल के बाद भाजपा में रायपुर उत्तर, और ग्रामीण की सीटों को लेकर नए सिरे से मंथन चल रहा है। उत्तर विधान सभा से पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी रेस में सबसे आगे चल रहे हैं प्रत्याशियों की सूची लीक होने के बाद से रायपुर उत्तर और ग्रामीण, धरसीवां व आरंग सीट पर काफी विवाद चल रहा है। इन सीटों पर प्रत्याशियों के नामों पर नए सिरे से मंथन हो रहा है।



रायपुर उत्तर से टिकट के दावेदार पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, संजय श्रीवास्तव, और केदार गुप्ता एक राय हो गए हैं। इसके साथ-साथ मंडल के सारे पदाधिकारी भी इन तीनों के साथ हैं। सूची में पुरंदर मिश्रा का नाम आने से काफी नाराजगी है। सामाजिक समीकरण को देखते हुए सिंधी और व्यापारी समाज को प्रतिनिधित्व देने के लिए विचार हो रहा है। इसके चलते श्रीचंद सुंदरानी का नाम मजबूती से आगे बढ़ा है। सुंदरानी रायपुर शहर जिला के अध्यक्ष रह चुके हैं। पार्षद से लेकर विधायक और चेंबर के अध्यक्ष रह चुके हैं। स्थानीय कार्यकर्ता भी उनके नाम पर सहमत हैं। ऐसे में सुंदरानी के नाम पर अब गंभीरतापूर्वक विचार हो रहा है। इसी तरह रायपुर ग्रामीण से मोतीलाल साहू की जगह साहू प्रत्याशी ही देने पर सहमति बनी है। उनके विकल्प के रूप में अमित साहू, शांतनु साहू, और पूर्व विधायक नंदकुमार साहू के नाम पर चर्चा हो रही है। इसी तरह धरसीवां से भी अनुज शर्मा की जगह नए नाम पर विचार किया जा रहा है। आरंग में गुरु खुशवंत को टिकट देने पर काफी विरोध हो रहा है। वे हाल में भाजपा में शामिल हुए है। गुरुवार को आरंग से पैदल यात्रा करते हुए कार्यकर्ता रायपुर पहुंचे थे।पैराशूट प्रत्याशी का विरोध करते हुए भाजपा कार्यालय में भारी हंगामा किया था।जिसके बाद केंद्रीय नेतृत्व इन सीटों पर प्रत्याशियों के नामों पर नए सिरे से मंथन कर रहा है।

## स्नातक छात्रों को अब दो विषयों में पूरक की पात्रता

### राज्यपाल ने प्रस्ताव को दी मंजूरी

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्यपाल ने स्नातक स्तर के छात्रों को दो विषयों में पूरक की पात्रता देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।इस निर्णय से राज्य के 72000 छात्रों को एक बार फिर परीक्षा देकर कीमती एक साल बचाने में मदद मिलेगी।



कोरोनाकाल में ऑनलाइन शिक्षण और ऑनलाइन एग्जाम के कारण पढ़ाई बहुत प्रभावित हुई है, जिसके कारण सैद्धांतिक विषयों में छात्रों की पकड़ भी अपेक्षाकृत रूप से कमजोर है।इसके चलते इस ऑफलाइन तरीके से हुए परीक्षा के नतीजे बेहद खराब रहे और लगभग 80 त्न छात्र अनुत्तीर्ण हो गए थे।स्नातक पाठ्यक्रम के तीनों साल के नतीजों में लगभग 72000 छात्र 2 विषयों में अनुत्तीर्ण हैं. ऐसे छात्रों की मांग पर मुख्यमंत्री ने तत्काल 2 विषय में पूरक की पात्रता देने के लिए उच्च शिक्षा विभाग को निर्देशित किया था।

इस संबंध में 11 अगस्त को उच्च शिक्षा विभाग ने ऑर्डिनेंस बनाकर राजभवन को अनुमोदन के लिए भेजा दिया था।कल राज्यपाल ने स्नातक स्तर के छात्रों को दो विषयों में पूरक की पात्रता देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। इस निर्णय से राज्य के 72000 छात्रों को एक बार फिर परीक्षा देकर कीमती एक साल बचाने में मदद मिलेगी।

## कांग्रेस पिछड़ा वर्ग ने राजभवन तक मार्च पास्ट कर ज्ञापन सौंपा

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के द्वारा मोदी सरकार के ओबीसी विरोधी नीति के विरुद्ध प्रदेश व्यापी प्रदर्शन कर महिला आरक्षण बिल तत्काल लागू करने और ओबीसी,एससी,एसटी अल्पसंख्यक वर्गों को शामिल करने राष्ट्रपति,एवं प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर राज्यपाल को ज्ञापन सौपा गया।

यूपीए की मनमोहन सरकार के 2013 में तैयार सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना का डेटा सार्वजनिक करे मोदी सरकार से मांग की गई है।

प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष चोलेश्वर चंद्राकर ने कहा है कि ओबीसी वर्ग को उनका अधिकार देने का काम छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार ने किया है। छत्तीसगढ़ में ओबीसी वर्ग की जाति का जनगणना भूपेश सरकार ने कराया चांटिफायबल डाटा आयोग का गठन किया। उसके आधार पर ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का विधेयक



भी सर्वसम्मति से पारित किया है। छत्तीसगढ़ में बहुसंख्यक आबादी के हित और हक के लिए 76 प्रतिशत आरक्षण का सर्व सम्मति से पारित विधेयक विगत 2 दिसंबर 2022 से आज़ तक राज भवन में लंबित है। छत्तीसगढ़ के भारतीय जनता पार्टी के नेता जातिगत जनगणना के संदर्भ में अपनी स्थिति स्पष्ट करें।

आज इसी विषय पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग ने प्रदेशाध्यक्ष डॉ चोलेश्वर चंद्राकर के नेतृत्व में आज प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन एवं राजभवन तक मार्च पास्ट करके ज्ञापन सौपा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सौरभ साहू मीडिया समन्वयक , सुरेश यादव , मुरली महंत , गजानंद प्रसाद साहू, राजेश मानिकपुरी , प्रदीप जयसवाल, प्रेमलाल साहू, तीरीण कुमारी , लक्ष्मी साहू , त्रिवेणी सिन्हा , हेमा साहू प्रदेश , पार्वती साहू, जय प्रकाश वर्मा, भूषण साहू, वीरेन्द्र चंद्राकर सौरभ साहू शामिल थे।

# टिकरापारा में सफाई परिवारों को पुन: मिलेगा मकान

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज नगर पालिक निगम रायपुर के महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, एमआईसी सदस्य सर्वश्री ज्ञानेश शर्मा, श्रीकुमार मेनन, नागभूषण राव, सतनाम सिंह पनाग, रितेश त्रिपाठी, अजीत कुकरेजा, समीर अख्तर, सहदेव व्यवहार, सुन्दरलाल जोगी, जितेन्द्र अग्रवाल, सुरेश चन्नावार, आकाश तिवारी, श्रीमती द्रोपती हेमन्त पटेल, अपर आयुक्त सर्वश्री अभिषेक अग्रवाल, शैलेन्द्र पाटले, पंकज शर्मा, उपायुक्तगणों, जोन कमिश्नरगणों, अधीक्षण अभियन्ताओं, कार्यपालन अभियंताओं की उपस्थिति में हुई. एमआईसी की बैठक में आज कुल 21 एजेंड़ों पर चर्चा की गयी एवं आवश्यक निर्देश दिये गये.महापौर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में एमआईसी द्वारा विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में नियमानुसार की गयी अनुशंसा के अनुसार टिकरापारा स्वीपर कॉलोनी की रिक्त भूमि में मोर मकान मोर आस योजना के तहत 435 आवासों का निर्माण कर 430 परिवारों को पुन: व्यवस्थापित करने के प्रस्ताव की अनुशंसा की है। कार्यपालन अभियन्ता विजय सिंह ठाकुर को अधीक्षण अभियन्ता पद पर, सहायक अभियन्ता शिबोलाल पटेल, वरीयता क्रम के अनुसार सहायक अभियन्ता पी. राजेश नायडू, लोकेश चंद्रवंशी, राकेश अवधिया, कृष्ण कुमार शर्मा, राजेश राठौर, निशिकांत वर्मा, अंशुल शर्मा, आभाष मिश्रा, पद्माकर श्रीवास, लाल महेंन्द्र प्रताप सिंह, आशीष कुमार शुक्ला, संजय कुमार वर्मा, दिनेश कुमार सिन्हा, सुशील कुमार मोडेस्टस, गजराम कवर, द्रोणी कुमार पैकरा, शेखर सिंह,कमलेश कुमार वर्मा, शरदचंद्र ध्रुव, प्रदीप यादव, को कार्यपालन अभियन्ता पद, उपअभियन्ता



## निगम कर्मचारियों को पदोन्नति देने सहित अन्य मामलों में एमआईसी ने लिया फैसला

योगेश कुमार कड्डु, शरद कुमार देशमुख, दीपक कुमार देवांगन, नागेश्वर राव, कमलेश कुमार मिथलेश, गोविन्द साहब बंजारे, आशुतोष सिंह, गुलाबचंद कर्ष, फत्तेलाल साहू, सुशील कुमार अहीर, अनुराग पाटकर, सैयद जोहेब, अंशुल शर्मा, योगेश यदु, मयंक राठौड़, नीतीश कुमार झा, रोशन देव रात्रे, नरेश कुमार साहू, पुकेश कुमार साहू, शत्रुघनलाल देशलहरे, युवराज सिंह सिदार को सहायक अभियन्ता पद पर विभागीय पदोन्नति देने की सर्वसम्मति से आवश्यक कार्यवाही करने की अनुशंसा की गयी है. एमआईसी ने लालबहादुर शास्त्री वार्ड के राजातालाब स्थित अरमान नाला का कवर्ड एवं नाला निर्माण कार्य हेतु जलभराव की समस्या दूर करने 290.36 लाख रूपये की लागत से राज्य शासन की स्वीकृति पर निविदा बुलाये जाने की स्वीकृति दी है. महात्मा गाँधी वार्ड में गंगानगर कुष्ठ बस्ती का जीर्णोद्धार कार्य करने निविदा दर 1 करोड़ 87लाख 21 हजार 146 रूपये की निविदा समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को स्वीकृति दी गयी है. एमआईसी ने टिकरापारा स्वीपर कॉलोनी की रिक्त भूमि 5.8 एकड़ में प्रधानमंत्री आवास योजना के मोर मकान मोर आस योजना के तहत 435 आवासों का तीन मंजिला निर्माण करने राज्य शासन को स्वीकृति हेतु डीपीआर तैयार कर प्रस्ताव भेजे जाने की स्वीकृति दी है. निर्माण के बाद सिमरन सिटी मठपुरैना में व्यवस्थापित 216 परिवारों और वालफोर्ट सिटी भाठागांव के पीछे व्यवस्थापित 214 परिवारों को टीकरापारा स्वीपर कॉलोनी में पुन: व्यवस्थापित किया जायेगा. एमआईसी ने निराश्रित पेंशन योजना के तहत 295 एवं परिवार सहायता योजना के तहत 61 नए प्रकरणों को स्वीकृति दी है. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणाओं पर विकास कार्य करवाने की जा रही निविदा प्रक्रिया का अवलोकन कर शीघ्र जनहित में कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं. इसके साथ ही नगर विकास के कई प्रकरणों पर चर्चा कर उन्हें स्वीकृति दी गयी है.

# भ्रष्टाचार का मामला भाजपा के लिए केवल राजनीतिक हथियार : कांग्रेस

**रायपुर,** 6 अक्टूबर। भाजपा केभू-एप्प का जवाब देते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के खून में भ्रष्टाचार है। 15 सालों तक प्रदेश को लूटने वाले भाजपाइयों को सोते जागते भ्रष्टाचार ही दिखता है। उन्होंने कहा कि रमन सरकार के 1 लाख करोड़ के भ्रष्टाचार पर भाजपा की बोलती क्यों बंद है? भाजपा के 15 सालों में 34 घोटाले हुए थे जो प्रदेश की जनता के जुबान पर है इनकी जांच कराने की बात आती है तो भाजपाईयों की बोलती बंद हो जाती है। 36000 करोड़ का नान घोटाले की जांच में तो भाजपा नेता कोर्ट से स्टे लेकर आये है। नान घोटाला, डीकेएस घोटाला, प्रियदर्शिनी सहकारी बैंक घोटाला, ई-टेंडरिंग घोटाला, घटिया मोबाइल खरीदी घोटाला, मच्छरदानी घोटाला, गुणवत्ताहीन एक्सप्रेस-वे, अनुपयोगी स्काईवॉक घोटाला का कलंक भाजपा पर है। श्री शुक्ला ने कहा कि 1.76 करोड़ के कोयला घोटाले पर भाजपा का झूठ बेनकाब हो चुका है। जिन कोल ब्लाकों पर भाजपा ने सवाल खड़ा किया था मोदी शासन काल में उन्हीं कोल ब्लाकों की नीलामी में मनमोहन सरकार की अपेक्षा 25000 करोड़ का नुकसान हुआ था। भाजपा के कूटरचित प्रोपोगंडा 2जी, 3जी घोटाले को अदालत में काल्पनिक बता चुकी है। रमन राज में हुये भटगांव एक्सटेंशन घोटाला, नवभारत कोल घोटाला प्रदेश की जनता भूली नहीं है। भाजपा ने मनमोहन सिंह के समय जिस कोल नीति पर सवाल खड़ा किया था मोदी सरकार ने उसी कोयला नीति को लागू किया है। देशभर की अधिकांश कोयला खदाने अप्रत्यक्ष तौर पर मोदी सरकार ने अडानी समूह को सौंप दिया है।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भ्रष्टाचार भाजपा के लिए केवल सिलेक्टिव पॉलिटिक्स का राजनीतिक हथियार है। विगत 9 वर्ष के मोदी राज में केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग से ईडी, आईटी, सीबीआई ने जितने आरोपियों को जेल भेजा उससे कई गुना ज्यादा आरोपियों को भाजपा में भेजकर उनके खिलाफ संस्थित जांच भी रोक दिया गया।

दरअसल भाजपा और मोदी सरकार को भ्रष्टाचार से परहेज नहीं केवल राजनीतिक पाखंड है मोदी सरकार का षड्यंत्र विपक्ष की राज्य सरकारों को अस्थिर करने दूसरे दल के नेताओं को डराने धमकाने के लिए केवल भ्रष्टाचार के तथ्यहीन आरोप लगा कर केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग कर भाजपा राजनैतिक एजेंडे को पूरा करने का है।

# राज्य सरकार के अनुरोध पर हाईकोर्ट ने पीएससी मामले में मीडिया ट्रायल बंद करने दिए निर्देश

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग की परीक्षा में कथित गड़बड़ियों के मामले में हुई सुनवाई में राज्य सरकार के अनुरोध पर हाईकोर्ट ने मीडिया ट्रायल बंद करने के निर्देश दिए हैं। उच्च न्यायालय के समक्ष पीएससी मामले में आज शासन की तरफ से महाधिवक्ता ने आपत्ति दर्ज करायी कि माननीय न्यायालय की सुनवाई का दुरूपयोग किया जा रहा है, जबकि माननीय न्यायालय द्वारा अभी तक इस संबंध में कोई फैसला नही दिया गया है। राज्य शासन की ओर से यह निवेदन किया गया है कि इस पूरे मामले में ध्येय राजनीतिकरण की ईजाजत न दी जाये, इस पूरे मामले में बिना कोर्ट का अंतिम निर्णय आये राजनीतिक कृत्य को रोका जाये एवं इस मामले में मीडिया ट्रायल बंद किया जावे। महाधिवक्ता ने यह भी कहा कि राज्य शासन के खिलाफ अनावश्यक माहौल बनाया जा रहा है जो कि गलत एवं दुर्भाग्यपूर्ण है तथा माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम को भी बिना मतलब बदनाम करने की नियत से लगातार जोड़ा जा रहा हैं एवं सोशल मीडिया इत्यादि में दुरूपयोग एवं दुष्प्रचार किया जा रहा है। आज उच्च न्यायालय ने सभी पक्षो की उपस्थिति का निर्देश देने के साथ ही सभी पक्षों को मीडिया ट्रायल न करने, राजनीति न करने तथा न्यायालय जैसी संस्थाओ के साथ खिलवाड़ न करने के निर्देश दिए। मामले की अगली सुनवाई दिनांक 16 अक्टूबर 2023 को नियत की गई है।



## मामले की अगली सुनवाई 16 को

# प्रचार में बिना अनुमति नहीं बजा पाएंगे लाउड स्पीकर

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। आगामी विधानसभा चुनाव की तारीख का ऐलान आगामी कुछ दिनों के भीतर होने की संभावना है। इस ऐलान के बाद चुनावी माहौल भी शुरू हो जाएगा। चुनावी रैली, जुलूस, आमसभा, रोड शो सहित कई तरह के आयोजन शुरू हो जाएंगे। इन आयोजनों के दौरान लाउड स्पीकर सहित कई तरह के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के भी उपयोग किए जाएंगे। इसे देखते हुए जिला कलेक्टर एवं दंडाधिकारी डा. सर्वेश्वर भुरे ने गुरुवार को कोलाहल अधिनियम के तहत ध्वनि यंत्रों के उपयोग को लेकर एक आदेश जारी किया है, जिसके तहत किसी भी तरह के ध्वनि यंत्र का उपयोग करने से पहले इसके लिए सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लेनी होगी।

कलेक्टर ने जारी आदेश में कहा है कि चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपादन के लिए जिले में बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को प्रतिबंधित किया है। इसके तहत चुनाव प्रचार-प्रसार के लिए चलित वाहन, सभा, जुलूस आदि में लाउडस्पीकर का उपयोग करने के लिए सक्षम प्राधिकारी से अनुमति लेनी होगी। यह अनुमति भी सिर्फ सुबह 6 बजे से लेकर रात 10 बजे तक रहेगी। इस तरह रात 10 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक ध्वनि यंत्र बजाना प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है, जो चुनाव की समाप्ति तक प्रभावशील रहेगा।



## कलेक्टर ने कोलाहल अधिनियम के तहत किया आदेश जारी

**अनुमति के लिए प्राधिकारियों की नियुक्ति**

कलेक्टर ने ध्वनि यंत्रों की अनुमति प्रदान करने के लिए सक्षम प्राधिकारियों की नियुक्ति की है। इसमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-48 रायपुर शहर-ग्रामीण (नगर निगम क्षेत्र रायपुर एवं बिरगांव), क्रमांक-49 शहर पश्चिम, क्रमांक-50 रायपुर शहर उत्तर एवं क्रमांक-51 रायपुर शहर दक्षिण के लिए अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-52 आरंग क्रमांक-53 अभनपुर और क्रमांक-47 धरसींवा के लिए संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-45 बलौदाबाजार (110 मतदान केंद्र के लिए तहसीलदार तिल्दा नेवरा को नियुक्त किया गया है।

## सार-संक्षेप

### छग में पंचायत सचिवों की मनी दिवाली, बढ़ा वेतन व अवकाश



**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्राम पंचायत सचिवों के संशोधित वेतन संरचना और अन्य सुविधाओं का स्वीकृति आदेश जारी किया है। ग्राम पंचायत सचिवों को चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति, मातृत्व एवं पितृत्व अवकाश, सेवानिवृति पर उपादान की पात्रता रहेगी। एक कैलेंडर वर्ष में 25 दिवस अर्जित अवकाश और 12 दिवस आकस्मिक अवकाश की पात्रता रहेगी।

### आईएएस अफसरों का तबादला

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (ङ्करू) के अधिकारियों की नवीन पदस्थापना की है. इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी किया है. जारी आदेश के मुताबिक, 1997 बैच की आईएएस अधिकारी निहारिका बारिक को स्ङ्क्रञ्ज, निमोरा का महानिदेशक बनाया गया है. वहीं 2006 बैच की आईएएस श्रुति सिंह को आवासीय आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# वेटरनरी पॉलीटेक्निक में सीधे 12वीं के अंकों के आधार पर मिलेगा दाखिला

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कामधेनु विश्वविद्यालय के वेटरनरी पॉलीटेक्निक (क्काढ्ढस्ढ्ढ ह्श्वञ्जस्) में प्रवेश के लिए अब विद्यार्थियों को पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा की जरूरत नहीं है। बिना प्रवेश परीक्षा के भी कक्षा 12वीं के अंकों से प्रवेश दिया जाएगा।

विश्वविद्यालय से संबद्ध चार वेटरनरी पॉलीटेक्निक हैं, जिनमें डिप्लोमा की 145 सीटें खाली हैं। इन सीटों पर प्रवेश देने के लिए कामधेनु विश्वविद्यालय 12वीं के अंकों को ही आधार मानेगा। यह काउंसलिंग सिर्फ एक दिन के लिए 27 अक्टूबर को कामधेनु के कैंपस में रखी गई है। इस सेशन में बहुत से विद्यार्थी ऐसे हैं, जो वेटरनरी डिप्लोमा में प्रवेश लेना चाहते हैं, लेकिन प्रवेश परीक्षा नहीं दे पाए। इस तरह उनका साल बर्बाद हो रहा था। इसको देखते हुए खाली सीट संख्या के आधार पर कामधेनु विश्वविद्यालय प्रशासन ने 10+2 बेसिस पर एक बार फिर स्पॉट राउंड कराने का निर्णय लिया है।



**डेयरी टेक्नोलॉजी का बुरा हाल**

कामधेनु विश्वविद्यालय के तहत संचालित डेयरी टेक्नोलॉजी (क्काढ्ढस्ढ्ढ ह्श्वञ्जस्) में डिग्री और डिप्लोमा का हाल बेहाल है। कोर्स की कुल सीटों की तुलना में सिर्फ 5 फीसदी ही प्रवेश हो पाए हैं। शेष सभी सीटें रिक्त रह गई हैं बता दें कि व्यवसायिक शिक्षा मंडल से पीवीपीटी की मेरिट के आधार पर ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया कराई गई, जिसमें पॉलीटेक्निक संस्था की तमाम सीटें अभी तक नहीं भर पाई हैं, इनमें प्रवेश देने यह काउंसलिंग राउंड कराया जा रहा है।

**इससे पहले भरीं 37 सीटें**

हाल में कामधेनु विवि ने 4 अक्टूबर को ऑनलाइन काउंसलिंग (क्काढ्ढस्ढ्ढ ह्श्वञ्जस्) कराई थी, जिसमें 37 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। ये सभी वे विद्यार्थी थे, जिन्होंने वेटरनरी पॉलीटेक्निक में प्रवेश के लिए पूर्व में ऑनलाइन आवेदन तो किया, लेकिन जरूरी प्रक्रिया पूरी नहीं की। कुछ ने शुल्क का भुगतान नहीं किया था। विश्वविद्यालय ने इनसे संपर्क कर कोर्स में प्रवेश लेने का एक और मौका दिया। चारों वेटरनरी पॉलीटेक्निक में कोर्स की कुल 360 सीटें हैं। मुख्य काउंसलिंग के सभी राउंड को मिलाकर वेटनरी पॉलीटेक्निक की 178 सीटें भरीं। इसके बाद हाल की ऑफलाइन काउंसलिंग से 37 एडमिशन कराए गए। इस तरह 215 सीटों पर कुल दाखिले हुए।

# छग के नाम एक और अवार्ड

**रायपुर,** 6 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ के मशहूर जिन्दल स्टील एंड पावर (जेएसपी) को ईस्टर्न इंस्टीट्यूट ऑफ इंटेग्रेटिड लर्निंग इन मैनेजमेंट (ईआईआईएलएम), कोलकाता ने श्रेष्ठ सीएसआर इंटेग्रेटिड बिजनेस के लिए प्रतिष्ठित ईस्टर्न इंडिया लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया है। यह सम्मान समाजसेवा के प्रति जेएसपी की कटिबद्धता को दर्शाता है और कंपनी का यही दर्शन सीएसआर को जेएसपी के व्यवसाय का अभिन्न अंग बनाता है। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जेएसपी फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल ने कहा, जिन्दल स्टील एंड पावर व्यावसायिक सफलता और सामाजिक जिम्मेदारी के बीच परस्पर संतुलित संबंध में विश्वास करता है। यह सम्मान समाज को सकारात्मक दिशा दिखाने और उसके सतत विकास को प्रोत्साहित करने के लिए हमारे समर्पित प्रयासों का प्रमाण है। जेएसपी फाउंडेशन की असिस्टेंट जनरल सेक्रेटरी मैत्रेयी मिश्रा ने कंपनी की ओर से यह सम्मान ग्रहण किया। इस अवसर पर जिन्दल स्टील एंड पावर के सीएसआर प्रमुख प्रशांत कुमार होता ने व्यवसाय और सीएसआर के परस्पर अटूट संबंधों पर प्रकाश डाला। गौरतलब है कि जेएसपी फाउंडेशन ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों समेत पूरे भारत में लोगों के जीवन में बदलाव लाने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। मिशन जीरो हंगर, किशोरी एक्सप्रेस, वात्सल्य, यशस्वी, आशा द होप और ग्रासरूट हॉकी डेवलपमेंट प्रोग्राम समेत अनेक ऐसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनसे समुदायों में सकारात्मक परिवर्तन को बढ़ावा मिल रहा है और उनकी अनेक चुनौतियों का समाधान संभव हो रहा है।



## जिंदल स्टील एंड पावर को श्रेष्ठ सीएसआर इंटेग्रेटिड बिजनेस के लिए ईस्टर्न इंडिया लीडरशिप अवार्ड

## निधन

### इंद्रवीर सिंह जुनेजा

**रायपुर,** 6 अक्टूबर। इंद्रवीर सिंह जुनेजा (टीटू) सुपुत्र स्व. मालिकसिंह जुनेजा / संत कौर नहरपारा का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 7 अक्टूबर शनिवार को सुबह 11 बजे उनके निवास अमलीडीह से राजेंद्र नगर मुक्तिधाम हेतु जाएगी।



### राजूराम बंजारे

**झलप,महासमुंद,** 6 अक्टूबर। ग्राम मानपुर निवासी राजूराम बंजारे 80 वर्ष का 6 अक्टूबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम मानपुर में किया गया। वे कृषि उपज मंडी समिति महासमुंद के अध्यक्ष हीरा बंजारे, बाबूलाल बंजारे के पिता व ग्राम पंचायत मानपुर के सरपंच श्रीमती बृजेन हीरा बंजारे के ससुर थे।



### सुन्दर बाई सोनी

**बिलाईगढ़** 6 अक्टूबर। विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम पंचायत सरसींवा निवासी सुन्दर बाई सोनी पति स्व गंगाराम सोनी की शुक्रवार रात 6 अक्टूबर को आकस्मिक निधन हो गई। जिसका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम सरसीवां में किया गया।



# छत्तीसगढ़ मीडिया स्वतंत्रता, संरक्षण और संवर्धन समिति का गठन




**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ मीडियाकर्मी सुरक्षा अधिनियम 2023 के तहत 'छत्तीसगढ़ मीडिया स्वतंत्रता, संरक्षण एवं संवर्धन समिति' का गठन किया गया है. समिति गठन के संबंध में मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर, अटल नगर स्थित जनसंपर्क विभाग से जारी आदेश के तहत समिति के अध्यक्ष दिनेश कुमार श्रीवास्तव, भारतीय प्रशासनिक सेवा (सेवानिवृत्त) होंगे। जारी आदेश के तहत समिति के सदस्यों में पुष्पा रोकड़े, संवाददाता, प्रखर समाचार, बीजापुर, दिवाकर मुक्तिबोध, वरिष्ठ पत्रकार, रायपुर नथमल शर्मा, प्रधान संपादक इवनिंग टाईम्स बिलासपुर और संचालक लोक अभियोजन द्वारा नामित संघ के संचालक स्तर का अधिकारी शामिल हैं. इसके अलावा आयुक्त-संचालक, जनसंपर्क द्वारा नामित अपर संचालक स्तर के अधिकारी समिति के सदस्य-सचिव होंगे।

# हवाई सफर होगा और मंहगा

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। इंडिगो एयरलाइंस आज यानी 6 अक्टूबर से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों के लिए ईंधन शुल्क लागू करेगी, जिसके परिणामस्वरूप उड़ान टिकट की कीमतें लगभग 1000 रुपये महंगी हो जाएंगी. कंपनी ने कहा कि, ये शुल्क संबंधित क्षेत्रों में दूरी पर निर्भर करेंगे. विमान ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच यह कदम उठाया गया है. आपको बता दें कि एयरलाइंस ने आखिरी बार 2018 में फ्यूल सरचार्ज लगाया था, जिसे ईंधन की कीमतें कम होने के बाद धीरे-धीरे हटा दिया गया था.

इंडिगो ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर बढ़ती एटीएफ कीमतों की भरपाई के लिए ईंधन शुल्क की शुरुआत की और कहा कि, यह 6 अक्टूबर, 2023 से प्रभावी होगा. एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद यह निर्णय लिया गया है, जिसमें बढ़ोतरी हुई है. इंडिगो ने कहा कि, एटीएफ किसी एयरलाइन के परिचालन खर्च का एक बड़ा हिस्सा है, जिससे इस तरह की लागत वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए किराया समायोजन की आवश्यकता होती है. मूल्य संरचना में बदलाव के तहत, इंडिगो की उड़ानें बुक करने वाले यात्रियों को सेक्टर की दूरी के आधार पर प्रति सेक्टर ईंधन शुल्क देना होगा. इससे पहले एयरलाइंस ने आखिरी बार 2018 में फ्यूल सरचार्ज लगाया था, जिसे ईंधन की कीमतें कम होने के बाद धीरे-धीरे हटा दिया गया था.

**इस तरह बढ़ती हैं कीमतें**

500 किमी तक की दूरी के लिए 300 रुपये फ्यूल चार्ज लगेगा, जो दूरी बढ़ने पर 1000 रुपये हो जाएगा. 501-1000 किमी के बीच की दूरी के लिए 400 रुपये अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा. 1001 से 1500 किमी के बीच की दूरी के लिए टिकट बुक करने वालों को 550 रुपये अतिरिक्त देने होंगे और 1501-2500 किमी के लिए 650 रुपये का शुल्क लिया जाएगा.2501 से 3500 किलोमीटर की दूरी के लिए 800 रुपये का फ्यूल चार्ज लगेगा. 3501 किमी से अधिक दूरी के लिए ईंधन शुल्क 1000 रुपये होगा. इस महीने की शुरुआत में केंद्र सरकार ने जेट ईंधन की कीमतों में 14 फीसदी से कुछ ज्यादा की बढ़ोतरी की थी, जो लगातार तीसरी मासिक बढ़ोतरी थी. राज्य के स्वामित्व वाले ईंधन खुदरा विक्रेताओं की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, एटीएफ की कीमतों में अगस्त में 8.5 प्रतिशत और जुलाई में 1.65 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी.



## ईंधन शुल्क वसूलेगी इंडिगो एयर लाइंस

# अभा बैंक अधिकारी परिसंघ ने मनाया 39वां स्थापना दिवस



**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। बैंकिंग उद्योग में कार्यरत 3.25 लाख से अधिक अधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे बड़े ट्रेड यूनियन अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ की छत्तीसगढ़ राज्य इकाई ने पीएनबी, मोतीबाग चौक में एआईबीओसी ध्वज फहराकर एआईबीओसी का 39वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर एआईबीओसी के सदस्यों ने बैंक के निजीकरण का विरोध करने का संकल्प लिया। कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के रूप में बैंकों में हमारा राष्ट्रीय खजाना सुरक्षित है। हम लाखों ग्राहकों की मदद करते हैं। उनकी जमा पूंजी की सुरक्षा करते हैं। अपनी ईमानदार आर्थिक गतिविधियों को चलाने के लिए पूरा देश, राष्ट्रीयकृत बैंकों पर निर्भर हैं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर एक जिम्मेदार ट्रेड यूनियन के रूप में समाज के कल्याण की सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए एआईबीओसी की छत्तीसगढ़ राज्य इकाई ने तीन महत्वपूर्ण व्यक्तियों को, समाज के उत्थान के लिए दिये गये महत्वपूर्ण योगदान एवं उनके लगातार नि:स्वार्थ सेवा के लिए सम्मानित किया।

# 13 साल बाद पकड़ाया हत्याकांड का आरोपी



**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश में हत्या कर छत्तीसगढ़ में छिपकर रह रहा आरोपी 13 साल बाद रायपुर पुलिस की गिरफ्त में आया। रायपुर क्राइम और साइबर यूनिट ने हत्या के आरोपी को उसके रिश्तेदार के घर से गिरफ्तार किया है।

**मध्य प्रदेश में लूटपाट के बाद की थी हत्या:** आरोपी मनोज सिंह ने मध्यप्र देश के सिंगरौली जिले के बरहा टोला बरगवां इलाके का रहने वाला है। यहीं उसने साल 2010 में लूटपाट के बाद एक युवक की हत्या कर दी थी। इसमें मनोज के और भी साथी शामिल थे। वारदात को अंजाम देने के बाद मनोज भाग निकला था। इस आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश में हत्या, हत्या के प्रयास, लूटपाट, बलवा और मारपीट जैसे मामलें दर्ज है।

**रिश्तेदारों के घर रह रहा था आरोपी:** मध्य प्रदेश की स्थानीय पुलिस ने शुरुआती जांच कर आरोपी की कुछ दिनों तक खोजबीन की। गुजरते सालों में मामला ठंडे बस्ते में चला गया। इस दौरान आरोपी छुपते.छुपाते छत्तीसगढ़ भाग आया। आरोपी मनोज सिंह बीते 13 सालों से रायपुर में अपने रिश्तेदारों के यहां रह रहा था।

**ट्रांसपोर्ट कंपनी में कर रहा था काम:** आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद रायपुर आया और एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करने लगा। उसे लगा था कि इतने सालों के बाद अब वो पुलिस की पकड़ में नहीं आ पाएगा। लेकिन रायपुर पुलिस की एसीसीयू टीम को इस बात की भनक लग गई थी कि हत्या का आरोपी यहां छुपा है। फिर तत्काल क्राइम यूनिट नाम टीम बनाया और आरोपी को पकड़ने के लिए रणनीति बनायी। इसके बाद पुलिस ने मनोज को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो सच्चाई सामने आ गई।

क्राइम ब्रांच टीआई गिरीश तिवारी ने बताया कि आरोपी साल 2010 में मध्यप्रदेश में एक युवक की हत्या करने के बाद से फरार था। जिसे सूचना मिलने के बाद हिरासत में लिया गया है। मध्यप्रदेश पुलिस को इस बारे में सूचना दे दी गई है।

- **एमपी के सिंगरौली में 2010 में की थी युवक की हत्या**
- **आरोपी बीते 13 सालों से रायपुर में अपने रिश्तेदारों के यहां रह रहा था**

# संजीवनी 108, 102 के कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर



**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के संजीवनी, 102 और 108 एम्बुलेंस के कर्मचारी अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है वहीं आज आंदोलनरत कर्मचारियों ने शासन.प्रशासन का ध्यान अपनी और खीचने जल सत्याग्रह किया यह आंदोलन छत्तीसगढ़ संजीवनी 108,102 कर्मचारी संघ के बैनर तले किया गया कर्मचारी अलग.अलग तरीके से धारना प्रदर्शन पुतला दहन, जल सत्याग्रह कर रहे हैं लेकिन अभी तक उनकी मांगें पूरी नहीं हुई है छत्तीसगढ़ संजीवनी108,102 कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र राठौर ने बताया कि हम 102 कर्मचारियों को छत्तीसगढ़ में सेवा देते हुए 10.12 साल हो गए आज हमें ठेका के नाम पर बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है इस सरकार के मुखिया 2018 में हमारे मंच पर आकर 108,102 सेवा को ठेका प्रथा मुक्त किया जाएगा करके घोषणा किया गया था लेकिन आज कांग्रेस सरकार का 5 वर्षों का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है, 108,102 आपातकालीन एंबुलेंस में ठेका प्रथा हटाने का वादा करने वाले 10.12 वर्षों से उक्त एंबुलेंस सेवा में कार्य करने वाले कर्मचारियों को ही हटा दे रहे हैं संघ के अध्यक्ष ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में संवेदनशील एवं न्याय देने वाली कांग्रेस सरकार के नीति और नियत का परिणाम हम सबको मिल रहा है हम अपनी जान जोखिम में डालकर शासन की महत्वाकांक्षी जीवन.रक्षक स्वास्थ्य सेवाओं को 24 घंटे जनता को उपलब्ध कराने वाले कर्मचारी हैण् जो कोरोना कॉल के 2 वर्षों तक अपनी जान जोखिम में डालकर नि:स्वार्थ भाव से काम कियेण् उस समय इनको याद नहीं आई कि ये लोग ठेका कर्मी है आज छत्तीसगढ़ की माताओं.बहनों और नवजात के जीवन के साथ खिलवाड़ करने के लिए नियमों को ताक पर रखकरए टेंडर शर्तों में बदलाव करके महतारी.बहनों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है और ठेका कंपनी को भ्रष्टाचार करने का लाइसेंस दिया जा रहा है

**संजीवनी108,102 कर्मचारी कल्याण संघ की ये है मांगे:** 102 महतारी एंबुलेंस सेवा के टेंडर को निरस्त करए 10 वर्षों से सेवा में कार्य करने वाले अनुभवी कर्मचारियों को उनके वर्तमान कार्य स्थल पर फिर पदस्थापना किया जाए और 2018 से शेष बचे हुए कर्मचारियों का समायोजन किया जाए ,108,02 कर्मचारियों को 2.3 माह कार्य करा कर एक माह का वेतन दिया जाता है, पूर्व बकाया वेतन का भुगतान तुरंत किया जाए और कर्मचारियों को प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में वेतन भुगतान जारी किया जाए,संजीवनी 108,102 महतारी एंबुलेंस सेवा मे कार्यरत समस्त कर्मचारियों को 2018 से 2023 तक का वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ अब तक नहीं दिया जा रहा हैए जिसे यथाशीघ्र एरियर के रूप में एकमुस्त भुगतान किया जाए 108,102 एम्बुलेंस कर्मचारियों से 8 घंटे का कार्य लिया जाना निर्धारित किया जाएए अतिरिक्त कार्य का ओवरटाइम राशि दिया जाए सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार श्समान काम.समान वेतनमानश् का लाभ सुनिश्चित किया जाए,मुख्यमंत्री के वादे अनुसार 108,102 एंबुलेंस सेवा को ठेका प्रथा से हटाकरए सरकार द्वारा स्वयं संचालन कर 60 साल तक नौकरी की गारंटी दिया जाए।

**5 सूत्रीय मांगों को लेकर जल सत्याग्रह कर किया प्रदर्शन**

# 2 परिवार में खूनी संघर्ष, जमीन विवाद में भिड़े

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के गोल बाजार इलाके में दो परिवारों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस दौरान वहां परिवार की युवतियां और महिलाएं भी थीं उन पर भी पहले पत्थर से वार किया गया जिसमें उनका मुंह लहूलुहान हो गया इसके बाद कपड़े भी फाड़ दिए गए। भारी हंगामे और मारपीट के बाद दोनों पक्ष के लोग थाने पहुंचे। ये पूरा मामला परिवार की आपसी प्रॉपर्टी के विवाद के चलते हुआ है। दोनों ही पक्ष आपस में रिश्तेदार के साथ पड़ोसी भी हैं। जिसमें एक तरफ करीब 7 लोग थे तो वहीं दूसरे तरफकरीब 4 लोग शामिल थे। मारपीट और बवाल का वीडियो भी सामने आया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफसे एफआईआर दर्ज कर ली है।

**पुराने प्रॉपर्टी विवाद को लेकर मारपीट:** गोलबाजार इलाके के रहमानिया चौक में महिला शहनाज खान और शेख सलीम का परिवार रहता है। शहनाज के पिता सलीम के मामा लगते हैं। इन दोनों परिवारों के बीच डेढ़.दो सालों से प्रॉपर्टी का विवाद चल रहा है। इनमें से शहनाज का बुटीक का काम है तो वहीं सलीम की प्लास्टिक सामान की दुकान गोलबाजार में है। 6 अक्टूबर की रात साढ़े 12 बजे के करीब सलीम समेत कुछ लोग शहनाज घर के नीचे खड़े हुए थे। तभी शहनाज ने नीचे उतरकर उनसे घर के सामने खड़े होने की वजह पूछी जिसके बाद बहसबाजी हो गई। इसके बाद पुरानी रंजिश के चलते मामला और बिगड़ गया और युवकों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी।

**युवती के कपड़े फाड़े, मुंह पर पत्थर मारा, लहूलुहान:** इस मारपीट के दौरान वहां मौजूद युवकों ने शहनाज के चेहरे पर पत्थर से हमला कर दिया। जिससे वो बुरी तरह लहूलुहान हो गई। उसके नाक और मुंह से खून बह रहा था। इस झड़प में युवती के कपड़े भी फट गए। इस खूनी संघर्ष का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें मौके पर पुलिस भी नजर आ रही है। शुरुआत में पुलिस के कांस्टेबलों ने झगड़े को छुड़वाने की कोशिश की लेकिन वे इन्हें रोक नहीं सके। वीडियो में दिख रहे युवक लगातार गाड़ियों और सामानों में तोड़फोड़ करते रहे। इस मामले में शेख सलीम की तरफसे भी गोल बाजार थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिसमें आरोप है कि मारपीट की शुरुआत शहनाज के भाई आरिफ खान ने की। उसने पहले गाली.गलौज कर हमला किया। इस मामले में गोल बाजार थाना प्रभारी योगेश कश्यप ने कहा कि पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर बल भेजा गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली है। फिलहाल किसी की भी गिरफ्तारी नहीं की गई है। मामले में जांच जारी है।

घटना शुक्रवार की है। इस मामले में पुलिस ने क्या एक्शन लिया है। फिलहाल ये बात सामने नहीं आई है। रायपुर में शुक्रवार शाम को दो पक्षों के बीच बढ़ा विवाद बलवा में तब्दील हो गया। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। जिसमें दो पक्षों के करीब 50 लोग लाठी, फावड़ा और सरिया लेकर दौड़ते दिख रहे हैं। मारपीट के बाद मोहल्ले की महिलाएं बड़ी संख्या में देर रात कोतवाली पहुंचीं। पूरा मामला टिकरापारा और कोतवाली थाने के बीच के दो मोहल्लों का है

**फावड़ा, सरिया लेकर पहुंचे करीब 50 युवक**

# महिलाओं को स्वादिष्ट भोजन बनाने स्नेहा सिंघी ने दिए टिप्स



**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्लब तत्त्वम द्वारा 6 अक्टूबर को कुकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस वर्कशॉप का संचालन सेलिब्रिटी शेफ स्नेहा सिंघी द्वारा किया गया, जो एक एफएनबी कंसल्टेंट और कंटेंट क्रिएटर भी हैं। सोशल मीडिया में उनके 1 मिलियन से भी ज्यादा फॉलोवर्स हैं। वह मुख्यत- कोलकाता से हैं। उन्हें टाइम्स फूड गाइड अवॉर्ड, बीबीसी गुड फूड के द्वारा सम्मान प्राप्त हुआ है। वह अवार्ड विनिंग पेस्ट्री शेफ भी हैं।

इस वर्कशॉप में 50 महिलाओं ने भाग लिया और कई प्रकार के ग्लोबल चिज़ीन सीखे जैसे किहिबिस्कस कूलर, गाड़ो गाड़ो सैलेड, किमची टोफू सूप, बिबिम बैप, बुराता पैस्तो लसाने, फ्रूट ट्राईफल इत्यादि। स्नेहा ने भोजन को स्वादिष्ट बनाने के बहुत से नुस्खे भी बताए। सभी महिलाओं ने इस वर्कशॉप का भरपूर आनंद लिया।क्लब तत्त्वम की प्रेसिडेंट सिमरन होरा, वाइस प्रेसिडेंट स्वीटी जुनेजा, ट्रेजरर रिया लुनावत, वर्कशॉप कार्यकर्ता नेहा अग्रवाल और बाकि सभी मेम्बर्स मौजूद रहे।

# गाड़ी के बाहर निकला था सरिया, लगा भारी जुर्माना

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)।राजधानी रायपुर के तेलीबांधा से लाभांडी की तरफजाने वाले नेशनल हाईवे पर एक माल ढोने वाली कमर्शियल गाड़ी का चालान कटा है।20 हजार रुपयों का ये भारी चालान कोर्ट के आदेश से रायपुर ट्रैफिक पुलिस ने काटा है। ट्रैफिक पुलिस की इस कार्रवाई के पीछे की वजह गाड़ी के बाहर झूलता हुआ सरिया था।

**दूसरों की जान खतरे में:** इस मामले को लेकर तेलीबांधा ट्रैफिक पुलिस प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि एक कंस्ट्रक्शन कंपनी की कमर्शियल गाड़ी में खतरनाक तरीके से सरिया लोड किया गया था। ये सरिया आगे की तरफकरीब 6 फीट और पीछे की तरफ3 फीट निकला हुआ था। जब गाड़ी सड़क पर दौड़ रही थी तो ये सरिया लगातार ऊपर.नीचे झूल रहा था जिससे सड़क पर चलने वाले दूसरे राहगीर हादसे का शिकार हो सकते थे। गाड़ी को सरोना का रहने वाला सुनील कुमार चला रहा था।

**कोर्ट के आदेश के बाद काटा गया 20 हजार रुपए का चालान**

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गाड़ी को जब्त कर लिया है। आरोपी को 5 अक्टूबर को कोर्ट में पेश किया गया। यहां देर शाम कोर्ट के आदेश के बाद वाहन मालिक पर 20 हजार रुपयों का चालान काटा गया।

**आसपास से गुजर रहे लोगों में डर :** जानकारी के मुताबिक इस गाड़ी के आसपास से गुजर रहे लोगों ने जब इसमें लदा सरिया देखा तो वे डर गए। तेज रफ्तार गाड़ी में ये सरिया आगे और पीछे की तरफलगातार तेजी से झूल रहा था जिसके चलते लोग खाली सड़क पर भी ओवरटेक नहीं कर रहे थे।

**छोटी सी लापरवाही से जान का खतरा:** इस मामले में रायपुर ट्रैफिक एएसपी सचिंद्र चौबे ने कहा कि किसी भी कमर्शियल और निजी वाहनों को ऐसी गलती नहीं करनी चाहिए। खासतौर पर कमर्शियल वाहनों को तय सीमा और बॉडी के अंदर ही सामान लोड करना चाहिएए जिससे वे अनावश्यक जुर्माने से बच सकें साथ ही अन्य ट्रैफिक नियमों का पालन भी करें।

# कॉमेडियन कपिल शर्मा, हुमा कुरैशी और हिना खान तक पहुंची ईडी



**पूछताछ के लिए भेजा समन, रणबीर कपूर ने 2 हफ्ते का मांगा है समय**

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)।महादेव बेटिंग ऐप मामले में रणबीर कपूर के बाद अब प्रवर्तन निदेशालय कॉमेडियन कपिल शर्मा, हिना खान और हुमा कुरैशी तक भी पहुंच चुकी है,ईडी ने पहले बुधवार को रणबीर कपूर को पूछताछ के लिए समन भेजा था, जिसपर रणबीर ने ईडी से 2 हफ्ते का समय मांगा है वहीं अब हुमा कुरैशी और कपिल शर्मा के साथ.साथ हिना खान से भी ईडी ने पेश होकर अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा है ईडी ने तीनों को समन भेजा है तीनों कलाकारों को अलग.अलग तारीख पर ईडी ने पूछताछ के लिए पेश होने को कहा है महादेव बेटिंग ऐप मामले में अभिनेता रणबीर कपूर को ईडी समन भेजकर छह अक्टूबर को रायपुर के क्षेत्रीय कार्यालय में पूछताछ के लिए उपस्थित होने का निर्देश दे चुकी है जिसके बाद रणबीर ने दो सप्ताह का समय मांगा है अधिकारियों ने बताया कि हाल में तीनों कलाकारों को समन भेज कर एजेंसी के रायपुर कार्यालय में अलग.अलग तारीखों पर पेश होने को कहा गया है

**सौरभ चंद्राकर के शादी कार्यक्रम में शामिल हुए थे ,कई कलाकार:** ऑनलाइन सट्टा महादेव बुक के मुख्य प्रमोटर सौरभ चंद्राकर की शादी कार्यक्रम में बॉलीवुड के कई सितारे शामिल हुए थे और परफॉर्म किया था मिली जानकारी के मुताबिक ईडी की जांच के दायरे में अभिनेता रणबीर कपूर के अलावा आतिफअसलम, राहत फतेह अली खान, अली अजगर, विशाल डडलानी, टाइगर श्रॉफ नेहा कक्कर, एली अव्राम, भारती सिंह,सनी लियोनी, भाग्य श्री,पुलकित, कीर्ति खरबंदा,नुसरत भरूचा और कृष्णा अभिषेक का नाम आया था।

# चार साल पहले गणेश विसर्जन जुलूस में विवाद के चलते हुई थी युवक की हत्या

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)।चार साल पहले सिविल लाइन क्षेत्र में गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान आपसी विवाद में सोहेल कुरैशी उर्फछोटा मोनू की चाकू मारकर हत्या करने के छह आरोपियों को कोर्ट ने अलग.अलग धाराओं में दस वर्ष सश्रम कारावास के साथ ही तीन, दो, एक वर्ष और छह महीने के सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा से दंडित करने का फैसला सुनाया है। अपर लोक अभियोजक विजय लांजे ने बताया कि 14 सितंबर, 2019 की रात में रावण पुतला राजेंद्र नगर पास सोहेल कुरैशी उर्फछोटा मोनू के साथ डा राजेंद्र नगर जैतखम के पास रहने वाले मुकेश यादव 23वर्ष रोशन छिदैया 21वर्ष घनश्याम साहू 23वर्ष और उसके छोटा भाई गोविंद साहू 20वर्ष संजय यादव 21वर्ष और उसके छोटा भाई नरेश यादव उर्फमोनू 20 वर्ष ने गणेश विसर्जन जूलूस में डीजे में मन पसंद गाना बजाने को लेकर विवाद करते हुए चाकू मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मामले में छहों आरोपियों के खिलाफ धारा 302, 147,149,25.27 आयुध अधिनियम में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बाद में पुलिस ने आरोप पत्र प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश निधि शर्मा तिवारी की कोर्ट में पेश किया। न्यायाधीश ने हत्या के इस प्रकरण की गंभीरता और पुलिस की ओर से पेश किए गए ठोस सुबूत और गवाहों के बयान के आधार पर छहों आरोपियों को दोष सिद्ध ठहराते हुए धारा 304 में दस वर्ष व पांच.पांच सौ रुपये अर्थदंड, धारा 147 में एक वर्ष और सौ.सौ रुपये अर्थदंड, धारा 323,149 में छह माह और सौ.सौ रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित करने का फैसला सुनाया। इसके साथ ही आरोपित मुकेश यादव को आयुध अधिनियम की धारा 25;1.ख ;ख में दो वर्ष और सौ रुपये अर्थदंड धारा 27 में तीन वर्ष सश्रम कारावास के साथ सौ रुपये के अर्थदंड की सजा से न्यायाधीश ने दंडित किया है। अर्थदंड की राशि का भुगतान नहीं करने पर आरोपियों को दी गई प्रत्येक सजा के लिए 15.15 दिन का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।

**छह आरोपियों को 10 वर्ष का कारावास**

# गोदाम से लोहे चादर की चोरी, 5 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने कबीर नगर से एक गोदाम से चोरी हुए लोहे की चादर के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार चोरी की गई लोहे की चादर को बरामद कर लिया हैं बताया गया कि प्रार्थी ने 3 अक्टूबर को थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि कबीर नगर लोहा बाजार स्थित पासा एसोसिएट प्राइवेट लिमिटेड जो टाटा स्टील कंपनी का डिस्ट्रीब्यूटर है गोदाम में टाटा स्टील कंपनी जमशेदपुर का माल लोहे का सीट अलग.अलग साइज रखा हुआ था। जो कि 3 अक्टूबर की रात 12 से 03 बजे के मध्य कोई अज्ञात चोर द्वारा कंपनी में रखे 12 नग लोहे का चादर सीट अलग.अलग साइज कुल वजनी 730 किलोग्राम कीमती लगभग 70000 रुपए को चोरी कर ले गया है की रिपोर्ट पर थाना कबीर नगर में धारा. 379 भादवी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर प्रकरण में गंभीरता लेते थाना प्रभारी कबीर नगर के नेतृत्व में त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी अवलोकन एवं आसपास के लोगों से पूछताछ कर पता तलाश किया जा रहा था दौरान पता तलाश टाटा मैजिक वाहन सीजी.04 2080 में चोरी गए 12 नग लोहे को भरकर संभव डेवलपर्स जो खाली प्लॉट में छुपाकर रखा गया था उक्त वाहन के मालिक का पता तलाश कर वाहन मालिक दिनेश बघेल को पकड़ा गया जिसे पूछताछ किया गया जो बताया कि इसका पड़ोसी संजय मोगराज इसके घर आया और बोला कि माल उठाना है कहने पर दोनों साथ में लोहा बाजार पहुंचे जहां पर पहले से विशाल राजपूत,ओमन कुमार धुव्र, दीपक तिवारी,कमलेश सिंह खड़े थे। जिसमें से ओमन, दीपक और संजय गोदाम नंबर बी 08 में चोरी करने के लिए दीवाल को कूदकर अंदर गए वहां से 12 नाग लोहे का चादर प्लेट को चोरी कर संभव डेवलपर्स के खाली प्लॉट में छिपाकर रखना बताए कि आरोपियो का कृत्य अपराध धारा का घटित करना पाए जाने से आरोपियों की पता तलाश घेराबंदी कर पूछताछ किया गया जो चोरी करना कबूल किये। चोरी गई मशरूका 12 नग लोहे का चादर सीट कीमती 70,000 रुपये एवं घटना में प्रयुक्त वाहन टाटा मैजिक को जप्त किया गया तथा 05 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया।

# आज नारी हर क्षेत्र में तेजी आगे बढ़ रही : प्रियंका कौशल



**वृंदावन हाल में नारी शक्ति पर विचार गोष्ठी**

**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। आज वृंदावन हॉल में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई इस गोष्ठी में वक्ता के रूप में आमंत्रित थी समाज सेविका श्रीमती मानिक ताई हम्बर्डे जी विचार वर्णिका शर्मा जी और पत्रकार प्रियंका कौशल जी । इस आयोजन में मुख्य अतिथि थी सुश्री नेता डूंमरे अन्तर राष्ट्रीय खिलाड़ी। इस अवसर पर माणिकताई हम्बर्डे जी ने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम कई वर्ष पूर्व ही आ जाना आ जाना था लेकिन इतने वर्षों बाद अब संभव हो पाया है वर्णिका शर्मा ने इस अधिनियम को कहा नारी का स्थान शुरू से ही पुरुषों के समकक्ष है। प्रियंका कौशल जी ने कहा आज की नई नारी हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रदेश अध्यक्ष सीमा शर्मा ने कहा आगे भी हमारा संगठन विभिन्न शहरों में इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करेगा और ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस अधिनियम के बारे में जागरूक करेगा ज्ञात हो इस संगठन के संयोजक सच्चिदानंद उपासने हैं।

# गांजा के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार



**रायपुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)।नशे का काला कारोबार करने वाले कारोबारियों की पतासाजी कर कार्यवाही करने एवं इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियो, थाना प्रभारियों एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम द्वारा मुखबीर लगाकरए पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर नशे का कारोबार करने वाले कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत रेलवे स्टेशन गेट नं 02 पास एक व्यक्ति अपने पास बैग में गांजा रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी गंज को सूचना की तस्दीक कर आरोपियों को गांजा के साथ रंगे हाथ पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित करते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम नीरज कुमार जाटव निवासी दिल्ली होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखें बैग की तलाशी लेने पर बैग में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से कुल 14 किलोग्राम गांजा कीमती लगभग 1,40,000ध् रूपये जप्त किया उसके के विरूद्ध थाना गंज मेंधारा 20बी नारकोटिक्स एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई।

उल्टा पुल्टा

**बबलू** -तू स्कूल क्यों नही जाता
**पप्पू**- कई बार गया अंकल वो वापिस भगा देते हैं।
**बबलू** -क्यों ?
**पप्पू**- कहते हैं भाग तेरा क्या काम लड़कियों के स्कूल में।

# पर्यावरण सुरक्षा, प्लास्टिक मुक्त भारत बनाने छात्राओं ने निकाली रैली

**दुर्ग**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत आज आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला की छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को प्सास्टिक से होने वाले खतरों से अवगत कराया। इसके अलावा इसी शाला की छात्राओं एवं शिक्षकों ने शीतला मंदिर के तालाब में उतरकर साफ सफाई की। इस कार्यक्रम में प्राचार्य कृष्णा अग्रवाल के मार्गदर्शन में एनसीसी व एनएसएस व ईको क्लब की छात्राओं ने भाग लिया।

आदर्श कन्या शाला की रचनात्मक पहल



इस पूरे कार्यक्रम में छात्राओं ने लोगों को पॉलिथीन के खतरों से अवगत कराते हुए कपड़े की थैली व गार्वेज के बैग के उपयोग का सलाह दिया। छात्राओं ने लोगों से पालिथिन लेकर उसमें रखी विसर्जन सामग्री गार्बेज के थैले में रखवाई और विसर्जन के लिये प्रेरित किया। इससे पूर्व भी इन छात्राओं ने पर्यावरण की सुरक्षा की दृष्टि से गणेश स्थापना के दिन लोगों को तीज व्रत के पूजन सामग्रियों का विसर्जन किया। संस्था का स्टाफ व छात्राएं लगभग सभी महत्वपूर्ण अवसर पर पर्यावरण सुरक्षा के लिये रचनात्मक कार्य कर रही है। गणेश विसर्जन में भी उन्होंने अपनी सकारात्मक सेवाएं दी। इस अवसर पर आदर्श कन्या शाला की प्रभआरी सोनिया गुप्ता, एस.एन.सिंग, ओ.पी.राजपूत, सहित अनेक स्टाफ एवं छात्राओं ने अपनी सेवाएं दी।

# प्रसिद्ध शिव पुराण कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा का प्रवचन आज से ग्राम कोड़िया में

**दुर्ग**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रसिद्ध शिव महापुराण कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा का धमधा रोड पर स्थित ग्राम कोड़िया में कल 7 अक्टूबर से प्रवचन शुरू होने जा रहा है। कथा स्थल पर हजारों शिव भक्त श्रोताओं की उपस्थिति को ध्यान में रखते हुए विशाल डोम सहित अनेक प्रबंध किये जा रहे है। इसी के चलते 7 से 13 अक्टूबर तक विभिन्न मार्गो पर यातायात बंद रखा गया है। इस व्यवस्था के तहत नंदकट्ठी चौक से पथरिया चौक तक मालवाहक एवं भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह प्रतिबंधित रखा गया है। इन वाहनों को नंदकट्ठी चौक से बोरी होते हुए धमधा की ओर से डायवर्ट किया जायेगा। इसी तरह धमधा से दुर्ग आने वाले वाहन पथरिया चौक से बासीन तिराहा से बासीन गांव, बोड़ेगांव से नंदकट्ठी चौक की ओर डायवर्ट



किया जायेगा।

**पार्किंग व्यवस्था: बालोद, राजनांदगांव, पुलगांव व दुर्ग की ओर से**

बालोद, राजनांदगांव, पुलगांव व दुर्ग की ओर से आने वाले वाहनों के लिए मार्ग/पार्किंग व्यवस्था अनुसार बालोद, राजनांदगांव की ओर के वाहन पुलगांव चौक से पटेल चौक, राजेन्द्र पार्क चौक, ग्रीन चौक, धमधा नाका ओवर ब्रिजए धमधा रोड होते हुए ग्राम कोड़िया पहुंचेंगे। जो वाहन ग्राम कोड़िया के गौठान, स्कूल मैदान, मस्जिद गली के आगे मैदान, पानी टंकी मैदान में वाहन पार्क कर पैदल कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे।

**रायपुर, अहिवारा, भिलाई की ओर से**

रायपुर, अहिवारा, भिलाई की ओर से आने वाले वाहनों के लिए मार्ग/पार्किंग व्यवस्था बागडुमर/नंदनी खुंदनी होते हुए ग्राम पोटिया मैदान में वाहन पार्क कर पैदल कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे।

**कवर्धा, बेमेतरा, धमधा की ओर से**

कवर्धा, बेमेतरा, धमधा की ओर से आने वाले वाहनों की मार्ग/पार्किंग व्यवस्था कवर्धा, बेमेतरा, धमधा की ओर से आने वाले वाहन पथरिया चौक होते हुए ग्राम मेड़ेसरा में वाहन पार्क कर पैदल कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे।

# कांकेर में मिले प्रियंका से विधायक अरुण वोरा, किया स्वागत

**दुर्ग**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधायक दुर्ग अरूण वोरा एवं महापौर दुर्ग धीरज बाकलीवाल अपने अनेक कांग्रेसी पार्षदों के साथ पंचायती राज सम्मेलन में शामिल होने कांकेर पहुंचे और वहां मंच पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव प्रियंका गांधी का स्वागत कर उनसे मुलाकात की। कार्यक्रम के बाद विधायक श्री वोरा ने वहां प्रमुख लोगों से मुलाकात के दौरान प्रदेश की भूपेश सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिये चलाई गई योजनाओं का



उल्लेख किया। उन्होंने प्रदेश सरकार की योजनाओं का ही परिणाम है कि छत्तीसगढ़ की महिलाएं आर्थिक रूप से उन्नति करती आ रही है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्षा आर.एन.वर्मा श्री वोरा के साथ ही दुर्ग नगर निगम के अनेक एमआईसी सदस्य संजय कोहले, हामिद खोखर, भोला महोबिया, सत्यवती वर्मा, दीपक साहू, मदन जैन, विजेन्द्र भारद्वाज, गोलू गुप्ता, महेश्वरी ठाकुर, उषा ठाकुर, बृजलाल पटेल, शंकर ठाकुर सहित लगभग 20 पार्षदगण शामिल हुए।

# ब्राउन शूगर के साथ महिला रंगेहाथ गिरफ्तार, जेल भेजी गई

**दुर्ग**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। सिटी कोतवाली दुर्ग द्वारा प्रतिबंधित ब्राउन शुगर की बिक्री के खिलाफ छेड़े गये अभियान के तहत आज चंडीमंदिर के पीछे मठपारा में ब्राउन शुगर बेचती महिला रेशमा खान पति अनवर खान उम्र (39) को कुल 5.16 ग्राम प्रतिबंधित ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया। ब्राउन शुगर की कीमत 14 हजार 8 सौ रूपये आंकी गई है। इसके साथ ही नकद 30 हजार रूपये जब्त किया गया। इसके बाद आरोपी महिला को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



10 हजार की ब्राउन शुगर, 30 हजार नकद जब्त

पुलिस के अनुसार पिछले कुछ समय से दुर्ग कोतवाली पुलिस ब्राउन शुगर की बिक्री को लेकर गंभीरता से इसके विक्रय में लगे लोगों के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी दौरान गत दिवस सूचना मिली कि वार्ड 3 चंडी मंदिर के पीछे रेशमा खान पति अनवर खान (39) ब्राउन शुगर का व्यवसाय कर रही है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने दबिश दी व आरोपी महिला के कब्जे से कोरे कागज में पुड़िया बनाकर लपेटे हुए 5.16 ग्राम ब्राउन शुगर कीमती 14 हजार 8 सौ रूपये व नकद 30 हजार कुल जुमला 44 हजार 8 सौ रूपये बरामद किया। गिरफ्तारी के बाद न्यायालय में पेश कर उसे जेल भेज दिया गया।

इस कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी महेश ध्रुव व टीम सक्रिय रही।

# बाईक एडवेंचर ट्रैकिंग कल कलेक्टर व एसपी हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

**दुर्ग**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के छत्तीसगढ़ की दुर्ग-भिलाई इकाई द्वारा छत्तीसगढ़ स्वच्छ, सुंदर, खुशहाल हो इस संकल्प के साथ पर्यावरण संरक्षण और आगामी विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान जागरुकता को लेकर एक दिवसीय बाईक एडवेंचर ट्रैकिंग का आयोजन 8 अक्टूबर को किया गया है। यह बाईक एडवेंचर ट्रैकिंग सुबह 7.30 बजे जिला कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना होगी। जिसे जिला कलेक्टर पुष्पेन्द मीणा, एसपी शलभ सिन्हा, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष नीता जैन हरी झंडी दिखाकर अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना करेंगी। यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की दुर्ग-भिलाई इकाई अध्यक्ष ऋषिकांत तिवारी ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## भाजपा में गजेन्द्र के नाम पर आपत्ति

# हेमचंद समर्थकों ने की लीलावती यादव को प्रत्याशी बनाने की मांग

**दुर्ग**, 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र से गजेन्द्र याजव को भाजपा से टिकिट दिये जाने की अपुष्टा खबर से ही भाजपा के एक खेमे में भारी असंतोष नजर आने लगा है । आज भाजपा संगठन के अनेक कार्यकर्ताओं ने प्रदेश भाजपा मुख्यालय जाकर गजेन्द्र याजव के नाम पर कड़ा विरोध दर्ज करते हुए दिवंगत नेता, पूर्व मंत्री हेमचंद यादव की पत्नी लीलावती यादव को दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाये जाने की मांग की है। हेमचंद यादव समर्थक नेताओं मनोज अग्रवाल, महावीर लोढ़ा, व अन्य लोगों ने भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष अरूण साव, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह प्रदेश संगठन महामंत्री विजय शर्मा से मिलकर गजेन्द्र यादव को टिकिट दिये जाने पर विरोध दर्ज किया है।

दिवंगत नेता हेमचंद यादव के परिजनों एवं समर्थकों ने आज एकात्म परिसर जाकर उपरोक्त भाजपा नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने साफ कहा कि स्व.हेमचंद यादव की पत्नी लीलावती यादव को टिकिट मिलनी चाहिए । उन्होंने कहा कि दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का दबदबा समाप्त करते हुए पहली बार 1998 में भाजपा का परचम हेमचंद यादव ने ही लगराया था। वे लगातार तीन बार दुर्ग के विधायक बनें और रमन सरकार में मंत्री बनें। स्व. यादव के परिजनों ने दुर्ग से गजेन्द्र यादव के नाम पर आपत्ति दर्ज कराई है। हेमचंद समर्थकों न पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से कहा है कि यदि यादव समाज से ही प्रत्याशी चुना जाना है तो दुर्ग शहर से स्व.यादव की पत्नी लीलावती यादव को ही प्रत्याशी बनाया जायें।



# विदेशी रुपए को भारतीय रुपए में बदलने का दिए थे झांसा



**भिलाईनगर,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। भिलाई-3 निवासी राजू जैन की शिकायत पर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी अब्दुल रफ खान, सांईपुल एवं आकाश तीनो दुकान में आये और कपड़ा खरीदे इसी दौरान प्रार्थी को 50 रुपये का मलेशियन नोट दिखाकर बताया की 50 रूपये को भारतीय रूपये में बदलने पर 800 रूपये मिलेगा। प्रार्थी उनके झांसा में आकर उनसे संपर्क किया तब आरोपियों ने बताया की उनके पास 1660 नोट है जिसके ऐवज में 3,50,000 रूपये आरोपियो के मकान गदा चौक के पास सुपेला बैग में भरकर दिया। जब नोटो की गड्डी से भरी बैग चेक करने पर कचरा निकला। प्रार्थी की रिपोर्ट मे थाना सुपेला ने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गय। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर संजय ध्रुव तथा नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर विश्वदीपक त्रिपाठी,उप पुलिस अधीक्षक अपराध राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में एवं थाना प्रभारी सुपेला दुर्गेश शर्मा, एसीसीयू प्रभारी नरेश पटेल, संतोष मिश्रा के नेतृत्व में टीम आरोपियों के हुलिया के आधार पर गदा चौक सुपेला पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। इस कार्यवाही में निरीक्षक दुर्गेश कुमार शर्मा थाना प्रभारी थाना सुपेला, एसीसीयू प्रभारी नरेश पटेल, संतोष मिश्रा, सउनि चन्द्रशेखर सोनी, प्रधान आरक्षक रूमन सोनवानी,सगीर खान का विशेष योगदान रहा।

# रिसाली में 100 लाख का लोकार्पण



**भिलाईनगर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। रिसाली महापौर शशि सिन्हा व प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेन्द्र साहू ने शुक्रवार को निगम क्षेत्र में 100 लाख के विकास कार्य का लोकार्पण किया। इसमें मिलेट्स कैफे भी शामिल है। इसे रायपुर के तर्ज पर तैयार किया गया है। रिसाली के नागरिकों को मिलेट्स से तैयार व्यंजनों का स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने प्रदेश सरकार की यह अनुठी पहल है। सरकार के इस प्रयास में रिसाली निगम ने भी सहभागिता निभाई है। निगम क्षेत्र की महिलाएं भी अब बड़े-बड़े रेस्टोरेंट की तर्ज पर मिलेट्स कैफे चलाएंगी। लोकार्पण अवसर पर सभापति केशव बंछोर, एमआईसी चन्द्रभान ठाकुर, अनुप डे, गोविन्द चतुर्वेदी, सनीर साहू, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, परमेश्वर वैष्णव, पार्षद विलास राव बोरकर, सुनंदा चंद्राकर, शीला नारखेड़े, अनिल देशमुख, जहीर अब्बास, डॉ.सीमा साहू, सरिता देवांगन, जमुना ठाकुर ब्लाक अध्यक्ष मुकुंद भाऊ, एल्डरमेन, संतुदास मानिकपुरी, संध्या वर्मा, अजीत यादव, मोहम्मद निजाम, आयुक्त आशीष देवांगन आदि उपस्थित थे।

## 20 लाख खर्च

मिलेट्स कैफे तैयार करने में निगम ने 20 लाख खर्च की है। बीएसपी मार्केट के सामने बने मिलेट्स कैफे में फैमली के साथ आए लोगों के लिए बैठक व्यवस्था अलग से की गई है। वहीं कैफे में खड़े होकर खाने की व्यवस्था पृथक से है। कैफे के उद्घाटन अवसर पर प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री जितेन्द्र साहू ने मिलेट्स से तैयार केक काटा और महिला समूह से नास्ता खरीदकर बोहनी कराई।

## भवन व स्कूल का लोकार्पण

आचार संहिता लगने से पहले महापौर शशि सिन्हा ने ऐसे विकास कार्यो का लोकार्पण किया जो पूर्ण हो चुके है। इसमें 30 लाख से रिसाली शासकीय स्कूल जीर्णोद्धार, 22 लाख की लागत से मौहारी शासकीय स्कूल जीर्णोद्धार और 28 लाख की लागत से सतनाम भवन निर्माण कार्य शामिल है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इन दिनों मिलेट्स कैफे के माध्यम से छत्तीसगढ़ीय व्यंजन लोगों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

# परिवार नियोजन की दी गई जानकारी



**भिलाईनगर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। मोर मितान मोर संगवारी कार्यक्रम गांधी नगर चरोदा भिलाई 3 में आयोजित किया गया। बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि नव दम्पतियो को परिवार नियोजन साधनो को अपनाने उसके उपयोग ओर बच्चों में अंतर लाने विभिन्न विधियों को समझाया गया। श्रीमती आर विश्वास ने अंतरा इंजेक्शन के प्रयोग करने ओर निशुल्क उपलब्ध मिलने की जानकारी दी। एक बार इंजेक्शन लगाने से तीन महीने तक कोई प्रग्नेंसी नहीं होती है। दम्पतियो को पहली बार चिकित्सक की देखरेख में लगाते हैं। एएनएम हेमलता निर्मलकर ने कापर टी, माला एन, छाया के संबंध में जानकारी दी। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी जानकार लोगों को मितान मोर संगवारी बनाने से सही जानकारी ओर सुविधा केंद्रों तक लोग पहुंचे ओर निशुल्क उपलब्ध साधनों का उपयोग करें कार्यक्रम मे एक बच्चे उपरांत कापर टी लगाने वाली दो बच्चों उपरांत नसबंदी कराने वाले हितग्राहियों को पुरूस्कृत किया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामेश्वरी, अल्पना, ममता देशमुख, पिंकी साहू, मितानिन लतिका सरकार, नूतन तिवारी, एएनएम द्रौपदी उपस्थित रहे।

# साकेत कालोनी का होगा विकास



**भिलाईनगर।** साकेत नगर विकास समिति कोहका वार्ड 13 वासियों के कॉलोनी में सड़क, नाली, नल.जल और बिजली की समस्याओं के निदान को लेकर लंबे संघर्षों के बाद निगम प्रशासन और सरकार ने आश्वस्त किया है कि कॉलोनी वासियों को जल्द ही मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। तत्संबंध में कॉलोनी के शिव हनुमान मंदिर परिसर में सैंकड़ों की संख्या में कॉलोनी वासियों को जनसभा संबोधित करते हुए सरकार की ओर से वार्ड पार्षद श्रीमती सुमन सिन्हा, कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने बताया कि सरकार ने कॉलोनी के विकास को लेकर मुख्यमंत्री ने विकास के लिए राशि तत्काल स्वीकृत कर दी है। उन्होंने बताया कि निगम ने भी 25 लाख की राशि स्वीकृत की है। उन्होंने बताया कि आज की इस सभा में महापौर नीरज पाल भी स्वयं आने वाले थे, लेकिन अचानक किन्ही कारणों की बजह से वे नहीं पाये हैं, लेकिन बहुत जल्द वे कॉलोनी वासियों से मिलेंगे और स्टीमेट का भी जायजा लेंगे। कॉलोनी वासियों ने मुकेश चंद्राकर को बताया कि कॉलोनी की सड़के काफी जर्जर है। गंदे जल की निकासी की सुविधा न होने से सड़ांध व बदबू से लोग परेशान हैं, मच्छरों का भी प्रकोप बना हुआ है। कॉलोनी में पर्याप्त बिजली खंभे न होने के कारण कई घरों में स्थायी बिजली कनेक्शन नहीं हो पाया है। इस लिहाज से स्वीकृत राशि बढ़ाए जाने की ज़रूरत है। इस पर मुकेश चंद्राकर ने कार्य शुरू होने के बाद स्टीमेट की घट.बढ़ को भी देखा जाएगा।

# नपा अध्यक्ष ने माना केबिनेट मंत्री का आभार



**भिलाईनगर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नपाध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कहा कि उनके द्वारा पूर्व मे सतनामी समाज मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य राशि 10 लाख एवं युवाओं के लिए जीम हेतु 10 लाख की मांग रखी। जिसको स्वीकार करते हुए तत्काल 20 लाख रुपये की घोषणा मंत्री गुरू रूद्र कुमार द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गुरु रुद्र कुमार ने अपने कार्यकाल में हुए विकास कार्यों के साथ जामुल पालिका के समग्र विकास कार्यों का निर्माण हेतु राशि 10 करोड रुपए के अधिक का सौगात नगर वासियों को समर्पित किया और कहा कि विकास कार्यों में हमारे द्वारा सबको साथ लेकर सभी क्षेत्रों में आम जनता के सुविधा हेतु कार्य किया गया है, जो आप सभी के समक्ष हैं। जामुल पालिका के अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर द्वारा सतनामी समाज मंदिर जीर्णोधार एवं जामुल के युवाओं के लिए जिम की मांग रखी गई जिसके लिए मैं राशि 20 लख रुपए की घोषणा करता हूं। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन सीएमओ जेपी बंजारे ने किया भूमि पूजन कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में नपा उपाध्यक्ष सुनीता चन्नेवार, लोक निर्माण सभापति खम्हन ठाकुर, जामुल ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रकाश सिंह ठाकुर, पीआईसी प्रभारी कविता विश्वाल, अहिल्या वर्मा, चुम्मन वर्मा, शांति टंडन, सीमा यादव, पार्षद बीहा करीम ख़ान, रेखराम बंछोर, सरोजनी चंद्राकर, दीपक गुप्ता, संजय देशलहरे, अश्वनी साहू, निशा चन्नेवार, रामप्यारी वर्मा, राम दुलार साहू, के राजू, दुर्गा वैष्णव, तिलेश्वर देवांगन, एल्डरमेन मन्नू लाल यादव, डॉ अशोक वर्मा, हेमशंकर शर्मा, जीवन चंदेल, द्रोपती साहू, विधायक प्रतिनिधि भगत सिंह, सहायक अभियंता चंद्रभान परगनिहा, उप अभियंता कृष्ण नारायण ताम्रकार, मुख्य सचिव पुनीत वर्मा, कर्मचारी संघ अध्यक्ष नीलकंठ वर्मा सहित कर्मचारी अधिकारी गण एवं आम जनता भारी संख्या में उपस्थित थे

# बिजली बिल हाफ का सभी को मिले लाभ : जैन

**भिलाईनगर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने कहा है कि छत्तीसगढ़ शासन की हाफ बिजली बिल योजना का लाभ राज्य सरकार और भिलाई इस्पात प्रबंधन के मध्य आपसी तालमेल नहीं होने का एक बड़ा प्रमाण है। राज्य सरकार के आदेश के बाद संयंत्र प्रबंधन खामोश है। जिसके खामियाजा शहर के आवासीय विद्युत उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ा है। ज्ञान चंद जैन ने सितंबर पेड अक्टूबर हाफ बिजली बिल योजना का लाभ आगामी माह के दोनों बिलों में संयुक्त रूप से भिलाई प्रबंधन को देने का निवेदन किया है। राज्य सरकार के विद्युत विभाग के अधिकारियों की सजग नहीं होने का परिणाम बताते हुए कहा है कि जब राज्य की सरकार ने आदेश जारी किया तो राज्य विद्युत मंडल ने इस पर संज्ञान क्यों नहीं लिया। स्टील सिटी चैंबर अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने कहा है कि राज्य सरकार ने 6 माह तक बिजली बिल का भुगतान नहीं करने वाले आवासीय उपभोक्ताओं को इस छठ का लाभ दिए जाने की घोषणा की है जबकि वास्तविकता यह है की संयंत्र प्रबंधन विद्युत बिल के भुगतान नहीं करने पर प्रतिमाह जो सरचार्ज की राशि वसूलता है उसमें किसी तरह की छूट देने को तैयार नहीं है। ज्ञानचंद जैन ने बीएसपी प्रबंधन से कहां है कि भिलाई प्रबंधन राज्य सरकार की इस योजना का लाभ किस तरह से शहर के आवासीय उपभोक्ताओं को देना चाहती है। इसका एक नोटिफिकेशन किया जाना चाहिए ताकि शहर वासी किसी तरह की दुविधा में ना रहे।



# कार की ठोकर से महिला घायल

**भिलाईनगर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। भिलाई-3 में बेटे के साथ सब्जी लेने जा रही महिला को कार चालक ने ठोकर मार दी जिससे महिला घायल हो गई। घटना बाद कार चालक वाहन समेत भाग निकला लेकिन पीड़ित महिला के बेटे ने कार का नंबर नोट कर लिया। अब पुलिस अपराध पंजीबद्ध कर कार चालक की तलाश में जुट गई है। पुरानी भिलाई पुलिस ने बताया कि वसुंधरा नगर भिलाई-3 निवासी 44 वर्षीय सीमा सिंह रात 8 बजे अपने बेटे प्रियांशु के साथ के पैदल घर से सब्जी मंडी भिलाई-3 सब्जी लेने जा रही थीं। तभी सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल के पास सतनाम चौक के पास पहुंचे पीछे से कार के चालक ने महिला को पीछे से ठोकर मार दिया। ठोकर बाद सीमा नाली में गिर गई, प्रियांशु ने उसे उठाया तब तक एक्सीडेंट कर कार चालक एक्सीडेंट भाग गया। सीमा चोट आई है। पुरानी भिलाई पुलिस ने कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# दीर्घ सेवा करने वालो किया गया सम्मान



**भिलाईनगर।** भिलाई महिला समाज दीर्घ सेवा सम्मान समारोह का आयोजन सेक्टर-4 कार्यालय में किया गया। जिसमें भिलाई महिला समाज के ऐसे सदस्यों को सम्मानित किया गया, जो लगातार 25 वर्ष या उससे अधिक वर्षों से भिलाई महिला समाज में अपनी सेवा दे रहे हैं। इस समारोह में भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष श्रीमती त्रिपर्णा दासगुप्ता, उपाध्यक्ष श्रीमती नीरजा कुमारी सिंह, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती प्रणोती मुखोपाध्याय, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती मीरा पंडा, अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती नुपुर स्वरुप एवं अतिरिक्त उपाध्यक्ष श्रीमती स्मिता गिरी विशेष रूप से उपस्थित थे। महासचिव श्रीमती साधना गोयल, सहसचिव श्रीमती सोनाली रथ, कोषाध्यक्ष श्रीमती शिखा जैन, सह.कोषाध्यक्ष श्रीमती दीपन्विता पाल के सक्रिय सहयोग किया। यह आयोजन भिलाई महिला समाज के अब तक के इतिहास में पहली बार हुआ है। इस समारोह में दीर्घ सेवा सम्मान के लिए सम्मानित सभी कर्मचारियों नेए भिलाई महिला समाज के अपने-अपने अनुभव साझा किये। इसके लिए 10 लोगों को चयनित किया गया था और इन्हें उपहार के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में कार्यक्रम का संचालन महासचिव भिलाई महिला समाज श्रीमती साधना गोयल द्वारा किया गया।

# डोमशेड निर्माण कार्य का रजनी ने किया भूमिपूजन



**भिलाईनगर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेक्टर 5 में स्थित भद्रेश्वर महाकाल शिव मंदिर में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी बघेल के द्वारा आज शुक्रवार को भुमि पुजन का कार्य संपन्न हुआ पांच लाख रुपए की लागत से डोमशेड निर्माण कार्य का विधिवत पूजा अर्चना के अवसर पर अनेक लोग उपस्थित थे। पुर्व शिव मंदिर में शिवजी का जल अभिषेक कर पुजा पाठ कर सभी प्रदेश वासियों की सुख-समृद्धि खुशहाली की कामना की। श्रीमती रजनी बघेल ने कहा कि इस शेड के निर्माण हो जाने से भद्रेश्वर महाकाल शिव मंदिर में पूजा के लिये आने वाले भक्तों को काफी सुविधा मिल सकेगी। उन्होनें कहा कि इस डोम शेड के निर्माण हो जाने पर अन्य कार्यक्रम कराने में स्थानीय लोगों को काफी राहत मिलेगी। उन्होनें संबंधित विभाग से इस डोमशेड के निर्धारित समय में गुणवत्ता को ध्यान में रखकर करने की बात कही। इस अवसर पर कृपा शंकर कश्यप राजु ए शंकर यादव एजय भोले ए कनोजियाएवीर सिंह राजपूतए शर्माए डी के दुबेए रमेश पटेलए मनोज गुप्ता एमीना दुबे एममता राजोरिया एगीता एके आर कोचंद एसहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शंकराचार्य कॉलेज डिस्ट्रिक्ट स्पर्धा के विजेता बने




**भिलाईनगर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय प्रतिष्ठित जिला चैंपियनशिप 2023 के विजयी विजेता बना है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि स्थिरता, पर्यावरणीय चेतना और समग्र शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संस्थान के अटूट समर्पण का प्रतीक है, जो एक उत्कृष्ट उदाहरण स्थापित करता है। पूरे क्षेत्र के शैक्षणिक संस्थानों के लिए। इस प्रतियोगिता में एसएसएमवी कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ.अर्चना झा के नेतृत्व और डॉय संदीप जशवंत, डॉ. कृष्णा जिबोन मंडल. डा. सोनिया बजाज, डॉ.सुषमा दुबे सहित संकाय सदस्यों के एक अनुकरणीय कोर समूह के अथक प्रयासों के तहत, डॉ. शिल्पा कुलकर्णी, डॉ. लक्ष्मी वर्मा, डॉ. महेंद्र शर्मा, श्रीमती उज्ज्वला भोंसले, सुश्री रचना तिवारी, ठाकुर रणजीत सिंह, डॉ. आकांक्षा जैन, डॉ. रचना चौधरी, ठाकुर देवराज सिंह, एसएसएमवी कॉलेज ने एक प्रेरणादायक यात्रा शुरू की। तीन महीने तक चलने वाली डिस्ट्रिक्ट चैंपियनशिप एक कड़ी चुनौती थी। जिसमें भाग लेने वाले संस्थानों को दस पर्यावरण अनुकूल गतिविधियों को निष्पादित करने और एनएएसी की सर्वोत्तम प्रथाओं का पालन करते हुए अपने प्रयासों का सावधानीपूर्वक दस्तावेजीकरण करने की आवश्यकता थी। इन गतिविधियों में प्लास्टिक के उपयोग को खत्म करने से लेकर मनमोहक नाटकों और रैलियों के माध्यम से बुजुर्गों के सम्मान की वकालत करना, कॉलेज के बगीचे में ज्ञानवर्धक कक्षाएं आयोजित करना और हितधारकों के बीच बाजरा की खपत को बढ़ावा देना शामिल है। शंकराचार्य महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा ने कहा हमारी जीत समग्र शिक्षा और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। एसएसएमवी कॉलेज ने स्थिरता के क्षेत्र में पर्याप्त प्रभाव डालने के लिए लगातार प्रयास किया है, और यह मान्यता हमारे समर्पण की पुष्टि करती है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. संदीप जशवंत ने उस सहयोगात्मक भावना पर प्रकाश डाला। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने वाले छत्तीसगढ़ से एकमात्र संस्थान के रूप में मान्यता प्राप्त होना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। डा. जे. दुर्गा प्रसाद राव, डीन अकादमिक, ने इसमें शामिल सभी लोगों के दृढ़ समर्पण की सराहना की। हमारे कोर समूह के संकाय सदस्यों और छात्र स्व.सहायता क्लब के सदस्यों ने इस प्रतियोगिता के दौरान असाधारण प्रतिबद्धता और लचीलापन प्रदर्शित किया है। उन्होंने न केवल हमारे संस्थान को सम्मान दिलाया है, बल्कि स्थिरता के बारे में अपने स्वयं के ज्ञान और समझ को भी समृद्ध किया है। इस उपलब्धि में सेल्फहेल्प क्लब के छात्रों ने भी अपरिहार्य भूमिका निभाई। ग्रुप ए प्रतिभा बराल, कुहू सॉलेरे, लक्ष्मी देवांगन, मो.जेशान अली, आदित्य देवांगन ग्रुप बी खोमंजलि, प्रीति कसार, जयंत। ग्रुप सी भरत वर्मा, पीतेश्वरीए नित्या गुप्ताए सुब्रत श्रीवास्तव ग्ररुप डीरू गुलशन नायक, मोहित कु मौर्य, दीपा गौतम, मुनिया सिंह मरकाम ग्रुप इ कुमकुम वर्मा, रक्षा बिसेन, अचल यादव, संस्कृति सिंह। ग्रुप एफ विवेक श्रीवास्तव, हिमांशु शुक्ला, हर्ष राजपूत, मेहुल कुमार, कन्यानी शामिल थे।

## सेन्ट थॉमस के मनोविज्ञान विभाग ने प्रयास स्कूल का किया भ्रमण



भिलाईसेंट थॉमस कॉलेज मनोविज्ञान विभाग ने प्रयास श्रवण विकलांग संस्थान, सुपेला में फील्ड विजिट आयोजित किया गया। पीजी मनोविज्ञान विभाग, सेंट थॉमस कॉलेज ने साइकोमेट्रिकि यन के तत्वावधान में प्रयास में एक फील्ड विजिट का आयोजन किया। संस्थान के प्रशासक तलाद शेख और सहायक प्रोफेसर लक्ष्मी यादव ने सेंट थॉमस कॉलेज के उभरते मनोवैज्ञानिकों का अपने छात्रों स परिचय कराया। कॉलेज के सहायक प्रोफेसर ने छात्रों को श्रवण बाधित छात्रों को पढ़ाने के तरीके के बारे में बी.एड छात्रों को दिए गए विशेष प्रशिक्षण से अवगत कराया। स्कूल अपने छात्रों को पेंटिंग और शिल्प निर्माण और विशेष रूप से आदि वासी कला जैसी कला में भी प्रशिक्षित करता है। सेंट थॉमस के छात्रों ने जाना कि कोई संगठन कैसे काम करता है। कॉलेज के प्रशासक फादर डॉ. जोशी वर्गीस ने कार्यक्रम की सराहना की तथा प्राचार्य डॉ.एम.जी.रॉयमोन ने विभाग को ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया। विभागाध्यक्ष डॉ.देबजानी मुखर्जी ने मनोविज्ञान के क्षेत्र में फील्ड विजिट, प्रशिक्षण और रिपोर्ट लेखन के महत्व के बारे में बात की। संगठनात्मक व्यवहार, इसकी कार्यप्रणाली और कौशल विकास ऐसे क्षेत्र थे जिनसे मनोविज्ञान के छात्रों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ.समिुता सिहं, डॉ. अंकिता देशमुख, संचना साहू उपस्थित थीं।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**भिलाई नगर।** सुपेला थाना अंतर्गत में ट्रेन की ठोकर से एक युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुपेला प्रियदर्शीय नगर रेलवे अंडर ब्रिज के समीप 4 अक्टूबर की युवक की मौत हुई। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान नही होने के कारण उनका शव मरचुर्यी में रखा दिया गया है। मृतक की आयु लगभग 35 वर्ष की तथा रंग गेहूंआ, ऊचाई 5 फीट 7 इंच , बाल छोटे तथा दाहिने हाथ में रवि का गोदन, तथा टी शर्ट पहना हुआ है।

# नेहरू आर्ट गैलरी में बर्मन-वर्मा की युगल प्रदर्शनी



**भिलाईनगर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित नेहरू आर्ट गैलरी सिविक सेंटर में छायाकार एस डी बर्मन और राजू वर्मा द्वारा खींची गई वन्यजीवन आधारित छायाचित्रों की युगल प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि कार्यकारी कार्यपालक निदेशक श्रीमती निशा सोनी द्वारा अन्य वरिष्ठ अतिथियों की उपस्थिति में किया गया। इस युगल प्रदर्शनी का आयोजन 69वे राष्ट्रीय वन्य जीव सप्ताह 2023 के अवसर पर किया गया जो 7 अक्टूबर तक जारी रहेगी। प्रदर्शनी का अवलोकन करने के पश्चात मुख्य अतिथि श्रीमती निशा सोनी ने आगंतुक पुस्तिका में अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रदर्शनी के आयोजन की सराहना की। आगंतुक पुस्तिका में श्रीमती निशा सोनी ने लिखा कि यह वन्यजीवों के तस्वीरों का एक अद्भुत संग्रह था। इन सभी खूबसूरत रंगों के पक्षियों एवं वन्यजीवों को उनकी सम्पूर्ण शोभा को कैमरे में कैद करने वाले फोटोग्राफरों को बधाई। एस डी बर्मन भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारी हैं और वर्तमान में प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस में मास्टर ऑपरेटर के रूप में कार्यरत हैं। राजू वर्मा पाटन क्षेत्र के ग्राम मर्रा के निवासी हैं और वाइल्डलाइफ फोटोग्राफी में अपने काम के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने वन्य जन्तुओं और पक्षियों पर डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट.फिल्म भी बनाई है। इस अवसर पर महाप्रबंधक संपर्कए प्रशासन एवं जनसंपर्क जेकब कुरियन, महाप्रबंधक जनसंपर्क प्रशान्त तिवारी, महाप्रबंधक बीआरएम शिखर तिवारी, एस डी बर्मन, जे आर भगत, गोकुल सोनी, रूपेश यादव, रमजान खान, यसवंत साव, ईश्वर पटेल, रवि ठाकुर, लिक्की वर्मा, अंकुश देवांगन, एस डी बर्मन, राजू वर्मा उपस्थित थे। इस प्रदर्शनी में वन्यजीव संरक्षण पर सकारात्मक प्रभाव डालने हेतु प्रदर्शित की जाने वाली तस्वीरों मेंए मुख्यतरू छत्तीसगढ़ और भारत के अन्य राज्यों के वन्य जन्तुओं और पक्षियों की एक विस्तृत श्रृंखला को दर्शाया गया है। इनकी तस्वीरों मेंए इजिप्शियन वल्चर के गिद्ध सहित प्रवासी पक्षियों की कई दुर्लभ प्रजातियाँए जो केवल दो महीने के लिए भारतीय उपमहाद्वीप में देखी जाती हैं।

# महापौर ने किया विकास कार्य का भूमिपजून



**भिलाईनगर,** 6 सितम्बर (देशबन्धु)। भिलाई-चरौदा महापौर निर्मल कोसरे ने निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डो में नये निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के नागरिकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। भिलाई चरौदा क्षेत्र के वार्ड-38 सोमनी में यादव समाज का सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, पटेल समाज भवन के पास अहाता निर्माण कार्य, विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्यो का प्रारंभ विधिवत् पूजा अर्चना कर श्री कोसरे द्वारा किया गया। वही वार्ड-11 बिजली नगर में रोड, वार्ड-22 चरौदा में सामुदायिक भवन का लोकार्पण महापौर निर्मल कोसरे द्वारा किये जाने के साथ 6 लाख की लागत से बन रहे। स्मार्ट टायलेट का भी लोकार्पण किया गया। महापौर निर्मल कोसरे के अलावा, एमआईसी सदस्य मोहन साहू, पार्षद तुशांत वर्मा, पूर्व पार्षद गुडडु वर्मा, अशोक वर्मा, रामखिलावन वर्मा पार्षद सहित क्षेत्र के गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## कमिश्नर ने की बैठक

नगर पालिक निगम भिलाई 03 चरौदा कमिश्नर अजय त्रिपाठी द्वारा निगम के राजस्व विभाग के कर्मचारियों को तलब किया। बैठक में एक-एक वार्ड की राजस्व वसूली के विषय पर विस्तार से जानकारी संबधित सहायक राजस्व निरीक्षकों द्वारा कमिश्नर अजय त्रिपाठी के समक्ष रखी गयी। यहा बता दे कि भिलाई चरौदा निगम के पूर्व संपत्तिकर अधिकारी की सेवानिवृत्त जून 2023 में होने के पश्चात् श्रीमती अरूणिमा दुबे सहायक राजस्व अधिकारी को यह प्रभार सौंपा गया। आज की बैठक में श्रीमती अरूणिमा दुबे सहायक राजस्व अधिकारी समेत सभी वार्डो में संपत्तिकर वसूल करने वाले कर्मचारी उपस्थित रहे। निगम कमिश्नर अजय त्रिपाठी ने बैठक में उपस्थित समस्त राजस्व अमले को वास्तविक एसेसमेंट कर करो का निर्धारण करने निर्देश प्रदान किये। आयुक्त अजय त्रिपाठी ने राजस्व बसूली पर उन्होनें जोर दिया।

## नपं गुण्डरदेही में आज होगा निर्माण कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण

**गुण्डरदेही,** 6 अक्टूबर। नगर पंचायत गुण्डरदेही के सभी वार्डो मे 34 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण आज 7 अक्टूबर शनिवार को होगा जिसमे 16 कार्यों का भूमिपूजन व 2 कार्यो का लोकार्पण होगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद मोहन मंडावी होगे।



# भूपेश सरकार इस वर्ष प्रति एकड़ 20 क्विंटल सहित 28 सौ में करेगी धान की खरीदी : विधायक छाबड़ा

**बेमेतरा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत डगनिया(ख) एवं ग्राम पंचायत चोगीखपरी में आयोजित भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा हुए शामिल। सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी की तैल चित्र में माल्यार्पण कर डगनिया(ख) में मंडी बोर्ड से सी.सी.रोड निर्माण 23 लाख,भवन में ग्रिल निर्माण 02 लाख एवं चोगीखपरी में शीतला मंदिर में ज्योति कक्ष 02 लाख का लोकार्पण सहित मंडी बोर्ड से सी.सी.रोड़ निर्माण 47.29 लाख, बाजार चौंक सिमेटिकरण 03 लाख, सी.सी.रोड़ निर्माण 2.60 लाख, सी.सी.रोड़ निर्माण 2.60 लाख सहित चोगीखपरी में ठेठवार(यादव) समाज भवन 05 लाख, मंडी बोर्ड से सी.सी.रोड 24.50 लाख, सी.सी.रोड निर्माण 2.60 लाख, सी.सी.रोड़ निर्माण 2.60 लाख रुपए के विकास कार्यों का नारियल तोड़ भूमिपूजन किए साथ ही ग्रामवासियो की मांग पर डगनिया(ख) में शीतला मंदिर में ज्योती कक्ष हेतु 05 लाख एव चोगीखपरी सहित नारधी में मुक्तिधाम शेड निर्माण कार्य की घोषणा

इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह दिन ऐतिहासिक स्वर्णिम दिवस के रूप के जाना जायेगा डगनिया एवं चोंगीखपरी के लिए करोड़ों रुपए के विकास कार्य का लोकार्पण एव भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ,दोनो गावो में विकास कार्य प्रगति पर है विकास कार्य लगातार बढ़ते कदम पर स्थापित हो रही है अनेकों ऐसे विकास कार्य है जो लगातार गति के साथ चल रहा है,प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व में खुशहाल छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में काम कर रही है,प्रदेश के किसान भाईयो की चेहरे में खुशी की लहर है,राज्य में विगत पौने पांच वर्षो में सर्वांगीण विकास हुआ, सरकार पुरखों के बताए गए रास्तों पर चलकर प्रदेश के सभी वर्गों का सम्मान के साथ विकास कार्य किए जा रहे हैं,राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में कई कल्याणकारी योजना लागू कर एक अंतिम व्यक्ति को लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है,राजीव गांधी किसान न्याय योजना,गोधन न्याय योजना एवं राजीव गांधी भूमिहीन किसान न्याय योजना, मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना,मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं से लाखों किसानों, मजदूरो,महिलाओ, युआवो को सीधा लाभ मिल रहा है,सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से किसान,मजदूर,महिला,युवा सहित सभी वर्ग खुश है,कांग्रेस की भूपेश सरकार किसानो की वास्तविक हितैषी है, प्रदेश में सरकार बनते ही किसान साथियों के करोड़ों रुपए के कर्जा माफ किए तथा 2500 सौ रुपए चिंटल में धान खरीदी की,साथ ही इस वर्ष 2640 एवं



2660 रूपये में धान की खरीदी प्रति चिंटल के हिसाब से की,जबकि पूरे भारत वर्ष में किसी भी अन्य राज्य सरकार द्वारा किसानों को धान का इतना समर्थन मूल्य नही दिया जा रहा है,इस वर्ष धान की खरीदी प्रति एकड़ 15 किवंटल से बढ़ाकर 20 चिंटल प्रती एकड़ के हिसाब से करने वाली है साथ ही धान का 2800 रूपये प्रति चिंटल के हिसाब से धान की खरीदी करेगी,ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका एवं रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महात्मा गांधी रूलर इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किया जा रहा है,हमारे बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सांकरा के गौठान में महात्मा गांधी रूलर इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना हुई है,गौठनों को रूरल इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित करने की परिकल्पना अब धीरे-धीरे आकार लेने लगी है. राष्टपिता महात्मा गांधी की ग्राम स्वराज्य की परिकल्पना के अनुरुप मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में गांवों में छोटे-छोटे कुटीर उद्योग स्थापित कर लोगों को रोजगार और आमदनी के साधन से जोड़ा जा रहा है. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा है कि गांव को समृद्ध, आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए जरूरी है, कि गांव के लोगों को छोटे-छोटे कुटीर उद्योगों के माध्यम से गांव में ही रोजगार और आय के अवसर उपलब्ध कराए जाएं. छत्तीसगढ़ के गांव उत्पादन का केंद्र बने और व्यापार जैसी गतिविधियों का संचालन शहरों से हो. कृषि और उद्यानिकी फसलों के साथ-साथ लघु वनोपजों के संग्रहण के साथ-साथ की वैल्यू एडिशन का काम भी गांव में हो.नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी के माध्यम से प्रदेश में आत्मनिर्भर की नई संभावनाएं विकसित की गई,गौठानों के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है,गौ पालकों से गोबर खरीदने के साथ गौ संरक्षण और पशुपालन को बढ़ावा दिया जा रहा है,प्रदेश के किसान,महिलाएं, युवा,मजदूर लाभान्वित हो रहे है,जिससे अर्थव्यवस्था भी मजबूत हो रही है,प्रदेश में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों की शुरुआत कर छत्तीसगढ़ के परम्परागत खेलों को बढ़ावा दिया है और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया है,इसका उद्देश्य युवा पीढ़ी को हमारी संस्कृति और परंपरा से अवगत कराना है,खेल न केवल मनोरंजक हैं बल्कि अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए भी फायदेमंद हैं,छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति हमारी धरोहर है इन खेलों में लोगों की खासी दिलचस्पी है,छत्तीसगढ़ के हर क्षेत्र के बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिक छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेलों में भाग ले रहे हैं, इस अवसर पर टी आर साहू सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा, हीरादेवी वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला,प्रवीण शर्मा पूर्व सरपंच, प्रकाश गायकवाड़ सरपंच, द्रोप्ति भागीरथी सरपंच, मदन सिन्हा संदीप राजपुत अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति,मोतीलाल मारकंडे अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति,योगेश साहू,उत्तम गुप्ता,व्यास नेताम डोमन दास, दिनेश कुर्रे,मोहित सिन्हा, झग्गर चंदेल, मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा,बलराम पटेल,बलदाऊ यादव,गुलाब चंद,मुन्ना यादव, आंनद राम साहू,चिंताराम भारती, अर्पित परगनिया, राजकुमार सेन,गुड्डु सेन, गोविदा राजपूत, नोहर सिंह,संतोष बारले, जगमोहन पाल, जोहन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी रहे उपस्थित ।

## पुष्पा वर्मा जिला कांग्रेस ग्रामीण महामंत्री बनी, समर्थकों में खुशी



**डोंगरगढ़,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी राजनंदगांव ग्रामीण की कार्यकारिणी घोषणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन के पश्चात प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदु ने सूची जारी की है जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण राजनांदगांव के अध्यक्ष भागवत साहू के द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी की प्रस्तावित कार्यकारिणी के नाम पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अपनी मोहर लगा दी है जिसमें जिला पंचायत सदस्य पुष्पा गौकरण वर्मा को जिला महामंत्री नियुक्ति किया गया है नियुक्त होने पर पुष्पा वर्मा जी ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू, विधायक भुनेश्वर बघेल, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष नवाज खान को आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो जवाबदारी दी है उसे पूरी निष्ठा से करेंगे । वहीं जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण में महामंत्री बनने पर उनके समर्थकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है नियुक्ति होने पर क्षेत्र वासियों ने बधाई व शुभकामनाएं दिया।

## हमर राज पार्टी का हुआ शुभारंभ

### नगर में हुआ विविध कार्यक्रम




**गुरुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नई राजनीतिक पार्टी हमर राज पार्टी का छत्तीसगढ़ में शुभारंभ हो गया है, इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज जिला बालोद के तत्वावधान में गुरुवार को नगर गुरुर के देऊर मंदिर से आदिवासी नर्तक दल नृत्य करते हुए पदाधिकारी के साथ मुख्य मार्ग से होते हुए सभा स्थल बस स्टैंड गुरुर पहुंचे। सभा की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र की पूजन वंदन के पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। हमर राज के पदाधिकारी गण राष्ट्रीय अध्यक्ष अकबर राम कोर्राम, महासचिव विनोद नागवंशी, महेश रावटे कोषाध्यक्ष, कमल नारायण कार्यकारी अध्यक्ष, यूआर गंगराले अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज जिला बालोद, देवेंद्र कुमार साहू ओमप्रकाश साहू ब्लॉक अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग समाज गुरुर, भगवान दास साहू, ललित कावरे, वोमेश गंगराले आदि अतिथियों के द्वारा हमर राज पार्टी की आवश्यकता क्यों पड़ी इस पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। बस स्टैंड में नगरी के प्रख्यात जय गढ़िया बाबा आदिवासी लोक नृत्य सेवा समिति सराईटोला नगरी, जिला धमतरी द्वारा मनमोहक प्रस्तुति किया गया।


## अतिक्रमण हटाने कन्हारपुरी के ग्रामीण हुए लामबंद

**गुरुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। ब्लॉक मुख्यालय गुरुर से लगे ग्राम कन्हारपुरी में अतिक्रमणकारियो के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। लगातार समझान एवं शिकायत के बाद भी अतिक्रमणकारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं, जिसके चलते आज ग्राम कन्हारपुरी के हजारों की संख्या में ग्रामीण शिकायत को लेकर क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा के पास पहुंचे थे। उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत कन्हारपुरी के वार्ड क्रमांक 5 खसरा नंबर 144 में आबादी भूमि का वितरण किया गया है, जहां 2.50 डीसमल के अतिरिक्त भूमि पर कब्जा कर लिया गया है, जिसके चलते अब चरागाह एवं अन्य पात्र हितग्राहियों को आबादी भूमि आवंटित करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके चलते अब ग्राम विकास समिति एवं ग्राम पंचायत की सामूहिक बैठक में सर्व सहमति से कब्जा हटाने के लिए प्रस्ताव पारित किया गया है।



ग्रामीणों का कहना है कि उपरोक्त स्थान पर कब्जा हटाने के लिए 4 अक्टूबर को तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसमें 6 अक्टूबर को ग्राम पंचायत कन्हारपुरी भवन में आने एवं अतिक्रमण हटाने में प्रशासनिक सुविधा प्रदान करने की स्वीकृति दी गई थी। गुरुर थाना को भी अवगत कराया गया था लेकिन यहां नायब तहसीलदार द्वारा समय नहीं मिलने का जिक्र करते हुए समय को टाल दिया गया, जिसके चलते ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

## पुतला दहन में भाजपा कार्यकर्ता नहीं थे शामिल



**गुण्डरदेही,** 6 अक्टूबर। गुरूवार 5 अक्टूबर को गुण्डरदेही के पुर्व विधायक विरेन्द्र साहू के संभावित भाजपा प्रत्याशी को लेकर गुण्डरदेही के बस स्टैंड मे पुतला दहन किया गया था उसमे भारतीय जनता पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता शामिल नही हुआ था यह सब विपक्ष व विरोधियो की एक सोची समझी साजिश है यह कार्यक्रम सुनियोजित तरीके से किया गया है भारतीय जनता पार्टी को और पुर्व विधायक विरेन्द्र साहू को बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा पुर्व विधायक विरेन्द्र साहू का जो पुतला दहन किया गया है उसमे गुण्डरदेही मंडल अर्जुन्दा मंडल व खेरथा मंडल के समस्त भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता इसका खंडन करते है जिसमे जिला भाजपा उपाध्यक्ष ठाकुर राम चंद्राकर मंडल अध्यक्ष गुण्डरदेही दुष्यंत कुमार सोनवानी अर्जुन्दा मंडल अध्यक्ष प्रणेश जैन खेरथा मंडल अध्यक्ष टिनेश्वर बघेल भाजयुमो अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा महामंत्री सौरभ चोपड़ा पुर्व महामंत्री सेवक महिपाल पिछड़ा वर्ग मोर्चा महामंत्री चेतन साहू भाजयुमो महामंत्री मंयक अग्रवाल डालेंद्र सार्वा गुण्डरदेही परिक्षेत्रिय साहू समाज के अध्यक्ष गण हरदेव लाल सार्वा सुरेश साहू भीखाराम साहू कुलेश्वर साहू कल्याण साहू सहित सैकड़ो समाज के लोग शामिल है।

**विपक्ष व विरोधियों द्वारा साजिश कर भाजपा व पूर्व विधायक को कर रहे बदनाम**

## सार-संक्षेप

### अखंड रामधुनी प्रतियोगिता के उद्घाटन में शामिल हुई संध्या अजेंद्र साहू

**गुरुर,** 6 अक्टूबर। ग्राम खोरदो मे आयोजित अखंड रामधुनी प्रतियोगिता का आज उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम लगातार प्रत्येक वर्ष की भाँति इस बार भी समस्त ग्रामवासियों की ओर से आयोजित था। यह आयोजन का 48 वा वर्ष था। मुख्य अतिथि तेजराम साहू पूर्व जिला पंचायत सदस्य थे। अध्यक्षता संध्या अजेंद्र साहू जनपद सदस्य गुरुर ने की। विशेष अतिथि मोतीराम देवांगन सरपंच परसूली, झालेंद्र सिन्हा अध्यक्ष पिछडा वर्ग मोर्चा मंडल गुरुर, लक्ष्मी बाई सरपंच खोरदो, बिशाल दीवान, पुनीत राम सोनबर, देवल सिंह, हिन्छा साहू, भागबली साहू, हेमलाल साहू, गंगाधर साहू, दुर्गा गुरुवानी, रघुनाथ साहू, पंचराम, प्रहलाद साहू, भुनेश्व साहू, रेखु राम गुरुवानी, नकुल साहू, बेनु गुरुवानी सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## विधायक बघेल के हाथों ग्रामीण अंचलों में विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन

**डोगरगढ़,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। क्षेत्रीय विधायक व अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण अध्यक्ष भुनेश्वर शोभाराम बघेल के द्वारा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में शुक्रवार को दर्जनों विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया जिसमें गोपालपुर सिंगारपुर में सामुदायिक भवन निर्माण 6,50 लाख व मंच निर्माण सीसी रोड निर्माण वार्ड 2 लाख का लोकार्पण, मरकामटोला सीसी रोड निर्माण वॉर्ड न, 1 में 3 लाख , देवांगन भवन के पास कांक्रीटीकरण 5,20 लाख , सामुदायिक भवन निर्माण देवांगन 6.50 लाख, चार अतिरिक्त कक्ष निर्माण हाई स्कूल 32.30 लाख का भूमिपूजन , विचारपुर जैतखाम सौन्दर्यीकरण 3 लाख, सीसी रोड निर्माण 5 लाख सीसी ,बोर खनन गौठान 1 लाख , सोकता गढड़ा 1 लाख , ग्राम तिलाईभाट सामुदायिक भवन निर्माण 5 लाख, सीसी रोड निर्माण वार्ड 16 में 5 लाख, ग्राम चारभाटा सार्वजनिक सरस्वती मंच कंक्रीटकरण एवं सौंदर्यकरण निर्माण 4 लाख, ग्राम गातापारकला अहाता निर्माण , सामुदायिक भवन साहू पारा 2 लाख , शिकारीटोला सामुदायिक भवन निर्माण सिन्हा पारा 6.50 लाख , नाली निर्माण वार्ड 14 मे 2 लाख, कोटरी छप्पर सिरसाही में सीसी रोड निर्माण 4 लाख ,सामुदायिक भवन निर्माण आदिवासी पारा 6.50 लाख, , बोराइ डीह घोटिया मे तीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण स्कूल 24.30 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण लोगी पारा 6.50 लाख, एसएलएमडब्ल्यू (कचरा गोदाम) निर्माण 4.91 लाख, सड़क डामरीकरण (प्रकाशपुर से टोलागांव ) 92 लाख, चार अतिरिक्त कक्ष निर्माण हाई स्कूल 32.20 लाख, प्रकाशपुर सीसी रोड पास 5, 7 व 8 में 5 लाख, नाली निर्माण वार्ड 10,11,12 में 5 लाख , एसएलएमडब्ल्यू (कचरा गोदाम) निर्माण 4.91 लाख, सोकता गढडा 1 लाख , देहांन मे सामुदायिक भवन निर्माण पटेल पारा 6.50 लाख, अतिरिक्त कक्ष निर्माण 7.50 लाख, परसबोर देहांन में आदिवासी भवन निर्माण 5 लाख, सामुदायिक भवन निर्माण साहू पारा 6 लाख, अहाता निर्माण प्रा. शाला स्कूल में 4 लाख, बनबोड भंडारपुर मंच निर्माण गोवरा के पास 3 लाख, करेला खैरागढ में जल जीवन मिशन पानी टंकी की निर्माण 80 लाख कुल 388.32 लाख का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को विकास कार्यों की सौगात दी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक के बघेल ने कहा कि प्रदेश में जब से किसान पुत्र मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की कांग्रेस सरकार बनी है तब से छत्तीसगढ़ के अंतिम छोर में बसे गांव के विकास कार्यो को गति मिली है आज मुख्यमंत्री बघेल जी के 5 साल के कार्यकाल में गांव का कोना-कोना विकास की गाथा दर्शा रहा है गांव में चाहे सामुद्रिक भवन हो , मंच निर्माण हो ,सीसी रोड सड़क सहित कई अन्य कई विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं दी जा रही है जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है । इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष मुढीपार कोमल साहू , सौरभ वैष्णव, उमेंद वर्मा , अश्वनी टंडन, पूनम चंद साहू, गजेंद्र सुमन, शैलेंद्र छतरी,अजीत सिन्हा, अनिल जांगड़े एवं समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे ।



## मंत्री अकबर नागरिकों, समाजसेवी, साहित्यकार व पत्रकारों से सौजन्य मुलाकात की


**कवर्धा,** 6 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ शासन के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि-विधायी एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बृहस्पतिवार को कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों के वार्डवासियों, वरिष्ठ नागरिकों, महिला समिमि से सौजन्य भेंट-मुलाकात कर सबका हाल-चाल जाना। साथ ही उन्होंने वार्डों के समुचित विकास सहित स्थानीय मांगों से रूबरू भी हुए। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर का कवर्धा के विभिन्न वार्डो में आत्मीय स्वागत और अभिनन्दन भी किया गया।

मंत्री श्री अकबर ने वार्ड 27 मां विध्यवासिनी वार्ड में लखन बंसोड, श्री रामदास सतनामी, वार्ड 25, 26 ठाकुरदेव वार्ड, गुरू गोविंद सिंह वार्ड में बालाराम चंद्रवंशी, जुठेलाल साहू, अश्वनी कौशिक, गुरूदयाल सिंह छाबड़ा, अशोक साहू, शिवकुमार चंद्रवंशी, शत्रुहन साहू, वार्ड 24 मां काली वार्ड में हनुमान मंदिर तालाब के पास दर्री पारा में वार्डवासियों से, राजदीप कालोनी में महिला समिति से, रामसिंह ठाकुर, वार्ड 10 मठपारा में श्री एलआर जेठवंत, वार्ड 11 में महादेव वार्ड में विवेक जायसवाल, वार्ड 12, 13 में रामजानकी वार्ड, महबुब शाह दातार वार्ड में दीलीप यदु, राजेन्द्र गुप्ता, अशोक गुप्ता, दीपक गुप्ता, रामधार गुप्ता, वार्ड 14 शक्ति वार्ड में संजय देवांगन, पत्रकार मन्नू चंदेल और वरिष्ठ समाजसेवी मुकंद माधव कश्यप के निवास में वार्डवासियों से भेंट एवं मुलाकात की। आज भी कैबिनेट मंत्री एवं कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर का कवर्धा शहर के विभन्न वार्डों में पहुचकर आमजन, गणमान्य नागरिक, महिला, बच्चो और समाजसेवी सहित प्रबुद्धजनों से सौजन्य भेंट मुलाकात किया। श्री अकबर का जगह-जगह आत्मीय स्वागत और अभिनंदन भी किया। कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने आमजनों से सीधे संवाद भी किया। केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने कहा कि प्रदेश के हर वर्ग के लिए राशन कार्ड बनाया जा रहा है। सभी को खाद्यान वितरण भी किया जा रहा है। खाद्यान्न प्राप्त करने का अधिकार सभी को है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की न्याय योजनाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है और इससे प्रदेश के सभी वर्गों में समृध्दि और खुशहाली आई है। उन्होंने कहा कि आवास के लिए पट्टा वितरण भी लागातार किया गया है। कबीरधाम जिले में लगातार विकास के कार्य हुए है। सरकार की संचालित सभी योजनाओं से आम नागरिकों को लाभ मिला है। उन्हें मजबूत बनाने का कार्य कर रही है।




## निधन

### इंद्रवीर सिंह जुनेजा




**रायपुर,** 6 अक्टूबर। इंद्रवीर सिंह जुनेजा (टीटू) सुपुत्र स्व. मालिकसिंह जुनेजा / संत कौर नहरपारा का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 7 अक्टूबर शनिवार को सुबह 11 बजे उनके निवास अमलीडीह से राजेंद्र नगर मुक्तिधाम हेतु जाएगी।

### राजूराम बंजारे



**झलप,महासमुंद,** 6 अक्टूबर। ग्राम मानपुर निवासी राजूराम बंजारे 80 वर्ष का 6 अक्टूबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम मानपुर में किया गया। वे कृषि उपज मंडी समिति महासमुंद के अध्यक्ष हीरा बंजारे, बाबूलाल बंजारे के पिता व ग्राम पंचायत मानपुर के सरपंच श्रीमती बृजेन हीरा बंजारे के ससुर थे।

### सुन्दर बाई सोनी



**बिलाईगढ़** 6 अक्टूबर। विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम पंचायत सरसींवा निवासी सुन्दर बाई सोनी पति स्व गंगाराम सोनी की शुक्रवार रात 6 अक्टूबर को आकस्मिक निधन हो गई। जिसका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम सरसीवां में किया गया।

## पानी टंकी सफाई के कारण 9 की शाम पेयजल आपूर्ति विलंब से

**राजनांदगांव** 6 अक्टूबर। नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि निगम सीमा क्षेत्र स्थित उच्च स्तरीय जलागारों (पानी टंकियो) की सफाई करायी जानी है। जिनमें टाकाघर, लखोली, सिंगदाई, आर.के.नगर, इंदिरा नगर, शंकरपुर, यातायात नगर, टाकाघर, सिविल लाईन एवं टाका घर हाईड्रेंट उच्च स्तरीय जलागार (पानी टंकी) के सफाई कार्य 9 अक्टूबर को प्रात: पेयजल सप्लाई के पश्चात सफाई कार्य किया जाना है। उन्होंने बताया कि सफाई कार्य में अधिक समय लगने के कारण विलंब होने की संभावना है, विलंब की स्थिति में 9 अक्टूबर को शाम के समय निर्धारित समय से विलंब से पेयजल सप्लाई होगी। समय में सफाई होने पर पेयजल प्रदाय निर्धारित समय में भी की जा सकती है। उन्होंने नागरिकों से सहयोग करने की अपील की है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### बाईक एडवेंचर ट्रैकिंग ...

कि बाईक एडवेंचर ट्रेकिंग दुर्ग के कलेक्ट्रेट परिसर से शुरु होकर खैरागढ़, छुईखदान, छिन्दारी बाँध, बैतालरानी घाटी, साल्हेवारा, ठाड़पानी वाटरफॉल सरईपतरा छग राज्य का अंतिम गांव तक पहुंचकर वापस डोंगेश्वर महादेव, नर्मदा धाम, माता गंगई दर्शन गण्डई, माँ महामाया मंदिर दर्शन धमधा होते हुए वापस दुर्ग आएगी। इस दौरान बाईक राईडर्स लगभग 250 किमी की यात्रा करेंगे।

## चिखली व शासकीय मुद्रणालय वार्ड में सीमेंट कांक्रीट रोड व नाला-नाली निर्माण के लिए महापौर ने किया भूमिपूजन

**राजनांदगांव,** 6 अक्टूबर। शासन द्वारा स्वीकृत राशि से शहर में रोड नाली निर्माण के अलावा अन्य विकास कार्य कराये जा रहे है, इसी कडी में आज वार्ड नं. 5 चिखली में अधोसंरचना मद अंतर्गत 19.20 लाख रूपये की लागत से तालाब के पीछे नाला निर्माण तथा शासकीय मुद्रणालय वार्ड नं. 6 में अधोसंरचना मद अंतर्गत 10 लाख रूपये की लागत से झुग्गी झोपडी बस्ती में सीमेंट रोड व नाली निर्माण एवं 15वें वित्त आयोग अंतर्गत 45 लाख रूपये की लागत से बिहारी चाल में नाला निर्माण करने महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड कर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सर्वश्री मधुकर वंजारी, सतीश मसीह, भागचंद साहू, विनय झा, गणेश पवार, वार्ड नं. 6 के पार्षद श्री अरविन्द्र वर्मा तथा पार्षद प्रतिनिधि श्री संचिन टुरहाटे विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में वार्ड के संतोषी मेश्राम, विमला देवांगन, सुंदरा, रजीया, प्रमिला, प्रतिभा, मालती, सुनीता पासवान, संजना पासवान, पूजा, गीता देवी, संध्या देवी आदि ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात अतिथियों द्वारा दोनो वार्ड मे आयोजित कार्यक्रम में सीमेंट रोड व नाला नाली निर्माण के लिये भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि मुख्यमंत्री माननीय श्री भूपेश बघेल जी द्वारा शहर में मूलभूत सुविधा रोड, नाली के लिये राशि उपलब्ध कराये थे, जिससे वार्डो में विकास कार्य कराये जा रहे है, इसी कडी में आज चिखली व झुग्गी झोपडी बस्ती एवं बिहारी चाल में नाला नाली निर्माण तथा सीमेंट रोड निर्माण के लिये भूमिपूजन किया जा रहा है, उक्त कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ किया जायेगा, ताकि लोगो को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराये जायेगे। इस अवसर उप अभियता सुश्री सुषमा साहू व श्री अनिमेष चंद्राकर सहित वार्डवासी उपस्थित थे।



## स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास स्थाई समिति की समीक्षा बैठक संपन्न



**गुरुर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुरुर में स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास स्थाई समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रो में कार्यकर्ता एवं सहायिका की नियुक्ति के संबंध में विभागीय अधिकारियों से चर्चा की गई। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत संचालित कार्यक्रम एवं विभिन्न योजना के बारे में भी समीक्षा की गई। जनपद पंचायत गुरुर के उपाध्यक्ष तोषण साहू ने स्वास्थ्य केंद्र में मरीजो को मिलने वाले भोजन एवं अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस बैठक में जनपद पंचायत गुरुर के उपाध्यक्ष तोषण साहू, सभापति एस कुमार कलिहरि, राजश्री, जनपद सदस्य चांदनी भोजराम देवांगन, कुलेश्वरी गांवडे, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक योगेश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ में अनोखा धाम बनेगा बेमेतरा का सतनाम धाम: छाबड़ा

**बेमेतरा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर के वार्ड न.01 मे नवनिर्मित सतनाम चौंक के लोकार्पण समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा हुए शामिल।

परम् पूज्य बाबा गुरूघासीदास की तैलचित्र का पूजा अर्चना कर 25 लाख रुपए की लागत से निर्मित सतनाम चौंक का फीता काट लोकार्पण किया।

इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में लोक कल्याणकारी सरकार पूरी संकल्पबद्धता से कार्य कर रही है,राज्य सरकार की योजनाओं से प्रदेश के लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आया है,सामाजिक सुदृढ़ता और संगठन के उत्कृष्ट योगदान की वजह से सतनामी समाज समग्र क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है,शिक्षा, साहित्य, संस्कृति और राजनीति सहित विविध क्षेत्रों में सतनामी समाज का प्रतिनिधित्व मिलता आ रहा है,यह प्रसन्नता का विषय है कि सतनामी समाज परम् पूज्य गुरु घासीदास बाबा के बताए सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है,बाबा गुरू घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर पूरे मानव समाज को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास किया। उन्होंने जातिविहीन समाज की परिकल्पना करके सामाजिक समरसता को बढ़ावा दिया, बाबा गुरू घासीदास का यह संदेश सभी समाजों के लिए अनुकरणीय है,उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा में अपने संदेश दिए इसका प्रमाण पंथी गीतों में मिलता है,संत किसी एक समाज के नही पूरे मानव समाज के होते हैं,बाबा गुरू घासीदास का संदेश सभी समाजों के लिए प्रेरणादायक और अनुकरणीय है,बाबा गुरु घासीदास जी ने सत के मार्ग पर चलते हुए समाज के अधंकार को दूर करने का प्रयास किया, छत्तीसगढ़ की धरती में बाबा गुरु घासीदास जी अवतरित हुए और छत्तीसगढ़ी बोली में जन जन तक अपना संदेश पहुंचाया समानता,सामाजिक,समरसता



का संदेश देकर बाबा जी ने मानव समाज को एक सूत्र के जोड़ने का कार्य किया बाबा जी का संदेश मनखे मनखे एक समान मानव मानव में कोई भेदभाव नही है,सब समान है,इसके अलावा उन्होंने सत्य हीं ईश्वर है और ईश्वर ही सत्य है का संदेश दिए सामाजिक समरसता छत्तीसगढ़ की पहचान है पंथी गीत और नृत्य छत्तीसगढ़ का एक ऐसा लोक संगीत है, जिसमें अध्यामिकता की गहराई तो है ही, साथ ही भक्त की भावनाओं की ज्वार भी है, बाबा गुरू घासीदास जी ने सत्य का प्रतीक जैतखाम को बताया सतनाम पंथ का श्वेत ध्वज शांति का प्रतीक है,बाबा गुरूघासीदास जी ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया, उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है दया करूणा, सत्य मार्ग पर चलने, नारी सम्मान एवं पशुओं से प्रेम करने कहा सतनाम के रास्ते पर चलने से जीवन में कामयाबी मिलती है,सतनामी समाज अपनी सांस्कृतिक पहचान,परंपराओं,रीति-रिवाजों को सहेजे रखने के लिए जागरुक हैं, लगातार सौहार्दपूर्ण सामाजिक आयोजन इसका बड़ा उदाहरण है,ज्ञान-विज्ञान से लेकर खेती-किसानी और राजनीति-व्यापार तक हर क्षेत्र में सतनामी समाज छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रहे हैं,बाबा गुरू घासीदास जी ने सत्य का प्रतीक जैतखाम को बताया सतनाम पंथ का श्वेत ध्वज शांति का प्रतीक है,बाबा गुरूघासीदास जी ने सामाजिक समरसता का संदेश दिया, उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है दया करूणा, सत्य मार्ग पर चलने, नारी सम्मान एवं पशुओं से प्रेम करने कहा सतनाम के रास्ते पर चलने से जीवन में कामयाबी मिलती है, इस अवसर पर शकुंतला मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा, टी आर जनार्दन,भूपेंद्र उपाध्याय सीएमओ नगर पालिका, राजालाल बंजारे अध्यक्ष प्रगतिशील छ.ग.सतनामी समाज, भुवनदास जांगड़े,लखन लाल डोंडे,कोमल मानदेव,केकरा पण्डित, ठाकुर प्रसाद जोशी,आगरदास डेहरे,मैना देवी मांडले, कुंजराम गेंड्रे,सुमन गोस्वामी अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, पचू साहू उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा,मनोज शर्मा सभापति, आशीष राम ठाकुर सभापति, ललित विश्वकर्मा महामंत्री,राजा वर्मा सरपंच मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेमेतरा,रामकुमार भारती,रानी सेन पार्षद, जया साहू पार्षद,लक्ष्मी डेहरे,साधेलाल बघेल, सोमनाथ ध्रुव पार्षद,देवराम साहू पार्षद, धरम वर्मा पार्षद, शंकर चौहान एल्डरमैन,जनता साहू एल्ड्रमैन,ननकी पात्रे,चिंता कोशले,योगेश जांगड़े, हिरेश कुमार,संदीप खरे,अमित, मोहित भार्गव,सुखीराम रात्रे,सुरेश नवरंगे,कमलेश जांगड़े,राजकुमार जांगड़े, उमाशंकर दिवाकर, चिताराम बघेल, सहीत बडी संख्या में समाजिक पदाधिकारीगण सदस्यगण रहे उपस्थित।

## भाजपा के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में किसान नेता योगेश तिवारी पार्टी की लेंगे सदस्यता

**बेमेतरा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र के किसान नेता योगेश तिवारी शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता लेंगे। इस अवसर पर राजधानी रायपुर के रावण भाटा मैदान में आयोजित समारोह में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेता केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया, डॉ रमन सिंह, नितिन नवीन अरुण साव, नारायण चंदेल, विजय बघेल, सुनील सोनी, बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत जंयती भाई पटेल की उपस्थिति में किसान नेता योगेश तिवारी भाजपा में शामिल होंगे। किसान नेता ने समारोह की तैयारी का जायजा लेने शुक्रवार को रावण भाटा मैदान पहुंचे। जहां समारोह की तैयारी पूरी कर ली गई हैं।



■ राजधानी रायपुर के रावण भाटा मैदान में आयोजित समारोह में 20 हजार से अधिक लोगों के पहुंचने का लक्ष्य

किसान नेता ने बताया कि समारोह में विधानसभा क्षेत्र से 20 हजार से अधिक लोगों के पहुंचने का लक्ष्य है।

किसान नेता के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारतीय जनता पार्टी ने देश को विश्व सम्मान दिलाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाये जाने वाले जन कल्याणकारी योजनाओं से अंतिम पंक्ति के व्यक्ति को सीधा लाभ मिला है। आज गरीब, मजदूर व महिलाएं मोदी सरकार की योजनाएं से लाभान्वित हो रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, शौचालय योजना, मुद्रा लोन योजना, गरीब परिवारों को मुफ्त अनाज, किसान सम्मन निधि योजना, हर घर जल पहचाने जल जीवन मिशन योजना समेत अन्य योजनाओं से शहर से लेकर ग्रामीण स्तर पर लोगों का जीवन बेहतर हुआ है। इसलिए भारतीय जनता पार्टी की रीति व नीति से प्रभावित होकर शामिल होने का निर्णय लिया है।

## संत गुरु घासीदास बाबा ने मानव समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया: अकबर

**कवर्धा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि-विधायी एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर आज कवर्धा के संत गुरू घासीदास गुरूद्वारा पहुंचकर जैतखाम, गुरूगद्दी और संत गुरु घासीदास के छाया चित्र पर फूल माला अर्पण कर पूजा अर्चना की। उन्होंने संत गुरू घासीदास का आशीर्वाद लेकर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। मंत्री श्री अकबर ने समाज के प्रतिनिधियों से सौजन्य भेंट मुलाकात की और सभी का हाल-चाल जाना।



कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक श्री अकबर ने कहा कि संत गुरू घासीदास बाबा ने मानव समाज को मानवता का संदेश देने के साथ ही एक सूत्र में बांधने का कार्य किया है। संत बाबा गुरु घासीदास ने समूचे जगत के कल्याण का रास्ता दिखाया है। उनका सन्देश मनखे-मनखे एक समान आपसी भाई चारा और सबको एक सूत्र में बांधकर रखने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि बाबा जी की अमृत वाणी को हम सभी अपने जीवन मे उतार कर जीवन को चरितार्थ कर सकते है। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री होरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, सामाजिक पदाधिकारी अगम दास अनंत, विरेन्द्र जांगड़े, बाबूदास गोप, रामप्रसाद मिरी, भीखम कोसले, टेकसिंग जांगड़े सहित जनप्रतिनिधि, समाज के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खडगे व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विगत दिनों रायगढ़ के कोड़ातराई में आयोजित भरोसे के सम्मेलन कार्यक्रम में प्रदेश के 82 चयनित विकासखण्डों में बनने वाले जैतखाम का शिलान्यास किया। प्रदेश के 82 चयनित विकासखंडों में कबीरधाम जिले के विकासखण्ड मुख्यालय भी शामिल है।

## मंत्री रविन्द्र चौबे ने कई गाँवों में पहुंचकर किया लोकार्पण व भूमिपूजन कार्यक्रम

**देवकर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्रामीण पंचायत एवं स्कूल शिक्षा मन्त्री रविन्द्र चौबे कल गुरुवार को अपने गृह साजा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोहगांव, अतरझोला, काँचरी, हरडुवा, अकलवारा, डेहरी एवं राखी-जोबा में विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन, लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमे सभी गाँवो में कैबिनेट मंत्री के आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। ततपश्चात मंत्री जी द्वारा एक एक कर सभी गाँवो में सरपंचों की उपस्थिति में फीता काटकर विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम किया गया। जिसमें सभी कार्यक्रम स्थलों पर सैकड़ो ग्रामीणों की उपस्थिति में मंत्री चौबे ने एक एक कर सभी मंचों की आम सभा को सम्बोधित करते हुए केन्द्र की मोदी सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए निशाना साधा एवं साथ ही विगत 05 वर्षों के कार्यकाल राज्य की कांग्रेस एवं भूपेश सरकार की सुशासन व जनकल्याणकारी एवं विकास कार्यों को गिनाते हुए आगामी विधानसभा चुनाव में भारी मतों से विजय के लिए आम जनता से आशीर्वाद मांगा।



इस अवसर पर मंत्री रविन्द्र चौबे के साथ युवा कांग्रेस नेता अविनाश चौबे, विधायक प्रतिनिधि विनोद कुंजाम, मोहगांव सरपंच-दुर्गेश पारस साहू,राखी सरपँच- ईश्वरी प्रकाश चौबे, डेहरी सरपंच- शबनम ईदू मोहम्मद, काँचरी सरपँच- मोंगरा भुवन साहू, सहसपुर सरपँच- दुर्गा उपेन्द्र हंसा, अकलवारा सरपँच- गुड्डू सिन्हा, मौहाभाठा सरपँच प्रतिनिधि- सुखीराम सोनकर, बुन्देली सरपंच- प्रमिला बृजलाल सिन्हा, कांग्रेस कार्यकर्ता सन्तोष तिवारी, सन्तोष साहू, लखन साहू, अशोक सिन्हा, जितेंद्र श्रीवास, अजीज मोहम्मद, ओमप्रकाश साहू इत्यादि मौजूद रहे।

## विधायक होने के नाते उन घर परिवारों के अभिभावक के रूप में हर परिस्थितियों में उनका साथ देने सदैव तत्पर रहूंगा: केबिनेट मंत्री

**कवर्धा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान 03 विपत्तिग्रस्त परिवारों को चार-चार लाख रूपए कुल 12 लाख रूपए का चेक वितरण किया। वन मंत्री ने चेक वितरण करते हुए विपत्तिग्रस्त परिवार के सदस्यों से कहा कि वह इस चेक को बैंक में जमा कर राशि प्राप्त कर सकते हैं। चेक वितरण करते समय मंत्री श्री अकबर ने परिजनों से भेंट भी की और अपनी संवेदना प्रकट की।



मंत्री श्री अकबर द्वारा आबीसी-6-4 के तहत विकासखंड कवर्धा के ग्राम बोधईकुंडा निवासी रामअवतार की आकाशिय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त श्रीमती गंगा बेवा और ग्राम नेवारी निवासी रामलाल विश्वकर्मा की संकरी नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त श्री संजय विश्वकर्मा को और करमंदा निवासी दशरथ की सर्पदंश से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त सतनीबाई को राजस्व पुस्तक परिपत्र (आबीसी-6-4) के तहत 4-4 लाख रूपए का चेक प्रदान किया।

कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने शोक संतप्त परिवार से भेंट-मुलाकात करते हुए कहा कि किसी भी परिवार के लिए हर सदस्य का एक महत्वपूर्ण योगदान रहता है। परिवार का चाहे वह छोटा या बड़ा या घर का मुखिया हो अकास्मात रूप से परिवार को छोड़कर चले जाना उस परिवार के लिए एक अपूर्णिय क्षति होती है। उन्होंने कहा कि किसी भी परिवार की अपूर्णिय क्षति को पूर्ति तो नहीं कर पाएंगे, लेकिन इस क्षेत्र के विधायक होने के नाते उन घर परिवारों के अभिभावक के रूप में हर परिस्थितियों में उनका साथ देने सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने विपत्तिग्रस्त परिवार के सदस्यों को हर संभव सहायता के लिए आश्वस्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री होरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवाराम साहू, राजकुमार तिवारी, मोहित महेश्वरी, विरेन्द्र जांगड़े सहित संबंधित वार्डो के पार्षदगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ मे मुद्दाविहीन हो गई भाजपा : शत्रुहन

### मॉडल जैतखाम समाज के लिए गौरव का विषय होगा

**खैरागढ़,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। छतीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार जबसे आई है। तबसे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व मे शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कृति को लगातार बढ़ावा मिला है। विकास की गंगा पूरे प्रदेश मे बह रही है। हर जाति समाज वर्ग का विकास हुआ है। लगातार बजट मे नित नये योजनाओं को लाकर उनका तेजी से विकास हुआ है। हाल ही प्रदेश मे भरोसे का सम्मेलन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व नेता प्रतिपक्ष व राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खडगे आमसभा को संबोधित कर प्रदेश के 82 चयनित विकासखण्डों में बनने वाले जैतखाम का शिलान्यास किया इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी समाज के उत्थान दायित्वों का निर्वहन करेंगे। अभी राज्य के 82 चयनित विकासखण्डों में जैतखाम निर्माण किया जाएगा। खैरागढ़ छुईखदान गंडई के दो विकासखण्ड खैरागढ़ व छुईखदान भी शामिल है। जिसमे खैरागढ़ के ग्राम अकरजन व छुईखदान के शहरी क्षेत्र को मॉडल जैतखाम के रूप में चयनित किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक साथ 82 विकाखण्डों में वर्चुअल शिलान्यास कर मॉडल जैतखाम निर्माण का शुभारंभ किया।



मॉडल जैतखाम का भूमिपूजन किया गया है, सभापति शत्रुहन धृतलहरे ने कहा की हमारे नेता भूपेश बघेल ने प्रदेश मे चहूंमुखी विकास किया है। जाति समाज से हटकर हर वर्ग के हितों को ध्यान रखा है। शासन के योजनाओ का लाभ भी लाखों लोगो को मिला है। जिसके कारण ही लोगों की आर्थिक और समाजिक प्रगति हुई है। छत्तीसगढ़ मे भाजपा मुद्दाविहीन हो गई है जिसके कारण भाजपा के कार्यकर्ता उलू जुलुल बयानबाजी दे रहे हैं। जैतखाम सतनामी समाज के लिए आस्था का प्रतीक है। और उस पर भी इन्हें तकलीफ हो रही है। जबकि पावन धाम गिरौदपुरी मे बने जैतखाम का भूमिपूजन पूर्व मुख्यमंत्री अजित जोगी ने किया था। और उनका सपना था की यह जैतखाम कुटुंबमीनार से ऊंचा हो लेकिन भाजपा की छोटी सोच, मानसिकता ने अपने कार्यकाल मे जैतखाम की ऊंचाई कम कर दी भूपेश सरकार ने जो कहा है। किया है इसलिये प्रदेश की जनता कह रही है भूपेश है तो भरोसा है।

## घरेलू हिंसा से प्रताड़ित महिला को पैरालीगल वालंटियर से मिली मदद

**खैरागढ़,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम मरकाम टोला की रहने वाली पीड़ित महिला जयंत्री पति योगेश कुमार देवांगन के परिवार वालों ने पीड़ित महिला के साथ हमेशा घरेलू हिंसा से प्रताड़ित महिला ने न्यायालय का शरण लिया है। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के अध्यक्ष आलोक कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के दिशा निर्देश पर अध्यक्ष चन्द्र कुमार कश्यप व सचिव देवाशीष ठाकुर के मार्गदर्शन में 6 अक्टूबर को तालुका विधिक सेवा समिति खैरागढ़ में पैरालीगल वालंटियर गोलू दास साहू के द्वारा असहाय महिला का घरेलू हिंसा के संबंध में पीड़ित महिला के तरफ से उसके केस में पैरवी करने अधिवक्ता नियुक्ति करने के संबंध में आवेदन तैयार कर प्रस्ताव भेजा गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत आवेदिका जयंत्री देवांगन पति योगेश कुमार देवांगन निवासी ग्राम मरकामटोला व थाना ठेलकाडीह तहसील खैरागढ़ जिला केसीजी का विवाह आज से 06 वर्ष पूर्व योगेश कुमार देवांगन निवासी ग्राम देवरबीजा पोस्ट पिपरिया थाना देवरबीजा जिला बेमेतरा से विवाह हुआ था। जानकारी अनुसार पीड़िता शादी होकर जब से अपने ससुराल गई थी तब से उसके ससुराल वाले उसका पति उसकी सास उसके साथ हमेशा गाली गलौज और घरेलू हिंसा मारपीट किया करते थे। उसके साथ हमेशा गलत व्यवहार करते थे प्रेम शब्द आज तक उसने नहीं बोला है। लगातार हो रहे गलत व्यवहार व ताना देने से तंग आकर पीड़िता ने सहन करने तक सहन की और आगे सहन न करने पर इस संबंध में अपने देवांगन समाज वालों को भी इकट्ठा किया समाज वालों के द्वारा भी योगेश कुमार को समझाइश दिया गया पर भी महिला प्रकोष्ठ राजनांदगांव में भी इसकी शिकायत की गई वहां भी उसको समझाया गया है कि तुम अपनी पत्नी के साथ अच्छा व्यवहार करो और किसी भी प्रकार के नशे का सेवन ना करो और उसके साथ अपना अच्छा जीवन जियो और पुन: जयंत्री देवांगन को उसके साथ रहने के लिए भेजा गया लेकिन तब भी उसके व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया वह किसी भी प्रकार से समझने के लिए तैयार नहीं था पीड़िता ने यह निर्णय लिया कि वह इस स्थिति में जबकि उसका पति और उसके ससुराल वाले उसको रखने के लिए तैयार नहीं है। तो वह कहीं और जगह न जाते हुए न्यायालय की शरण में आई है। वह अपने केस की पैरवी करने में सक्षम नहीं होने से निशुल्क विधिक सहायता अंतर्गत अपना केस लगाने के लिए एडीजे चन्द्रकुमार कश्यप अध्यक्ष तालुक विधिक सेवा समिति खैरागढ़ के समक्ष आवेदन पत्र जमा की पैरालीगल वालंटियर गोलूदास के द्वारा उसके केस के संबंध में अधिवक्ता नियुक्ति के लिए आवेदन तैयार कर आगे की कार्यवाही देवाशीष ठाकुर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव को भेजा गया है। ताकि उसके केस में अधिवक्ता नियुक्ति हो और आगे उस असहाय महिला जिसका 2 छोटे-छोटे बच्चे हैं। उसको हक अधिकार मिल सके बच्चों के पालन पोषण के लिए एक आधार बन सके और वह अपने आगे का जीवन अच्छे से सुख शांति पूर्वक निर्वाह कर सकें। इस पूरे कार्य को निशुल्क प्रदान करने आवेदन करने पीड़िता व उसके परिवार वालों ने तालुक एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया।



■ घरेलू हिंसा से प्रताड़ित महिला ने न्यायालय की ली शरण

## मोहम्मद अकबर ने क्षेत्र के विकास के लिए दी 7 करोड़ 43 लाख 12 हजार की सौगात

**कवर्धा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री और कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर अपने निर्वाचन क्षेत्र के समुचित विकास के लिए लगातर सौगातों की झड़ी लगा रहें है। मंत्री श्री अकबर ने आज कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के समुचित विकास के लिए 7 करोड़ 43 लाख 12 हजार रूपए की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यो का भूमिपूजन कर शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत 86 ग्रामों में सीसी रोड निर्माण कार्य और डब्लू बी एम रोड निर्माण कार्य शामिल है। इसके अतिरिक्त उपमंडी प्रांगण एवं मंडी क्षेत्र कवर्धा में स्वागत द्वार लगाने के लिए, मंडी प्रांगण एवं कव्हर्ड ऑक्शन प्लेटफार्मों में आंतरिक एवं बाहय विद्युतीकरण कार्य, मुख्य नवीन मंडी गेट के बाजू में 04 नग शेण्ड्रीशॉप निर्माण कार्य और धान खरीदी केन्द्र राम्हेपुर एवं सोनपुरी रानी में किसान कुटीर निर्माण कार्य शामिल है। इस बड़ी सौगात के लिए कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायतों के पंच, सरपंच, सचिवों एवं नागरिकों ने मंत्री श्री अकबर के प्रति आभार प्रकट किया है।

कैबिनेट मंत्री श्री अकबर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार यहां के लोगों और प्रदेश के समुचित विकास के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सीसी रोड निर्माण के लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से लेकर आमजनों ने मांग की थी। उन्होने कहा कि इस क्षेत्र के विधायक होने के नाते जनभावनाओं को पूरा करने के लिए लोगों की मांगों को पूरा करने का हर संभव प्रयास कर रहे है। सीसी रोड निर्माण कार्य की भूमिपूजन होने से लोगों में सरकार



के प्रति एक विश्वास जागा है। सड़क निर्माण होने से क्षेत्र में आवागमन की सुविधाएं बढेंगी।

### इन गावों में बनेगी सीसी और डब्लूबीएम रोड

केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने क्षेत्र के विकास के लिए 5 करोड़ 83 लाख 46 हजार रूपए की बड़ी सौगात दी। भूमिपूजन ग्रामों में ग्राम चिल्फीघाटी, घुघरीकला, महराजपुर, भागूटोला, हाथी डोब, सिंघनपुरी, बोटेसुर, लखनपुर, दादूटोला, सोहागपुर, नंदनी, खैरबनाकला, दरगंवा, खुंटू, कुकरापानी, बिसनपुरा, मिनमिनिया मैदान, भालुचुवा, खैरबनाखुर्द, खैरा, मारियाटोला, शीतलपानी, कारेसरा, जोराताल, बासिनझोरी, मानिकपुर, खड़ौदाखुर्द, नेउरगांव, ,खंडसरा, बर्घरा, उसलापुर, भटेलाटोला, समनापुर जंगल, बरबसपुर जंगल, बिजई, कामनबोड, कोयलारी, छपरी, बैगाटोला, पोड़ी, अमलीडीह, बैहरसरी, परसहा, बरकोही, तितरी, बैजलपुर, रंहगी, बरकोही, सिंघनपुरी, लखनपुर, मांदीभाटा, बावापथरा, खैरझिटी, मानिकचौरी, मोटियारी, भालुचुवा, चंडालपुर, रहंगी, बुधवारा, खपरी, कान्हाभैरा, कारेसरा, जोराताल, बासिनझोरी, लखनपुर, लेंजाखार, बरभांवर, सिल्हाटी, डबराभाट, धनौरा, उसरवाही, सरईपतेरा, साल्हेवारा, लोहारीडीह, राम्हेपुर, महराजपुर, महराटोला, गांगचुवा, सिवनीकला, भिंभौरी, नागवाही, अगरी, सरोधा और सिंगारपुर शामिल है।

### धान खरीदी केन्द्र राम्हेपुर एवं सोनपुरी रानी में बनेगा किसान कुटीर

केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने 54 लाख 56 हजार रूपए की लागत से उपमंडी प्रांगण एवं मंडी क्षेत्र कवर्धा में स्वागत द्वार लगाने के लिए, 60 लाख रूपए की लागत से मंडी प्रांगण एवं कव्हर्ड ऑक्शन प्लेटफार्मों में आंतरिक एवं बाहय विद्युतीकरण कार्य, 18 लाख 10 हजार रूपए की लागत से मुख्य नवीन मंडी गेट के बाजू में 04 नग शेण्ड्रीशॉप निर्माण कार्य और 27 लाख रूपए की लागत से धान खरीदी केन्द्र राम्हेपुर एवं सोनपुरी रानी में किसान कुटीर निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया।

# दुर्ग जिले में सर्वाधिक मतदाता वैशाली नगर विधानसभा में, सबसे कम भिलाई में

**दुर्ग,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। दुर्ग जिले की विधानसक्षा क्षेत्र एवं 2 आंशिक विधानसभा क्षेत्रों की कुल मतदाता संख्या 14 लाख 31 हजार 350 है इनमें पुरूष मतदाता 7 लाख 12 हजार 67 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 7 लाख 19 हजार 228 है। अन्य मतदाता 55 है। इस तरह दुर्ग जिले में पुरूष मतदाताओं की तुलना में महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है।

जिले में सर्वाधिक मतदाता वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र में 2 लाख 50 हजार 471 है। यहां पर पुरूष 1 लाख 25 हजार 410 तथा महिलाएं 1 लाख 25 हजार 50 है। वैशाली नगर में पुरूष मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। अन्य मतदाता सिर्फ 11 है। दूसरे क्रम में सुरक्षित अहिवारा विधानसभा क्षेत्र है जहां कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 44 हजार 255 है। इनमें पुरूष 1 लाख 20 हजार 942 तथा महिलाएं 1 लाख 23 हजार 301 है। 12 अन्य है। इस क्षेत्र में पुरूषों की तुलना में महिलाएं ज्यादा है। तीसरे क्रम में जिला मुख्यालय दुर्ग शहर के मतदाता है। यहां पर कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 27 हजार 244 है। दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं की संख्या 1 लाख 75 हजार 779 पुरूषों की तुलना में ज्यादा है। इस विधानसभा क्षेत्र में पुरूष मतदाताओं की कुल संख्या 1 लाख 11 हजार 426 है। दुर्ग शहर क्षेत्र में अन्य मतदाता 21 है। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र चौथे क्रम पर 2 लाख 19 हजार 978 है। इ, ग्रामीण क्षेत्र में भी महिलाएं ज्यादा है। यहां पर 1 लाख 10 हजार 447 महिलाएं एवं 1 लाख 9 हजार 526 पुरूष है। अन्य की संख्या 4 है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विधानसभा क्षेत्र पाटन में अन्य 5 पूर्ण विधानसभा क्षेत्र की पांचवी सीट में कुल 2 लाख 16 हजार 661 मतदाता है। इनमें 1 लाख 7 हजार 574 पुरूष व 1 लाख 9 हजार 86 महिलाएं है। यहां भी महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। दुर्ग जिले की सबसे कम 1 लाख 68 हजार 345 मतदाता संख्या वाला क्षेत्र भिलाई नगर है। भिलाई नगर क्षेत्र में 84 हजार 5 सौ पुरूष तथा उसके बाद 83 हजार 842 महिलाएं तथा अन्य 3 है।

बेमेतरा जिले की साजा एवं बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र आंशिक रूप से दुर्ग जिले में आते है। साजा क्षेत्र के 101 मतदाता केन्द्रों के 86 हजार 165 मतदाता दुर्ग जिले में आते है। यहां पर 43 हजार 510 पुरूष एवं 42 हजार 653 महिलाएं है तथा अन्य 2 है। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र दुर्ग जिले के 22 मतदान केन्द्रों की कुल मतदाता संख्या 18 हजार 231 है। इसमें 9 हजार 179 पुरूष, 9 हजार 52 महिलाएं है।

**जिले में कुल 14 सौ मतदान केन्द्र**

दुर्ग जिले में कुल 1 हजार 479 मतदान केन्द्र है। इसके तहत पाटन में 246, दुर्ग ग्रामीण में 227, दुर्ग शहर में 215, भिलाई नगर में 167, वैशाली नगर में 242, अहिवारा में 259, साजा आंशिक में 101 और बेमेतरा आंशिक में 22 मतदान केन्द्र आते है।

# दुर्ग सेक्टर व्हॉलीबाल स्पर्धा में गर्ल्स कॉलेज विजेता



**दुर्ग,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। शासकीय डॉ.वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महा. की महिला व्हॉलीबाल की टीम ने सेक्टर स्तरीय व्हालीबाल प्रतियोगिता में विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।

शा. विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्ना. महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित सेक्टर स्तरीय महाविद्यालयीन व्हॉलीबाल प्रतियोगिता में जिले की दस टीमों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच स्वामी स्वरूपानन्द महाविद्यालय हुडको भिलाई तथा गर्ल्स कॉलेज दुर्ग के बीच खेला गया। इस मैच में गर्ल्स कॉलेज दुर्ग की टीम ने एकतरफा खेलते हुए स्वरूपानन्द महाविद्यालय की टीम को बड़े अंतर से पराजित किया।

उल्लेखनीय है कि विगत कई वर्षों से महिला व्हॉलीबाल प्रतियोगिता में गर्ल्स कॉलेज की टीम लगातार विजयी रही है। महा. की टीम की कप्तान - कु. प्रिया शिखा एवं टीम को प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी एवं क्रीड़ाधिकारी डॉ. ऋतु दुबे ने बधाई दी है।

दुर्ग सेक्टर की टीम घोषित कर दी गई है जिसमें महाविद्यालय की पाँच छात्राओं ने जगह बनाई है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता गुरूकुल महाविद्यालय, रायपुर में आयोजित की जा रही है।

विजेता टीम में तोमेश्वरी जंघेल, दीप्ती राठौर, अनुष्का निषाद, निरजरा तांडी, राखी सिंह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया अन्य खिलाड़ी थे प्रियंका साव, डोना साहू, कविता जेना, करिश्मा हिडको, अनुराधा कावड़े, टीम मैनेजर-डॉ. ऋतु दुबे तथा प्रशिक्षक दिव्या साहू एवं सुश्री मधु थी।

महाविद्यालय क्रीड़ा समिति की संयोजिका डॉ. सुषमा यादव सदस्य जागृत ठाकुर एवं महाविद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ दी।

# संजय सिंह की रिहाई की मांग को लेकर लोसपा ने सौंपा ज्ञापन

**दुर्ग,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी की दुर्ग जिला इकाई ने आज राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सांसद संजय सिंह को तत्काल रिहा कर इस मामले की जांच सेवानिवृत्त न्यायाधीश से कराने की मांग की है। लोसपा ने इस पूरे मामले में प्रधानमंत्री की भूमिका पर ही संदेह जताया है।

ज्ञापन में लोसपा की ओर से जिला अध्यक्ष अशोक पंडा ने कहा है कि राज्यसभा सांसद संजय सिंह को ईडी की ओर से कुछ समय पहले पत्र लिखकर खेद व्यक्त करते हुए बताया गया था कि उनका नाम गलती से ईडी की सूची में जुड़ गया था। इसकी सूचना ईडी द्वारा सर्वोच्च न्यायालय को भी दे दी गई थी। अब फिर उसी आरोप में गत 4 अक्टूबर को ईडी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध से उठाया गया कदम बताया है।

# यदि केंद्र सरकार किसानों का धान नहीं खरीदती, तो केंद्र से 3700 करोड़ की मांग क्यों : मधुसूदन यादव

**राजनांदगांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर किसानों के बोनस पर लगे प्रतिबंध को हटाने का अनुरोध किया है, जिसे पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने दिखावे की खोखली कागजी कार्यवाही करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि एक तरफ तो मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस पार्टी केंद्र सरकार पर यह मिथ्या आरोप लगाती है कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के धान की खरीदी नहीं करती,और धान खरीदी की पूरी राशि राज्य शासन वहन करता है, दूसरी ओर राज्य शासन ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर बकाया बोनस देने के लिए केंद्र सरकार से 3700 करोड़ रुपए की मांग की है। पूर्व सांसद मधु ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से यह पूछा है कि माननीय मुख्यमंत्री जी, जब केंद्र आपके धान की खरीदी नहीं करती, तो वह आपके प्रदेश के धान को खरीदने के लिए 3700 करोड़ क्यों देगी और आपने केंद्र शासन को तत्सम्बंध में पत्र क्यों लिखा है ? यह दोनो बाते परस्पर विरोधाभासी है और कांग्रेस पार्टी के दोहरे चरित्र को उजागर करती है। पूर्व सांसद मधु ने यह भी आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस पार्टी ने अपने 5 साल के कार्यकाल में किसानों को सर्वाधिक लूटा है, उनके विश्वास की हत्या की है, और अब आगामी विधानसभा चुनाव में किसानों के कोपभाजन से बचने के लिए अपनी अपूर्ण घोषणाओं को केंद्र शासन के माथे मढ़कर अपने नैतिक दायित्व से पीछा छुड़ाने का कुत्सित प्रयास रही है, जिसके अनुक्रम में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह पत्र प्रधानमंत्री जी को लिखा है। पूर्व सांसद मधुसूदन ने



मुख्यमंत्री पर किसानों से दगाबाजी करने का भी आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस पार्टी ने अपने पिछले चुनावी घोषणा पत्र में प्रदेश के किसान भाइयों को 2 साल का धान का बकाया बोनस देने का वादा किया था, और सत्ता में आने के बाद लगभग पांच साल तक भूपेश सरकार अपनी इस घोषणा को भूले बैठी रही और इस विषय में कोई कार्रवाई नहीं की। किंतु अब किसी भी समय चुनावी आचार संहिता लागू हो सकती है, तब ऐसे समय में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा केंद्र शासन को लिखा गया यह पत्र पूर्णतः औचित्यहीन, अप्रासंगिक एवं अपने पिछले चुनावी वादे को पूरा करने की नैतिक जिम्मेदारी से बचने का जुगाड़ प्रतीत हो रहा है। प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधु ने आरोप लगाया है कि भले ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पीएम मोदी को पत्र लिखकर स्वयं को किसानों का मसीहा साबित करने की निरर्थक कोशिश कर रहे हैं किंतु वास्तविकता में मुख्यमंत्री जी के पत्र से कांग्रेस पार्टी की झूठ की कलई खुल गई है और किसानों के प्रति उनकी अकर्मण्यता, धोखेबाजी एवं वादाखिलाफी उजागर हुई है। पूर्व सांसद ने यह भी आरोप लगाया है कि खुद को किसान हितैषी बताने वाली कांग्रेस सरकार ने 5 सालों में किसानों को विविध प्रकार से छला है, कभी किसानों के रकबे में कटौती करके, तो कभी सोसाइटी में खाद बीज और बारदाने का कृत्रिम संकट उत्पन्न करके, कभी निजी दुकानों में सरकारी खाद बीज महंगे दाम में बेचकर, कभी नरवा, गरवा, घुरवा और बारी के लिए फंड का आभाव बताकर, तो कहीं फसल बीमा का समुचित लाभ किसानों को ना देकर, कहीं किसानों की भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा प्रकरण में भेदभाव एवं राजनीतिक हस्तक्षेप उत्पन्न करके और यहां तक की केंद्र शासन द्वारा धान खरीदी की दी गई एकमुश्त राशि को भी चार किस्तों में रुला रुला कर छत्तीसगढ़ के किसान भाइयों को दिया जाता रहा है। राजनांदगांव जिला अंतर्गत कांग्रेस के राज में किसानों के नाम पर फर्जी कृषि ऋण निकालकर रसूखदारों को लाभ पहुंचाने और किसानों को प्रताड़ित करने का इल्जाम भी भूपेश सरकार पर लगे है, ऐसे ही एक प्रकरण में डोंगरगढ़ क्षेत्र के मेढ़ा सोसायटी के किसान ने आत्महत्या भी कर ली थी जिसके परिवार को आज तक शासन प्रशासन से न्याय नहीं मिल सका है। पूर्व सांसद मधु ने कांग्रेस पार्टी पर तंज कसते हुए कहां है की पिछले चुनावी घोषणा पत्र में झूठ का पुलिंदा जनता को थमाकर सत्ता में आई कांग्रेस पार्टी अब उल्टे विश्व के सर्वाधिक सम्मानित व्यक्तित्व में से एक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भी झूठा कहने से भी बाज नहीं आ रही है।

# पैरीटोला पहुंचकर भाजपा प्रत्याशी गीता घासी साहू शोकाकुल परिवार से मिली



**राजनांदगांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पैरीटोला निवासी जानधार कंवर का बीते दिनों में आकस्मिक निधन हो गया है। भाजपा विधायक प्रत्याशी गीता घासी साहू ने जानधार कंवर के परिवारजनों से मुलाक़ात किया। जानधार कंवर के तैलचित्र के समक्ष श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए भाजपा प्रत्याशी गीताघासी साहू ने छोटे-छोटे बच्चों को अपने गोदी में बिठाकर उनके पत्नी सहित परिवार जनों को संत्वाना दी और कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर व्यक्ति के सुख-दुख का साथी है। इस दौरान छुरिया भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय पटेल, तोरण दास वैष्णव, शिवा मिश्रा, अशोक सेन, तीरथ विश्वकर्मा, मनोज साहू, भगत राम चंद्रवंशी सहित भाजपा कार्यकर्ता गण एवं परिवारजन एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



# आज पुराने बस स्टैंड में गीत संगीत का कार्यक्रम

**दुर्ग,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोशिश स्टार म्युजिकल ग्रुप द्वारा कल 7 अक्टूबर को संगीत जगत के सदाबहार गायकों के सम्मान में पुराना बस स्टैंड में शाम 6 बजे संगीत उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न गायक कलाकारों द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दी जायेंगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अरूण वोरा, एवं महापौर धीरज बाकलीवाल होगें। विशेष अतिथि एल्डरमेन रत्ना नारमदेव, डॉ. प्रीति अजय बेहरा, रामकली यादव, हमराज अली रायपुर होगें।

# भाजपा अलाकमान को अपनों पर भी भरोसा नहीं : श्रीकिशन खंडेलवाल

**राजनांदगांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के सदस्य व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्रीकिशन खंडेलवाल ने ने राजनीति में बहुत प्रचलित भरोसा शब्द को लेकर भाजपा पर तीखा हमला बोला है।

श्री खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा हमेशा ही कांग्रेस की भरोसे की सरकार और उसके भरोसे यात्रा पर टिप्पणी करती रही है। जबकि भाजपा हाई कमान को अपनों पर ही भरोसा नहीं है। छत्तीसगढ़ विधानसभा आम चुनाव के लिए भाजपा आलाकमान ने प्रदेश से बाहर के नेताओं को जिम्मेदारी सौंपे है। वहीं कांग्रेस स्थानीय और प्रदेश के कांग्रेसी नेताओं पर विश्वास जताते हुए दायित्व सोपे है। जनता भी



■ कहा - कांग्रेस के भरोसा यात्रा पर सवाल उठाने वाली भाजपा पहले अपने गिरेबान झांके

यह समझ रही है कि बीजेपी को अपने स्थानीय और प्रदेश के नेताओं पर भरोसा नहीं है तो वह किसी भी चुनाव में जीत का लक्ष्य कैसे निर्धारित करेगा। वास्तव में किसी भी चुनाव में जीत का लक्ष्य तय करने से पहले आत्मविश्वास और अपनों पर विश्वास पहले जरूरी होता है जो कांग्रेस ने किया है ऐसे में यह स्पष्ट हो जाता है कि कांग्रेस न सिर्फ जीत के करीब है अपितु 75 प्लस सीट से एक तरफा जीत होते दिखाई दे रहा है।

श्री खंडेलवाल ने आगे कहा कि ऐसी खबर छनकर आ रही है। कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव के ठीक पहले स्थानीय और प्रदेश स्तर के नेताओं को तवज्जो नहीं देने से घोर निराशा फैल गई है। ऐसी निराशा की स्थिति में छत्तीसगढ़ में सरकार बनाने का भाजपा का सपना कभी पूरा नहीं हो पाएगा।

# पद्मनाभपुर में नि:शुल्क योग शिविर



**दुर्ग,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ योग आयोग द्वारा नियमित योगाभ्यास के लिए पद्मनाभपुर में ओकलेश्वर मंदिर के पास जिम क्लब में नागरिकों को स्वस्थ जीवन शैली तथा प्रतिदिन योगा करने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा। योगाचार्य के मार्गदर्शन में इसे अपने जीवन की नियमित दिनचर्या में सम्मलित करने की अपील छत्तीसगढ़ योग आयोग के चेयरमेन ज्ञानेश शर्मा ने आज पद्मनाभपुर के केन्द्र के शुभारंभ अवसर पर कही एम एल पांडे सचिव छत्तीसगढ़ योग आयोग ने शाररिक मानसिक व आध्यात्मिक ऊर्जा को बढ़ाने हेतु योगा को आवश्यक बताया आज योगा क्लास प्रारंभ के कार्यक्रम में राजेश शर्मा एल्डरमेन संतोष उपाध्याय संजीव श्रीवास्तव रामभाऊ व दीप्ति शर्मा ट्रेनर भूमिका उपाध्याय नीलमणि शुक्ला व नागरिक बढ़ी संख्या में उपस्थित थे।

# साकरदाहरा में प्रसाद के जगह गांजा बेचते पकड़ाया

**डोंगरगांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। थाना प्रभारी डोंगरगांव उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में जिले के प्रसिद्ध मोक्षधाम साकरदाहरा में आरोपी के द्वारा अपने प्रसाद के दुकान मे अवैध रूप से गांजा मादक पदार्थ रखकर बिक्री करने की सुचना मिलने पर थाना डोंगरगांव मे पुलिस टीम गठित कर मौके पर पहुंच कर घेराबंदी कर रेड की कार्यवाही किया गया पकड़े गए आरोपी ने मोक्ष धाम सांकरदाहरा मे अपने दुकान में प्रसाद के जगह गांजा बेच रहे थे जिसे



डोंगरगांव पुलिस ने रंगे हाथ गांजा बेचते हुये पकड़ा गया, आरोपी के पास से 2 किला 100 ग्राम गांजा जप्त किया गया जिनकी कीमत 20 हजार-रूपये आंकी गई है गांजा बेचने वाले आरोपी सुशील कुमार साहू पिता, रामदास साहू, ग्राम पांगरीकला, निवासी के, खिलाफ अपराध धारा- 20(ख) एन डी पी एस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिर0 कर उनके परिजन को गिर0 की सुचना देकर रिमांड पर पेश किया है।

# छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कला विधाओं में दी शानदार प्रस्तुति

**राजनांदगांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार जिला स्तरीय कला उत्सव 2023-24 का भव्य व सफल आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह, एडीपीओ श्री पीसी मरकले के निर्देशन व कला उत्सव जिला नोडल अधिकारी एवं एपीसी श्रीमती प्रणीता शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कला विधाओं में शानदार प्रस्तुति दी। जिला स्तरीय कला उत्सव 2023-24 का सफल व भव्य आयोजन डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र हायर सेकेंडरी स्कूल बसंतपुर में सम्पन्न हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी राजेश सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कला उत्सव का आयोजन बच्चों में अंतर्निहित गुणों को प्रदर्शित करने का एक उचित मंच है तथा उन्होंने बच्चों को इस दिशा में समर्पित प्रयास हेतु प्रेरित किया, वहीं एडीपीओ समग्र शिक्षा पीसी मरकले ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में कला का विद्यमान होना ईश्वर का एक विशेष आशीर्वाद है।




जिला स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता के उक्त आयोजन में शामिल विभिन्न कला विधाओं यथा-संगीत (गायन)-शास्त्रीय संगीत, पारंपरिक लोक संगीत, संगीत (वादन)-अवनबद्ध वाद्य, स्वर वाद्य, शास्त्रीय नृत्य, लोक नृत्य, दृश्य कला (द्विआयामी), (त्रिआयामी), स्थानीय खिलौने एवं खेल तथा नाटक (एकल अभिनय) इत्यादि में जिले के विद्यार्थियों ने विभिन्न कला विधाओं में अपनी शानदार प्रस्तुति दी।

# फिर से दौड़ेगी संस्कारधानी, तीन श्रेणी की मैराथन जनवरी में, बटेंगे 3 लाख के इनाम

**राजनांदगांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। शहरवासियो को फिटनेस की तरफ प्रेरित करने की मंशा से राजनांदगांव रनर्स ग्रुप द्वारा शुरु किए गए मैराथन रेस के अगले आयोजन की तैयारियां शुरु हो गई है। संस्कारधानी में यह आयोजन आगामी जनवरी महिने में होने जा रहा है, जिसमें तीन श्रेणी में मैराथन रेस कराई जाएगी। इस इवेंट की खास बात यह है कि शहर के साथ ही प्रदेश और देशभर से प्रतिभागी इसमें शामिल होने के लिए पहुंचेंगे। मैराथन में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को 3 लाख रुपए तक के इनाम भी बांटे जाने है। मैराथन के आयोजन की रुपरेखा तैयार करने के लिए एक बैठक भी कर ली गई है।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव रनर्स ग्रुप के द्वारा विगत चार वर्षों से शहर में मैराथन रेस का आयोजन किया जा रहा है। हर साल के साथ ही इस आयोजन का स्तर भी बढ़ता चला जा रहा है। इस बार मैराथन का आयोजन 7 जनवरी 2024 को होने वाला है।आयोजन को और वृहद बनाने के लिए समिति के सदस्यों ने तैयारी शुरु कर दी है। बताया गया कि बीते 16 सितंबर को अवाना होटल में एक शुभारंभ आयोजन किया गया, जिसमें रनर्स ग्रुप के सभी स्पांसर सहित सदस्यों को आयोजित कर एक रुपरेखा तैयार की गई है। इस आयोजन में अधिक से अधिक



प्रतिभागियो को जोड़ने के लिए भी सदस्यों को अलग-अलग भूमिकाएं सौंपी गई है।

**21 किमी की सबसे बड़ी मैराथन**

राजनांदगांव रनर्स ग्रुप द्वारा आयोजित की जाने वाले मैराथन में तीन श्रेणी रखे गए है। इनमें 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर की मैराथन रेस शामिल है। यह तीनों ही मैराथन रेस की शुरुआत शहर के गौरवपथ स्थित गोविंदराम निर्मलकर ऑडोटोरियम से की जाएगी। मैराथन में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को रेस के दौरान ट्रैक में इनर्जी ड्रिंक, ग्लूकोस भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा मेडिकल टीम भी उपलब्ध रहेगी। पिछले साल इस मैराथन से 3200 प्रतिभागी जुड़े थे, जिनमें विदेशी प्रतिभागी भी शामिल है।

**मिलेगी टीशर्ट, चीप और मेडल**

आयोजनकर्ताओं ने बताया कि मैराथन में शामिल होने के लिए श्रेणी के अनुसार प्रतिभागियों के लिए शुल्क तय किए गए है। समिति द्वारा सभी प्रतिभागियो को एक टीशर्ट, जीपीएस चीप, गिफ्ट बैग, मैडल,शानदार स्वलपाहर उपलब्ध कराया जाएगा। टीशर्ट व अन्य चीजों के वितरण के लिए मैराथन से पहले 5 व 6 जनवरी को दो दिवसीय एक्सपो का आयोजन भी किया जा रहा है। जहां स्पेशल शॉप भी लगाई जाएगी।

**बैठक में शामिल हुए स्पांसर**

आयोजन को लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट के लिए 16 सितंबर को महावीर ग्रुप एवं सुमीत के संयुक्त प्रयोजन में अवाना होटल में एक आयोजन रखा गया था। जिसमें टाइटल स्पांसर महावीर ग्रुप से विनोद बोहरा एवं रोशन बोहरा शामिल हुए। इनके अलावा सकल जैन संघ के अध्यक्ष मनोज बैद, आईडीबीआई से अभिषेक शर्मा, नीरज बाजपयी, जितेंद्र शर्मा, रवि बग्गा, प्रशांत शर्मा और विकास ओस्वाल भी शामिल रहें। संस्था के सदस्यों ने इस आयोजन से लोगों को जुड़ने की अपील की है।पिछले वर्ष 3200 से ज्यादा प्रतिभागी थे। सदस्यों ने बताया कि अभी अर्ली बर्ड 1000/- रखा गया है।यह 1000 प्रतियोगी तक रहेगा फिर रजिस्ट्रेशन हेतु रकम बढ़ाई जा सकती है। इस लिंक के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा रेजिस्ट्रेशन करने की अपील की है Ðhttps://www.ifinish.in/event_details/RHM_w®wx ऑफलाइन काउंटर रजिस्ट्रेशन भी चालू है जिसके लिए सुमीत जयस्तंभ चौक,अरिहंत कंप्यूटर,नंदन वाच मानव मंदिर चौक,दूध सागर सिंधी कॉलोनी,जैन आर.टी.ओ पुराना बस स्टैंड से भी करा सकते है।

# अन्याय बर्दाश्त नहीं, पारदर्शिता सर्वोपरी : शाहिद भाई

**राजनांदगांव,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)।घोरदा खदान मामले को लेकर ग्रामीणो के आक्रोश का सामना देखने को मिला था जिसके चलते पूरे ग्रामवासी लालबाग थाने पहुंचे थे जैसे ही मामले की जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं क्षेत्र के पूर्व जिला पंचायत सदस्य शाहिद भाई को लगी हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर जहां ग्रामीणों के आक्रोश को शांत कराया वही प्रकरण के निष्पक्ष जांच के साथ किसी भी व्यक्ति विशेष के इशारे पर किसी के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं करने और पुलिस प्रशासन के द्वारा की जा रही कार्यवाही पर निष्पक्षता से जांच करने की भी बात कही यहां यह बताना लाजमी है कि खदान मामले में जहां ग्रामीण एकजुट होकर लामबंद है वही लंबे समय से निरंतर शिकायतें मिलने के बाद भी कार्यवाही नहीं होने के कारण ग्राम वासी आंदोलन के राह पर अग्रसर हो चले जिसके चलते कुछ लोगो पर एफआईआर की भी बात सामने आई जबकि ग्रामीणों का कहना है कि यह किसी के इशारे में की जा रही एकतरफा कार्रवाई है जिसके कारण जनता थाने पहुंचकर घेराव कर दी थी माहौल एवं कानून व्यवस्था बिगड़ने के साथ-साथ अशांति का वातावरण निर्मित होने की जानकारी लगते ही शाहिद भाई तत्काल मौके पर पहुंचकर देर रात तक वस्तु स्थिति से अवगत होकर सीधे शब्दों में कहा कि मामले में कोई पक्षपात नहीं होगी और निष्पक्ष कार्रवाई होगी।

शाहिद भाई के प्रयास से ग्राम वासियों का आक्रोश शांत हुआ और वे अपने ग्राम लौटे उसके बाद शाहिद भाई पीड़ितो को उनके घर पहुंचाकर ग्रामिणजनो से बैठक कर चर्चा करते हुए आश्वस्त किया कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार किसी भी के साथ भेदभाव एवं अन्याय नहीं होने देगी और इसके लिए मैं आप लोगों के साथ सदैव खड़ा था खड़ा हूं। हम सब कानून का सम्मान करें कानून अपने हाथ में ना ले ग्रामीण जन शाहिद भाई के इस साहसिक एवं सहयोगात्मक रुख के लिए एवं भविष्य में भी सतत मार्गदर्शन की अपेक्षा के साथ आभार व्यक्त किये है।

उल्टा पुल्टा

**दुकानदार**- बहनजी आप दुकान पर आती हैं, गहने देखती हैं पर कुछ लेती क्यों नहीं ?
**ग्राहक**- हमेशा लेती हूं पर आप ध्यान नहीं देते..

# चुरा की ढेरी में टकराने से ग्रामीण हो रहे हैं घायल

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कसडोल विकासखंड की लगभग सभी सड़के बदतर स्थिति में है।जो लगातार समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रहा है जैसा कि कसडोल पिथोरा और कसडोल महासमुंद मार्ग सहित क्षेत्र के कई गावों को जोड़ने वाली मार्ग काफी जर्जर हो गई है वही अंदरूनी गावों की सड़के भी गड्ढों में तब्दील हो जाने से राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे संबंधित अधिकारियों को कोई लेना देना नहीं है।



कसडोल से पिथौरा मार्ग में मरम्मत के नाम पर पत्थर के चुरा को बीच सड़क में डाल दिया गया है जिसमें 6 अक्टूबर को ग्राम बासीन पाली निवासी हितेश कैवर्त उम्र 20 वर्ष की उक्त पत्थर की चूरे की ढेर से टकराने पर दुर्घटना ग्रस्त हो गया है। इसी ढेरी पर 2 दिन पूर्व 4 अक्टूबर को ग्राम पंचायत राजादेवरी के सरपंच झुमुकलाल बांधे दुर्घटना ग्रस्त हुआ है जिसे गंभीर चोटें हैं जो आज भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहा है।इस सड़क दुर्घटना से सरपंच बांधे के सिर पर 17-18 टाँके लगे हैं वही कंधा की हड्डी भी टूट गया है।ज्ञात हो कि कसडोल से सिरपुर मार्ग पर कही कही गड्ढों को भरा तो जा रहा है पर उसमें भी भारी भ्रष्टाचार किया जा रहा है। सभी गड्ढों को न भर कर मात्र कुछ गड्ढों में पत्थर की चूरा को डाल कर मरम्मत के नाम पर खाना पूर्ति किया जा रहा है। उक्त पत्थर की चूरा धूल बनकर उड़ रहा है जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। साथ कुछ जगहों पर रोड के ऊपर उक्त पत्थर के चूरा को ट्रेक्टर और हाइवा में लाकर सड़को पर रखा हुआ है जिसका अवलोकन किया जा सकता है। पत्थर की चूरा को नहीं डालने के लिए क्षेत्र की जनता ने मांग किया है। इसके बाद भी पत्थर की चुरा को डालना बंद नही किया जा रहा है। अत: पत्थर की चूरा को डालने वाले ठेकेदार एवम लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत को स्पष्ट करता है कि मरम्मत के नाम पर खाना पूर्ति कर शासन को लाखो रुपए की चुना लगाया जा रहा है।और आज भी क्षेत्र की जनता गड्ढे युक्त धूल भरी सड़को पर चलने के लिए विवश है।वही इस घटना के बाद अनुविभागीय अधिकारी पी के गुप्ता कसडोल को दुर्घटना संबंधी जानकारी देने पर कहा कि ठेकेदार को बोल करके ढेरी को गड्ढों में डलवा देता हूं।दुर्घटना के बाद ठेकेदार गोविंद अग्रवाल ने घटना स्थल की जानकारी पत्रकारों से लेने के बाद सड़को में डाली गई ढेरियों को तुरंत बिछवाने की बात कही है। जो कब तक होता है यह भविष्य बतायेगा साथ ही क्षेत्र की जनता जो गिरकर दुर्घटना ग्रस्त हो रहे हैं इससे जनता में काफी आक्रोश व्याप्त है।

# भाजपा प्रत्याशी रोहित का जनसंपर्क मुहिम तेज



**राजिम,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। राजिम विधानसभा क्षेत्र के भाजपा मंडल पाण्डुका क्षेत्र के अंतर्गत राजिम विधानसभा के प्रत्याशी रोहित साहू ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ जनसंपर्क किया। श्री साहू जनसंपर्क के दौरान लाज शर्म छोड कर व्यवहारिक दिखाते हुए छत्तीसगढी परम्परानुसार अपने से बडे लोगो का चरणवंदन कर आशीर्वाद मांग रहे हे ।प्रत्याशी की व्यवहारिकिता देख उन्हे आशीर्वाद देकर विजयी होने वोट देने का आश्वासन भी दे रहे हे । श्री साहू अपने निर्धारित जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम जतमाई के निकट ग्राम तालेसर तदुपरांत ग्राम गायडबरी, पिपरछेड़ी, मड़ेली, जरगांव, रवेली, तिलाईदादर, गिधनी, पंडरीपानी एवं खट्टी में जनसंपर्क कर आशीर्वाद माँगा। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने आमजनों से मिलकर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने का आग्रह कर अपने लिए भी जीत का आशीर्वाद माँगा और कहा की क्षेत्र का हित ही मेरे लिए सर्वोपरि है जिसके लिए हम निरंतर कार्य करेंगे।इस अवसर पर चंदूलाल साहू पूर्व सांसद, संदीप पांडे मंडल अध्यक्ष पांडुका, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू,प्रकाश सिन्हा, किशन कंडरा महामंत्री पाण्डुका मंडल,रामधार साहू, मिथलेश साहू, मोती निषाद, विजय कंडरा, टिकेश साहू, उदय राम साहू सरपंच,मीरा ठाकुर जनपद सदस्य, आंनदराम सिन्हा, तेजराम निर्मलकर, ईश्वर निर्मलकर, लाल यादव, लोकनाथ साहू आदि उनके साथ जनसंपर्क में शामिल हुए.

# विकास कार्यों के लिए संसदीय सचिव ने किया भूमिपूजन

**महासमुंद,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कोडार परियोजना के तहत साढ़े 58 लाख की लागत से नहर सायफन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। नहर सायफन निर्माण से 257 हेक्टेयर में सिंचाई हो सकेगी।शुक्रवार को कोडार बांध में नहर सायफन निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। विशेष अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संजय शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष खिलावन साहू मौजूद रहे।पूजा अर्चना के पश्चात मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने सायफन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया।अपने संबोधन में मुख्य अतिथि संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मुहैया कराना उनकी प्राथमिकता में रह है। लगातार इस दिशा में प्रयास करने के साथ ही शासन.प्रशासन का ध्यानाकर्षित कराया गया।नतीजतन पौने पांच साल के उनके कार्यकाल में >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# खबर का हुआ असर, अंततः आंगनबाडी में हुई नियुक्ति

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)।4 माह पूर्व सोनाखान परियोजना अंतर्गत निकली मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के 19 पदों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति अन्ततः हो गया है। मीडिया ने लगातार खबरों का प्रकाशन कर विभाग के अधिकारियों और जनपद के नेताओ को आड़े हाथों लेते हुये आचार संहिता के पूर्व तत्काल नियुक्ति पत्र जारी करने के सम्बंध में खबर का प्रकाशन किया जा रहा था। जिसके बाद महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने पहले 19 में से 14 अभ्यर्थियों की नियुक्ति आदेश जारी किया इसके बाद शुक्रवार को बचें 5 अभ्यर्थियों की नियुक्ति आदेश निकाल दिया है। इधर जन सरोकार पर मीडिया की खबर पर बड़ा असर होने पर बहुजन सशक्तिकरण संघ और अभ्यर्थियों ने मीडिया को धन्यवाद ज्ञापित किया है। उल्लेखनीय है कि 1 माह पूर्व दावा आपत्ति होने के बाद भी नियुक्त आदेश जारी नही होने पर अभ्यर्थियों में आक्रोश था इधर अभ्यर्थियों में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लगने का भी डर सता रहा था फिलहाल अब अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिला चुका है।

यह था मामला-विगत 30 मई को सोनाखान परियोजना अन्तर्गत 19 पदों पर मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका का विज्ञापन जारी किया गया था लेकिन विभाग द्वारा तमाम प्रक्रिया करने के बावजूद नियुक्ति आदेश नही निकाला जा रहा था साथ ही अभ्यर्थियों को आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता का डर भी सता रहा था लेकिन विभाग के अधिकारी नियुक्ति पत्र नही निकाल रहे थे। जिसके बाद अब शिकायत के बाद सभी अभ्यर्थियों को नियुक्त दे दी गई है।

# छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के प्रांतीय सम्मेलन में महासमुंद के साहित्यकारों ने दी सहभागिता

**महासमुंद,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा होटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में आयोजित सातवां प्रांतीय सम्मेलन में महासमुंद के साहित्यकारों ने जिला संयोजक टेकराम सेन चमक के नेतृत्व में बढ़.चढ़कर हिस्सा लेते हुये सहभागिता दर्ज कराई । इस अवसर पर जिले की साहित्यकार श्रीमती एस चन्द्रसेन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद महिला साहित्यकारों का योगदान विषय वस्तु पर छत्तीसगढ़ी भाषा में सारगर्भित व्याख्यान दिया गया ।इस हेतु उन्हें राजभाषा आयोग की ओर से सम्मानित किया गया । दो दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन में महासमुंद जिला की ओर से उमेश भारती गोस्वामी, हबीब खान समर, डिगेश्वर साहू, धनराज साहू, सुरेन्द्र अग्निहोत्री, पुष्पलता भार्गव, द्रोपती साहू, सीमा रानी प्रधान, अंजू सोनछत्र, शंकर



सिंह सिदार, सुनील शुक्ला, यशवंत चौधरी, जयराम पटेल, डिजेन्द्र कुर्रे, मानकदास मगन, डी बसंत साव, बद्री प्रसाद पुरोहित, गिरधर साहू, डॉ रामशरण चन्द्राकर, बंटी छत्तीसगढ़िया, माधव प्रसाद तिवारी ने शानदार सहभागिता दर्ज कराते हुये छत्तीसगढ़ी भाषा के विकास के संकल्प को दुहराया । जिला समन्वयक टेकराम सेन चमक ने बताया कि 7वें प्रांतीय सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के लोक साहित्य, छत्तीसगढ़ी में नया पीढ़ी छत्तीसगढ़ी गद्य साहित्य में नवाचार, पाठ्यक्रम में छत्तीसगढ़ी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर वरिष्ठ साहित्यकारों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ ।उन्होंने बताया कि महासमुंद के सभी साहित्यकारों के योगदान का भी उल्लेख किया गया ।

इस अवसर पर जिला समन्वयक टेकराम सेन चमक को सम्मानित किया गया ।सम्मेलन में साहित्यकार डॉण् अनसूया अग्रवाल, डॉ बंधु राजेश्वर खरे, अशोक शर्मा, आनंद तिवारी पौराणिक, भागवत जगत भूमिल का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ ।सम्मेलन के दौरान पुष्पलता भार्गव, द्रोपती साहू, अंजू सोनक्षत्र, हबीब खान समर, धनराज साहू ने शानदार अंदाज में काव्य पाठ किया ।

# भोरिंग जोन से तेजस तुमगांव की टीम शानदार प्रदर्शन कर बनी विजेता

## जोन स्तरीय इंटर स्कूल टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

**महासमुंद,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार जिले के सभी विकास खण्ड में जोन स्तरीय इंटर स्कूल टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन विगत 03 एवं 04 अक्टूबर को सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता मे महासमुंद जोन, खट्टी जोनए, छपोराडीह जोन, भोरिंग जोन, बिरकोनी जोन, पटेवा व झलप जोन में बांटकर विभिन्न विद्यालयों के मध्य संपन्न हुआ। सभी जोन की विजेता टीम मिनी स्टेडियम महासमुंद में शामिल हुई। इसी क्रम में आज 5 अक्टूबर को ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में जोन के विजेता टीम वेडनर मेमोरियल महासमुंद जोन, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खट्टी जोन, छपोराडीह जोन, आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय तुमगांव भोरिंग जोन, महर्षि विद्या मंदिर बिरकोनी



जोन, पटेवा जोन व झलप जोन की टीम मिनी स्टेडियम महासमुंद में शामिल हुई। विकासखंड स्तर का प्रथम लीग मैच भोरिंग और पटेवा जोन,द्वितीय मैच मैच सिरपुर और झलप जोन ,तृतीय मैच बिरकोनी और महासमुंद ,चतुर्थ मैच में खट्टी टीम को बाई मिला सभी मैच में क्रमश भोरिंग,झलप, बिरकोनी विजेता रही।प्रथम सेमीफाइनल भोरिंग और खट्टी जोन , द्वितीय सेमीफाइनल झलप और बिरकोनी जोन के मध्य खेला गया ।सेमीफाइनल की विजेता टीम भोरिंग और झलप जोन के मध्य फाइनल मैच खेला गया जिसमें भोरिंग जोन से सेजेस तुमगांव की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए झलप जोन को 9 विकेट शेष रहते हरा दिया। सम्पूर्ण मैच के बेस्ट बॉलर राहुल तुमगांव, बेस्ट बैट्समैन पुष्पेंद्र कुमार झलप और फाइनल के मैन ऑफद मैच लोकेश तुमगांव रहे।विजेता एवं उपविजेता टीम को एसडीएम उमेश साहू, जिला खेल अधिकारी श्री मनोज धृतलहरे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री मीता मुखर्जी, सतीश नायर जिला अधिकारी, नंदकुमार सिन्हा जिला अधिकारी, अंजली बरमाल खेल अधिकारी, हीराधर सिन्हा विकासखंड शिक्षा अधिकारी, समीर प्रधान प्राचार्य, गजेंद्र ध्रुव,तारिका कुंजाम,हीना ढालेन सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

# युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास रूपेश ठाकुर निवास पहुंचकर की पारिवारिक मुलाकात

**बलौदाबाजार,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिला युवा कांग्रेस द्वारा भारत जोड़ो मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी वी श्रीनिवास मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास एनएसयूआई, युवा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रूपेश सिंह ठाकुर के निवास पहुंचकर पारिवारिक मुलाकात एवं राजनीतिक चर्चा की।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से युवा कांग्रेस के महासचिव पूर्णचंद पाढ़ी, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस प्रभारी पलक वर्मा, पुनीत, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, भावेश शुक्ला जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे, अन्त्यव्यवसायी बोर्ड के सदस्य शैलेंद्र बंजारे, जिला कांग्रेस महामंत्री प्रभाकर मिश्रा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संतोष तिवारी, बलौदा बाजार ट्रक मालिक संघ अध्यक्ष संजीव सिंग, जनपद सदस्य आर्यन शुक्ला, श्रीमती अर्चना ठाकुर, सोनू ठाकुर, पिंटू वर्मा, सौरभ >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर बीएएमएस डॉक्टर बनी योगिता गिलहरे

**बलौदाबाजार,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के पं लक्ष्मी प्रसाद तिवारी शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार में पदस्थ राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित डॉ भूपेंद्र गिलहरे व्याख्याता रसायन शास्त्र एवं नगर के ही शासकीय दाऊ कल्याण सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में पदस्थ राज्यपाल शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित श्रीमती सुशीला गिलहरे सहायक प्राध्यापक प्राणी शास्त्र की सुपुत्री कु योगिता गिलहरे ने राजीव लोचन आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय चंदखुरी दुर्ग से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर बी ए एम एस डॉक्टर बनी। डॉ योगिता गिलहरे शुरू से ही मेधावी छात्रा रही है उन्होंने हाई स्कूल की परीक्षा आई सी एस सी बोर्ड द्वारा नगर के सेक्रेड हार्ट स्कूल से प्रथम श्रेणी में एवं हायर सेकेंडरी की परीक्षा सी बी एस ई बोर्ड द्वारा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है। बी ए एम एस डॉ बनने पर संस्था के प्राचार्य डॉ वंदना फटिग, विभागाध्यक्ष डॉ मंजूषा सहित स्टॉफके सभी सदस्यों, डॉ एस आर गिलहरे श्रीमती बसंती गिलहरे ( दादा दादी), डॉ टी एन बंजारे, श्रीमती धनेश्वरी बंजारे (नाना नानी), डॉ भूपेंद्र गिलहरे (पापा), श्रीमती सुशीला गिलहरे (मम्मी), गोपाल दास प्रेमा गिलहरे, धनेश कुमार संतोषी गिलहरे, हेमलाल मंजुलता गिलहरे, सुकचंद् त्रिवेणी जांगड़े, राजेंद्र प्रमिला चतुर्वेदी, प्रीतम बंजारे, छन्नू विनीता बंजारे, मन्नू सविता बंजारे, डॉ राजकुमार मंजू बंजारे,एडवोकेट प्रवीण इंदु गिलहरे, दीपक दीप्ति गिलहरे, इंजी शशिभूषण गिलहरे, जितेंद्र, पीयूष, भारती, ज्योति, दीपिका, इंजी भावेश >> शेष पृष्ठ 9 पर >



# शाकम्भरी योजना अंतर्गत 45 किसानों को इलेक्ट्रिक वॉटर लिफ्टिंग पंप वितरित

**बलौदाबाजार,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)।अल्ट्राटेक रावन सी.एस.आर. एवं शासन के कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ''शाकम्भरी ''योजना अंतर्गत 45 किसानों को इलेक्ट्रिक एवं पेट्रोल वॉटर लिफ्टिंग पंप प्रदान किया गया। अल्ट्राटेक रावन सी.एस.आर. ने योजना का लाभ लेने हेतु अंशदान राशि में कृषकों को सहभागिता प्रदान किया।

संयंत्र प्रमुख राजेष शंकर, एफएच एच आर बिनोद नांबियार एवं उपसंचालक कृषि दीपक कुमार नायक के मार्गदर्शन में पंप वितरण हेतु एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शासकीय कृषि विभाग से सूचिन वर्मा एवं बी एन वर्मा (ए.एस.डी.ओ.) कृषि अधिकारी एवं अल्ट्राटेक प्रबंधन से प्रशासनिक प्रबंधक संजीव मिश्रा, चालिटी कंट्रोल विभागाध्यक्ष ईश्वर साहू तथा प्रोसेस डिपार्टमेंट के विभागाध्यक्ष राहुल देसाई अधिकारी



ज्योस्तना पति, रोहित श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही। शासन की शाकंबरी योजना में कृषकों को पंप के साथ सहयोगी सामग्री जैसे पाइप, ज्वाइंटर इत्यादि सामग्री का सेट भी प्रदान किया गया।इस पंप के उपयोग का तरीका तथा रखरखाव संबंधी तथा गारंटी वारंटी संबंधी निर्देश भी कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा दिया गया। 45 पंप प्राप्त करने वाले रावन एवं आसपास के 9 गांव के रहने वाले किसान है। इस पंप के द्वारा 200 से 250 एकड़ की खेती सिंचाई के माध्यम से बढ़ेगी।अल्ट्राटेक रावन सी.एस.आर. शासन की विभिन्न योजनाओं को प्राप्त करने में अंशदान राशि का सहयोग प्रदान कर रहा है। इसी तरह में पूर्व में 125 किसानों को स्प्रिंकलर सेट 13 किसानों को सोलर पंप सेट करना प्राप्त करने में सहयोग प्रदान किया है।

कार्यक्रम के उद्बोधन की कड़ी में विभागाध्यक्ष प्रोसेस राहुल देसाई ने किसानों के महत्ता पर प्रकाष डाला, चालिटी कंट्रोल विभागाध्यक्ष ईश्वर साहू ने किसानो को अन्नदाता कहते हुए कहा कि खेती में लगने वाली मेहनत केवल किसान ही जान पायेंगे कि कितना मेहनत के बाद फसल की पैदावारी होती है। तथा एडमीन प्रमुख संजीव मिश्रा ने किसानों को देष के भाग्यविद्याता एवं पालनकर्ता कहते हुए कहा कि हम ऐसे ही किसान हितैषी योजनाओं पर काम करते रहेंगे।सी.एस.आर. प्रमुख विनोद श्रीवास्तव ने कहा कि अल्ट्राटेक सदैव किसानों के हित के लिए कार्य कर रही है एवं सरकार की स्किमों के लाभ के बारे में बताते हुए उन्होने इसका लाभ लेने की बात कही।मंच संचालन करते रोहित श्रीवास्तव ने किसानों को दिये गये संसाधनों के उपयोग से आय बढ़ाने की बात कही।, कार्यक्रम के सफल आयोजन में सी एस आर के दया वर्मा, सुरेंद्र यादव, द्वारिका वर्मा, रूपेंद्र पंकज की अहम भूमिका रही।

# अभनपुर विधायक ने ली चुनावी सभा

**नवापारा-राजिम,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)।देश और प्रदेश में कांग्रेस ने ही सही राज चलाया है।कांग्रेस आम लोगो का हित और सेवा करती आ रही है।इसीलिए छत्तीसगढ़ में एक बार फिर सीएम भूपेश बघेल के नेतृत्व में सरकार बनाना हे । चुनाव करीब है,भाजपा वाले आएंगे,अफवाह फैलाएंगे अत: उनके बहकावे में न आवे। उक्त बाते नगर मे महानदी किनारे विधायक धनेंद्र साहू ने करोड़ो रूपए की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यो का लोकार्पण करते हुए कहा ।



उन्होने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल के दिनो में तीन बार छत्तीसगढ़ आए। रायगढ़,बिलासपुर और जगदलपुर। इन तीनो जगह झूठ बोलकर चले गए कि धान हम खरीदते है। ये बात किसानो को अच्छी तरह से मालूम है कि छत्तीसगढ़ सरकार धान समर्थन मूल्य में न केवल खरीदती भी है बल्कि बोनस भी देती है और वो भी डायरेक्ट राशि को खाते में डाल दी जाती है।विधायक श्री साहू ने उपस्थित जनसमुदाय से पूछा कि पांच वर्षो तक भाजपा के लोग कभी यहां दिखे थे ? भीड़ से आवाज आई नही दिखे। कहा कि अब वे लोग दो-तीन दिनो से गली-मुहल्लो में घुमने लगे है उनसे पूछो कि वे पांच साल तक कहां रहे। विधायक श्री साहू ने कहा कि पूरे पांच बरस आपके सुख-दुख में कौन साथ दिया है उसे अच्छी तरह से समझे।बताया कि अब ऐसा कोई भी व्यक्ति शेष नही रह गया है जिनके पास राशन कार्ड न हो।फ्री में चांवल दे रहे है। लोगो की आवश्यकता अनुरूप यहां हर काम को धीरे-धीरे पूरा करते चल रहे है। कोरोना के समय भी हमारे कांग्रेस के कार्यकर्ता उन लोगो के घरो में भोजन पैकेट पहुंचाया जिनके घरो में चुल्हा नही जल पा रहा था। लोगो के जीवन बचाने के उद्देश्य से तीन-तीन करोड़ रूपए की लागत पर अभनपुर और नवापारा में आक्सीजन प्लांट लगाया। शहर में पानी की समस्या न हो इसलिए महानदी में डाइक निर्माण का कार्य भी चल रहा है ये भी पूरा हो जाएगा।इसके बाद यहां पेयजल की कोई समस्या नही रहेगी।विधायक श्री साहू ने कहा कि यहां लोगो को यहां 6 सौ से अधिक परिवार को पट्टा बांटा गया। हमारे नेता राहुल गांधी जब आए थे तो उन्हें बताया गया कि केंद्र सरकार ने आवास का पैसा भेजना बंद कर दिए तो उनके निर्देश पर 7 लाख आवास पैसा जारी किया गया है। श्री साहू ने कहा कि नवापारा-राजिम धार्मिक क्षेत्र है। इसकी ख्याति देश और दुनिया में फैली हुई है। यहां अस्थि विसर्जन और पिंड दान करने के लिए बड़ी संख्या में लोग आते है उनके सुविधाओं के लिए यहां भवन ,टीन शेड,पेवर्स और नदी की साफ-सफाई कराया गया है। बाहर से आने वालो को कोई कष्ट न हो। वे यहां से संतुष्ट होकर जाए इस बात का ध्यान रखा जाए। कहा कि मेरा बचपना इसी शहर में बिता है। यहीं पढ़ा-लिखा हूं। हर गली-मुहल्ले में घूमा हूं। हर किसी के सुख-दुख में हमेशा >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

**महासमुंद,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्थानीय वनरक्षक प्रशिक्षण शाला में 5 अक्तूबर को वन विभाग एवं वन विकास निगम के वनरक्षकों एवं क्षेत्ररक्षकों के इंडक्शन कोर्स के 76 वें प्रशिक्षण सत्र ;6 मासीय के संपन्न होने के अवसर परए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।दीक्षांत समारोह अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक अनूप कुमार विश्वास के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के ग्रीन कारपेट स्वागत के पश्चात, प्रशिक्षु वनरक्षकों के द्वारा गार्ड ऑफऑनर दिया गया।तत्पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा वन विद्यालय प्रांगण में सफेद पलाश के पौधे का रोपण किया गया।दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में कलेक्टर प्रभात मलिक,



पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह उपस्थित थे। मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर राज गीत गायन किया गया। तत्पश्चात संचालक वन विद्यालय महासमुंद एवं वनमंडलाधिकारी महासमुंद पंकज राजपूत द्वारा प्रशिक्षण में सम्मिलित विषयों एवं प्रशिक्षुओं के संबंध में विस्तृत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों ने प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान एवं दक्षता का फील्ड में प्रयोग करने एवं वन विभाग को आगे ले जाने में वनरक्षक की भूमिका के संबंध में अपने उद्बोधन एवं शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही प्रशिक्षण में उच्चतम अंक प्राप्त कर अपना सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को पुरस्कृत भी किया गया ।

# शहर में गरबा के नाम पर फूहड़ता बर्दाश्त नहीं:सर्व हिंदू समाज

**महासमुंद,** 6 अक्टूबर (देशबंधु)। नगर के समस्त दुर्गा उत्सव समितियां की बैठक समस्त हिंदु संगठनों एवं सर्व हिंदू समाज के साथ श्री राम जानकी मंदिर परिषद में बैठक आहूत की गई। बैठक में सभी दुर्गोत्सव समितियों के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य सम्मिलित हुए। बैठक में प्रमुख रूप से नगर पुरोहित पंकज तिवारी, जवाहर त्रिवेदी, प्रभात उपाध्याय, नारायण दास वैष्णव के साथ सर्व हिंदू समाज से देवेंद्र दुबे, आर एस चंद्राकर व सदस्य गण भी शामिल हुए। नगर पुरोहित पंकज महाराज ने देवी की अराधना एवं विसर्जन हेतु शास्त्र सम्मत विषय सभी दुर्गा उत्सव समितियां के मध्य रखें। श्री तिवारी ने मां दुर्गा की स्थापना से लेकर विसर्जन तक संपूर्ण जनमानस मां की स्तूति के साथ कन्या पूजन की अनिवार्यता बताइ। ितिवारी ने एक तरफ देवी की आराधना के साथ गरबा उत्सव समिति के द्वारा अश्लील फिल्मी गानों के



साथ फुहड़ता परोसा जा रहा है जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। सर्व हिंदू समाज एवं अन्य संगठन एवं सभी दुर्गा उत्सव समितियों के द्वारा महाराज जी के इस आवाज पर नगर के किसी भी हिस्से में गरबा के नाम पर फूहड़ता बर्दाश्त नहीं करने की प्रस्ताव पारित किया गया।अन्य सभी ने गरबा कार्यक्रम के द्वारा सभी दुर्गा उत्सव समितियों एवं गरबा आयोजन करने वाली समितियों से कहा कि इस वर्ष नवरात्रि में होने वाला कार्यक्रम में हिंदी फिल्मी गाने एवं अन्य अश्लील गानों जिसमें अश्लील संगीत का प्रयोग पूरी तरीके से बंद रहेगा। साथ ही किसी प्रकार की अव्यवहारिक ड्रेस पहनने पर भी पूर्ण रूप से रोक लगाया जाएगा। क्योंकि पिछले दो वर्षो से महासमुंद शहर मे गरबा के नाम से जो माहौल खराब किया जा रहा है वह बहुत ही चिंता का विषय बना हुआ है। इससे नवयुवक नवयूवतियां, अब तो छोटी.छोटी बच्चियां भी ऐसे आयोजन में सम्मिलित हो रही हैं जो दुर्भाग्यपूर्ण बात है। भविष्य में हम अपने देवी देवताओं की आराधना अपनी संस्कृति का ज्ञान देना छोड़कर,अपने बच्चों को ऐसे स्थान में भेज रहे हैं जहां सनातन संस्कृति संस्कृति को विकृत किया जा रहा है जिससे हमारे समाज में विकृतियां उत्पन्न हो रही हैं। परिणाम यह है कि घर घर में वहां के नए.नए फैशन को देख बच्चे अपने माता.पिता को अनेक प्रकार की खर्च के लिए परेशान करते हैं और देवी उपासना को लोग गरबा के चक्कर में नजर अंदाज करने लगते हैं। गरबा कार्यक्रम के दौरान घर में भी माहौल खराब होने की शिकायत लगातार पालकों द्वारा की जा रही है। साथ इन सब के चक्कर में बच्चे और युवा वर्ग दुर्गा पंडालों पर नजर भी नहीं आते हैं अंत में गरबा कार्यक्रम के दौरान चंदन वंदन कर के बच्चों को प्रवेश देने वह पारंपरिक नृत्य करने पर जोर दिया गया। बैठक में सभी दुर्गा उत्सव समिति,सर्व हिन्दू समाज एवं विभिन्न हिन्दू संगठन के सदस्य उपस्थित थे।

# स्कूल में बच्चों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**महासमुंद,** 6 अक्टूबर (देशबंधु)। बच्चों की सेहत दुरुस्त रहे, वे प्रशन्न रहें, नियमित स्कूल आए और उनका मन पढ़ाई में लगा रहे। इन्हीं सब तथ्यों को ध्यान में रखकर शासकीय अभ्यास प्राथमिक शाला के बच्चों का स्वास्थ परीक्षण कराया गया। बच्चों ने जांच के दौरान अपने शरीर की बेहतरी भी जानी। स्वास्थ परीक्षण करने पहुंची चिरायु की टीम ने बच्चों को पौष्टिक आहार की जानकारी दी। शिक्षकों ने बताया कि बच्चों को नियमित रूप से साफसफाई की जानकारी दी जाती है। घर में भी बच्चों को पौष्टिक भोजन मिले यह भी पालकों से सुनिश्चित कराया जा रहा है। चिरायु की टीम में प्रतिभाशाली चिकित्सक मौजूद रहे। स्कूल के प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए



जरूरी है कि वे स्वस्थ रहें, बच्चों की सेहत जांचने के लिए स्कूल में समय.समय पर शिविर का आयोजन किया जाता है, चिरायु की टीम ने स्कूल के 57 बच्चों का स्वास्थ परीक्षण किया। सभी बच्चे स्वस्थ मिले। टीम ने बच्चों के खून की जांच की और बताया कि अधिकांश बच्चे सिकलसेल एनीमिया की शिकायत से दूर हैं। टीम ने बच्चों का वजन और ऊंचाई भी नापी, जिसमें उम्र के आधार पर सभी बच्चे फिट मिले। बच्चों ने बताया कि स्कूल में उन्हें पढ़ाई के साथ.साथ खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में शामिल होने का मौका मिलते रहता है। उन्हें नियमित तौर पर भोजन के पहले हाथ धोना सीखाया जाता है। स्वास्थ परीक्षण के अवसर पर शिक्षक ममता डडसेना, खेमिन साहू, जायसी वर्मा, सरिता साहू आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

# अवैध शराब पर कार्रवाई



**महासमुंद,** 6 अक्टूबर (देशबंधु)। कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशन एवं प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी निधीश कोष्टी के मार्गदर्शन में 3 अक्टूबर को आबकारी विभाग जिला महासमुंद के वृत्त बागबाहरा में अवैध शराब के विरुद्ध दो आरोपियों पर कार्यवाही की गई। इनमें आबकारी दल द्वारा जांच के दौरान आरोपी शांतिलाल मल्होत्रा ग्राम भिलाईदादर, थाना .कोमाखान से 140 नग पाउच जेब्रा छाप मदिरा मात्रा 28 बल्क लीटर, 20 बॉटल किंगफिशर बीयर मात्रा 13 लीटर, 7 नग गोवा स्पेशल व्हिस्की पाव मात्रा 1.26 लीटर, 70 नग प्लेन पाव मात्रा 12.6 लीटर एवं 140 लीटर महुवा मदिरा बरामद किया गया। आरोपी पर आबकारी अधिनियम धारा 34;2, 59;क 36 के तहत कार्यवाही की गई। दूसरा आरोपी सतवंतिन मल्होत्राध् बंशीलाल मल्होत्रा से 6.50 लीटर मदिरा जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 34;2 के तहत कार्यवाही की गई। प्रकरण में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सविता मेश्राम, आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश वर्मा, विकास एवं आबकारी मुख्य आरक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# कक्षा 10 वी और 12 वी के बेहतर परीक्षा परिणाम पर जोर,कलेक्टर ने ली स्कूल प्राचार्यों की बैठक

**महासमुंद,** 6 अक्टूबर (देशबंधु)। कलेक्टर प्रभात मलिक ने आज स्कूल शिक्षा विभाग के प्राचार्यों, विकासखंड शिक्षा अधिकारीयों, विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयको की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कक्षा दसवीं और कक्षा 12वीं में के रिजल्ट को ध्यान में रखते हुए रणनीति तैयार किया। गया पूरे जिले के प्राचार्य को सत्र 2023. 24 में कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम कम से कम 90 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम कम से कम 95 प्रतिशत लाने के लिए रणनीति बनाकर लक्ष्य दिया गया। स्कूलों के मरम्मत के लिए मुख्यमंत्री स्कूल जतन के अंतर्गत स्वीकृत सभी निर्माण कार्य जल्द ही पूर्ण हो इसके लिए निर्देश दिया गया। स्कूलों में शाला अनुदान की राशि जारी की गई है । मरम्मत के पश्चात सभी स्कूल आकर्षक और साफसुथरा दिखे यह सुनिश्चित हो। सभी अध्यापन कक्ष में पंखे अनिवार्य लगे होने चाहिए एवं आवश्यक सामग्री नियमानुसार क्रय करने का निर्देश दिया गया। मॉनिटरिंग में कसावट लाने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग पर जोर दिया गया। बैठक में उत्कृष्ट गरियाबंद के नोडल अधिकारी श्याम चंद्राकर, मनोज केला एपीसी सहायक नोडल अधिकारी एवं शिव साहू ने जिला जशपुर, कांकेर, गरियाबंद में चलाए जा रहे योजनाओं के सम्बन्ध में बताते हुए कहा कि ब्लूप्रिंट के आधार पर प्रश्न निर्माण कर प्रति सप्ताह मूल्यांकन करने से, तिमाही, छमाही परीक्षा को बोर्ड पैटर्न में प्रश्न पत्र निर्माण कर बच्चों से हल करने से एवं विगत 5 .10 वर्षों के अनसोल्वड पेपर को अच्छे से अभ्यास करने से रिजल्ट में सुधार जरूर होगा। सभी शिक्षक यदि ठान ले कि हमको बेहतर से बेहतर रिजल्ट देना है तो कोई बड़ी बात नहीं है। सभी स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति के साथ.साथ बच्चों की शत् प्रतिशत उपस्थित पर विशेष ध्यान देना शामिल था। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मीता मुखर्जी, जिला मिशन समन्वयक कमल नारायण चंद्राकर, सहायक संचालक सतीश नायर ने पांचो विकास खंड के मूलभूत सुविधा के साथ.साथ विभिन्न गतिविधियों का समीक्षा किया और दिशा निर्देश देते हुए कहा कि सभी शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी गण अपने पदीय दायित्व का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें तो महासमुंद जिले की शिक्षा व्यवस्था बहुत बेहतरीन हो जाएगी। इस अवसर पर नंद किशोर सिन्हा सहायक संचालक, एपीसी राजकुमार साहू आदि उपस्थित थे।



# निर्माण कार्यों के लिए हुआ भूमिपूजन



**महासमुंद,** 6 अक्टूबर (देशबंधु)। नगर पालिका द्वारा विभिन्न स्थानो में भूमिपूजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग एवं अध्यक्षता नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चंद्राकर ने की। इस मौके पर सीएमओ नगर पालिका टामशान रात्रे, पार्षद रिंकू चंद्राकर उपस्थिति थे। भागवत कोरिया सामुदायिक भवन सितली नाला के पास, विभिन्न वार्डों में डामरीकरण, गांधी चौक वार्ड नंबर 3 गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल के पास सीसी रोड, वार्ड नंबर 3 चंचल दुबे के घर के पास सीसी रोड, वार्ड नंबर 3 खरे के घर के पास सीसी रोड, वार्ड नंबर 3 मंत कन्नौज के घर के पास सीसी रोड, वार्ड नंबर 3 हीरा बंजारे के घर के पास से श्रीराम वाटिका गेट तक सीसी रोड, गुलशन चौक से श्रीराम वाटिका तक की नली वार्ड नंबर 3, अनिल शर्मा के घर से बॉबी के घर तक सीसी रोड के लिए भूमिपूजन किया गया।

# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने निर्वाचन प्रशिक्षण का आकस्मिक निरीक्षण किया

**बिलाईगढ़** 06 अक्टूबर(देशबंधु)। आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के मद्देनजर जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के तीनों विकासखंड सारंगढ़, बिलाईगढ़ और बरमकेला में निर्वाचन प्रशिक्षण कार्यक्रम 05 अक्टूबर से प्रारंभ हुआ है, जो 6 एवं 7 अक्टूबर को भी सुचारू रूप से होगा। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने शासकीय लोचन प्रसाद पांडेय महाविद्यालय सारंगढ़ और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरमकेला के प्रशिक्षण कार्यक्रम का आकस्मिक निरीक्षण किया। बरमकेला में कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन महत्वपूर्ण कार्य है। इसे गंभीरता से लेते हुए कार्य करें। मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसे सावधानीपूर्वक समझते हुए ग्रहण करें। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों से कहा कि वीवीपैट, ईवीएम, कंट्रोल यूनिट का प्रयोग करके दिखाएं। इसके साथ ही मॉक टेस्ट भी करें। उन्होंने कहा कि यह निर्वाचन के प्रशिक्षण का प्रथम चरण है। उन्होंने मतदान दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारी को उनके कार्य व दायित्व के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने कार्य का सफलतापूर्वक संपादन करने के लिए पूरी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने कहा। निर्वाचन को विशेष प्राथमिकता वाला कार्य बताते हुए त्रुटि रहित ढंग से करने कहा। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बरमकेला के नोडल अधिकारी नरेश चौहान उपस्थित थे।



# खाद्य पदार्थ की पैकेजिंग के लिए अखबारी पेपर का उपयोग न करने की अपील

**महासमुंद,** 6 अक्टूबर (देशबंधु)। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग महासमुंद ने लोगों और व्यापारियों से खाद्य पदार्थ की पैकेजिंग के लिए अखबार का इस्तेमाल नहीं करने का आग्रह किया है। उन्होंने बताया कि अखबार की छपाई में उपयोग होने वाली स्याही में कई खतरनाक रसायनों एवं रंजकों की मौजूदगी को ध्यान में रखते हुए विभाग ने खाद्य कारोबारियों और लोगों से कहा है कि वे खाद्य पदार्थ की पैकेजिंग के लिए छपे हुए कागजों का उपयोग न करें। यह मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन अधिकारी ने बताया कि समाचार पत्र दैनिक जीवन में सूचना के महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं। न्यूनतम लागत होने के कारण खाद्य पदार्थों को लाने.ले जाने के लिए अक्सर छपाई के लिए उपयोग किए जाने वाले अखबारी कागजध्पेपर का उपयोग किया जाता है। खाद्य पदार्थ लाने के लिए आमतौर पर खाद्य पदार्थों को अखबार में लपेटा जाता है जिसका इस्तेमाल ज्यादातर दुकानों में किया जाता है। उन्होंने बताया कि विक्रेता भोजन पैक करने के लिए और आम लोग घर पर भी गहरे तले हुए भोजन से अतिरिक्त तेल निकालने के लिये अक्सर अखबारी कागजध्पेपर का उपयोग करते हैं। जो सेहत की दृष्टि से बहुत हानिकारक है। अखबार पेपर को प्रिंट करने के लिए उपयोग की जाने वाली स्याही में डाई आइसो ब्यूटिल फ्थालेडए डाइएन आइसोब्यूटायलेट जैसे हानिकारक रसायन एवं कई तरह के रंजक होते हैंए जो तेल के साथ मिल जाते हैं और खाने के जरिए हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। जिससे हमारे शरीर में विभिन्न प्रकार की बीमारियां होने की संभावना रहती है यह मानव स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा बार.बार समझाने के बाद भी यदि कोई खाद्य कारोबारी इसका पालन नहीं करता है तो खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग में इसकी शिकायत की जा सकती है।

# नरवा विकास योजना से बाहरा नाला को मिला पुनर्जीवन

**महासमुंद,** 6 अक्टूबर (देशबंधु)। नरवा विकास योजना छग शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है। परिकल्पना के अनुसार राज्य के समस्त नरवाओं के पुनर्जीवित व विकास के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इसी तारतम्य में महासमुन्द वनमण्डल के वन परिक्षेत्र महासमुन्द अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020.21 में महासमुन्द परिक्षेत्र के महासमुन्द परिवृत्त अंतर्गत कक्ष क्रमांक 34 में प्राकृतिक रूप से बहने वाले बाहरा नाला का उपचारित किया गया है। बाहरा नाला की कुल लम्बाई 2.23 किमी एवं जल संग्रहण क्षेत्र का रकबा 223.00 हेक्टेयर वन क्षेत्रफल का भू.जल संरक्षण एवं मृदा क्षरण उपचार किया गया है। बाहरा नाला के उपचार के लिए लूज बोल्डर चेकडेम, डाईक एवं 30.40 मॉडल कुल 561 संरचनाओं के निर्माण हेतु कुल 21.365 लाख की राशि का प्रावधान था। जिसमें से कुल 561 संरचनाओं के निर्माण हेतु 21.084 लाख की राशि कार्य पूर्ण किया गया है। बाहरा नाला के उपचार कार्य में ग्राम बड़रा के ग्रामवासियों को 4,223 दिवस ;सृजित मावन दिवस के आधार पर 57 ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध हुआ। उक्त निर्मित संरचना से वनक्षेत्र के जलस्तर में अत्यधिक सुधार देखने को मिल रहा है। जिससे वन्य प्राणियों के लिए बारह मासी नालों में पानी उपलब्ध हो पा रहा है। आज नरवा विकास योजना ने बाहरा नाला के जल स्त्रोतों के उपचारित करने से पुनर्जीवन मिला है। जिससे भूमिगत जल स्तर में सुधार एवं मृदा क्षरण रोकने में महती भूमिका निभा रही है। भू.जल स्तर के रकबे की वृद्धि के साथ जैव.विविधता की स्थिति बेहतर हो रही है। वन्य प्राणियों के वन क्षेत्र के बाहर आबादी क्षेत्रों में आने की घटनाओं में कमी आई है। उक्त योजना से वन क्षेत्र में जल वृद्धि होने से वन्य प्राणियों के लिए अत्यधिक लाभदायक सिद्ध हुआ है।



# रुद्री पुल निर्माण का भूमिपूजन, विधायक रंजना साहू ने किए अभूतपूर्व विकास कार्य

- महादेव की कृपा और जनता की प्रेरणा से विकासकार्य की प्रेरणा मिलती है : रंजना साहू
- रुद्रेश्वर घाट विस्तार,हाईमास्ट लाइटें जैसे कई विकास कार्य कर रंजना साहू ने रुद्री का कायाकल्प किया है : लक्खू भाई भानुशाली



**धमतरी,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। रुद्री की बहुप्रतीक्षित पुल निर्माण की मांग अब पूरी होने जा रही है। विधायक रंजना साहू के प्रयास से बीते दिनों इस पुल को स्वीकृति मिली थी और गुरुवार को उसका भूमिपूजन विधायक रंजना साहू ने किया, विदित हो कि छोटा पुल होने की वजह से रुद्री पहुंचने वाले भक्तों और सैलानियों को काफी लंबा घूम कर जाना पड़ता था इस पुल के निर्माण से रुद्रेश्वर मंदिर पहुंचने का मार्ग एकदम आसान हो जाएगा साथ ही करेठा जाने की ओर जाने के लिए भी आमजनता को सुगम मार्ग मिलेगा,लगभग पांच करोड़ चौंतीस लाख रुपए की लागत से बन रहे इस वृहद पुल का ग्रामवासियों एवं वरिष्ठों की उपस्थिति में विधायक रंजना साहू ने गुरुवार को भूमिपूजन किया, उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए रंजना साहू ने कहा मैंने अपने राजनीतिक जीवन की यात्रा जब शुरू की थी तो रुद्रेश्वर महादेव के आशीर्वाद से जनता के काम करने का संकल्प लिया था आज वह संकल्प ही है जो जनता का कार्य करने मुझे लगातार प्रेरित करता है रुद्रेश्वर महादेव के आशीर्वाद और जनता की प्रेरणा से विकास कार्य की प्रेरणा मिलती है इस पुल का निर्माण करना मेरे कार्यकाल की एक बड़ी उपलब्धि मैं मानती हूँ क्योंकि इस पुल के बनने से भक्तों को सैलानियों को राहगीरों को सभी को इसका लाभ मिलेगा,वरिष्ठ समाजसेवी जलाराम ज्ञान यज्ञ समिति वृद्धाश्रम के कोषाध्यक्ष एवं संचलाक लक्खूभाई भानुशाली ने कहा रुद्रेश्वर महादेव मंदिर धमतरी का प्राचीनतम मंदिर है जहाँ लाखों शिवभक्तों की आस्था जुड़ी है यहाँ के विकास के लिए रंजना साहू ने कोई कसर नहीं छोड़ी जब यहाँ भक्तों द्वारा घाट विस्तार की मांग की गई उन्होंने घाट विस्तार कर उसका सौंदर्यीकरण किया जिसका लाभ आज भक्तों को मिलता है और विस्तारीकरण करने के बाद उन्होंने हाईमास्ट लाइट लगाकर स्थान को रौशन किया और आज यह पुल का निर्माण कर ऐतिहासिक कार्य रंजना साहू ने किया है जिसके लिए जनता उनकी आभारी है,उक्त अवसर पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्यामा साहू, रुद्री सरपंच अनिता यादव, शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू, गंगरेल मंडल अध्यक्ष उमेश साहू, महामंत्री नरेश यादव, चंद्रहास जैन, जनपद सदस्य जागेश्वरी साहू, नरेश साहू, मुकेश यादव, रूपा नामदेव, डेरहू राम साहू, प्रीतम साहू उपसरपंच, राजकुमार साहू, मनीष साहू, त्रिभुवन ध्रुव, माखनलाल ध्रुव, अनीता वर्मा, गोपाल साहू, केशव साहू, घनश्याम यादव, ईश्वर साहू, भोंदू राम ध्रुव, संगीता बाई सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शा महाविद्यालय बलौदा में अमृत कलश यात्रा निकली




**सरायपाली** 06 अक्टूबर( देशबंधु)भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय ,युवा कार्यक्रम विभाग राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई नई दिल्ली के आदेश के परिपालन में डॉ मालती तिवारी रासेयो ज़िला संगठक महासमुंद के मार्गदर्शन में डॉ भीमराव अंबेडकर शासकीय महाविद्यालय बलौदा में रासेयो एवं रेडक्रॉस विभाग के संयुक्त तत्वाधान में मेरी माटी मेरा देश अभियान के अन्तर्गत अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया ।इस हेतु छात्रों को अपने घरों से मिट्टी लाने को कहा गया जिसे कलश में भरकर श्रीफल और आम्रपत्र से कलश सजाकर अमृत कलश यात्रा निकाली गयी ।इस संदर्भ में कार्यक्रम अधिकारी कमला दीवान ने मेरी माटी मेरा देश अभियान की जानकारी देते बताया कि मेरी माटी मेरा देशज्ज देश की स्वतंत्रता और प्रगति की यात्रा की याद दिलाते हुए, भारत की मिट्टी और वीरता के एकीकृत उत्सव की कल्पना करता है। अपनी भूमि से जुड़कर और अपने नायकों का सम्मान करके यह कार्यक्रम राष्ट्रीय गौरव की भावना पैदा करेगा और भावी पीढ़ियों को भारत की पोषित विरासत की रक्षा करने के लिए प्रेरित करेगा ।इस अभियान में देश भर में पंचायत/गांव, ब्लॉक, शहरी स्थानीय निकाय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कई गतिविधियां और समारोह शामिल हैं- जैसे शिलाफलकम का समर्पण, च्पंच प्राणज्प्रतिज्ञा, वसुधा वन्धन, वीरों का वंदन, राष्ट्गान और अमृत कलश यात्रा। अमृत कलश यात्रा से देश के कोने-कोने से युवा स्वयंसेवक और अन्य लोग पंचायतों/गांवों से मिट्टी इकट्ठा करेंगे और इसे ब्लॉक स्तर पर लाएंगे। इसी प्रकार, मिट्टी को छोटे शहरी निकायों से एकत्र किया जाएगा और बड़े नगर पालिकाओं/शहरी स्थानीय निकायों में लाया जाएगा। इसके बाद, मिट्टी कलश में पंचायतों/गांवों/शहरी क्षेत्रों की मिट्टी को राष्ट्रीय राजधानी में ले जाया जाएगा ।इस अवसर पर रेडक्रास प्रभारी रमेश पटेल ने देश के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने हेतु प्रेरित किया ।उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक प्राध्यापकगण किरण कुमारी,जितेंद्र पटेल ,माधुरी प्रधान ऋतुराज वासुदेव राणा व छात्रों ने अपना योगदान दिया। कार्यक्रम का संचालन गजानंद नायक द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन रासेयो दलनायक देवेन्द्र यादव द्वारा किया गया।

CMYK

## संविधान रक्षक किसान सम्मान समारोह आज

**सरायपाली,** 6 अक्टूबर। संविधान रक्षक किसान सम्मान समारोह के आयोजन नई मंडी प्रांगण में शनिवार 7 अक्टूबर को सुबह 11 बजे आयोजित किया गया है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया विशेष अतिथि अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष स्थानीय विधायक किस्मत लाल नन्द होंगे।



# अवैध शराब परिवहन करते दो गिरफ्तार



**भाटापारा,** 6 अक्टूबर। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा श्री आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में कार्यवाही हेतु स्टाप को निर्देश दिया गया था। 5 अक्टूबर को टाउन भ्रमण जरिए मुखबिर सूचना मिला कि एक काले रंग का स्पेलेण्डर प्लस मो.सा. नं. छ्त्त 22ङ्ग 8486 में सवार दो व्यक्ति अवैघ रूप से शराब रखकर परिवहन कर बिक्री करने हेतु ढाबाडीह की ओर से रावनभाठा भाटापारा की ओर जा रहे है कि सूचना पर रेड कार्यवाही कर आरोपी *1. गोविन्दा यादव उर्फ पिता संतोष यादव उम्र 36 वर्ष साकिन शक्ति वार्ड भाटापारा 2. रवि शंकर साहू ऊर्फ मोनू पिता सोभू साहू उम्र 26 साल साकिन शक्ति वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ0ग0* को पकडे जिनके कब्जे से *एक कत्था रंग बैग में रखे 30 पौवा देशी मशाला शराब जुमला 5.400 बल्क लीटर किमती 3300 रूपया एवं एक काले रंग का स्पेलेण्डर प्लस मो.सा. नं. छ्त्त 22ङ्ग 8486* को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया आरोपीयों के विरूध्द अप.क्र. 369/2023 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया *उक्त कार्यवाही में सउनि सुरेन्द्र सिंह आरक्षक उमेश वर्मा, सीता राम ध्रुव, का विशेष योगदान रहा * थाना भाटापारा शहर में अवैध जुआ-सटटा, शराब पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

आरोपीयों का नाम- गोविन्दा यादव उर्फ पिता संतोष यादव उम्र 36 वर्ष साकिन शक्ति वार्ड भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छग

रवि शंकर साहू ऊर्फ मोनू पिता सोभू साहू उम्र 26 साल साकिन शक्ति वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर जिला बलौदाबाजार भाटापारा छग।

## पुरानी रंजिश को लेकर लोहे का धारदार चाकू से हमला करने वाले आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**भाटापारा,** 6 अक्टूबर। अधिकारी पुलिस भाटापारा श्री आशीष अरोरा के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के नेतृत्व में थाना भाटापारा शहर के *अपराध क्रमांक 361/2023 धारा 294,323,506,,34 भादवि एवं 25,27 आर्म्स एक्ट* के आरोपीयों को गिर. किया गया।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 02.10.23 को प्रार्थी श्रृषभ राठौर रात्रि करीब 10.00 बजे बलभद्र वार्ड भाटापारा के गणेश विसर्जन में बस स्टैण्ड चौक भाटापारा पहूंचे थे तभी पुरानी रंजीश की बात को लेकर अनावेदकगण 1- राहुल यादव ऊफ 'जयकर पिता कह्नु ऊर्फ हीरालाल यादव उम्र 28 वर्ष साकिन के.के. वार्ड भाटापारा 2. मनीष यादव ऊर्फ पार्षद भरत यादव उम्र 23 साल साकिन के.के. वार्ड भाटापारा 3. लाला साहू ऊर्फ टिकेश्वर साहू पिता अशोक साहू उम्र 21 वर्ष साकिन सुभाष वार्ड भाटापारा, 4. अभिषेक यदु पिता अश्वनी यदु उम्र 22 साल साकिन सुभाष वार्ड भाटापारा ने मिलकर मां बहन की गाली देते हुए धक्का मुक्की कर प्रार्थी के दाहिने हाथ कंधे के पास चोंट पहुंचाये एवं राहुल जयकर चाकू लहरा रहा था कि रिपोर्ट पर आरोपीयों के विरूद्ध धारा 294 506 323 ,34 भादवि 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर आरोपियों से एक नग लोहे का धारदार चाकू को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया जाकर आरोपीयो को आज दिनांक 05.10.2023 को गिर0 कर ज्युडिशियल रिमाण्ड पर भेजा गया। *उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी योगिताबाली खापर्डे के निर्देशन में सउनि घनश्याम वर्मा प्रधान आरक्षक 168 जेठूराम मनहरे, आरक्षक उमेश वर्मा , सीताराम ध्रुव,* का विशेष योगदान रहा।



# महिला समूहों को शकुन डहरिया ने किया सम्मानित

**आरंग,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कांग्रेस की भूपेश सरकार में महिलाओं के उत्थान के लिये विभिन्न हितकारी योजना चलाकर उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने का कार्य किया जा रहा है। महिला समूह को शासन के द्वारा आर्थिक सहायता देकर उन्हें स्वरोजगार स्थापित करने के लिये प्रेरित भी किया जा रहा है। जिससे प्रेरित होकर ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की महिला समूह स्वयं का रोजगार स्थापित कर आर्थिक लाभ लें रही हैं साथ ही अन्य के लिये भी मार्गदर्शक का भी काम कर रहीं हैं। इन्हीं महिलाओं को उनके परिश्रम एवं स्वयं के बल पर स्वरोगार स्थापित करने के कारण क्षेत्रीय विधायक एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया जी अपने विधानसभा क्षेत्र के स्व सहायता समूह के महिलाओं को उनके कार्यों के लिये प्रोत्साहित कर उन्हें सम्मानित कर रहें हैं। इसी कड़ी में राजश्री सद्भावाना समिति रायपुर एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग, चंदखुरी के संयुक्त तत्वाधान में नगरपालिका मंदिरहसौद एवं नगर पंचायत चंदखुरी में महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शकुन शिवकुमार डहरिया अध्यक्ष राजश्री सद्भावना समिति रायपुर व सदस्य प्रदेश कांग्रेस कार्यसमिति, प्रभारी अजा. विभाग एवं प्रदेश महिला कांग्रेस के द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार की दिशा में अच्छा कार्य करने लिये सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से द्वारिका साहू संचालक अपैक्स बैंक, खिलेश्वर देवांगन अध्यक्ष जनपद पंचायत आरंग, कोमल सिंह साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी आरंग, केशरी मोहन साहू जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस रायपुर ग्रामीण, ओमप्रकाश यादव पूर्व अध्यक्ष नपा. मंदिर हसौद, रविशंकर धीवर पूर्व अध्यक्ष नपा. चंदखुरी, दिनेश ठाकुर महामंत्री जिला कांग्रेस रायपुर ग्रामीण, शारदा देवी वर्मा पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, सौरभ चन्द्राकर,निखिल वर्मा, मयंक तिवारी, प्रेमशंकर यदु, हेमंत कोटराने, चेतन वर्मा, संतोष वर्मा, मोंगरा चौहान, कृष्णा साहू, संतोष सिंहा, दिलीप जोशी, प्रेमनारायण मिश्रा, अंजू बघेल, जोईधाराम साहू, प्रिती मिश्रा, धनमत गायकवाड़, आदित्य सिन्हा, अवधेश मिश्रा, प्रवीण सिंह, अनुज मिश्रा, राकेश जायसवाल, प्रकाश अग्रवाल, कपिल पटेल, संजय निर्मलकर, मिथलेश पटेल, निर्देश सिन्हा, संतोषी ध्रुव, गुंजन साहू, सुनिता वर्मा, कुंती वर्मा, योगेश्वरी वर्मा, गायत्री साहू, संगीता सेन, प्रतिमा खुटीया, हेमा शुक्ला, रिता मंडल, ओमबती सहित महिला समूह की 1500 महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थित थीं।



# विकास के लिए पैसों की कोई कमी नहीं होगी : सुशील शर्मा



**भाटापारा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। मंडी बोर्ड से स्वीकृत कार्यों को अमलीजामा पहनाने के लिये मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा लगातार धूवाधार गाँव गाँव में किसानों के हितार्थ किसान कुटीर,खाद गोदाम और सीमेंट कंकरीट सड़क निर्माण हेतु भूमिपूजन का कार्य पूरे विधान सभा में कर रहे है,इसी कड़ी में आज सुशील शर्मा ने मंडी सदस्य अस्वनी बारले के साथ ग्राम तरेंगा में मुख्य मार्ग से धान ख़रीदी केंद्र तक लगभग 16 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सीमेंट कंकरीट सड़क निर्माण ,ग्राम टिकुलियाँ में लगभग 13.50 हज़ार रुपये की लागत से किसान कुटीर,ग्राम अक्लतरा में 13.50 हज़ार रुपये की लागत से किसान कुटीर और ग्राम बेकौनी में भी 13.50 हज़ार की लागत से किसान कुटीर निर्माण हेतु भूमिपूजन कुल मिलाकर इस तरह 56.50 हज़ार रुपये का किया गया।इसी तरह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप अत्याधुनिक कृषि उपज मंडी के निर्माण हेतु मंडी बोर्ड रायपुर से अतिशीघ्र ही लगभग 56 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली कृषि मंडी का टेंडर भी प्रकाशित होने जा रहा है। सुशील शर्मा के एक वर्ष के कार्यकाल में नया कृषि मंडी का निर्माण भाटापारा के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा।

# सीसी रोड निर्माण के लिए भूमिपूजन किया विधायक ने



**सरायपाली,** 6 अक्टूबर। ग्राम पंचायत दामोदरहा में बनने वाली सीसी रोड का भूमि पूजन किस्मतलाल नंद उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण एवं विधायक सरायपाली के द्वारा किया गया, ग्रामीणों की लंबित मांग को ध्यान में रखते हुए सीसी रोड की स्वीकृति प्रदान कर ग्रामीणों को आने जाने में सुगम रास्ता का लाभ मिलेगा, ग्रामीण जन भारी उत्साह में नजर आए विधायक ने जो वादा किया था उसे बखूबी निभाया ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक को धन्यवाद दिया इस अवसर पर श्रीमती भूमिसुता प्रधान सरपंच दामोदरहा, राजा अग्रवाल मंडी उपाध्यक्ष सरायपाली, सुनील नायक अध्यक्ष गौठान समिति दामोदरहा, संतलाल पटेल, चंदू चौरसिया, पंचगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

## चौतन्य निषाद ने विखं व जिलास्तर पर प्राप्त किया प्रथम स्थान



**नवापारा राजिम,** 6 अक्टूबर। अंचल के प्रतिष्ठित हरिहर शासकीय उत्कृष्ठ विद्यालय नवापारा के अंग्रेजी माध्यम में अध्यनरत कक्षा दसवीं के छात्र चौतन्य निषाद ने राष्ट्रीय आविष्कार आरएए अभियान के अंतर्गत गणित एवं विज्ञान प्रश्नोत्तरी में विकासखंड एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर शाला एवं नगर का गौरव बढ़ाया है। छात्र की इस उपलब्धि पर संस्था प्राचार्य श्रीमती संध्या शर्मा सहित समस्त स्टाफने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# हरिहर शाला में मनाई गई आत्मानंद जयंती



**नवापारा राजिम,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद योजनान्तर्गत संचालित हरिहर अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में आज 6 अक्टूबर को स्वामी आत्मानंद की जयंती मनाई गई इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगोली से स्वामी आत्मानंद को चित्रित भी किया. जिसमें संस्था प्रमुख प्राचार्य श्रीमती संध्या शर्मा द्वारा स्वामी आत्मानंद के प्रतिमा में माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया. उन्होंने स्वामी आत्मानंद के जीवन से संबंधित रोचक एवं प्रेरक प्रसंगों को उल्लेखित किया. इस उपलक्ष में संस्था प्रमुख प्राचार्य मैडम के साथ सेजेस हरिहर अंग्रेज़ी माध्यम के एफ्फ्के दानी, ओमकार साहू स्नेहा साहू रेणुका साहू खुशी सिखा यादव काजल चौबे प्रगति बरेट अर्चना सिंह सौरभ साहू हिमानी दास अल्फ्यिा बानो डॉली साहू, चंद्रकांत धनकर सभी शिक्षक एवम छात्र-छात्रा उपस्थित थे.

## सार-संक्षेप

### बीच बस्ती के गलियों में दिखा दंतैल हाथी, ग्रामीण भयभीत

**पिथौरा,** 6 अक्टूबर। समीपस्थ ग्राम खैरखूंटा में आज अल सुबह एक दंतैल हाथी के आने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया था । बीच बस्ती के गलियों से गुजरते भारी भरकम दंतैल हाथी को देख डरे सहमे ग्रामीण हाथी को भगाने का प्रयास किये और वन विभाग को जानकारी दी। इन दिनों खेतों में खड़ी फसल धान है और हरे भरे खेतों में अपना पसंदीदा आहार को देख हाथी खेतों के रास्ते गाँव मे प्रवेश किया जिसे ग्रामीण सुबह देख कर भयभीत हो गये देखते ही देखते गांव में हाथी आने की खबर सुनकर ग्रामीण वन विभाग को खबर की। वैसे ग्रमीणों और वन विभाग से मिली जानकारी में हाथी से कुछ जान माल की हानि नही हुई है । इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी जयकांत गंडेचा ने बताया कि नर दंतैल हाथी उड़ीसा सीमा से यहां पहुंचा था और कोई भी अप्रिय घटना नहीं घटी है । हाथी को ग्रामीणों और वन विभाग की मदद से इस परिक्षेत्र से सुरक्षित बाहर देवपुर बार नयापारा तरफ निकाल दिया गया है।



# बैंक, एटीएम के बाहर सुरक्षागार्ड नहीं

**खरोरा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। जिले रायगढ़ में कुछ दिन पहले एक्सिस बैंक में लुटेरों ने करीब 5 करोड़ 63 की डकैती की थी। इसके बाद पुलिस ने बैंकों में पहुंचकर सुरक्षा उपाय के इंतजाम किए जाने के निर्देश दिए थे। लेकिन खरोरा के संचालित अधिकांश बैंकों में सुरक्षा के कोई उपाय नहीं किए जा रहे हैं।

खरोरा में 7 बैंक संचालित हो रहे हैं। संवाददाता ने पड़ताल की तो अधिकांश बैंकों में कई खामियां नजर आईं। एक दो बैंक को छोड़ दें तो किसी भी बैंक में सुरक्षा के बेहतर इंतजार नहीं हैं। यहां तक कि बैंकों में सुरक्षा के लिए गार्ड भी नहीं हैं। इसके साथ ही पार्किंग की भी व्यवस्था न होने से लोग सड़क पर ही दोपहिया और चारपहिया वाहन पार्क कर देते हैं। इससे आए दिन जाम लगता रहता है। इस मार्ग से आने-जाने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इससे हालत बद से बदतर होते जा रहे हैं। शहर के मुख्य मार्ग होने के चलते हमेशा जाम लगी रहती है। इससे यातायात व्यवस्था बिगड़ जाती है। इसके साथ ही बैंकों में केवल अंदर सीसी कैमरे लगाए गए हैं। बैंकों के बाहर अधिकांश बैंकों में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे है। इसलिए बैंक के आसपास या सड़कों में आने-जाने वाले लोग दिखाई नहीं देते। वहीं यहां बाहर कैमरे लगे हैं वे कम रेंज के है। जो केवल बैंक तक ही सीमित रहते हैं लिए बैंकों में लूट की घटना के बाद लुटेरों को पकड़ने में पुलिस को कई तरह की दिक्कतें आती हैं।




**कई बैंकों में अलार्म महीनों से खराब**

कई बैंकों में अलार्म महीनों से खराब है। या धीमी आवाज है। इसी तरह जिन बैंक में गार्ड है वे बाहर के बजाए अंदर बैठे रहते है। जांच के दौरान पुलिस ने बैंक प्रबंधकों को 24 घंटे गार्ड रखने, कर्मचारियों और कैश वाहन के कर्मचारियों का सत्यापन कराने, पार्किंग व्यवस्था, बैंकों के प्रवेश द्वार व भीतर पुलिस अधीक्षक, थाना प्रभारी, पुलिस नियंत्रण कक्ष का मोबाइल नंबर अनिवार्य रुप से लगाने के निर्देश दिए थे। बावजूद अभी तक किसी भी बैंकों के प्रवेश द्वार में पुलिस थाना के नंबर अंकित नहीं किए गए हैं।

**इन बैंकों के सामने वाहन पार्किंग की बड़ी समस्या**

स्टेट बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा, छग राज्य सहकारी बैंक, बैंकों में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। इसलिए सड़कों में कार, दोपहिया वाहन को खड़ी करते हैं।

# कांग्रेस-भाजपा सहित सभी राष्ट्रीय पार्टी विस चुनाव में ओबीसी को दे 54 फीसदी टिकट : अधिवक्ता साहू

**कुरूद,** 6 अक्टूबर(देशबंधु)। ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू (राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ) ने कांग्रेस भाजपा सहित सभी राष्ट्रीय दलों से आगामी विधानसभा चुनाव में ओबीसी समाज को जनसंख्या के अनुपात में 54त्न अर्थात 90 विधानसभा में से 48 सीट देने की मांग करते हुए कहा कि विगत कुछ वर्षों में ओबीसी समाज में आई राजनितिक जागृति आगामी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में निर्णायक भुमिका अदा करेगी, चाहे विधानसभा हो या लोकसभा हर सीट पर ओबीसी वर्ग का दबदबा दिन ब दिन बढ़ते जा रही है जिसे देखते हुए कांग्रेस भाजपा सहित तमाम राजनीतिक पार्टियों ओबीसी समाज को साधने में जी जान से जुट गईं हैं। श्री साहू ने आगे कहा कि सभी पार्टियां इस बार अन्य पिछड़ा वर्ग के वोटर्स को साधने में लगी हैं, जिसके लिए कई प्रपंच किए जा रहे है, एक ओर जहां कांग्रेस ओबीसी को साधने के लिए राज्य सरकार के द्वारा आरक्षण और योजनाएं लाने का दिखावा कर रही हैं तो वहीं दूसरी ओर प्रमुख विपक्षी दल बीजेपी पार्टी के बड़े पदों पर ओबीसी वर्ग के जनप्रतिनिधियों को बिठाकर ओबीसी हितैषी होने का ढोंग कर रही है किंतु दोनो ही दल संसद मे जातीय जनगणना कर समान हिस्सेदारी और सामाजिक सुरक्षा कानून लाने पर बहस के सिवाय कानूनी अमली जामा पहनाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही है जिसे ओबीसी समाज के प्रत्येक जागरूक व्यक्ति भली-भांति देख व समझ रहे है।



उन्होंने राजनीतिक दलों को नसीहत देते हुए कहा कि जिस तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा में अनुसूचित जाति के लिए 10 सीट अनुसूचित जनजाति के लिए 29 सीट उनकी आबादी के अनुपात में आरक्षित है, ठीक उसी तरह जो भी पार्टी अपनी जीत सुनिश्चित करना चाह रही हैं वह ओबीसी वर्ग को 90 में से 48 सीट टिकट देकर ओबीसी हितैशी होने के अपने दावों को प्रमाणित करें अन्यथा परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें।

## निधन

### इंद्रवीर सिंह जुनेजा

**रायपुर,** 6 अक्टूबर। इंद्रवीर सिंह जुनेजा (टीटू) सुपुत्र स्व. मालिकसिंह जुनेजा / संत कौर नहरपारा का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 7 अक्टूबर शनिवार को सुबह 11 बजे उनके निवास अमलीडीह से राजेंद्र नगर मुक्तिधाम हेतु जाएगी।



### राजूराम बंजारे

**झलप,महासमुंद,** 6 अक्टूबर। ग्राम मानपुर निवासी राजूराम बंजारे 80 वर्ष का 6 अक्टूबर को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम मानपुर में किया गया। वे कृषि उपज मंडी समिति महासमुंद के अध्यक्ष हीरा बंजारे, बाबूलाल बंजारे के पिता व ग्राम पंचायत मानपुर के सरपंच श्रीमती बृजेन हीरा बंजारे के ससुर थे।



### सुन्दर बाई सोनी

**बिलाईगढ़** 6 अक्टूबर। विकासखंड बिलाईगढ़ के ग्राम पंचायत सरसींवा निवासी सुन्दर बाई सोनी पति स्व गंगाराम सोनी की शुक्रवार रात 6 अक्टूबर को आकस्मिक निधन हो गई। जिसका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम सरसीवां में किया गया।



## प्रादेशिकी का शेष...

### युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष...

वर्मा, ईश्वर कुर्रे, महबूब अली सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे। अपने निवास के प्रवास हेतु शहर कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश ठाकुर ने प्रवास के दौरान युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट की साथ ही साथ उपस्थित समस्त लोगों का आभार व्यक्त किया।

### प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर...

गिलहरे, रुचि, मुस्कान, अनुराग, युवराज, हिमांशु, रूपान्शु, प्रियांशु, आयंश, बेबी मोक्षदा गिलहरे सहित बड़ी संख्या में परिवार के सदस्यों एवं दोस्तों ने इस कामयाबी के लिए बधाई संदेश देकर शुभकामनायें ज्ञापित किये है।

### छत्तीसगढ़ में एक बार फिर...

साथ रहे है और आगे भी रहेंगे।

पैंतीस साल तक भाजपा के रहे रमेश बैस ने नगर को क्या दिया ,जबकि प्रतिवर्ष पांच करोड रूपए का फण्ड मिलता था : मध्यानी

समारोह की अध्यक्षता करते हुए पालिकाध्यक्ष ने कहा कि महानदी के तट पर 1 करोड़ 30 लाख रूपए की लागत से शेड,पेवर्स ब्लाक और सौंदर्यीकरण का काम हुआ है। नगर में विधायक धनेंद्र साहू के आशीर्वाद से विकास का काम लगातार चल रहा है। हम जैसे ही जीतकर नगरपालिका में आए तो विधायक श्री साहू ने कहा कि शहर की जो भी आवश्यकताएं है उसे बताइए,उसे लगातार पूरा करेंगे। विधायक धनेंद्र साहू के आशीर्वाद से सारा काम पूरा हो रहा है। 45 लाख रूपए की लागत पर महानदी किनारे पिंडदान करने वालो के लिए भवन बनाया गया। कहा कि भाजपा हिंदुओ की बात करती है पर वे अपने 15 साल में पांच हजार रूपए का भी काम की हो तो बताएं। क्योंकि अस्थि विसर्जन करने,पिंडदान करने हिंदु ही आते है। अध्यक्ष ने रमेश बैस का नाम लेते हुए कहा कि वे लगातार 35 साल तक सांसद रहे उन्हें हर साल पांच करोड़ रूपए का फंड मिलता रहा। वे इस शहर को कितना पैसा दिए बताएं? अभी वर्तमान सांसद यहां कितने बार आए,कितना पैसा दिए किसी को मालूम हो तो जरूर बताएं?

वार्ड पार्षद अजय कोचर ने कहा कि वार्ड क्र. 05 में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं. उन्होंने वार्डवासियों से अपील की कि यदि कहीं कोई समस्या है तो मुझे अवश्य अवगत करावें ताकि उसका निराकरण किया जा सके. कार्यक्रम को पूर्व पार्षद संदीप पारख ने भी संबोधित किया.

**ये रहे कार्य क्रम मे उपस्थित**

कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष ,जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू,पूर्व पार्षद बुजुर्ग नेता मनोहरमल संचेती,ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा,नपा उपाध्यक्ष चतुर जगत, नगर पालिका के सभापति संध्या राव,जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव,एल्डरमेन मेघनाथ साहू,ब्लाक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजा चावला,रामकुमार शर्मा,अजय साहू,हेमंत साहनी,मंगराज सोनकर,राकेश सोनकर,अनुप खरे,रामरतन निषाद,मोहन देवांगन,माखन निषाद,विक्रम भोई,संदीप पारख सहित मुहल्ले की महिलाएं व कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।

# छग संवाद नया रायपुर ऑडिटोरियम में चला मतदाता जागरूकता अभियान




**आरंग,** 6 अक्टूबर। शुक्रवार को मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन छत्तीसगढ़ संवाद नया रायपुर ऑडिटोरियम में जिला कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे के मार्गदर्शन में किया गया। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम आरंग अतुल विश्वकर्मा ने जानकारी देते हुए कहा कि यह भारत निर्वाचन आयोग की अभिनव पहल है जिससे मतदाता अपने अधिकार के लिए सचेत होता है और उसके जागरूक होने से विकासशील तथा सशक्त समाज के निर्माण में सहयोग मिलता है। वहीं संयुक्त कलेक्टर संवाद विनायक शर्मा ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के तकनीकी पक्ष को विस्तार से समझाते हुए कहा कि यह अत्यंत सुरक्षित और निष्पक्ष है तथा मतदान कर्मियों का आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए जागरूक होना एक महत्वपूर्ण कदम है उन्होंने इस अवसर पर संपूर्ण मतदान प्रक्रिया को भी स्पष्ट किया। वही स्वीप प्रभारी मास्टर ट्रेनर शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल एवं अरविंद कुमार वैष्णव ने ईवीएम में डेमो मतदान करवाते हुए सब के अनुभव भी शेयर किए और प्रोजेक्टर के माध्यम से जागरूकता गीतों को प्रदर्शित कर लोकतांत्रिक मतदान शपथ करवाई। इस अवसर पर चेतन बोरघरिया संयुक्त कलेक्टर,आमना खातून प्रबंधक, नितिन शर्मा उप महाप्रबंधक, शरदचंद्र पात्र उप महाप्रबंधक, सब्यसाची प्रकाशन, ललित मानिकपुरी राइटर, एमन दास स्थापना, एवं अर्चना शर्मा, प्रशांत मिश्रा, शुभम साहू, कुलेश्वर पुरी गोस्वामी, दिलीप यादव, राजकिरण सोनी, कन्हैयालाल साहू, योगेश देवांगन, शेख जसीम,संदीप सिन्हा एवं अन्य कर्मचारी गणों की उपस्थिति रही।

# महिषासुर वध की झांकी, जस जगराता ने तर्री में मचाई धूम



**नवापारा राजिम,** 6 अक्टूबर। शहर से लगे ग्राम तर्री में गणेश उत्सव समिति द्वारा जस जगराता झांकी का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्राम वासियों ने पहुंचकर अर्धरात्रि तक कार्यक्रम को देखा । श्री राजीवलोचन भजन संध्या ग्रुप राजिम की शानदार प्रस्तुति ने सबका मनमोहन लिया। संचालक तुलाराम साहू ने बताया कि टीम के 20 कलाकारों ने महिषासुर बध मे काम किया । गायक भूपेंद्र सोनकर, गायिका लालिमा पटेल ने धार्मिक भजनों की बौछार कर दी। उन्होंने आरूग हे कलसा दाई..., चौत के महिना दाई आबे मंझनी..., हर हर महादेव जैसे सुपरहिट भजनों पर आवाज की जादू बिखेरे। उल्लेखनीय की महिषासुर वध पर देवी दुर्गा दर्शकों के बीच से होकर प्रकट हुए। अपने पास देवी मां को पाकर दर्शक प्रसन्न हो गए और प्रणाम करने लगे। जैसे ही महिषासुर के पास गए फिर युद्ध का भयंकर दृश्य दिखाया गया। अंतत: देवी मां ने भयंकर राक्षस महिषासुर का वध कर दिया। नृत्यांगनाओं के द्वारा शानदार नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन युगल किशोर साहू ने किया। ऑर्गन पर तुलाराम साहू, पैड पर ओजस्वदास, नाल पर रामकुमार देवांगन, सुमित साहू इत्यादि ने संगत किया।

# असुरक्षित है एल्यूमिनियम फॉइल में फूड पैकेजिंग!

**भाटापारा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। एल्यूमिनियम फॉइल में खाना या नाश्ता पैक करने से परहेज करें द्य खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने यह एडवायजरी, इसलिए जारी की है क्योंकि इसमें भी खाद्य सामग्री की गुणवत्ता प्रभावित होने की जानकारी सामने आ रही है।

पर्व और त्यौहार के दिन चालू हो चुके हैं द्य ठीक पीछे शादियों की तारीखें आने वाली है द्य इसलिए होटल, स्वीट कार्नर और रेस्टोरेंट, अग्रिम तैयारी कर रहे हैं द्य इन सब पर नजर रखने वाले खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने देश स्तर पर मिलती जानकारियों को देखते हुए उपभोक्ताओं को सलाह दी है कि खाद्य सामग्री पैक करने वाले एल्यूमिनियम फॉइल का उपयोग करने से बचें ताकि स्वास्थ्यगत परेशानियां नहीं आने पाएं।

### इसलिए एडवायजरी

खाद्य एवं औषधि प्रशासन का मानना है कि एल्यूमिनियम फॉइल में खाद्य सामग्री को पैक करने के बावजूद ऑक्सीजन का प्रवाह बना रहता है द्य इसकी वजह से बैक्टिरिया



फूड एंड सेफ्टी की एडवायजरी

जल्द पनपते हैं द्य परिणाम, भोजन या नाश्ता के ख़राब होने के रूप में सामने आता है द्य रोटी और दोसा को भी इसमें लपेट कर रखने से ऐसे ही परिणाम मिले हैं।

### यह है सुरक्षित उपाय

प्रशासन ने सलाह के साथ खाद्य सामग्री की सुरक्षा के लिए जो उपाय सुझाए हैं, उसके अनुसार स्टील के बर्तन या डिब्बे में पैक करें खाद्य सामग्री द्य पकी हुई खाद्य सामग्री के लिए कांच के बर्तन उपयोग में लिए जा सकते हैं द्य तली हुई सामग्री से तेल सोखने की लिए बटर पेपर का उपयोग करें, अख़बार का नहीं।

### होगी इसकी जांच

अखबार में नाश्ता देने पर पहले से ही प्रतिबन्ध लगाया जा चुका है लेकिन होटल और स्ट्रीट फ़ूड वेंडर अभी भी नियम की परवाह किए बगैर यह काम कर रहे हैं द्य समझाने और सलाह के बावजूद जिस तरह से यह व्यापारिक गतिविधियां चलाई जा रहीं हैं, उसे देखते हुए प्रदेश स्तर पर सघन जाँच की योजना है।

### परहेज करें एल्युमिनियम फॉइल के उपयोग से

खाद्य सामग्री की पैकिंग के लिए एल्यूमिनियम फॉइल सही नहीं है द्य सामग्री की गुणवत्ता ख़राब हो सकती है द्य इसलिए इसके उपयोग से बचें द्य

**-उमेश वर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, बलौदा बाज़ार**

# बलवंत सिंह सलूजा सम्मानित



**भाटापारा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। अमरजीत सलूजा अध्यक्ष पंजाबी युवा समिति ने बताया कि छत्तीसगढ़ सिख समाज का राज्य स्तरीय सम्मेलन रायपुर में सम्पन्न हुआ, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष स महेंद्र सिंह छाबड़ा एवं सुरेंद्रसिंह छाबड़ा जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के सिख समाज के सभी व्यक्ति एक ही मन के नीचे एक एकत्रित हुए और अपने विचार समाज को एक करने एवं नहीं दिशा में ले जाने परअपनी चर्चा एवं विचार रखेंद्य

इसमें भाटापारा से सरदार बलवंत सिंह सलूजा अध्यक्ष गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा भाटापारा अमरजीत सलूजा अध्यक्ष पंजाबी युवा समिति, राजा गुम्बर गुरदयाल गुम्बर गुरमीत गुम्बर सोनी गुम्बर बेअंत सिंह खालसा जोंटी गुम्बर नरेंद्र सिंह बाली महेंद्र सिंह गुम्बर बबलू चावला मनी छाबड़ा सनी छाबड़ा त्रिलोक सलूजा तंजीव अरोरा हरजीत गुम्बर सुरेंद्र कौर सलूजा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे सभी को विभिन्न उपलब्धियां के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रभारी कुमारी सैलजा, उपमुख्यमंत्री आदरणीय ञस्बाबा साहब, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आदरणीय दीपक बैज जी, विधायक स कुलदीप जुनेजा जी, पूर्व विधायक स गुरमुख सिंह होरा जी, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष स महेंद्र सिंह छाबड़ा जी, खाद्य आयोग के अध्यक्ष स गुरप्रीत बाबरा जी, राज्य सहकारी संघ के उपाध्यक्ष रविन्द्र सिंह भाटिया जी, आर डी ए चेयरमैन स सुभाष धुप्पड़ जी, प्रदेश कांग्रेस के संगठन प्रभारी महासचिव स मलकीत सिंह गेदु जी, पूर्व महासचिव अमरजीत चावला जी, गुरबक्स सिंह छाबड़ा जी, सिक्ख समाज के संयोजक स सुरेंद्र सिंह छाबड़ा जी स बलदेव सिंह भाटिया जी, स दिलीप सिंह होरा जी राजनादगाव जिला कांग्रेस अध्यक्ष स कुलवीर सिंह छाबड़ा जी, सहित सैकड़ों की संख्या में संगत उपस्थित रही प्रथम सत्र में दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स मनजीत सिंह सिरसा जी, सेक्रेटरी जी एवम गुरमीत सिंह भाटिया दिल्ली से उपस्थित रहे, कार्यक्रम में जबलपुर से दलवीर सिंह जस्सल, बलविंदर कौर मान एवम इटारसी से परमजीत सिंह लाली भी उपस्थित थे।

# शहीद घनश्याम कनौजे की जयंती पर किया नमन



**महासमुन्द,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। ग्राम खरोरा में शहीद घनश्याम कनौजे की जयंती पर नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमे कमला बाई कनौजे, रामेश्वरी कनौजे, शंकर चन्द्राकर, लता कनौजे, उमा पटेल, हेमंत चन्द्राकर, दुलारी चन्द्राकर, निशा चन्द्राकर, क्रांति कनौजे, रोहिणी चन्द्राकर, गायत्री चन्द्राकर, श्याम बाई पटेल, पार्थ कनौजै, काव्या कनौजे, कविता धीवर, मोनिका चन्द्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर उपस्थित थे। इस अवसर पर बिरकोनी निवासी शहीद घनश्याम कनौजे जी के शहादत को याद किया। उल्लेखनीय है कि नक्सली मुठभेड़ में तेरह जवानों के साथ वे शहीद हो गए थे।

# जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी ने किया अनेक कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन



**फिंगेश्वर,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रोहित साहू का जनसंपर्क कार्यक्रम निरंतर जारी है। गुरुवार को भाजपा मंडल फिंगेश्वर के अंतर्गत ग्राम पुरैना, गनियारी, पतोरा, घोघरा, पतोरी, बारूला, बिजली, मड़वाडीह, खुड़ियाडीह, खुटेरी, सिरींखुर्द तथा कुंडेल जैसे एक दर्जन से अधिक गाँवों में जनसंपर्क कर आशीर्वाद माँगा। इस दौरान ग्राम बिनौरी में लोकार्पण व भूमिपूजन ग्राम पतोरा में लोकार्पण, बिजली एवं मड़वाडीह में लोकार्पण तथा खुड़ियाडीह व खुटेरी में भी लाखों रुपयों के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर विकास कार्यों को जनता को समर्पित किया। जनसंपर्क के दौरान लगभग एक करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात जनता को मिली है। भाजपा प्रत्याशी रोहित साहू ने कहा कि क्षेत्र के विकास में हम कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। सरपंच था तब भी और जिला पंचायत सदस्य रहकर भी मेरा एकमात्र उद्देश्य क्षेत्र में विकास कार्य लगातार हो यही प्रयास रहा है। आप सबके आशीर्वाद से प्रदेश में भाजपा कि सरकार व राजिम में मुझे विधायक के रूप में अपना बहुमूल्य मत दें ताकि कभी भी विकास कार्यों में कोई कमी न रहें। इस अवसर पर भागवत हरित विधान सभा संयोजक, कमल सिन्हा अध्यक्ष मंडल राजिम, जगदीश यदु अध्यक्ष नगरपंचायत फिंगेश्वर, मिंजू साहू महामंत्री फिंगेश्वर मंडल, बोधन साहू सेवानिवृत टी. आई. भाजपा नेता, लाला साहू अध्यक्ष राजिम भक्तिन मंदिर समिति, नेहरू साहू सरपंच लफन्दी, राजू साहू उपाध्यक्ष भाजयुमो जिला गरियाबंद, मनीष हरित अध्यक्ष किसान मोर्चा जिला गरियाबंद, अमरिका उदेराम साहू सरपंच पतोरा, लक्ष्मी याद राम सिन्हा सरपंच गनियारी, केजूराम निषाद सरपंच बिनौरी, रामाधार साहू पूर्व सरपंच सेंदर, मोती निषाद पूर्व सरपंच व अध्यक्ष निषाद समाज, टिकेश साहू सरपंच सिरीखुर्द, विजय कंडरा पूर्व सरपंच सिरीखुर्द, मिथलेश साहू पूर्व सरपंच परसदाखुर्द, नेमीचंद देवांगन जनपद सदस्य, हेमंत साहू महासचिव जिला साहू संघ, आशा राम साहू जनपद सदस्य, सुखदेव साहू पूर्व सरपंच बारूला, रामकुमार साहू, तरूण साहू महामंत्री राजिम मंदिर समिति आदि उपस्थित रहे।

# गांव-गांव में बिक रही है शराब व गांजा



चोरहानवांगांव के ग्रामीणों ने सौंपा एसडीएम और थाना प्रभारी को ज्ञापन

**सिमगा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। सिमगा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव गांव में एवं होटल ढाबों में शराब व गांजा खुलेआम बिक रहा है। लेकिन सिमगा पुलिस को इससे किसी भी प्रकार का कोई सरोकार नहीं है। नशे की लत के कारण बिगड़ रहे गांव के माहौल से परेशान ग्राम चोरहानवांगांव के सैकड़ों ग्रामीणों ने आज जुलुस निकाल कर एसडीएम एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप कर उचित कार्यवाही की मांग की है। वहीं कार्यवाही नहीं होने की स्थिति में एसपी व कलेक्टर कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने की बात कही गयी। ग्रामीणों का कहना है कि चोरहानवांगांव में कुछ लोगों द्वारा लंबे समय से शराब एवं गांजा बेचने का कार्य किया जा रहा है। जिससे गांव माहौल दिनों-दिन बिगड़ते जा रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने संगठन बना कर नशे के कारोबारियों पर प्रतिबंध भी लगाया लेकिन फिर भी वे दबंगई दिखाते हुए अवैध रूप से खुलेआम नशे का व्यापार संचालित कर रहे है। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि शराब व गांजा की लत से बड़ों के साथ बच्चे भी नशेड़ी बन रहे हैं। गांव का माहौल दिनों-दिन खराब होते जा रहा है। नशे की लत के कारण अपराध भी बढ़ने लगे हैं। लेकिन पुलिस विभाग के मौन रवैया से परेशान सैकड़ों ग्रामीणों ने आज नशे के कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही हेतु ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने जुलुस निकाल कर नारेबाजी करते हुए सर्वप्रथम एसडीएम अमित गुप्ता को ज्ञापन सौंपा तत्पश्चात ग्रामीण थाने पहुंचकर ज्ञापन सौंपकर नशे के सौदागरों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की गयी जिस पर थाना प्रभारी प्रभारी मंजूलता राठौर के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए। इस अवसर पर जोगी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जितेंद्र बंजारे, जनपद सदस्य गंगा ओगरे, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं पुरुष मौजूद थे।

# भिलाईदादर गांव में अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

**बागबाहरा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। आबकारी विभाग ने कोमाखान थाने के ग्राम भिलाईदादर में दो स्थानों पर छापा मारकर दो आरोपियों को बड़ी मात्रा में अवैध शराब के साथ रंगेहाथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आबकारी पुलिस ने उक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2), 59 (क), 36 के तहत अपराध कायम कर दोनों आरोपियों को सिविल न्यायालय बागबाहरा में प्रस्तुत किया गया। जहां से दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी महासमुंद श्रीमती सविता मेश्राम ने बताया कि आबकारी पुलिस द्वारा कोमाखान थाने के ग्राम भिलाईदादर में आरोपी शांति लाल मल्होत्रा के घर में छापा मारकर 140 पाउच जेब्रा छाप ओड़िशा मदिरा मात्रा 28 बल्क लीटर, 20 बोतल किंगफ़िशर बीयर मात्रा 13 लीटर, 7 नग गोवा स्पेशल व्हिस्की पाव मात्रा 1.26 लीटर, 70 नग देशी प्लेन पाव मात्रा 12.06 लीटर एवं 140 लीटर महुआ मदिरा बरामद किया गया। उक्त आरोपी शांतिलाल मल्होत्रा के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2), 59 (क), 36 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

वहीँ दूसरा आरोपी गांव के श्रीमती सतवंतिन बाई मल्होत्रा पति बंशीलाल मल्होत्रा के घर से 6.50 लीटर अवैध मदिरा जपत किया गया है। उक्त महिला आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) के तहत कार्यवाही की गई है।

अवैध शराब की इस धरपकड़ अभियान में सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती सविता मेश्राम, आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश वर्मा, विकास बढेन्द्र एवं आबकारी विभाग के मुख्य आरक्षकों की सराहनीय भूमिका रही। इस क्षेत्र में आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब विक्रेताओं के खिलाफ छापा मारे जाने से आरोपियों में हड़कंप मच गया है।

# नर्रा व घोंच में एमबीबीएस डॉक्टर की हुई पदस्थापना



**बागबाहरा,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत नर्रा एवं ग्राम पंचायत घोंच-घोघरा में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हेतु एमबीबीएस डॉक्टरों सहित 12-12 नए पदों की स्वीकृति शासन से मिली है। वहीं खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के एक मात्रा नगरीय निकाय बागबाहरा स्थित अस्पताल के उन्नयन हेतु 50 बिस्तरों वाला अस्पताल स्वीकृत किया गया है।

बताया गया है कि ओड़िशा सीमा से लगे नर्रा क्षेत्र के लगभग 15-20 ग्रामों के लोगो को स्वास्थ्य उपचार कराने हेतु ओड़िशा के खरियाररोड एवं नुआपाड़ा जिला मुख्यालय में जाना पड़ता था। अब यहाँ डाक्टरों की पद स्थापना हो जाने से मरीजों को ओड़िशा के अस्पताल में नहीं जाना पड़ेगा। वहीं बागबाहरा का अस्पताल पहले 30 बिस्तर वाला था। इसे 50 बिस्तर के साथ कर विभिन्न 13 पदों के लिए शासन से स्वीकृति मिली है। वही ग्राम पंचायत घोंच-घोघरा के लोगों को 15-20 किलोमीटर दूर पिथौरा शहर में जाकर इलाज कराना पड़ता था। अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उन्नयन होने से यह समस्या भी दूर हो गई है।

बहरहाल खल्लारी क्षेत्र के विधायक एवं संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव द्वारा स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में मरीजों को लाभान्वित करने हेतु स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाये जाने से ग्रामवासियो में हर्ष व्याप्त है। वहीं नगर के एक मात्र सरकारी अस्पताल को सर्वसुविधा युक्त बनाए जाने से शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि निषाद, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती हीरा बाई सेतराम बघेल, जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेसनेत्री श्रीमती बसंता ठाकुर, सुश्री दुर्गा सागर, पार्षद मंताराम यादव, नवनीत सलूजा, बलबीर बग्गा, खोमेश साहू, सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष एडिशन ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोहर ठाकुर, मोहनलाल कुलदीप, सेवाराम साहू आदि ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है।

# नपं अध्यक्ष यशवर्धन ने किया विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन



**पलारी,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पंचायत पलारी मे हो रहे अन्यत्र विकास कार्यों में कड़ी जुड़ता जिसमें वार्ड नं 01मे गोठान का लोकार्पण लागत राशि 20 लाख, सीसी रोड़ डबरी से दाऊ लाल बाड़ी तक लागत राशि 19.64 लाख, शासकीय भूमि पर फैंसिंग कार्य (कुल चार कार्य) लागत राशि 114.00 लाख, सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य द्रुयोधन घर से कोबित देवांगन घर तक लागत 17.43 रु एवं वार्ड नं 06 राष्ट्रीय ध्वज स्थापना एवं सौंदर्यी करण कार्य, 19.61, गार्डन सौंदर्यीकरण 19.60, छत्तीसगढ़ महतारी चौक निर्माण कार्य लागत 19.80 लाख, सी सी रोड चौड़ीकरण कार्य 09.63 लाख, वार्ड नं 14 मे गार्डन निर्माण 99.00 लाख, तथा ओपन जिम स्थापना, पानी टंकी बाउंड्री वॉल निर्माण, कर्मचारी आवास निर्माण, एवं विद्युतीकरण कार्य लागत करीब 71.30 लाख कार्यों का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत पलारी के सी एम ओ पार्षद गण ताजेन्द्र कनौजे, श्रीमति टुकेश्वरी वर्मा, डा. जाल, संतोष देवांगन, श्रीमति सेवती धीवर, रवि ध्रुव, पार्षद प्रतिनिधि भूषण ठेठवार, कुमार धीवर, किसान समिति के उमाशंकर धीवर, कोमल टंडन, गैंदलाल, मूरित, संतराम, लखन साहू, राधे वर्मा, ईश्वर साहू, नारायण साहू, नारायण धीवर, नंद वर्मा, देवकुमार, कुमार वर्मा, बृजलाल साहू, धनुष साहू, पीला राम रामप्रसाद, चमार राय देवांगन, सहित किसान साथी सहित नगर वासी गण उपस्थित रहे।

# विधानसभा स्तरीय नारी वंदन कार्यक्रम संपन्न



**पलारी,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। नारी वंदन समारोह कार्यक्रम विधानसभा कसडोल स्तरीय कार्यक्रम आज नगर भवन पलारी में संपन्न हुआ जिसमें मुख्यातिथि पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा गौरीशंकर ने आज नारी वंदन समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनन्दन किया प्रधानमंत्री ने लोकसभा विधानसभा राज्य सभा मे 33 त्न आरक्षण देकर नारी शक्ति की ताकत को बढ़ाया है देश मे आगे आने का एक रास्ता हमारे बहनों को दिया है एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी देश की माताओ बहनों को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है और दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की भूपेश सरकार में महिलाओं पर बलात्कार हत्या लूट एवं विधावा महिलाओं को ठगने का काम किया है।

अगले महीने में विधानसभा का चुनाव होना है आप सभी को मिलकर इस कांग्रेस सरकार को खदेड़ने की जरूरत है। मंच पर प्रदेश मंत्री श्यामबाई साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अजय राव, वरिष्ठ नेता योगेश चन्द्राकर विपिन बिहारी वर्मा, पूर्व विधायक लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष अ जा मोर्चा दुर्गा महेश्वर, प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा ओमप्रकाश चंद्रवंशी, मंजू वर्मा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सुलोचना यादव, जिला उपाध्यक्ष तेजराम वर्मा जिला कोषाध्यक्ष सेवक वर्मा, मण्ड़ल अध्यक्ष नन्दकुमार वर्मा विजय यादव महेंद्र साहु, सरिता जायसवाल लक्ष्मी साहू पवन वर्मा शिव यदु सन्तोषी मानिकपुरी मंजू यादव दुकेश्वरी वर्मा मिथलेश साहू नूतन वर्मा ब्रिजबाई वर्मा माया वर्मा लखेश्वरी साहू लछवंतीन वर्मा त्रिवेणी रात्रे निर्मला रजक अनूप साहू अनुराधा कर्ष परमेश्वरी वर्मा सीमा थवाईत राजकुमारी मधु साहू शारदा नीरा प्रभा सहित कसडोल की सैकड़ों की संख्या में महिला मोर्चा की कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने निर्वाचन के वाहन व्यवस्था के संबंध में बैठक ली



**बिलाईगढ़,** 6 अक्टूबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचन कार्य के लिए आवश्यक वाहनों की व्यवस्था के लिए बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने कहा कि निर्वाचन के सभी टीमों की सूची बनाई जाए और उनको वाहन उपलब्ध कराएं। उन्होंने रायगढ़ के आरटीओ अधिकारी दुष्यंत राय और बलौदाबाजार के भूपेन्द्र कुमार गावरे से वाहनों के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर उप-जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान, डीएसपी मनीष कुंवर, पर्यवेक्षक हरिशंकर डनसेना, कुंजबिहारी गहरे सहित निर्वाचन के वाहन व्यवस्था से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन कार्य के लिए इच्छुक नागरिक अपने निजी वाहन जैसे-कार, ट्रेक्टर, बड़े-छोटे मालवाहक आदि अधिग्रहित (किराये) पर लगा सकते हैं। वाहन अधिग्रहण के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं और अधिक जानकारी के लिए विरेन्द्र जोल्हे से 9303919139 पर संपर्क कर सकते हैं। अधिग्रहण के लिए वाहन और वाहन चालक के वैध दस्तावेज उपलब्ध कराना होगा। निर्वाचन के बाद इन अधिग्रहित वाहनों के किराए का भुगतान किया जाएगा।